राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# स्वतंत्र प्रभात

जो लिखेगा, वही टिकेगा



स्वतंत्र प्रभात दैनिक अख़बार तथा ऑनलाइन चैनल से सीधा जुड़ने के लिए संपर्क करें........
9511151254

@swatantraprabhatmedia | @swatantramedia | RNI.No. UPHIN/2019/79073 (epaper.swatantraprabhat.com ) | @SwatantraPrabhatonline | news@swatantraprabhat.com

लखनऊ से प्रकाशित एंव अयोध्या ,प्रयागराज ,मिर्जापर ,गोरखपुर , बरेली ,बुंदेलखंड , उत्तराखंड , देहरादून

लखनऊ, गुरुवार, 27 नवंबर 2025
वर्ष 07, अंक 58, पृष्ट 12, मूल्य: 03 रुपया
www.swatantraprabhat.com

गाज़ियाबाद , दिल्ली , हरियाणा , चंडीगढ़ , झारखण्ड , बिहार , मध्य प्रदेश ,असम, तेलंगाना आदि जनपदो में प्रसारित

जिलाधिकारी हर्षिता माथुर ने धान क्रय केंद्रों पर किया औचक निरीक्षण....03

Arunachal को लेकर भारत के जवाब से Xi Jinping का चेहरा तमतमाया....12

## मुस्लिम तुष्टिकरण या ममता की टेंशन! जानें बंगाल के मुर्शिदाबाद में बाबरी मस्जिद शिलान्यास के ऐलान के सियासी मायने




भारतीय सियासत में पिछले एक हफ्ते बाबरी मस्जिद की फिर से चर्चा तेज हो गयी है. खासकर पश्चिम बंगाल की राजनीति में बाबरी मस्जिद पर सियासी बवाल मचा हुआ है. चर्चा की शुरुआत पश्चिम बंगाल में सत्तारूढ़ तृणमूल कांग्रेस के विधायक हुमांयू कबीर के मुर्शिदाबाद के बेलडांगा में एक नई बाबरी मस्जिद बनाने का ऐलान से हुई है.

तृणमूल कांग्रेस के असंतुष्ट विधायक हुमायूं कबीर के मुर्शिदाबाद में छह दिसंबर को बाबरी मस्जिद शिलान्यास करने के ऐलान के बाद भाजपा ने ममता बनर्जी पर हमला बोलना शुरू कर दिया है तो दूसरी ओर अगले साल बंगाल में विधानसभा चुनाव के मद्देनजर असदुद्दीन ओवैसी की पार्टी AIMIM ने बांग्लादेश के सीमावर्ती जिलों में लगातार अपनी उपस्थिति बढ़ा रही है और हुमांयू कबीर के साथ मिलकर गठबंधन बनाने की तैयारी कर रहे हैं।

वहीं, भाजपा ने ममता बनर्जी पर हमला तेज कर दिया है और आरोप लगाया है कि तृणमूल पश्चिम बंगाल में बाबरी मस्जिद का नहीं, बल्कि बांग्लादेश बनाने का शिलान्यास करने की तैयारी कर रही है. इस तरह से ममता बनर्जी दोनों तरफ से घिर गई हैं।

**मुस्लिम बहुल जिलों में संगठन मजबूत करेंगी ममता**

मुर्शिदाबाद और मालदा में तृणमूल कांग्रेस की कलह बार-बार सामने आ रही है.भरतपुर के तृणमूल विधायक हुमायूं कबीर पिछले कुछ महीनों से लगातार अपनी ही पार्टी पर निशाना साध रहे हैं. उन्होंने फिर से बेलडांगा में बाबरी मस्जिद बनाने का ऐलान किया है। बदले में ञ्छ्यक्राम मंदिर की बात कर रही है. इस बीच, ममता बनर्जी ने मालदा और मुर्शिदाबाद के दौरे का ऐलान किया है. वह 3 दिसंबर को मालदा के गजोला में एक मीटिंग करेंगी. मीटिंग के बाद वह उसी दिन सड़क के रास्ते बरहमपुर जाएंगी. अगले दिन यानी 4 दिसंबर को बरहामपुर स्टेडियम में उनकी मीटिंग है. यानी छह दिसंबर के पहले अल्पसंख्यक बहुल इन दो जिलों मुर्शिदाबाद और मादला में ममता बनर्जी ने अपनी जमीन मजबूत करने तैयारी शुरू कर दी है।

ऐसा माना जा रहा है कि इन दोनों जिलों की बैठक के दौरान ममता बनर्जी ने जहां एक ओर मुस्लिमों को लेकर मैसेज देंगी. वहीं असंतुष्ट विधायक हुमायूं कबीर को लेकर भी बड़ा ऐलान कर सकती हैं।

**क्या मुस्लिम अब करने लगे हैं ममता से सवाल?**

राजनीतिक विश्लेषक पार्थ मुखोपाध्याय कहते हैं कि मुर्शिदाबाद, मालदा, दक्षिण 24 परगना सहित बंगाल के कई जिले मुस्लिम बहुल हैं और इन जिलों में पिछले चुनावों तक मुस्लिमों के वोट तृणमूल कांग्रेस को मिलते रहे हैं, लेकिन अब यह सवाल उठाए जा रहे हैं कि टीएमसी को वोट देने के बावजूद मुस्लिम अभी भी पिछड़े हैं. सच्चर कमेटी की रिपोर्ट में भी मुस्लिमों के पिछड़े होने की बात कही गई थी, लेकिन अब भी हालात नहीं सुधरे हैं।

उन्होंने कहा कि हाल में शिक्षक भर्ती घोटाले मामले मामले में् जिनकी नौकरियां गई हैं, उनमें सबसे ज्यादा मुस्लिम युवा और छात्र ही हैं. इस कारण अब मुस्लिमों में भी ममता बनर्जी के खिलाफ आवाज उठने लगी है और इसका फायदा ओवैसी उठाने की कोशिश कर रहे हैं. पिछले चुनाव में भी ओवैसी ने अपने उम्मीदवार उतारे थे और इस बार ऐसा माना जा रहा है कि हुमायूं कबीर औवैसी के साथ मिलकर कोई गठबंधन बना सकते हैं. इससे मुस्लिम वोटों के बंटने के आसार हैं।

**छह दिसंबर को बाबरी मस्जिद शिलान्यास का ऐलान**

कुछ दिन पहले तृणमूल विधायक हुमायूं कबीर ने दावा किया था कि 6 दिसंबर को मुर्शिदाबाद के बेलडांगा में बाबरी मस्जिद की नींव रखी जाएगी. उन्होंने यह घोषणा 6 दिसंबर, 1992 को अयोध्या में बाबरी मस्जिद गिराए जाने की 33वीं बरसी के मौके पर की. हुमायूं कबीर ने कहा कि बाबरी मस्जिद की नींव 6 दिसंबर को रखी जाएगी. काम पूरा होने में तीन साल लगेंगे. इसमें कई मुस्लिम नेता हिस्सा लेंगे. तृणमूल कांग्रेस विधायक के इस ऐलान से बंगाल की सियासत गरमा गई है और विधानसभा चुनाव से पहले हिंदू और मुस्लिम वोटों के ध्रुवीकरण की कोशिश तेज हो गई है.

हालांकि, तृणमूल कांग्रेस पूरी तरह से बचाव की मुद्रा में है. तृणमूल कांग्रेस विधायक निर्मल घोष ने कहा कि हुमायूं कबीर ने अपने हालिया बयान पार्टी का स्टैंड नहीं है. वह (हुमायूं कबीर) अब पार्टी के टच में नहीं हैं. उनके बयान का पार्टी से कोई लेना-देना नहीं है. ये उनके अपने शब्द हैं, पार्टी उनसे बिल्कुल सहमत नहीं है. उन्होंने सीमा रेखा पार की है।'

**विधायक के ऐलान पर भाजपा हमलावार**

इस पर राजनीतिक गलियारों में कड़ी प्रतिक्रिया हुई है.केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह ने आरोप लगाया कि टीएमसी पश्चिम बंगाल में मस्जिद नहीं, बल्कि बांग्लादेश का नींव का पत्थर बनाने की कोशिश कर रही है. उन्होंने दावा किया कि ममता बनर्जी की सरकार बांग्लादेशियों और रोहिंग्याओं के सपोर्ट पर चल रही है।

भाजपा के एक और प्रवक्ता शेखज़ाद पूनावाला ने भी इस मुद्दे पर कड़ा हमला किया. उन्होंने आरोप लगाया कि हुमायूं कबीर का ऐलान तृणमूल की वोट बैंक तुष्टीकरण की पॉलिटिक्स है. पूनावाला ने कहा, यह तृणमूल की मुस्लिम तुष्टिकरण की राजनीति है. हिंदुओं को गाली दो, और वोट बैंक से वाहवाही लो. उन्होंने जय श्री राम, राम मंदिर, मां सीता, मां दुर्गा, मां काली का अपमान किया है. वे ष्ट, स्ढ्ढक्र, वक्फ समेत किसी भी मुद्दे के नाम पर लोगों को भड़काते हैं।

**हिंदू-मुस्लिम ध्रुवीकरण की कवायद**

हालांकि, कांग्रेस ने हुमायूं कबीर का थोड़ा समर्थन किया और कहा कि मस्जिद की नींव रखने पर आपत्ति 'बेमतलब का शक' पैदा करने के लिए उठाई जा रही है. उन्होंने कहा, 'अगर मंदिर की नींव रखी जा सकती है, तो मस्जिद से क्या दिक्कत होगी? जो लोग इसका विरोध कर रहे हैं, वे बेवजह बखेड़ा खड़ा कर रहे हैं. हमारे देश में धार्मिक आज़ादी है.'

6 दिसंबर 1992 को अयोध्या में राम जन्मभूमि-बाबरी मस्जिद का विवादित ढांचा कार सेवकों ने गिरा दिया था, जो अगले तीन दशकों तक भारतीय राजनीति में एक ज्वलंत मुद्दा रहा. नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली भाजपा सरकार ने वहां राम मंदिर बनवाया. भारत के पिछले राष्ट्रीय चुनावों से कुछ महीने पहले इसका उद्घाटन भी हुआ था।

## आप चाह्ते हो FIR की डिटेल दुबई में थाली में परोसी जाए... जानें SC ने ऐसा किससे और क्यों कहा

**● सुप्रीम कोर्ट ने विजय मुरलीधर उधवानी की दुबई से प्रत्यर्पण अनुरोध वापस लेने की याचिका खारिज कर दी, जिस पर 153 मामले दर्ज हैं. पीठ ने जोर दिया कि भगोड़े अपराधियों को भारत वापस लाया जाएगा और उन्हें यहां अपने मामलों का सामना करना होगा. कोर्ट ने कहा कि देश को कानून से बचने वाले अपराधियों को वापस लाने का अधिकार है**



सुप्रीम कोर्ट ने बुधवार को कहा कि देश को कानून से बचने वाले अपराधियों को वापस लाने का अधिकार है. कोर्ट ने एक शख्स की उस याचिका पर विचार करने से इनकार कर दिया जिसमें उसने संयुक्त अरब अमीरात से उसके प्रत्यर्पण के लिए किए गए अनुरोध को वापस लेने की प्रार्थना की थी. याचिकाकर्ता विजय मुरलीधर उधवानी के खिलाफ 153 मामले दर्ज हैं, जिसने जुलाई 2022 में दुबई की यात्रा की थी. उस पर अवैध शराब की तस्करी और अन्य अपराधों की संगठित अवैध गतिविधियों में शामिल होने का आरोप है. जब याचिकाकर्ता ने कहा कि एफआईआर का विवरण उसे नहीं दिया गया है तो पीठ ने कहा, आप चाहते हैं कि एफआईआर का ब्योरा आपको दुबई में थाली में परोसा जाए, आप यहां आइए।

जस्टिस विक्रम नाथ और जस्टिस संदीप मेहता की पीठ उधवानी द्वारा दायर याचिका पर सुनवाई कर रही थी, जिसके खिलाफ रेड कॉर्नर नोटिस भी जारी किया गया था. उधवानी ने गुजरात हाई कोर्ट के एक आदेश को चुनौती दी थी. हाई कोर्ट ने याचिका खारिज कर दी थी, जिसमें उसके खिलाफ जारी रेड कॉर्नर नोटिस को रद्द करने और प्रत्यर्पण के लिए संयुक्त अरब अमीरात को किए गए प्रत्यर्पण अनुरोध को वापस लेने के लिए अधिकारियों को निर्देश देने का अनुरोध किया गया था।

**ये कोई रॉकेट साइंस नहीं, आपके खिलाफ अरेस्ट वारंट है**

पीठ ने याचिकाकर्ता की ओर से पेश वकील से कहा कि कई अपराध हैं, आप वापस आएं. आपका भव्य स्वागत किया जाएगा. इस पर वकील ने तर्क दिया कि याचिकाकर्ता के खिलाफ 38 निषेध अपराध दर्ज हैं, लेकिन उसे उनमें से एक का भी विवरण नहीं पता है. जब उन्होंने कहा कि याचिकाकर्ता जुलाई 2022 में दुबई गया था, तो पीठ ने कहा कि तब से वह वापस नहीं आया है।

पीठ ने कहा कि देश को कानून से बचने वाले अपराधियों को वापस लाने का अधिकार है. याचिकाकर्ता संबंधित अधीनस्थ अदालत में जाकर उसके खिलाफ दर्ज मामलों के दस्तावेजों की प्रमाणित प्रतियों के लिए आवेदन कर सकता है. यह कोई रॉकेट साइंस नहीं है, आपके खिलाफ गिरफ्तारी वारंट भी है।

**यहां आइए, आपको धूमधाम से ब्योरा उपलब्ध कराएंगे**

जब वकील ने कहा कि याचिकाकर्ता को इन एफआईआर का विवरण नहीं दिया गया है तो पीठ ने कहा, आप चाहते हैं कि एफआईआर का ब्योरा आपको दुबई में थाली में परोसा जाए, आप यहां आइए. वो आपको पूरे धूमधाम से ब्योरा उपलब्ध कराएंगे. इस पर वकील ने कहा कि याचिकाकर्ता भारत वापस आना चाहता है लेकिन उसके पास पासपोर्ट नहीं है. फिर पीठ ने कहा, वे (अधिकारी) आपको लाएंगे।

### संविधान दिवस ने पुलिस आयुक्त ने शपथ दिलाई।



पुलिस आयुक्त कमिश्नरेट प्रयागराज द्वारा संविधानद्विवस के अवसर पर रिजर्व पुलिस लाइन्स, कमिश्नरेट प्रयागराज में पुलिस अधिकारी व कर्मचारीगण को 'भारत के संविधान' में निहित मूल्यों, उद्देशिका को स्मरण कराते हुए राष्ट्र की एकता व अखंडता बनाए रखने की शपथ दिलाई गई।

## संक्षिप्त ख़बरें

### डीएम विशाख जी ने मलिहाबाद में निर्वाचन कार्यों का औचक निरीक्षण किया, डिजिटाइजेशन में तेज़ी लाने का निर्देश



**मलिहाबाद** जिला मजिस्ट्रेट विशाख जी ने बुधवार को मलिहाबाद ब्लॉक के विभिन्न क्षेत्रों का औचक निरीक्षण कर निर्वाचन संबंधी कार्यों की प्रगति की समीक्षा की। उन्होंने मुख्य रूप से गणना प्रपत्रों (गणना फॉर्म) के कलेक्शन और मोबाइल ऐप के माध्यम से की जा रही फीडिंग (डिजिटाइजेशन) के काम में तेज़ी लाने के निर्देश दिए। डीएम ने ग्राम पंचायत पुरवा, तिलसुवा के बूथ संख्या 232 व 231, और उच्च प्राथमिक विद्यालय मलिहाबाद के बूथ संख्या 246 का स्थलीय निरीक्षण किया। उन्होंने संबंधित बीएलओ (बूथ लेवल ऑफिसर) मनोज कुमार सहित अन्य कर्मियों से फॉर्म कलेक्शन की स्थिति और मतदाताओं से संपर्क की प्रगति की जानकारी ली।

निरीक्षण के दौरान डीएम ने पाया कि फॉर्म वितरण के बाद मतदाताओं द्वारा भरे गए गणना प्रपत्रों को बीएलओ के पास जमा करने और उनके डिजिटाइजेशन का कार्य चल रहा है। उन्होंने बीएलओ को यह सुनिश्चित करने का निर्देश दिया कि फॉर्म भरने में मतदाताओं को कोई शंका न हो, और निर्वाचन आयोग द्वारा निर्धारित 4 दिसंबर की समय सीमा के भीतर सभी प्रपत्रों का डिजिटाइजेशन पूरा कर लिया जाए।डीएम ने सभी मतदाताओं से अपील की है कि वे अपने गणना प्रपत्र जल्द से जल्द भरकर संबंधित बीएलओ के पास जमा कर दें, ताकि कार्य समय पर पूरा हो सके।

## कूड़ा जलाने की घटनाएं उजागर, नगर निगम की सख्त कार्रवाई- दो संस्थाओं पर 10,000 10,000 का जुर्माना

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**लखनऊ।** नगर आयुक्त श्री गौरव कुमार के निर्देश पर लखनऊ नगर निगम ने शहर में स्वच्छता व्यवस्था को दुरुस्त करने के लिए विशेष अभियान तेज कर दिया है। बुधवार को जोन 3 और जोन 8 में हुए व्यापक निरीक्षण के दौरान कई स्थानों पर गंदगी, कूड़े के ढेर और कूड़ा जलाने की घटनाएं सामने आईं। इन गंभीर लापरवाहियों पर निगम ने दोनों जोनों में संबंधित संस्थाओं पर 10,000-10,000 का जुर्माना लगाया है।

**जोन 3 में व्यापक लापरवाही, LSA पर 10,000 का जुर्माना**

जोन 3 के जोनल सेनेटरी अधिकारी श्री मनोज यादव की टीम ने पुरनिया चौराहा, पुरनिया फ्लाईओवर और सेक्टर-डी, अलीगंज क्षेत्र का निरीक्षण किया। पुरनिया चौराहा पर पिंक पुलिस बूथ के पास कूड़ा जमा मिला और डिवाइडर पर घास अत्यधिक बढ़ी हुई पाई गई। फ्लाईओवर के किनारे पुराने कूड़े का ढेर मिलने से स्पष्ट हुआ कि रोड स्वीपिंग मशीन से नियमित सफाई नहीं हो रही है।

फ्लाईओवर के नीचे सर्विस रोड (एम.एस. 137-138) के समीप नालियों में कूड़ा और मिट्टी जमी मिली। सेक्टर-त्त मुख्य मार्ग पर शिव वाटिका के सामने कूड़े के ढेर के बीच कई स्थानों पर आग लगी हुई पाई गई, जो ह्लत्ञ्ज मानकों का खुला उल्लंघन है। व्यावसायिक क्षेत्रों में रात्रिकालीन सफाई न होने के कारण लोग कूड़े में आग लगा देते हैं। इन लापरवाहियों के चलते नगर निगम ने लखनऊ स्वच्छता अभियान (LSA) पर ?10,000 का जुर्माना लगाया।

**जोन 8 में भी दिखी गंदगी, लॉयन एनवायरो पर 10,000 का जुर्माना**

जोन 8 के जोनल सेनेटरी अधिकारी श्री जितेंद्र गांधी ने SFI टीम के साथ सुबह 7:30 बजे निरीक्षण किया। तेलीबाग स्थित लेबर अड्डा क्षेत्र में जगह-जगह कूड़ा बिखरा




मिला तथा शौचालय से थोड़ी दूरी पर कूड़े में आग सुलगती पाई गई। यह पर्यावरणीय नियमों का गंभीर उल्लंघन माना गया। मौके पर लापरवाही पाए जाने पर संस्था लॉयन एनवायरो पर तत्काल 10,000 का अर्थदंड लगाया गया और क्षेत्र की तुरंत सफाई के निर्देश दिए गए।

**'स्वच्छता में लापरवाही बर्दाश्त नहीं — नगर आयुक्त**

नगर आयुक्त श्री गौरव कुमार ने कहा कि शहर में स्वच्छता व्यवस्था को प्राथमिकता दी जा रही है और कूड़ा जलाने, गंदगी फैलाने या सफाई कार्य में लापरवाही करने वाले किसी भी व्यक्ति या संस्था के खिलाफ सख्त कार्रवाई जारी रहेगी। नगर निगम ने बताया कि शहर को स्वच्छ, स्वस्थ और प्रदूषण मुक्त बनाने के लिए सभी जोनों में अभियान लगातार जारी रहेगा।

## गौहनिया बाजार में अवैध टैक्सी स्टैंड के चलते रोजाना जाम, स्कूली बच्चे परेशान

**प्रयागराज।** बारा अंतर्गत घूरपुर थाना क्षेत्र स्थित गौहनिया बाजार में अवैध टैक्सी स्टैंड के कारण स्थानीय लोगों को भारी परेशानियों को झेलना पड़ता है।बाजार के बीच सड़क किनारे अनियंत्रित रूप से खड़ी टैक्सियां और ठेले रोजाना जाम का कारण बन रहे हैं।सुबह और शाम के समय स्थिति इतनी गंभीर हो जाती है, कि वाहनों का निकलना मुश्किल हो जाता है जिससे राहगीर घंटे फंसे रहते हैं।इस जाम से सबसे ज्यादा स्कूली बच्चे प्रभावित होते हैं।स्थानीय स्कूलों स्कूलों की वैन और बसें भी अक्सर जाम में फंस जाती है। जिससे बहुत बच्चों को घर और स्कूल पहुंचने में देर होती है।अभिभावक बच्चों की सुरक्षा और समय पर घर न पहुंचने को लेकर चिंतित रहते हैं।गर्मी और उमस के कारण घंटों वहां फंसे रहने से बच्चों के स्वास्थ्य पर भी नकारात्मक प्रभाव पड़ता है। स्थानीय व्यापारियों के मुताबिक बाजार के अंदर टैक्सी स्टैंड का संचालन ही ट्रैफिक जाम की मुख्य वजह है।टैक्सी चालक मनमाने ढंग से सड़क पर खड़े कर देते हैं,जिससे सड़क का बड़ा हिस्सा अवरुद्ध हो जाता है।पुलिस द्वारा हटाने के बाद



भी कुछ दिनों में स्थित फिर वैसी ही हो जाती है। दुकानदारों का कहना है कि जाम के कारण ग्राहकों की संख्या कम हुई है,जिससे उनका कारोबार भी प्रभावित हो रहा है। राहगीरों और स्थानीय निवासियों ने इस समस्या के स्थाई समाधान के लिए प्रशासन से कई बार शिकायत की है। उनकी मांग है कि टैक्सी स्टैंड को बाजार से हटाकर किसी निश्चित स्थान पर स्थानांतरित किया जाए ताकि यातायात सुगम हो सके ट्रैफिक पुलिस से भी करीब निगरानी और नियमित अभियान चलाने की अपेक्षा की गई है। स्थानीये लोगों का कहना है कि यदि समस्या का जल्द समाधान नहीं किया गया तो भविष्य में स्थिति और भी भयावह हो सकती है।बाजार में जाम की यह समस्या केवल सुविधा ही नहीं बल्कि किसी न किसी दिन बड़े हादसे का सबब भी बन सकती है।

## जिलाधिकारी ने राजकीय धान क्रय केन्द्र औराई का किया औचक निरीक्षण

**कृषक भाई अपना धान केवल सरकारी धान क्रय केन्द्रो पर विक्रय करे एंव समर्थन मूल्य रु2369 प्रति कुंतल का लाभ प्राप्त करे-डीएम**

**क्रय केदो पर कृषकों के सुविधाओं का पर्याप्त ध्यान रखा जाए**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**भदोही** 26 नवंबर 2025 जिलाधिकारी शैलेष कुमार द्वारा खरीफ विपणन वर्ष 2025-26 में मूल्य समर्थन योजनान्तर्गत जनपद में प्रगतिमान धान खरीद की प्रगति के सम्बन्ध में जानकारी प्राप्त करने हेतु राजकीय धान क्रय केंद्र खाद्य विभाग द्वारा संचालित किये जा रहे ग्राम ऊगापुर में स्थित सरकारी धान कय केन्द्र औराई एवं औराई प्रथम का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के समय केन्द्र प्रभारी व जिला खाद्य विपणन अधिकारी शिशिर कुमार उपस्थित मिले। निरीक्षण के समय कृषक नन्हे लाल पुत्र रामकेवल ग्राम दत्तीपुर के धान की तौल की जा रही थी। कृषक से पृच्छा करने पर उसने अवगत कराया कि लगभग 12 कुन्तल धान विक्रय हेतु लाया गया है एवं केन्द्र पर कोई समस्या नहीं है। केन्द्र प्रभारी ने अवगत कराया कि कय केन्द्र औराई का 2000 मी0टन एव कय केन्द्र औराई प्रथम का 1500 मी0टन धान खरीद का लक्ष्य है। अभी तक दोनों केन्द्रों पर 11 कृषकों से 296 कुन्तल धान की खरीद की जा चुकी है। जिलाधिकारी शैलेष कुमार द्वारा निर्देशित किया गया कि गतवर्ष क्रय केन्द्र पर धान विक्रय करने वाले कृषकों से सम्पर्क कर उन्हें धान विक्रय करने के लिए प्रोत्साहित करें। साथ ही कृषक पंजीकरण सत्यापन में वृद्धि लाने के लिए भी स्वयं रुचि लेकर प्रयास करें। धान कय लक्ष्य प्राप्त करने के लिए भी निर्देशित किया गया। जिलाधिकारी ने कृषकों से अपील की कि कृषक भाई अपना धान केवल सरकारी धान कय केन्द्रों पर विक्रय करें एवं समर्थन मूल्य रु0 2369 प्रति कुन्तल का लाभ प्राप्त करें।

## भदोही के बनारसी लाल वर्मा को एलआईसी का लाइफ टाइम अचीवमेंट अवार्ड

**जिले का नाम राष्ट्रीय मंच पर रोशन**

**भदोही।** स्टेशन रोड भदोही सालिमपुर निवासी बनारसी लाल वर्मा को जीवन बीमा निगम के चेयरमैन द्वारा लाइफ टाइम अचीवमेंट अवार्ड से सम्मानित किया गया है। यह सम्मान 24 नवंबर 2025 को चेन्नई ट्रेड सेंटर, चेन्नई में आयोजित भव्य समारोह में प्रदान किया गया, जिसकी अध्यक्षता चेयरमैन आर. दुरई स्वामी ने की। बनारसी लाल वर्मा 36 वर्षों से एलआईसी में सेवाएं दे रहे हैं और लगातार 27 वर्षों से चेयरमैन क्लब के सदस्य बने हुए हैं। एलआईसी एजेंटों में यह सर्वोच्च उपलब्धियों में से एक मानी जाती है। भदोही जिले से वे पहले एजेंट हैं जिन्हें एलआईसी लाइफ मेंबरशिप की उपलब्धि हासिल हुई है , जो जिले के लिए गर्व का विषय है। सम्मान प्राप्त करने पर बधाई देने वालों में छविराज पटेल, शब्बीर खान, रेनूबाला सिंह , दिलीप यादव, अशोक राय अध्यापक शिक्षक संघ भदोही के सदस्य तथा एलआईसी भदोही शाखा की पूरी टीम शामिल रही।

## प्रशासन द्वारा अवैध खनन बंद कराने पहुंचे तो खनन माफिया ट्रैक्टर लेकर भागे

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**प्रयागराज।** कौंधियारा थाना क्षेत्र में टोंस नदी में चल रहे अवैध खनन पर पुलिस और प्रशासनिक टीम द्वारा बड़ी कार्रवाई की गई।जारी चौकी अंतर्गत खूझी और पिपरहटा गांव के पास ग्रामीणों की लगातार शिकायतों के बाद टीम मौके पर पहुंची और अवैध खनन को बंद कराया।जेसीबी की मदद से घाट पर बने रास्तों को भी तोड़ दिया गया।ग्रामीणों के अनुसार खनन माफिया देर रात 12 बजे से सुबह तक टोंस नदी से बालू निकालते थे।ग्रामीणों ने कई बार इसका विरोध किया,लेकिन माफिया उन्हें धमका कर चुप करा देते रहते।इन ट्रैक्टर ट्रालियों की तेज रफ्तार आवाजाही से सड़क खराब हो रही थी,और दुर्घटनाओं में भी काफी वृद्धि हो गई थी।अचानक पुलिस के पहुंचने पर खनन कार्य में लगे कई ट्रैक्टर ट्रालियां घाट छोड़कर फरार हो गई।माफियाओं को दोबारा घाट तक पहुंचने से रोकने के लिए घाट पर बने अस्थाई रास्तों को भी पूरी तरह से नष्ट कर दिया गया।स्थानीय पर्यावरण प्रेमियों और



ग्रामीणों ने बताया कि अवैध खनन के कारण नदी की धारा लगातार बदल रही थी।नदी में गहरे गड्ढे बनने से आसपास की कृषि भूमि प्रभावित हो रही थी।

मानसून के दौरान पानी का बहाव तेज होने पर गांव में कटान का खतरा भी बढ़ जाता है सहायक पुलिस आयुक्त कौंधियारा अब्दुस सलाम खान ने इस संबंध में स्पष्ट निर्देश दिए हैं।उन्होंने कहा कि क्षेत्र में अवैध खनन किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।उन्होंने स्थानीय पुलिस को चेतावनी देते हुए कहा यदि कहीं भी खनन माफिया को संरक्षण मिला तो संबंधित पुलिसकर्मियों पर कड़ी अनुशासनात्मक कार्रवाई की जाएगी।

इस कार्रवाई के बाद ग्रामीणों में खुशी का माहौल है।ग्रामीणों का कहना है कि वर्षों से चल रहे अवैध खनन से गांव की शांति और सुरक्षा खतरे में थी ।सड़क टूट गई थी रात भर ट्रैक्टरों के शोरगुल से लोग परेशान रहते थे और खेतों को भी नुकसान हो रहा था।ग्रामीणों ने प्रशासन से मांग किया है, कि घाट पर निरंतर पुलिस गश्त बढ़ाई जाए, ताकि माफिया दोबारा सक्रिय न हो सके। पुलिस की सक्रियता से खनन माफियाओं में हड़कंप मचा हुआ है।

## संक्षिप्त खबरें

### विकासखंड तुलसीपुर में मनरेगा घोटाला नहीं मिला उच्च न्यायालय इलाहाबाद पीठ लखनऊ से कोई रहात

**बलरामपुर, महाराजगंज तराई–** बलरामपुर ग्राम पंचायत नन्हुवापुर गांव ही के चैतू नामक व्यक्ति के तालाब निर्माण हेतु मनरेगा द्वारा अनियमिताएं की शिकायत गांव के अल्ताफ द्वारा की गई थी जिस पर समय से जांच न होने पर शिकायत करता अल्ताफ अपने अधिवक्ता आशीष के माध्यम से माननीय उच्च न्यायालय इलाहाबाद पीठ लखनऊ में एक याद का आयोजित की जिला अधिकारी महोदय ने जिला खाद एवं विपणन अधिकारी को जांच हेतु नियुक्त करते हुए उक्त तालाब की उक्त तालाब की जांच कराई थी जांच अधिकारी द्वारा तालाब खुद वाने के उपरांत व्यक्ति गत लाभार्थी द्वारा स्वयं के द्वारा तालब का समतलीकरण कर लेने के उपरांत जॉच अधिकारी द्वारा लाखो रुपए वित्तीय अनियमितता की बात बताई,जिस पर जिला अधिकारी महोदय, बलरामपुर ने ग्राम प्रधान ननहुवापुर शब्बीर शाह को नोटिस जारी करते हुए अन्यथाएं की गई पैसे की वसूली हेतु आदेशित किया था जिस पर ग्राम प्रधान शब्बीर शाह माननीय उच्च न्यायालय इलाहाबाद की पीठ लखनऊ में एक रिट याचिका 1045/2025 आयोजित की थी आज माननीय हाईकोर्ट द्वारा सुनवाई करते हुए, मनरेगा की अपील अधिकारी के पास अपील करने की बात कह कर निस्तारित कर दी गई।

### बस्ती जनपद में वाल्टरगंज थाने में धराशायी हुई सरकार के नारी सशक्तीकरण की मंशा , न्याय के लिए भटक रही रिंकी




**महिला स्वाभिमान व सम्मान के सौदेबाजी पर उतारू बस्ती की वाल्टरगंज पुलिस**

**बस्ती।** बस्ती जिले मेंमहिला सशक्तीकरण फेल वॉलटर गंज पुलिसकी सरकारी मंशा जिले के वाल्टरगंज थाने में उस वक्त धराशायी नजर आयी जब पीड़िता रिंकी को थाने द्वारा न्याय नहीं मिला और थक हारकर पीड़िता ने जिला अधिकारी का दरवाजा खटखटाते हुए अपने न्याय की अर्जी लगाया ।जिला अधिकारी को सौंपे पत्र में रिंकी ने लिखा है कि वह असहाय व पीड़िता नारी है जिसका एक नाबालिक बच्चा ( उम्र 09 ) वर्ष भाष्कर है । प्रार्थिनी के विपक्षी से मिलकर वाल्टरगंज पुलिस पीड़िता का उत्पीड़न कर रही है और उसके निजी व कबिज जमीन में मकान का निर्माण नहीं करने दे रही है । पीड़िता ने जिला अधिकारी बस्ती से न्याय दिलाने के साथ ही साथ मकान निर्माण कराए जाने की गुहार लगाया है ।

### दो मोटरसाइकिल की आपसी टक्कर में दो व्यक्ति गंभीर रूप से घायल



**108 एंबुलेंस कर्मियों ने समय रहते अस्पताल पहुंचाकर बचाई जान**

**बस्ती।** बस्ती जिले के बेलाड़ी पिपरा गौतम मार्ग पर पिपरा गौतम मार्ग पर मैरहियाँ बस्ती मे मंगलवार की दोपहर दो बाइकों की टक्कर से दो व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गये। तेनुआ पोस्ट टीनीच ब्लैक गौर के रहने वाले घायल युवक हरिश्चंद्र पुत्र बम्हा दीन उम्र 46 वर्ष एवं कंचनपुर थाना सोनहा ब्लॉक गौर बेलवरिया जंगल की रहने वाले कोमल यादव पुत्र फलई उम्र 50 वर्ष, यह दोनों धौरहरा से कंचनपुर किसी काम से जा रहे थे। कभी रास्ते में दो बाईकों में गंभीर टक्कर हो गई और सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए। मौके पर मौजूद राहगीर ने तुरंत 108 एंबुलेंस सेवा को सूचना दी। सूचना मिलते ही 108 एंबुलेंस के पायलट उपेंद्र कुमार और ईएमटी अनिल यादव बिना समय गंवाए घटनास्थल के लिए रवाना हुए। एंबुलेंस समय से मौके पर पहुंच गई और दोनों घायलों को प्राथमिक उपचार देते हुए अपनी 108 की एंबुलेंस में शिफ्ट किया गया। अस्पताल ले जाते समय उनकी हालत गंभीर होने पर कंट्रोल रूम में मौजूद ईआरसीपी डॉक्टर से परामर्श लिया गया। डॉक्टर के निर्देश पर आवश्यक दवाएं दी गई तथा जरूरी चिकित्सकीय उपकरणों का इस्तेमाल करते हुए जिला अस्पताल में भर्ती कराया। जहां दोनों घायलों का इलाज चल रहा है। मौके पर परिजनों को सूचना दे दी गई इलाज चल रहा है।

# ग्राम पंचायत लौकी खुर्द में सफाई व्यवस्था ठप, गांव में बढ़ी गंदगी

**●सालों से सफाई कर्मी लापता, ग्रामीणों में नाराजगी तेज**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**गैसड़ी/बलरामपुर।** ग्राम पंचायत लौकी खुर्द में सफाई व्यवस्था पूरी तरह चरमरा गई है। गांव के मोहल्लों, रास्तों और सार्वजनिक स्थलों पर दिनोंदिन बढ़ रही गंदगी अब ग्रामीणों के लिए बड़ी समस्या बन चुकी है। स्थानीय लोगों का आरोप है कि ग्राम पंचायत में तैनात सफाई कर्मचारी चंद्रक वर्मा वर्षों से गांव में नियमित सफाई कार्य नहीं कर रहा है, जिसके चलते नालियों में कचरा जमा हो गया है और कई जगह जलभराव भी बना हुआ है। ग्रामीणों का कहना है कि सफाई कर्मी महीने में कभी-कभार औपचारिक रूप से दिखाई देता है, जबकि अधिकांश समय गांव से नदारद रहता है। एक ओर जहां सरकार स्वच्छता अभियान पर करोड़ों रुपये खर्च कर रही है, वहीं गांव में सफाई न होने से स्थिति बदतर होती जा रही है। कचरे के ढेरों से दुर्गंध फैल रही है, मच्छरों का प्रकोप बढ़ गया है और बीमारियों का खतरा मंडरा रहा है।

ग्रामीणों ने बताया कि उन्होंने कई बार पंचायत सचिव और संबंधित अधिकारियों को इस संबंध में शिकायत की, मगर अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई। कई बार शिकायतें होने के बाद भी सफाई कर्मचारी पर किसी तरह की जवाबदेही तय नहीं की गई, जिससे ग्रामीणों में रोष बढ़ता जा रहा है। इस संबंध में खंड विकास अधिकारी (बीडीओ) गैसड़ी से बात की गई तो उन्होंने बताया कि मामले की शिकायत मिली है। उन्होंने कहा कि मामले की जांच कराई जाएगी और यदि सफाई कर्मचारी दोषी पाया गया तो उसके खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। बीडीओ के आश्वासन के बाद ग्रामीण अब उम्मीद कर रहे हैं कि जल्द ही गांव की सफाई व्यवस्था सुधरेगी। गांव के कई बुजुर्गों और महिला समूहों ने भी मांग की है कि पंचायत में सफाई व्यवस्था को मजबूत किया जाए और जिम्मेदार कर्मचारियों की नियमित निगरानी सुनिश्चित की जाए, ताकि भविष्य में ऐसी स्थिति दोबारा न हो। लौकी खुर्द के लोग अब जल्द कार्रवाई और स्वच्छ वातावरण की उम्मीद में प्रशासन की ओर देख रहे हैं।

### अज्ञात वाहन की ठोकर से युवक की मौत परिजनों में मचा कोहराम



**बस्ती।** बस्ती जिले के परशुरामपुर थाना क्षेत्र के सिकंदरपुर गांव निवासी 18 वर्षीय युवक की गोंडा जनपद के छपिया थाना क्षेत्र स्थित सिकंदरपुर मसकनवां मार्ग पर पटखौली के पास मार्ग दुर्घटना में दर्दनाक मौत हो गई। युवक अपने घर से मसकनवां अपने दोस्त की मां को लेने जा रहा था। परशुरामपुर थाना क्षेत्र के सिकंदरपुर गांव निवासी गनेश पुत्र स्व दौलत राम इन्टरमीडिएट का छात्र था। मंगलवार को शाम करीब 7 बजे मोटरसाइकिल से मसकनवां जा रहा था, जैसे ही वह चांदनीचौक से आगे पटखौली पहुंचा था कि किसी अज्ञात वाहन की चपेट में आ गया और गंभीर रूप से घायल हो गया।जब तक लोग उसे इलाज के लिए अस्पताल पहुंचाते तब तक उसकी घटनास्थल पर ही दर्दनाक मौत हो गई। युवक तीन भाई व तीन बहनों में सबसे छोटा था । युवक की मौत से जहां पूरा गांव शोक संतृप्त है वहीं माता व भाई-बहन रो-रो कर बुरा हाल है। मौके पर पहुंची छपिया थाने की पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए रवाना कर दिया। शांति व्यवस्था बनी हुई है

## संविधान दिवस पर जनपद में सरकारी कार्यालयों में सामूहिक रूप से ली गई उद्देशिका की शपथ

**●कलेक्ट्रेट सभागार में डीएम ने दिलाई संविधान की शपथ, सुना गया मुख्यमंत्री का वर्चुअल संबोधन**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**बलरामपुर।** संविधान दिवस के अवसर पर बुधवार को जनपद के सभी सरकारी, अर्द्ध-सरकारी कार्यालयों, शैक्षणिक संस्थानों तथा स्थानीय निकायों में भारत के संविधान की उद्देशिका का सामूहिक पठन किया गया। इस दौरान अधिकारियों, कर्मचारियों और विद्यार्थियों ने न्याय, स्वतंत्रता, समता और बंधुत्व जैसे संवैधानिक मूल्यों को जीवन में आत्मसात करने का संकल्प लिया। मुख्य कार्यक्रम कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित हुआ, जहां सबसे पहले माननीय मुख्यमंत्री का संविधान दिवस पर वर्चुअल संबोधन सुना गया। इसके उपरांत जिलाधिकारी विपिन कुमार जैन ने उपस्थित अधिकारी-कर्मचारियों को संविधान की उद्देशिका की शपथ दिलाई।

डीएम ने कहा कि संविधान केवल एक कानूनी ग्रंथ नहीं, बल्कि देश की लोकतांत्रिक व्यवस्था की मूल आत्मा है। इसके सिद्धांतों का पालन करना प्रत्येक नागरिक, अधिकारी व कर्मचारी का दायित्व है। उन्होंने कहा कि संविधान दिवस हमें अपने अधिकारों के साथ-साथ कर्तव्यों के प्रति भी जागरूक करता है तथा राष्ट्र निर्माण में सक्रिय भागीदारी के लिए प्रेरित करता है।जिलाधिकारी ने कहा कि समान अवसर, सामाजिक न्याय और लोकतांत्रिक भागीदारी संविधान की देन है, जिसका सम्मान और पालन सभी को करना चाहिए। कार्यक्रम में एडीएम न्यायिक सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। जनपद के सभी कार्यालयों में भी इसी क्रम में शपथ ग्रहण कार्यक्रम आयोजित किए गए।

## बस्ती में मंदिर के पास मछली-अंडे की दुकानों को हटवाने की मांग, D M को सौंपा गया ज्ञापन

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता




**बस्ती।** बस्ती जिले मेंबुधवार को शिव सेना के जिला प्रभारी पं. प्रमोद पाण्डेय के नेतृत्व में शिव सैनिकों ने जिलाधिकारी को सम्बोधित ज्ञापन प्रशासनिक अधिकारी को सौंपा. मांग किया कि पुरानी बस्ती थाना क्षेत्र के कान्हा गौशाला के निकट स्थित नव दुर्गा मंदिर के निकट से मीट, मछली, अण्डा की दूकानों को हटवाये जाने के साथ ही नगरपालिका द्वारा मंदिर के निकट विशेष सफाई अभियान चलवाया जाय. ज्ञापन सौंपने के बाद शिव सेना के जिला प्रभारी पं. प्रमोद पाण्डेय ने कहा कि पुरानी बस्ती थाना क्षेत्र के कान्हा गौशाला के निकट स्थित नव दुर्गा मंदिर के आस पास अतिक्रमण की भरमार है और खुले आम मंदिर के निकट मीट, मछली, अण्डा की दूकाने चल रही है. इससे आस्थावान सहजता से मंदिर में पूजा पाठ नहीं कर पाते. हर तरफ गंदगी का अम्बार है. कहा कि यहां से मीट, मछली, अण्डा की दूकानों को हटवाने के साथ ही नगर पालिका विशेष सफाई अभियान चलाये और अवैध अतिक्रमण को हटवाया जाय.

जिलाधिकारी को सम्बोधित ज्ञापन सौंपने वालों में मुख्य रूप से वरिष्ठ शिव सैनिक शिवेश शुक्ल, जिला प्रमुख आशीष गुप्ता, दिलीप दूबे, सुरेश निषाद, अजय कुमार चौधरी, अमित गुप्ता, विवेक सिंह, सूरज कुमार, सिन्टू कश्यप, मनमोहन कसौधन, राहुल जायसवाल, शम्भू गौड़, विष्णु सोनकर, साहिल सोनकर, ऋषभ सिंह, नरेन्द्र तिवारी, सुनील मिश्र, सर्वजीत मिश्र, भवानी सेना जिलाध्यक्ष अनामिका दूबे, ललिता देवी, प्रभावती देवी, गीता देवी, मुराती देवी, फूलमती, सोनी सिंह, ललिता देवी, आदि शामिल रहे.

### राजकीय इंटर कॉलेज माताटीला में संविधान दिवस कार्यक्रम आयोजित

**माताटीला।** राजकीय इंटर कॉलेज माताटीला में बुधवार को संविधान दिवस कार्यक्रम उत्साहपूर्वक आयोजित किया गया। इस दौरान छात्रों को भारतीय संविधान की महत्ता, विशेषताओं और लोकतांत्रिक व्यवस्था में इसकी महत्वपूर्ण भूमिका के बारे में जानकारी दी गई। स्कूल प्रवक्ता अवधेश कुमार मोर्या ने संविधान के महत्व पर विस्तृत चर्चा करते हुए बताया कि संविधान किसी भी देश के संचालन का मूल आधार होता है। उन्होंने कहा कि भारतीय संविधान हमें समानता का अधिकार प्रदान करता है और देश की लोकतांत्रिक स्थिरता का श्रेय भी इसी संविधान को जाता है। कार्यक्रम का संचालन प्रवक्ता अवधेश कुमार द्वारा किया गया। इस अवसर पर प्रधानाचार्य ने उपस्थित छात्रों को भारतीय संविधान की शपथ भी दिलाई। कार्यक्रम में अध्यापक हर्षित जैन, सुषमा राजा, अनूप सिंह, अनिल कुशवाहा, कुसुम राजा, हिमानी, तथा विद्यालय का अन्य शिक्षकीय स्टाफ एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

## बलरामपुर में पुलिस की बड़ी कार्रवाई: एम डी एम समन्वयक और मदरसा संचालक सहित कई लोग हिरासत में

**●सरकारी अनुदानों में गड़बड़ी की जांच तेज, बलरामपुर में एम डीएम समन्वयक समेत कई गिरफ्तार**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**बलरामपुर।** जिले में मदरसों को मिलने वाले मिड-डे मील (एमडीएम) और अन्य सरकारी अनुदानों में गंभीर अनियमितताओं की आशंका के चलते पुलिस ने बड़ा शिकंजा कसा है। देर रात हुई इस कार्रवाई ने प्रशासनिक और शैक्षिक हलकों में हड़कंप मचा दिया है। पुलिस ने बेसिक शिक्षा अधिकारी (बीएसए) कार्यालय में तैनात एमडीएम के जिला समन्वयक और एक मदरसा संचालक समेत लगभग आधा दर्जन लोगों को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू कर दी है। पुलिस सूत्रों के अनुसार, यह कार्रवाई मंगलवार की आधी रात के बाद शुरू हुई और तड़के तक चलती रही। बताया गया कि जिले के चार थाना क्षेत्रों–पचपेड़वा, तुलसीपुर, महाराजगंज तराई और कोतवाली देहात–की पुलिस टीमों ने संयुक्त ऑपरेशन चलाया। इस दौरान सबसे पहले पचपेड़वा के बरगदवा सैफ गांव में दबिश दी गई, जहां से एमडीएम जिला समन्वयक फिरोज अहमद को उनके आवास से हिरासत में लिया गया।

इसके बाद पुलिस ने पचपेड़वा क्षेत्र में संचालित पांच मदरसों के संचालक अहमद कादरी को भी हिरासत में लिया। अहमद कादरी का परिवार स्थानीय धार्मिक व सामाजिक क्षेत्र में प्रभावशाली माना जाता है। उनके पिता पचपेड़वा शहर के शहर-ए-काज़ी रह चुके हैं, जिसकी वजह से यह कार्रवाई क्षेत्र में चर्चा का विषय बन गई है। सूत्र बताते हैं कि पुलिस को पिछले कई महीनों से एमडीएम वितरण, मदरसों की फर्जी उपस्थिति, पोषण सामग्री में हेरफेर और सरकारी अनुदानों के गलत उपयोग की शिकायतें मिल रही थीं। जांच के दौरान कई संदिग्ध दस्तावेज और रिकॉर्ड मिलने की जानकारी भी सामने आई है। पुलिस हिरासत में लिए गए लोगों से इन सभी बिंदुओं पर गहन पूछताछ कर रही है। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि जांच में और नाम सामने आ सकते हैं तथा आवश्यक होने पर और गिरफ्तारी भी संभव है। जिला प्रशासन ने मामले को गंभीर मानते हुए संबंधित विभागों से भी रिपोर्ट तलब की है। गांव और नगर में इस कार्रवाई को लेकर तरह-तरह की चर्चाएँ जारी हैं। लोग इसे जिले में शिक्षा से जुड़े भ्रष्टाचार पर बड़ी करारी कार्रवाई मान रहे हैं। पुलिस की आगे की कार्रवाई पर अब सभी की नजरें टिक गई हैं।

## आराजी डूही धरमूपुर मुस्तहकम में बिना परमिट नीम के पेड़ की हुई कटान

**● वन विभाग की टीम ने बिना परमिट के कटे नीम की लकड़ी को कब्जे में लियाजांच पड़ताल के बाद बिना परमिट के कटी नीम के पेड़ पर होगी कार्रवाई**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**बस्ती।** बस्ती जिले के थाना दुबौलियाके कप्तानगंज वन रेंज के अंतर्गत विकासखंड दुबौलिया क्षेत्र के ग्राम पंचायत आराजी डूही धरमूपुर मुस्तहकम में बिना परमिट के नीम के पेड़ की कटान हुई है । बिना परमिट के नीम के पेड़ की कटान की सूचना पर पहुंची वन विभाग कप्तानगंज की टीम ने जांच पड़ताल किया और कटी लकड़ी को कब्जे में ले लिया है आपको बता दें कि डीएफओ बस्ती डा0 शरीन ने जिले में वन विभाग के जिम्मेदार अधिकारियोंको कड़ा निर्देश दिया है कि बिना परमिट के हरे पेड़ की कटान न हो यदि किसी के क्षेत्र में बिना परमिट हरे पेड़ों की कटान कटान हुई तो संबंधित वन विभाग के अधिकारी / कर्मचारी के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जायेगी ।

डीएफओ के कड़े निर्देश के बाद जिले में अवैध हरे पेड़ों की कटान कम हुई है लेकिन दुबौलिया क्षेत्र में लकड़ी माफिया चोरी चोरी हरे पेड़ों की कटान करने में सफल है ।ग्राम पंचायत आराजी डूही धरमूपुर मुस्तहकम में बिना परमिट के कटे नीम के पेड़ मामले में कप्तानगंज में वन विभाग की टीम ने पेड़ मलिक के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने का आश्वासन दिया है । वन विभाग कप्तानगंज के कार्रवाई से लकड़ी माफियाओं में हड़कंप मचा हुआ है । उक्त प्रकरण में वन क्षेत्राधिकारी कप्तानगंज राजू प्रसाद ने फोन के माध्यम से बताया कि मामला संज्ञान में नहीं था कि मामले का संज्ञान होते ही वन विभाग के कर्मचारियों को कार्यवाही हेतु निर्देश दे दिया गया है । जांच पड़ताल के बाद बिना परमिट के नीम के कटान मामले में नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी ।

## साइबर ठगों ने बनाया निशानापुलिस बनकर की ठगी शिकार हुई महिला

**●ठगों ने सरिता को धमकी देकर वसूले पचास हजार सौ रुपये, नगर थाना क्षेत्र की घटना**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**बस्ती।** बस्ती जिले में साइबर ठगी का मामला सामने आया जबकिसरकार के इतने जागरूकता फैलाने के बाद भी साइबर ठगी रुकने का नाम नहीं ले रही है । साइबर ठगी का ताजा शिकार भेलवल थाना नगर निवासी सरिता भारती हुई जिनसे साइबर ठगों ने पचास हजार सौ रुपये ठग लिए , पीड़िता ने साइबर थाने में पत्र सौंप कर कार्यवाही की माँग किया है ।साइबर थाने में दिए शिकायती पत्र में पीड़िता सरिता भारती ने लिखा है कि पीड़िता का फोन एक जरूरी जाँच पड़ताल के सिलसिले में नगर थाने में जमा है । प्रार्थिनी के मोबाइल नम्बर 8601123104 से साइबर क्राइम पुलिस प्रभाकर मिश्रा नाम से फोन आया व कहा गया कि तुम्हारा फोन सर्विलांस पर लगा है जिसमें गलत कंटेंट पाया गया अभी तुम्हें पुलिस गिरफ्तार कर लेगी व बचने हेतु पैसे की माँग की गयी । चूँकि प्रार्थिनी का फोन नगर थाने में जमा है अतएवं काल को सही मानते हुई प्रार्थिनी डर गयी व बताए गए नम्बर 9234922057 पर गूगल पे के माध्यम से बारी -बारी करके कुल पचास हजार सौ रुपये डाल दिए । पैसे का डिमांड बढ़ाने हेतु ठगों ने पीड़िता को गालियां भी दीं ‘। जब पीड़िता को यह पता चला कि वही साइबर ठगी का शिकार हो गयी है तो उसके पैरों तले जमीन खिसक गयी तत्पश्चात् पीड़िता ने साक्ष्य सहित आनलाइन शिकायत दर्ज कराते हुए साइबर क्राइम थाना बस्ती में भी प्रार्थना पत्र दिया है । पत्र के माध्यम से पीड़िता सरिता भारती ने न्याय की गुहार लगाया है। पुलिस ने अभी तक कोई कार्रवाई नहीं किया लेकिन जल्द ही साइबर ठगो की गिरफ्तारी किया जाएगा।

### दुबौलिया में ग्रामीणों ने मानकविहीन सड़क मरम्मत कार्य रोका, पीडब्ल्यूडी पर लापरवाही का लगा आरोप



**बस्ती।** बस्ती जिले के दुबौलिया ब्लाक क्षेत्र के राम जानकी मार्ग से भटपुरवा संपर्क मार्ग के मरम्मत कार्य को ग्रामीणों ने रोक दिया।ग्रामीणों का आरोप है कि मार्ग मानक विहीन बनवाया जा रहा है।करीब 450 मीटर दूर भटपुरवा गांव तक बनी पिच मार्ग का पुनः मरम्मत कार्य पीडब्ल्यूडी विभाग द्वारा कराया जा रहा है। मंगलवार को ग्रामीणों ने मरम्मत कार्य रोकवाकर प्रदर्शन किया। ग्रामीणों का आरोप है कि मरम्मत कार्य में लापरवाही की जा रही है गिट्टी के साथ उसमें डामर और तेल का प्रयोग कम किया जा रहा है। जिससे गिट्टी उखड़ रही है। उन्होंने मानक के अनुसार कार्य कराए जाने की मांग की है।अवर अभियंता श्रीकांत ने बताया कि मौके पर जाकर मरम्मत कार्य में की जा रही कमियों को दूर कराया जाएगा मानक के अनुसार ही पिचिंग की जाएगी। प्रदर्शन में अजय पाण्डेय, सर्वेश, मनोज, शुभम, लाल बहादुर, सुरेश, रामभवन, राम सहाय, विरेन्द्र, बृजमोहन, छोटेई, सुरजीत, रामप्रसाद आदि दर्जनों ग्रामीण मौजूद रहे।

## विदेश भेजने के नाम पर युवक से 2.57 लाख की ठगी, अल नूर टूर व ट्रैवल एजेंसी ने पाकिस्तान के नाम पर दी धमकी

**●पीड़ित ने पुलिस अधीक्षक से कार्रवाई करने की लगाई गुहार**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**देवरिया।** विदेश भेजने के नाम पर धोखाधड़ी का एक बड़ा मामला सामने आया है, जिसमें देवरिया स्थित दूर एंड ट्रैवल्स मैन पावर सप्लाई एजेंसी, राघव नगर पर असम निवासी युवक से लाखों रुपये ठगने का आरोप लगा है। पीड़ित ने पुलिस अधीक्षक से मिलकर न्याय की गुहार लगायी है।

**असम निवासी युवक से 2.57 लाख की ठगी**

प्राप्त सूचना के अनुसार पिलानटूस टोप्पो पुत्र स्व. जोहान टोप्पो, निवासी अमगुरी, जिला उदालगुरी (असम) रोजी-रोटी की तलाश में विदेश जाने के प्रयास में था। इसी दौरान उसकी मुलाकात एक महिला वेरोनिका एक्का और बिहार निवासी प्रमोद यादव से हुई, जिन्होंने स्वयं को देवरिया की ट्रैवल एजेंसी से जुड़ा बताया। इन दोनों ने पीड़ित को दो वर्ष के वर्क वीजा पर रूस भेजने का लालच दिया और कुल 3 लाख 80 हजार में प्रक्रिया पूरी कराने का दावा किया। पीड़ित ने ऑनलाइन माध्यम से कुल 1,95,500 रुपये इनके बताए गए खातों में जमा कर दिए व 61700 रूपये दलालों ने झांसा देकर नकदी सहित कुल 2 लाख 57 हजार रूपये ले लिए ।

**वर्क वीजा की जगह विजिट वीजा थमाया**

आरोप है कि रकम वसूलने के बाद एजेंसी और दलालों ने पिलानटूस को वर्क वीजा देने के बजाय विजिट वीजा थमा दिया और 11 अक्टूबर 2025 को मास्को भेज दिया। वहाँ युवक को एक गोदाम में काम करने के लिए कहा गया, लेकिन उसे एक भी रुपया भुगतान नहीं किया गया। थोड़े समय बाद घरवालों ने किसी तरह पैसों की व्यवस्था कर उसकी वापसी का टिकट भेजा, जिसमें 50,000 से अधिक खर्च आया।

**अब भी कर रहे हैं दोबारा पैसे की माँग**

पीड़ित का कहना है कि वापसी के बाद भी वेरोनिका एक्का, प्रमोद यादव और एजेंसी से जुड़े लोग उसे दोबारा विदेश भेजने का झांसा देकर अतिरिक्त पैसे मांग रहे हैं। पीड़ित पिलानटूस टोप्पो ने बताया कि उन लोगों ने पाकिस्तान के नाम पर धमकी भी दी और कहा कि पाकिस्तान तुम्हारा पैसा होल्ड कर देगा। पीड़ित ने आगे बताया कि अल नूर के असम व बिहार में दलाल हैं व इनके कार्यालय गोरखपुर व देवरिया में हैं जिन्होंने मुझे फंसा लिया। देवरिया पुलिस और जिला प्रशासन को साक्ष्यों सहित प्रार्थना पत्र दिया, जिसमें ऑनलाइन भुगतान की रसीदें, वीजिट वीजा की कॉपी और एयर टिकट की छाया प्रति भी संलग्न की गई हैं। लेकिन अब तक न तो एजेंसी पर कार्रवाई हुई और न ही राशि वापस दिलाने की कोई पहल की गई है। इससे पीड़ित ने कहा कि प्रशासन की उदासीनता के कारण ऐसे फर्जी एजेंसियों के हौसले बढ़ते जा रहे हैं। पीड़ित ने कड़ी कार्रवाई की मांग की है। पीड़ित ने प्रशासन से मांग की है कि दूर एंड ट्रैवल्स मेनपावर सप्लाई एजेंसी, वेरोनिका एक्का मोबाइल नंबर 7678404749 व प्रमोद यादव मोबाइल नंबर 8910098613 पर धोखाधड़ी, जालसाजी, मानव तस्करी जैसी गंभीर धाराओं में कार्रवाई की जाए और उसके 2.57 लाख रुपये वापस दिलाए जाएँ।

## संविधान दिवस पर कांग्रेस ने किया विचार गोष्ठी का आयोजन

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**देवरिया।** बुधवार को जिला कांग्रेस कमेटी के पदाधिकारियों द्वारा टाउन हॉल स्थित कांग्रेस कार्यालय में संविधान दिवस के अवसर पर गोष्ठी आयोजित की गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता कांग्रेस जिलाध्यक्ष विजय शेखर मल्ल ने की। पदाधिकारियों ने संविधान निर्माता डॉ. भीमराव अंबेडकर को भावपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित की और उनके योगदान को याद किया। जिलाध्यक्ष ने कहा कि भारत का संविधान 26 नवंबर 1949 को तैयार होकर राष्ट्र को समर्पित किया गया था, जिसे संविधान सभा ने 2 वर्ष 11 माह 18 दिन में पूरा किया। एडवोकेट विजय बहादुर सिंह ने कहा कि संविधान दिवस हमें यह याद दिलाता है कि हमारा संविधान विभिन्न धर्मों, भाषाओं और संस्कृतियों से जुड़े करोड़ों लोगों को एकता के सूत्र में पिरोता है।

इसका उद्देश्य नागरिकों में न्याय, स्वतंत्रता, समानता और बंधुत्व जैसे मूल्यों के प्रति सम्मान बढ़ाना है। कार्यक्रम में पूर्व जिलाध्यक्ष सुयश मणि त्रिपाठी, नागेंद्र शुक्ला, जयप्रकाश धनगर, सुनील कुमार तिवारी, भरत मणि त्रिपाठी, संजीव कुमार मिश्रा, धर्मेंद्र कुमार पांडेय, मिर्जा खुर्शीद, शिवशंकर सिंह, आलोक त्रिपाठी राजन, मनोज मणि, शक्ति सिंह, ऋषिकेश मिश्रा, विनोद दुबे, रीता देवी, विजय शंकर मिश्रा, सुभाष राय, जवाहरलाल बरनवाल, महेंद्र अंबेडकर, राशिद अंसारी, विनय मिश्रा, रमाशंकर यादव, शमशाद अली, विजय सिंह, मेराज मकबूल, इजहार सहित कई पदाधिकारी उपस्थित रहे।

## देवरिया पुलिस ने संविधान दिवस पर दोहराया कर्तव्य का संकल्प

**देवरिया।** संविधान दिवस के अवसर पर पुलिस लाइन सहित सभी थानों में कार्यक्रम आयोजित किए गए। अपर पुलिस अधीक्षक दक्षिणी सुनील कुमार सिंह ने प्रस्तावना का सामूहिक वाचन कराया और पुलिसकर्मियों को न्याय, स्वतंत्रता, समानता व बंधुत्व पर आधारित संविधानिक मूल्यों का पालन करने की शपथ दिलाई। उन्होंने कहा कि पुलिस व्यवस्था तभी मजबूत होगी जब प्रत्येक अधिकारी संविधान के प्रति निष्ठावान रहेगा।

## शहर में चला अतिक्रमण हटाओ अभियान, दुकानदारों में हड़कंप

**देवरिया।** नगर क्षेत्र में क्वापरेटिव चौराहा से रामलीला मैदान तक प्रशासन ने बड़ा अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया। क्षेत्राधिकारी नगर संजय रेड्डी के नेतृत्व में टीम ने दुकानों के बाहर की अवैध बढ़ौतरी, शेड, तख्त व ठेले हटवाए। अधिकारियों ने कहा कि बार-बार चेतावनी के बाद भी अतिक्रमण जारी था, इसलिए कठोर कार्रवाई की गई है। आगे पुनः अतिक्रमण मिलने पर दंडात्मक कार्रवाई होगी।

## संक्षिप्त खबरें

### बनी टीम ने कुकुरी को 57 रन से हराया

**बनी टीम के अंकित यादव ने लगाई हैट्रिक, मैन ऑफ द मैच बने**



**भरावन (हरदोई)।** बीवीएम इंटर कॉलेज के मैदान पर चल रहे तृतीय क्रिकेट टूर्नामेंट के दूसरे मैच में बनी टीम ने कुकुरी टीम को 57 रनों के बड़े अंतर से हराकर शानदार जीत दर्ज की। बनी टीम के कप्तान मयंक सिंह ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी का निर्णय लिया। ओपनर बल्लेबाज अंकित यादव ने धुंआधार 13 रन की पारी खेल टीम को मजबूत शुरुआत दिलाई। बनी टीम 8.2 ओवर में सभी विकेट खोकर 82 रन का लक्ष्य दिया। लक्ष्य का पीछा करने उतरी कुकुरी टीम शुरुआत बेहद खराब रही। लगातार विकेट गिरते गए। और 10.3 ओर में 24 रन बनाकर टीम सिमट गई। बनी टीम के बॉलर अंकित यादव ने हैट्रिक लगाकर कुकुरी टीम की कमर तोड़ दी। उन्हें मैन ऑफ द मैच चुना गया। आयोजक कर्नल आदित्य सिंह ने मैन ऑफ द मैच का अवार्ड सौंपा। इस दौरान शैलेन्द्र सिंह, राजू पांडे, विकास पांडे, विष्णु चौहान, डॉ शैलेंद्र बाजपेई, जीतू पांडे, मिलन मिश्र, सुबोधकांत मिश्र, सचिन पांडे, राकेश शुक्ल सहित दर्शक मौजूद रहे।

### आयुष्मान कार्ड कैम्प आयोजन 25 दिसंबर तक

**रायबरेली,** नोडल अधिकारी आयुष्मान डॉ अशोक कुमार रावत ने बताया है कि पात्र लाभार्थियों के आयुष्मान कार्ड बनाये जाने हेतु आयुष्मान कार्ड कैंप का आयोजन प्रदेश भर में दिनांक 25 नवम्बर 2025 से 25 दिसम्बर 2025 तक चलाया जायेगा। इस विशेष अभियान के तहत जिले में 5,88,382 आयुष्मान बनाने के लक्ष्य है।जिला स्तर पर मुख्य विकास अधिकारी इस अभियान के नोडल बनाये गये है। मुख्य विकास अधिकारी द्वारा प्रदिदिन अभियान की मोनिटरिंग एवं अन्तर्विभागीय समीक्षा बैठक का आयोजन कर आयुष्मान कार्ड प्रगति को बढाया जाना प्रस्तावित है। इसके अतिरिक्त ब्लाक स्तर पर बीडीओ और सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र अधीक्षक को तथा ग्राम पंचायत स्तर पर ग्राम प्रधान को अभियान का नोडल बनाया गया है। मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ0 नवीन चंद्रा द्वारा अवगत कराया गया कि जिला चिकित्सालय (पुरुष एवं महिला), सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों, प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों, आयुष्मान आरोग्य मंदिर,स्वास्थ्य केन्द्रों,पंचायत भवन, कोटेदार की दुकानों पर आशा, ए.एन.एम, सी.एच.ओ, आयुष्मान मित्रों एवं पंचायत सहायकों के माध्यम से कैंप लगाकर आयुष्मान कार्ड बनाये जायेंगे 7 नोडल अधिकारी -आयुष्मान भारत-प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना डॉ0 अशोक रावत द्वारा अवगत कराया गया कि जनपद 62% आयुष्मान कार्ड बनाकर प्रदेश में 17वें स्थान पर है। मुख्य सचिव (उ0प्र0)शासन के निर्देशानुसार समस्त शेष बचे लाभार्थियों एवं 70+ श्रेणी के लाभार्थियों का आयुष्मान कार्ड बनाये जाने हेतु आवश्यकतानुसार कैंप के अतिरिक्त डोर टू डोर वेरिफिकेशन भी कराया जाएगा जिससे जनपद के लक्ष्य को अभियान के दौरान पूर्ण किया जा सके।

### महिला सहायता व सुरक्षा के प्रति जनजागरूकता बढ़ाने का विशेष अभियान चलाया गया




**लखनऊ।** राजधानी लखनऊ के अमीनाबाद थाना क्षेत्र में महिला सहायता और सुरक्षा के प्रति जनजागरूकता बढ़ाने के लिए एक विशेष अभियान चलाया गया। इस अभियान के दौरान, मिशन शक्ति प्रभारी महिला उपनिरीक्षक गौरव कुमारी, महिला उपनिरीक्षक शुचि सावंत, और महिला आरक्षी पूनम गोंड ने मुमताज स्कूल में भ्रमण किया और शिक्षकगण एवं छात्राओं को महिला सुरक्षा से संबंधित सरकारी हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी दी। महिला सुरक्षा हेल्पलाइन नंबर: 102, 108, 112, 1090, 181, 1930 इसके अलावा, चाइल्ड हेल्पलाइन नंबर 1098 और साइबर अपराध से सुरक्षा हेतु हेल्पलाइन नंबर 1930 की जानकारी भी दी गई। छात्राओं को 'गुड टच' और 'बैड टच' की पहचान के बारे में शिक्षित किया गया और आत्मरक्षा, आत्मनिर्भरता और स्वावलंबन के महत्व पर प्रेरित किया गया। इस अभियान का उद्देश्य महिलाओं, किशोरियों, और वरिष्ठ नागरिक महिलाओं को सुरक्षा, सहायता, और अधिकारों के प्रति सजग बनाना है। उत्तर प्रदेश सरकार की इस महत्वपूर्ण पहल 'मिशन शक्ति' के बारे में भी जानकारी दी गई।

## कृष्ण स्वरूप अग्रवाल सरस्वती बालिका विद्या मंदिर इंटर कॉलेज में बाल मेले का भव्य किया गया आयोजन

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**बिसवा/सीतापुर** आज कृष्ण स्वरूप अग्रवाल सरस्वती बालिका विद्या मंदिर इंटर कॉलेज अमर नगर बिसवां सीतापुर में बाल मेले का भव्य आयोजन किया गया। मेले का उद्घाटन विद्यालय अध्यक्षा रेनू मेहरोत्रा एवं विद्यालय प्रबंधक सुरेंद्र पाल सिंह द्वारा किया गया। उक्त अवसर पर विद्यालय प्रबंध समिति के गणमान्य सदस्य गण विवेक कुमार गुप्ता गीता गुप्ता , गुरुमीत कौर , उत्साह राजवंशी, तुलसी राजवंशी , , एकता गुप्ता , अंजली राजवंशी , उमंग राजवंशी , प्रधानाचार्या अल्पना अवस्थी सहित समस्त विद्यालय परिवार उपस्थित रहा, जैसे ही फीता काटा गया, पूरा परिसर तालियों की गड़गड़ाहट और बच्चों की आनंदभरी आवाज़ों से गूंज उठा। बाल मेले में छात्रों ने अपनी रचनात्मकता और कौशल का शानदार प्रदर्शन किया। बच्चों ने विभिन्न प्रकार की दुकानें लगाई जिनमें खाद्य-पदार्थों, दक्षिण भारतीय व्यंजन, चाट-पकौड़ी, मिठाइयाँ, आइसक्रीम, हस्तनिर्मित वस्तुएँ, सजावटी सामान, ग्रीटिंग कार्ड, मिट्टी के मॉडल, रंगोली डिज़ाइन जैसे कई आकर्षक स्टॉल शामिल थे। कई छात्रों ने खेलों की दुकानें भी लगाई जिनमें 'रिंग गेम', 'बलून शूट', 'डाइस गेम' और 'लकी ड्रॉ' जैसे मनोरंजक खेलों में अभिभावकों और बच्चों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। हर स्टॉल पर बच्चों ने ग्राहकों का स्वागत बड़े आत्मविश्वास और विनम्रता से किया। इससे बच्चों में संचार कौशल, प्रबंधन क्षमता और उद्यमिता के गुण विकसित होते दिखाई दिए। उनके द्वारा बनाई गई वस्तुओं और व्यंजनों को देखकर अभिभावक और अतिथि अत्यंत प्रभावित हुए। मेले में विज्ञान प्रदर्शनी और चित्रकला प्रदर्शनी भी विशेष आकर्षण रहीं। विज्ञान प्रदर्शनी में छात्रों ने अपने नवाचारों को मॉडल के माध्यम से प्रस्तुत किया, वहीं चित्रकला प्रदर्शनी में बच्चों की कल्पनाशक्ति और कला कौशल देखते ही बनता था। साथ ही विद्यालय के मंच पर सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए गए जिनमें नृत्य, समूहगीत, नाटक व कविता पाठ जैसे प्रस्तुतियों ने सभी का मन मोह लिया। विद्यालय प्रधानाचार्या अल्पना अवस्थी ने अपने संबोधन में कहा कि बाल मेला बच्चों को सीखने, अनुभव प्राप्त करने और अपनी प्रतिभा को निखारने का एक



व्यावहारिक मंच प्रदान करता है। इससे बच्चों में टीमवर्क, नेतृत्व और जिम्मेदारी की भावना का विकास होता है। उन्होंने विद्यार्थियों के प्रयासों की सराहना की और कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए शिक्षकों तथा अभिभावकों का धन्यवाद किया। कार्यक्रम के अंत में विद्यालय द्वारा श्रेष्ठ स्टॉल, श्रेष्ठ प्रस्तुति और श्रेष्ठ नवाचार की श्रेणियों में पुरस्कार प्रदान किए गए। मेले का समापन राष्ट्रीय गान के साथ हुआ। यह दिन बच्चों के लिए मनोरंजन, सीख और नए अनुभवों से भरपूर रहा, जिसे वे लंबे समय तक याद रखेंगे।

## हमारे सविधान में सभी धर्मों एवं जातियों को समान अधिकार दिये गये-प्राचार्य



**लखनऊ।** 76वें संविधान दिवस की पावन बेला पर महाविद्यालय में संविधान दिवस के अवसर सामूहिक शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें प्राचार्य सहित शिक्षक, छात्र-छात्राओं एवं कर्मचारियों उपस्थित हुए। कई शिक्षकों ने अपने-अपने विचार रखे तथा सविधान की महत्ता पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम में महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ0 सुभाष चन्द्र पाण्डेय ने छात्र-छात्राओं को सम्बोधित करते हुए संविधान की महत्ता के बारे में बताते हुए कहा कि हमारे देश का संविधान सभी देशों के संविधान से अलग है हमारे सविधान में सभी धर्मों एवं जातियों को समान अधिकार दिये गये हैं तथा कार्यक्रम का संयोजन इतिहास विभाग के सहायक आचार्य जागेश्वर प्रसाद सिंह ने किया। कार्यक्रम के अन्त में समस्त शिक्षकों एवं छात्र-छात्राओं ने एक स्वर में संविधान की प्रस्तावना का पाठन किया और संविधान तथा राष्ट्र के प्रति अपने दायित्वों की शपथ ली।

## जिलाधिकारी हर्षिता माथुर ने धान क्रय केंद्रों पर किया औचक निरीक्षण

● **किसानों की समस्याओं के समाधान के लिए दिए कठोर निर्देश**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**महराजगंज/रायबरेली।** महराजगंज क्षेत्र में बुधवार को जिलाधिकारी हर्षिता माथुर ने मंडी समिति परिसर में संचालित धान क्रय केंद्रों तथा टूक साधन सहकारी समिति का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने व्यवस्थाओं का बारीकी से जायज़ा लिया और केंद्र पर मौजूद किसानों से सीधे संवाद स्थापित करते हुए खरीद व्यवस्था की वास्तविक स्थिति की जानकारी प्राप्त की डीएम ने किसानों से धान खरीद की पूरी प्रक्रिया–तौल, गुणवत्ता परीक्षण, रिकॉर्डिंग, बोरे उपलब्धता, और केंद्र पर अन्य सुविधाओं–के बारे में विस्तार से पूछा। उन्होंने यह सुनिश्चित किया कि किसानों को निर्धारित दर पर तौल हो रही है तथा सरकारी दिशा-निर्देशों के अनुरूप सभी सुविधाएँ बिना किसी अवरोध के उपलब्ध कराई जा रही हैं कई किसानों ने भुगतान व्यवस्था के संबंध में सवाल उठाए, जिस पर जिलाधिकारी ने अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश देते हुए कहा कि धान खरीद का भुगतान निर्धारित समयसीमा के भीतर हर



हाल में किसानों के बैंक खातों में पहुँचना चाहिए। उन्होंने यह भी चेतावनी दी कि भुगतान में किसी प्रकार की देरी या लापरवाही पर संबंधित अधिकारियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी जिलाधिकारी माथुर ने क्रय केंद्र पर रखे तौल उपकरणों, भंडारण व्यवस्था तथा रिकॉर्ड रजिस्टरों की भी जांच की। उन्होंने कहा कि सरकार किसान हितों के प्रति प्रतिबद्ध है और किसानों को किसी भी स्तर पर परेशान नहीं किया जाएगा। यदि केंद्रों पर कोई समस्या उत्पन्न होती है तो किसान सीधे सक्षम अधिकारियों को सूचित कर सकते हैं अंत में जिलाधिकारी ने निर्देश दिया कि सभी क्रय केंद्रों पर पारदर्शिता और सुचारु व्यवस्था सुनिश्चित की जाए, ताकि किसान बिना किसी परेशानी के अपना धान बेच सकें। उन्होंने यह भी कहा कि औचक निरीक्षण आगे भी जारी रहेंगे, जिससे व्यवस्थाओं में सुधार और गति बनी रहे।

## खंड शिक्षा अधिकारी बछरावां इंदिरा देवी के नेतृत्व में संविधान दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया गया

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**बछरावां/रायबरेली** विकास क्षेत्र बछरावां की बीआरसी सभागार में खंड शिक्षा अधिकारी बछरावां इंदिरा देवी के नेतृत्व में संविधान दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर खंड शिक्षा अधिकारी बछरावां द्वारा संविधान की पुस्तक एवं इसके निर्माता डॉक्टर भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण तथा उपस्थित आरपी एवं सभी शिक्षकों द्वारा पुष्प अर्पित किया गया। शिक्षक आशीष कुमार गौतम एवं उमेश कुमार द्वारा भारत के संविधान निर्माण, महत्व एवं इसमें निहित भारत के नागरिकों के अधिकार और कर्तव्यों पर प्रकाश डाला गया। इसके पश्चात कार्यक्रम में उपस्थित सभी के द्वारा संविधान की उद्देशिका वाचन किया गया तत्पश्चात आदरणीय खंड शिक्षा अधिकारी महोदया द्वारा अपने उद्बोधन में संविधान के निर्माण एवं निर्माण समिति में सहयोग प्रदान करने वाले सभी महान व्यक्तित्व को स्मरण करते हुए उन्हें आभार प्रकट किया गया तथा कार्यक्रम में उपस्थित



सभी शिक्षक एवं कर्मचारियों को संविधान दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं दी गई और भारत के सुयोग्य नागरिक बनकर शिक्षा के क्षेत्र में बेहतर कार्य करने हेतु प्रेरित किया गया। इसके पश्चात उपस्थित सभी शिक्षक, शिक्षिकाओं द्वारा खंड शिक्षा अधिकारी को संविधान की पुस्तक भेंट की गई। इस कार्यक्रम में ए आर पी मृत्युंजय सिंह, शिक्षिका प्रमिला, मीनू जयसवाल, सुषमा वर्मा, सारिका सिंह, ज्योति वर्मा, शीलू रानी, अमन शुक्ला, चंदन सोनकर, रामप्रकाश, रामदयाल, दीप कुमार, पवन यादव, रविंद्र दिवाकर, प्रमोद मित्तल, तेज नारायण, अजय सिंह पटेल, दिनेश कुमार, डीजे गुड्डू, आदि अनेकों शिक्षक उपस्थित रहे।।

### लखनऊ में मुद्रा लोन स्वीकृत कराने के नाम पर तीन लाख ठगे, साइबर ठग के जाल में फंसा डॉक्टर

**लखनऊ।** प्रधानमंत्री मुद्रा योजना के तहत ऋण स्वीकृत कराने का झांसा देकर जालसाज ने महिला से तीन लाख रुपये ठग लिए। पीड़िता ने आरोपित के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है। पुलिस छानबीन में जुटी है। उधर महानगर में साइबर जालसाज ने एक डाक्टर को ठगी का शिकार बनाया। इंदिरानगर के बी ब्लाक निवासी रंजना सिंह के मुताबिक, कुछ माह पहले कानपुर निवासी चंदन शुक्ला से मुलाकात हुई थी। प्रधानमंत्री मुद्रा योजना के अंतर्गत ऋण स्वीकृत कराने का भरोसा दिलाया। इसके बदले उसने तीन लाख रुपये की मांग की। रंजना सिंह के मुताबिक, परिवार की आर्थिक स्थितियों को देखते हुए उन्होंने यह रकम बड़ी मुश्किल से जुटाई और आरोपित के बैंक खाते में आनलाइन ट्रांसफर कर दी। रंजना के मुताबिक उनकी दो बेटियां बाहर पढ़ाई कर रही हैं। पति की नौकरी भी स्थायी नहीं है। ऐसे में छोटा व्यापार शुरू करने के लिए ऋण लेने की प्रक्रिया शुरू की थी। रुपये लेने के बाद आरोपित मोबाइल बंद कर फरार हो गया। उधर, महानगर निवासी डाक्टर संतोष कुमार ने बताया कि 12 नवंबर को उनके पास एक अज्ञात नंबर से फोन आया। कॉल करने वाले ने खुद को बैंककर्मी बताया।

## ओया गांव में 35 वर्षीय किसान की निर्मम हत्या से दहशत पुलिस के हाथ खाली-24 घंटे बाद भी नहीं मिला कोई सुराग

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**चंदापुर/रायबरेली।** चंदापुर थाना क्षेत्र के ओया गांव में एक 35 वर्षीय किसान की नृशंस हत्या ने पूरे इलाके को हिला कर रख दिया है। धारदार हथियार से की गई यह वारदात इतनी भयावह है कि ग्रामीण आज भी उस मंजर को याद कर सिहर जा रहे हैं। सबसे बड़ा सवाल यह है कि घटना के 24 घंटे बीत जाने के बाद भी पुलिस आरोपी तक पहुँचने में असफल साबित हो रही है, जिससे कानून-व्यवस्था पर गंभीर प्रश्नचिह्न खड़े हो गए हैं रात के अंधेरे में मौत, सुबह खेत में मिला खून से लथपथ मिला शव मृतक किसान समरजीत सिंह उर्फ विनीत सिंह (उम्र 35 वर्ष) सोमवार देर रात अपने खेत के पास बनी कोठरी में सो रहे थे। इसी दौरान अज्ञात हमलावरों ने उन पर धारदार हथियार से हमला कर उनकी बेरहमी से हत्या कर दी मंगलवार सुबह जब ग्रामीण खेतों की ओर निकले, तो कोठरी के अंदर उनका शव खून से लथपथ पड़ा मिला। गांव में चीख-पुकार मच गई। सूचना मिलते ही सैकड़ों ग्रामीण मौके पर जमा हो गए और पूरे क्षेत्र में अफरातफरी मच गई पुलिस-प्रशासन मौके पर, कई थानों की फोर्स तैनात घटना की सूचना पर चंदापुर पुलिस, क्षेत्राधिकारी महराजगंज,एसओजी टीम और आसपास के थानों की भारी फोर्स मौके पर पहुंची। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया मंगलवार देर शाम तक पोस्टमार्टम न हो पाने के कारण अंतिम संस्कार बुधवार सुबह लगभग 10 बजे भारी पुलिस बल की मौजूदगी में कराया गया। गांव में सुरक्षा व्यवस्था को देखते हुए अतिरिक्त पुलिस बल अभी भी तैनात है फिर भी हाथ खाली–हथियार नहीं मिला, हत्यारे फरार सबसे बड़ी चर्चा यह है कि पुलिस अधीक्षक डॉ. यशवीर सिंह के कड़े निर्देशों के बावजूद कई टीमें लगातार छापेमारी कर रही हैं, लेकिन हत्या में इस्तेमाल हथियार और हत्यारे दोनों अभी भी पुलिस की पकड़ से बाहर हैं।

ग्रामीणों में यह सवाल तेजी से उभर रहा है कि आखिर इतनी बड़ी वारदात के बाद भी



पुलिस के खाली हाथ क्यों है संदिग्धों से पूछताछ जारी–जल्द खुलासे का दावा चंदापुर थाना प्रभारी अरविंद सिंह ने बताया कि कई संदिग्धों को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है। पुलिस सभी एंगल पर जांच कर रही है। बहुत जल्द घटना का खुलासा किया जाएगा गांव में दहशत, सुरक्षा पर सवाल ओया गांव और पूरे चंदापुर क्षेत्र में दहशत का माहौल बना हुआ है। ग्रामीणों का कहना है कि इतनी बड़ी घटना के बाद भी आरोपी खुले घूम रहे हैं, जिससे लोगों में भय और नाराजगी बढ़ती जा रही है किसान की इस निर्मम हत्या ने क्षेत्र की सुरक्षा व्यवस्था और पुलिस की कार्यशैली पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं।

## 15 साल के अंश की कोचिंग जाने की राह पर मौत

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**मलिहाबाद।** लखनऊ- हरदोई राजमार्ग पर बुधवार को उस समय मातम पसर गया जब अहमदाबाद कटौली निवासी 15 वर्षीय अंश की जिंदगी एक तेज रफ्तार अज्ञात पिकअप (डाले) की भेंट चढ़ गई। अंश, कक्षा 10 का होनहार छात्र था, जो अपने भविष्य को संवारने के लिए साइकिल से ट्यूशन पढ़ने जा रहा था, लेकिन वह अपनी मंजिल तक नहीं पहुंच सका।अंश अपने गांव से थोड़ी ही दूरी पर चांदपुर स्थित आकृति कोचिंग सेंटर जा रहा था। जब उसने कटौली गांव के पास रोड पार की, तभी पीछे से आ रहे एक अनियंत्रित और तेज रफ्तार डाले ने उसे इतनी जोरदार टक्कर मारी कि अंश साइकिल समेत सड़क पर गिर गया और मौके पर ही गंभीर रूप से चोटिल हो गया।वह तो बस पढ़ने जा रहा था... क्या पता था कि आज घर से आखिरी बार निकला है।परिजनों की चीखों ने माहौल को गमगीन कर दिया। घटना की सूचना मिलते ही परिजन और स्थानीय लोग मौके पर भागे। अंश को तुरंत सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया, लेकिन डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। यह खबर सुनते ही अंश की माता मनोज कुमारी, भाई प्रिंस और बहन प्रियंका पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा।

अपने कलेजे के टुकड़े को खोने के बाद, आक्रोशित परिजनों और ग्रामीणों ने न्याय की मांग करते हुए लखनऊ-हरदोई राजमार्ग को लगभग आधा घंटे तक जाम कर दिया। उनकी मांग थी कि लापरवाह और अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ तुरंत कड़ी कार्रवाई की जाए।मौके पर पहुंची रहीमाबाद थाना पुलिस ने स्थिति संभाली। थाना प्रभारी अरुण कुमार त्रिगुणायक ने पीड़ित परिवार को सांत्वना दी और यह सुनिश्चित किया कि



उन्हें हर संभव कानूनी मदद प्रदान की जाएगी। पुलिस के आश्वासन के बाद ही प्रदर्शनकारी शांत हुए और मार्ग बहाल किया जा सका। पुलिस ने अंश के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और अज्ञात वाहन चालक की तलाश शुरू कर दी है। एक होनहार छात्र की असमय मौत ने पूरे इलाके में शोक की लहर दौड़ा दी है और एक बार फिर सड़क सुरक्षा पर गंभीर सवाल खड़े किए हैं।

## संविधान दिवस पर आर्यकुल कॉलेज, सीतापुर में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित



स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**सीतापुर** आर्यकुल कॉलेज ऑफ़ फ़ार्मेसी एंड रिसर्च, सीतापुर में संविधान दिवस बड़े उत्साह के साथ मनाया गया। कार्यक्रम की शुरुआत भारत के संविधान निर्माता डॉ. भीमराव अंबेडकर को श्रद्धांजलि अर्पित कर की गई। इसके बाद विद्यार्थियों और शिक्षकों द्वारा संविधान की प्रस्तावना का सामूहिक वाचन किया गया तथा संविधान के मूल सिद्धांत–न्याय, स्वतंत्रता, समानता और बंधुत्व–के प्रति प्रतिबद्धता व्यक्त की गई। इस अवसर पर कॉलेज के प्रबंध निदेशक डॉ. सशक्त सिंह, संकाय प्राचार्या डॉ. स्तुति वर्मा, डीन एकेडमिक श्रीमती रुचि सिंह, उपनिदेशक डॉ. आदित्य सिंह, डॉ. अब्दुल रब खान, रजिस्ट्रार रोहित सिंह, अध्यापक राजीव कुमार, ऋषभ शुक्ल,रेहान, तान्या उपाध्याय, नीलम वर्मा, मोहित यादव, साहिल सिंह, तिलक राज, अरुण सिंह, प्रीति यादव, प्रवीण, अबरार, रमा सिंह आदि लोग उपस्थित रहे। वक्ताओं ने संविधान को देश की आत्मा बताते हुए छात्रों से नागरिक कर्तव्यों के पालन और राष्ट्र निर्माण में सक्रिय भूमिका निभाने का आह्वान किया। कार्यक्रम का उद्देश्य छात्रों में संविधान के प्रति जागरूकता बढ़ाना और लोकतांत्रिक मूल्यों को जीवन में अपनाने के लिए प्रेरित करना रहा।

### इनकमिंग-आउटगोइंग बंद होने के 100 दिनों बाद किसी और को मिल जाएगा आपका नंबर, किस कंपनी ने नियमों में किया बदलाव?

**लखनऊ।** भारत संचार निगम लिमिटेड (बीएसएनएल) ने प्रीपेड सेवा में ग्रेस-2 (इनकमिंग-आउटगोइंग बंद) की अवधि घटाकर 100 दिन कर दिया है। पहले यह समय सीमा 165 दिन थी। यानी अब 100 दिनों तक रीचार्ज न कराने पर आपका नंबर पूरी तरह से बंद कर किसी और को आवंटित कर दिया जाएगा। यह संशोधन 27 नवंबर से प्रभावी होगा। बीएसएनएल के प्रधान महाप्रबंधक जफर इकबाल ने बताया कि 225 रुपये के सिल्वर जुबली प्लान में एक माह तक प्रतिदिन ढाई जीबी डेटा के साथ 100 एसएमएस और असीमित कालिंग की सुविधा दी जा रही है। 599 में प्रतिदिन तीन जीबी हाई-स्पीड डेटा, अनलिमिटेड कालिंग के साथ 84 दिन की वैधता है। 199 रुपये के प्लान में असीमित कालिंग, दो जीबी प्रतिदिन डेटा के साथ 28 दिन वैधता मिलेगी। 319 के रीचार्ज पर अनलिमिटेड वाइस कालिंग के साथ 10 जीबी डेटा और 60 दिनों वैधता मिलेगी। 485 के प्लान में अनलिमिटेड वाइस के साथ दो जीबी प्रतिदिन डेटा मिलेगा। इसकी वैधता 72 दिन है।

## ब्लॉक कांग्रेस कमेटी ने मृतक शिक्षामित्र के परिवार की मदद को सौंपा ज्ञापन

● **बेटे को कोई सरकारी नौकरी तथा एक करोड रुपए की सहायता देने की मांग**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**मलिहाबाद, लखनऊ।** मलिहाबाद में एसआईआर फॉर्म के दौरान अधिकारियों के दबाव से ब्रेन हेमरेज के कारण हुई शिक्षामित्र की मौत के मामले में ब्लॉक कांग्रेस कमेटी की तरफ से बुधवार को एसडीएम मलिहाबाद को डीएम को संबोधित एक ज्ञापन सौंपा गया है। ज्ञापन में यह दर्शाया गया है कि मृतक शिक्षा मित्र विजय वर्मा को एसआईआर फॉर्म के लिए दबाव बनाया गया था जिस पर उन्हें अधिकारियों द्वारा दबाव में धमकी दी गई थी कि अगर समय पर कार्य न पूरा हुआ तो एफआईआर दर्ज कराई जाएगी। जिसके चलते वह ब्रेन हेमरेज का शिकार हुए और उनकी इलाज के दौरान दर्दनाक मौत हो गई।

कांग्रेस कमेटी का कहना है कि विजय वर्मा की मौत से उनकी पत्नी और उनके बेटे की आर्थिक स्थिति काफी दयानी हो चुकी है इसलिए उनके बेरोजगार बेटे हर्षित को कोई एक सरकारी नौकरी तथा पत्नी संगीता को एक करोड रुपए की




मदद मिलनी चाहिए। एसडीएम को शिवकुमार गौतम पूर्व जिला उपाध्यक्ष/प्रभारी विधान सभा मलिहाबाद, अजय कुमार जिला उपाध्यक्ष, परवेज रमजी खान जिला महासचिव, आकिल खान ब्लॉक अध्यक्ष मलिहाबाद, हबीबुर्रहमान सिद्दीकी उर्फ छोटे मियां पूर्व ब्लाक अध्यक्ष मलिहाबाद, श्याम कुमार ब्लाक महासचिव ने यह ज्ञापन सौंपा है। इससे पूर्व शिक्षामित्र संघ के ब्लॉक अध्यक्ष बचनेश कुमार विजय गुप्ता, विनोद सिंह सहित शिक्षामित्रों ने परिवार को मदद दिलाने के लिए भी एसडीएम मलिहाबाद को ज्ञापन सौंपा था लेकिन अभी तक परिवार को किसी भी तरह का कोई आर्थिक सहयोग प्राप्त नहीं हुआ है जिससे शिक्षामित्रों में भी इसको लेकर आक्रोश व रोष व्याप्त है।

### गायत्री शक्तिपीठ पर उल्लास पूर्वक मनाया गया राम विवाह का कार्यक्रम



**बस्ती।** बस्ती जिले के गायत्री शक्तिपीठ पर राम विवाह का कार्यक्रम आज अगहन शुक्ल पक्ष पंचमी 25 नवंबर 2025 मंगलवार को गायत्री शक्तिपीठ परिसर में उल्लास पूर्वक सभी परिजन भाइयों - बहनों द्वारा मनाया गया। महिला मंडल की प्रमुख रेनू मिश्रा व उनकी सहायिका प्रतिमा सिंह की संयोजन में नगर की सभी महिलाओं द्वारा राम जानकी की झांकी बनाकर मांगलिक गीत,भजन आदि गाया गया। गायत्री शक्तिपीठ के सहायक प्रबंध ट्रस्टी राम चंद्र शुक्ल और वरिष्ठ परिव्राजक/ट्रस्टी राम प्रसाद त्रिपाठी ने कहा की ऋषि परंपरा में हमारे पर्व त्यौहार एवं संस्कार तथा जन्मदिन विवाह दिवसोत्सव के माध्यम से जनमानस को पारस्परिक प्रेम , सहयोह , सेवा की प्रेरणाये मिलती हैं। कार्यक्रम के समापन पर प्रसाद वितरण तथा सामूहिक सहभोज (भंडारा) का भी आयोजन किया गया। जिसमे सैकड़ो लोगो ने प्रसाद ग्रहण किया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से जगदम्बिका पांडेय,सर्वेश श्रीवास्तव,के के पांडेय,विशाल त्रिपाठी, श्याम पांडेय, स्वामी दयाल, रेनू मिश्रा, प्रतिमा सिंह, शिखा मिश्रा, रघुनन्दन, रवि, शारदा, सीमा, वंदना, अनुजा, संजय, किरन, संगीता, नम्रता, अपराजिता, रश्मि, राशि, मंजू, अंजू, अभिसारिका, श्रुति, सोनी, गितेश्वरी आदि सैकड़ो लोग उपस्थित रहे।

## संविधान दिवस पर चित्रकूट में एसपी ने दिलाई संविधान की प्रस्तावना की शपथ

● **पुलिस कार्यालय व जनपद के विभिन्न इकाइयों में अधिकारियों-कर्मचारियों ने ली शपथ**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**चित्रकूट।** संविधान दिवस के अवसर पर बुधवार को जनपद में विभिन्न स्थानों पर कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह ने पुलिस कार्यालय में नियुक्त सभी अधिकारी-कर्मचारियों को संविधान की प्रस्तावना की शपथ दिलाई। इस अवसर पर उन्होंने संविधान निर्माता डॉ. भीमराव आंबेडकर के योगदान को याद करते हुए संविधान की मूल भावना, अधिकारों और कर्तव्यों पर विस्तृत जानकारी दी। शपथ ग्रहण के बाद एसपी ने कार्यालय परिसर का निरीक्षण किया और सफाई व्यवस्था को और बेहतर बनाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि संविधान केवल



एक दस्तावेज नहीं, बल्कि देश की आत्मा है जो सभी को समानता, स्वतंत्रता और न्याय की राह दिखाता है। संविधान दिवस पर जनपद के अन्य अधिकारियों ने भी अलग-अलग इकाइयों में शपथ दिलाई।अपर पुलिस अधीक्षक सत्यपाल सिंह ने पुलिस लाइन में अधिकारी-कर्मचारियों को शपथ दिलाई।क्षेत्राधिकारी राजापुर राज कलम ने सीओ कार्यालय राजापुर में शपथ ग्रहण कार्यक्रम सम्पन्न कराया।क्षेत्राधिकारी मऊ फहद अली ने थाना मानिकपुर में मौजूद अधिकारियों-कर्मचारियों को संविधान की प्रस्तावना का संकल्प दिलाया। कार्यक्रम के दौरान वाचक पुलिस अधीक्षक राजीव कुमार सिंह, निरीक्षक एलआईयू नागेन्द्र भूषण पाण्डेय, आईजीआरएस प्रभारी निरीक्षक नागेन्द्र नागर सहित पुलिस कार्यालय में तैनात सभी अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे। संविधान दिवस के इस अवसर पर जनपदभर में राष्ट्रनिर्माण व कर्तव्यपालन के प्रति नई ऊर्जा और जागरूकता का संदेश दिया गया।

## सुप्रीम कोर्ट द्वारा केरल सरकार को स्कूल खोलने के निर्देश देकर कोर्ट ने शिक्षा के अधिकार की पुनर्स्थापना की

भारत में शिक्षा को मौलिक अधिकार के रूप में मान्यता मिलने के बाद भी कई राज्यों में आधारभूत ढाँचे, जनसंख्या वृद्धि, वित्तीय बाधाओं और प्रशासनिक लापरवाही के कारण प्राथमिक शिक्षा की पहुँच प्रभावित होती रही है। हाल ही में सुप्रीम कोर्ट द्वारा केरल सरकार को प्राथमिक और लोअर प्राइमरी स्कूल खोलने के स्पष्ट निर्देश देना इसी संदर्भ में एक महत्वपूर्ण कदम है। मंगलवार को हुई सुनवाई के दौरान मुख्य न्यायाधीश सीजेआई जस्टिस सूर्यकांत ने राज्य की स्थिति पर गहरी चिंता जाहिर करते हुए कहा कि जो राज्य खुद को शिक्षाक्षेत्र में शत प्रतिशत साक्षर होने का दावा करता है, वहाँ स्कूली ढाँचे की ऐसी स्थिति बेहद चिंताजनक है। कोर्ट ने स्पष्ट निर्देश दिया कि शिक्षा में किसी भी प्रकार की कमी बर्दाश्त नहीं की जाएगी, और तीन महीने के भीतर नई नीति बनाना अनिवार्य है।यह निर्णय न केवल केरल के लिए बल्कि पूरे देश की शिक्षा व्यवस्था के लिए एक दिशा-सूचक संदेश है। यह इस बात को रेखांकित करता है कि शिक्षा के अधिकार को केवल कागजों पर नहीं बल्कि जमीन पर लागू करने की आवश्यकता है। शिक्षा का अधिकार और राज्य की जिम्मेदारी पर सुप्रीम ने चिंता जताई।सीजेआई सूर्यकांत ने सुनवाई के दौरान कहा कि यदि शत-प्रतिशत साक्षरता का दावा करने वाला राज्य भी प्राथमिक स्कूलों की कमी से जूझ रहा है, तो यह बेहद गंभीर स्थिति है। कोर्ट ने शिक्षा को प्रत्येक बच्चे का मूलभूत अधिकार बताते हुए कहा कि शिक्षा में कोई कमी स्वीकार नहीं की जाएगी।सुप्रीम कोर्ट की यह टिप्पणी दो बड़े मुद्दों पर रोशनी डालती है।राज्य की प्राथमिक शिक्षा के प्रति ढिलाई, और स्कूलों की पहुँच का अभाव, जो राष्ट्रीय शिक्षा नीति के मूल सिद्धांतों के खिलाफ है। भारत में शिक्षा का अधिकार आरटीई स्पष्ट रूप से कहता है कि प्रत्येक बच्चे को निःशुल्क और अनिवार्य शिक्षा दी जानी चाहिए, और इसके लिए पर्याप्त संख्या में स्कूल उपलब्ध होना अनिवार्य है।हर एक किलोमीटर के दायरे में प्राथमिक स्कूल होना आवश्यक है कोर्ट की सख्त टिप्पणी और सुनवाई के दौरान यह पाया गया कि केरल के कई क्षेत्रों में एक किलोमीटर के दायरे में प्राथमिक स्कूल उपलब्ध नहीं हैं। यह स्थिति आरटीई एक्ट 2009 के निर्देशों के सीधे उल्लंघन में आती है।आरटीई के नियम के अनुसार लोअर प्राइमरी स्कूल अधिकतम 1 किमी दूरी पर होना चाहिए।अपर प्राइमरी स्कूल अधिकतम 3 किमी के दायरे में होना चाहिए। कोर्ट ने इस अभाव को बच्चों के भविष्य के साथ खिलवाड़ बताते हुए कहा कि जब तक स्थायी स्कूल भवन उपलब्ध न हो, तब तक प्राइवेट बिल्डिंग का उपयोग कर अस्थायी रूप से स्कूल चलाए जा सकते हैं।इस तरह कोर्ट ने शिक्षा के बुनियादी अधिकार की रक्षा करते हुए व्यावहारिक समाधान भी सुझाए।बजट व्यवस्था और संसाधनों की कमी पर कोर्ट का स्पष्ट रुख है। राज्य सरकारें अक्सर शिक्षा पर बजट की कमी का हवाला देती हैं, लेकिन सुप्रीम कोर्ट ने साफ शब्दों में कहा कि बजट का इंतजाम सरकार की जिम्मेदारी है, बच्चों की शिक्षा किसी भी स्थिति में बाधित नहीं होनी चाहिए।यह टिप्पणी महत्वपूर्ण है क्योंकिकई राज्यों में शिक्षा को लेकर बजट प्राथमिकता में नहीं होता। सरकारी योजनाएं कागजों पर रह जाती हैं।वित्तीय बाधाओं के कारण स्कूलों का निर्माण और संचालन प्रभावित होता है। सुप्रीम कोर्ट का यह निर्देश राज्य सरकारों को शिक्षा बजट में पारदर्शिता और प्राथमिकता देने का मार्ग दिखाता है।शिक्षक की कमी के मद्देनजर रिटायर्ड शिक्षकों की अस्थायी नियुक्ति का सुझाव भी दिया गया।कोर्ट को जानकारी दी गई कि स्कूलों में शिक्षक नियुक्ति की प्रक्रिया धीमी है और कई पद खाली पड़े हैं। इस पर सुप्रीम कोर्ट ने सुझाव दिया किरिटायर्ड शिक्षकों को अस्थायी रूप से नियुक्त किया जा सकता है,ताकि बच्चों की पढ़ाई प्रभावित न हो।

यह समाधान बेहद व्यावहारिक है क्योंकि रिटायर्ड शिक्षक अनुभवी होते हैं और प्रशासनिक देरी के बीच शिक्षा व्यवस्था को संभालने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकते हैं। केरल का शिक्षा मॉडल और मौजूदा चुनौतियाँभी मुहफाडे खड़ी है।केरल का शिक्षा मॉडल विश्व स्तर पर सराहा जाता रहा है।वहाँ की साक्षरता दर 95% से अधिक है। सार्वजनिक स्कूलों की गुणवत्ता देश में सर्वश्रेष्ठ मानी जाती है। सरकारी स्कूलों में एडमिशन बढ़ रहा है।इसके बावजूद कुछ क्षेत्रों में स्कूलों की कमी चौंकाती है। क्योकि नई बस्तियों में स्कूलों का अभावदिखाई दे रहा हैजनसंख्या का असमान वितरण भी बड़ा कारण है।पुराने स्कूलों का विलय या बंद होना भी दूसरा बड़ा कारण है। नई स्कूल नीति का अभाव भी शिक्षा स्तर को प्रभावित करता है।सुप्रीम कोर्ट ने इन समस्याओं को गंभीरता से लेते हुए तीन महीने में व्यापक नीति बनाने का निर्देश दिया है। शिक्षा की कमी का व्यापक असर बच्चो के भविष्य पर पड़ता है।जब प्राथमिक स्तर पर स्कूल उपलब्ध नहीं होते, तो इसका असर केवल पढ़ाई पर नहीं बल्कि सामाजिक और मानसिक विकास पर भी पड़ता है।इससे प्रभावित होने वाले मुद्दे पर ध्यान देना जरूरी है।स्कूल छोड़ने वाले बच्चों की संख्या बढ़ती है। लड़कियों की शिक्षा पर इससे गंभीर प्रभाव पड़ता है।क्योंकि बाल श्रम की आशंका बढ़ती है। और इतना ही नही ,समाज में असमानता गहरी होती है। ग्रामीण और गरीब परिवारों पर अतिरिक्त बोझ पड़ता है। इसलिए कोर्ट का यह निर्देश बच्चों के जीवन को बेहतर बनाने वाले दूरगामी परिणाम रखता है। नई शिक्षा नीति के संदर्भ में मामला राष्ट्रीय शिक्षा नीति में शिक्षा की पहुँच, गुणवत्ता और समान अवसरों पर जोर है।लेकिन यदि किसी राज्य में आधारभूत ढांचा ही उपलब्ध न हो तो नीति बेअसर हो जाती है। सुप्रीम कोर्ट का यह हस्तक्षेप राष्ट्रीय शिक्षा नीति के क्रियान्वयन को मजबूती देगा,सभी राज्यों के लिए मिसाल बनेगा,प्राथमिक शिक्षा को नीति-निर्माण का मुख्य केंद्र बनाएगा। न्यायपालिका की सक्रियता शिक्षा सुधार में अहम भूमिका। निभाएगी।भारतीय न्यायपालिका ने समय-समय पर शिक्षा से जुड़े महत्वपूर्ण निर्णय दिए हैं।यह मामला भी उसी परंपरा का विस्तार है जहाँ अदालत बच्चों के अधिकारों की सुरक्षा के लिए सामने आई है।न्यायपालिका का यह सख्त रुख महत्वपूर्ण है। इससे बच्चों की शिक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता है, सरकारें किसी बहाने से पीछे नहीं हट सकतीं,शिक्षा का अधिकार केवल किताबों का



विषय नहीं बल्कि व्यावहारिक सच्चाई है। आने वाले समय में संभावित सुधार औरसुप्रीम कोर्ट द्वारा केरल सरकार को तीन महीने में नीति बनाने का निर्देश दिए जाने के बाद अपेक्षित सुधार की कदमताल में सरकार बढ़ती नजर आएगी? क्योकि नई स्कूल नीति का निर्माणऔरजनसंख्या के आधार पर स्कूलों की संख्या तय होगी।दूरस्थ क्षेत्रों में नए स्कूल प्रस्तावित होंगे।

अस्थायी रूप से प्राइवेट बिल्डिंग का उपयोगस्कूलों के संचालन में तुरंत सुधार दिखाई देगा। शिक्षक भर्ती प्रक्रिया में तेजीआएगी।अनुबंध आधारित और रिटायर्ड शिक्षकों की नियुक्ति से कमी दूर होगी।आधारभूत सुविधाओं में सुधार भी देखा जा रहा है।कक्षाएँ, शौचालय, पेयजल, डिजिटल उपकरणों की व्यवस्था मजबूत होगी। शिक्षा की गुणवत्ता में सुधारबढ़ेगी।केरल का मॉडल और अधिक मजबूत और आधुनिक बन सकेगा। सुप्रीम कोर्ट का यह आदेश केवल केरल के लिए नहीं बल्कि पूरी भारतीय शिक्षा प्रणाली के लिए एक महत्वपूर्ण संकेत है। यह बताता है कि शिक्षा में किसी भी प्रकार की कमी या लापरवाही स्वीकार योग्य नहीं है। बच्चों का भविष्य देश का भविष्य है, और प्राथमिक शिक्षा वह नींव है जिस पर राष्ट्र निर्माण खड़ा होता है।केरल सरकार से अपेक्षा है कि वह सुप्रीम कोर्ट के निर्देशों का पालन करते हुए शिक्षा व्यवस्था को नयी मजबूती देगी और हर बच्चा अपने अधिकार, यानी गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, को प्राप्त कर सकेगा।

**कांतिलाल मांडोत**

## अधिकारों का हनन न हो तो श्रम सुधार कानून मील का पत्थर साबित होगा

सशक्त, खुशहाल और आत्मनिर्भर भारत के अपने सपने को साकार करने की दिशा में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने श्रम सुधारों की दिशा में एक क्रांतिकारी कदम उठाते हुए देश के संगठित और असंगठित क्षेत्र में काम करने वाले पचास करोड़ से अधिक श्रमिकों के स्वस्थ, सुरक्षित और बेहतर जीवन निर्माण की दिशा में वर्षो से चले आ रहे बेहद पेचीदे और जटिल 29 श्रम कानूनों को चार लेबर कोड में समाहित कर श्रम कानूनों को सरल बनाने का ऐतिहासिक निर्णय लिया है। प्रधानमंत्री मोदी जी के दूसरे कार्यकाल में ही श्रम संहिता संसद से पारित हो गई थी, लेकिन पाँच वर्ष बाद एकाएक संसद में पारित चारों लेबर कोड अर्थात श्रम संहिता की अधिसूचना जारी कर देश के पचास करोड़ श्रमिकों और उनके परिवारों के चेहरों पर सुखद भविष्य की मुस्कान बिखेर दी है। निस्संदेह, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपने पहले कार्यकाल में ही श्रमिकों को राष्ट्र निर्माता की संज्ञा देकर 'श्रमेव जयते' योजना की शुरुआत कर देश को यह संकेत दे दिया था कि भविष्य में श्रमिकों के हितार्थ सरकार कोई बड़ा निर्णय लेगी। आजादी के साढ़े सात दशक बीत जाने के बाद पहली बार केंद्र की नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली सरकार ने संगठित और असंगठित क्षेत्र में कार्यरत सभी श्रमिकों को वेतन सुरक्षा के साथ-साथ स्वास्थ्य और सामाजिक सुरक्षा देने हेतु पुराने जटिल श्रम संहिता को चार लेबर कोड मे सीमित कर नए प्रकार से श्रम कानून का निर्माण किया है। नए लेबर कोड से निश्चित ही श्रमिकों के न्यूनतम वेतन की गारंटी रहेगी, महिला और पुरुष के वेतन में समानता सुनिश्चित होगी तथा हर पाँच वर्ष में न्यूनतम वेतन की समीक्षा की जाएगी। चार नए लेबर कोड बनाकर केंद्र सरकार ने देश के श्रमिकों को अंग्रेजी शासन काल के पेचीदे काले श्रम कानूनों के मकड़जाल से आजादी दिलाई है। संगठित और असंगठित क्षेत्र के लाखों श्रमिक मोदी सरकार के इस फैसले से बेहद खुश हैं। श्रम संहिता की अधिसूचना जारी होते ही विपक्ष द्वारा पर्दे के पीछे से श्रमिकों के मन में नए लेबर कोड के प्रति कुशंकाएँ भरी जा सकती हैं और भविष्य मे सरकार विरोधी प्रदर्शनों के लिए श्रमिकों को उकसाया भी जा सकता है। बहरहाल, केंद्र की नरेंद्र मोदी सरकार को श्रमिकों के मन में उठने वाली शंकाओं और कुशंकाओं को जल्द ही निराकरण कर उन्हे दूर करते हुए उन्हें यह विश्वास दिलाना होगा कि नए लेबर कोड लागू होने के बाद उनके अधिकारों का हनन नहीं होगा और उन्हें



अपने शोषण के खिलाफ आवाज उठाने की पूरी आजादी रहेगी। उम्मीद हे केंद्र सरकार नए लेबर कोड के संबंध मे उठने वाले विरोध के स्वरों का निराकरण कर देती हे तो निश्चित चारों लेबर कोड आजाद भारत के इतिहास में श्रम सुधार के क्षेत्र मे निश्चित ही मील का पत्थर साबित होगा।

**अरविंद रावल**

## एक कवि, एक मधुशाला, और पूरी सदी पर छाया हुआ नशा

**[ जहाँ शब्दों में आग हो और अर्थो में मेघ—वही हरिवंश राय बच्चन ]**

**[ हरिवंश राय बच्चनः हिंदी को सिर्फ भाषा नहीं, एक नशा बना दिया ]**

27 नवंबर 1907। प्रतापगढ़ के बाबूपट्टी गाँव में, एक साधारण से कायस्थ परिवार में जन्मे नवजात की आहट किसी को नहीं बताती थी कि यह बच्चा आगे चलकर हिंदी साहित्य की तकदीर बदल देगा। परिवार ने नाम दिया—हरिवंश राय। पर समय ने उसके चारों ओर एक और पहचान बुन दी—बच्चन, और यही बच्चन आगे चलकर उन कविताओं का जनक बना, जिनमें पहली बार शब्द शराब की तरह चढ़े, जिनमें पहली बार धुएँ की लकीरें भी जीवन-दर्शन बनकर उभरीं, और जिसने निडर होकर कहा—जीवन एक मधुशाला है; जो जीना चाहता है, वह पहले पीना सीखे। परंपरागत पृष्ठभूमि से निकलकर भी बच्चन परंपरा के बंद दरवाज़ों में कैद नहीं हुए। उन्होंने शिक्षा को विद्या नहीं, दिशा बनाया। काशी हिंदू विश्वविद्यालय में पढ़ते हुए उन्होंने सिर्फ पाठ्यक्रम नहीं समझा—उन्होंने अपने भीतर सोई साहित्यिक चेतना को जगाया, उसे पंख दिए, उसे उड़ान दी। उनकी यात्रा किताबों के अध्यायों तक सीमित नहीं थी; वह एक ऐसी भाव-यात्रा थी जो संवेदनाओं के अंधेरों से गुज़रती हुई आत्मानुभूति के उजालों तक पहुँचती है, जहाँ शब्द सिर्फ लिखे नहीं जाते—जिये जाते हैं। मधुशाला के बिना हरिवंश राय बच्चन की छवि ऐसे लगती है, जैसे किसी मंदिर में दीपक न जले—अधूरी, अपूर्ण, और अपने उजाले की प्रतीक्षा करती हुई। 1935 में जब 'मधुशाला' छपी, तो पूरा हिंदी जगत स्तब्ध रह गया। एक तरफ़ छायावाद के कवि फूलों-पत्तियों में प्रेम ढूँढ रहे थे, दूसरी तरफ़ एक 28 साल का नौजवान शराब, प्याला, साकी और हाला को प्रतीक बनाकर जीवन का पूरा दर्शन सुना गया। उसने लिखा - 'मृत्यु न आती यदि जीवन में, जीवन होता न इतना सुहाना।' यह पंक्ति कोई दार्शनिक की नहीं थी, यह उस युवक की थी जिसने जीवन को गिलास की आख़िरी बूंद तक चखने का फ़ैसला कर लिया था। मधुशाला कोई शराब की प्रशंसा नहीं थी, वह जीवन के अनगढ़, अनावृत, निडर सौंदर्य का उत्सव थी - नग्न, बेलौस, बेख़ौफ़। बच्चन की कविता में जो बात सबसे ज़्यादा चुभती थी, वह उसकी निर्मम ईमानदारी थी। वह कभी ढोंग नहीं करते थे। प्रेम लिखा तो ऐसा कि लगे अभी कोई आशिक़ सिगरेट का कश लेकर आह भर रहा हो - 'रात आधी खींचकर मेरा आँचल... '। दर्द लिखा तो ऐसा कि जैसे कोई अपना सीना चीरकर दिखा रहा हो। और संघर्ष लिखा तो 'अग्निपथ' लिखा - वह कविता जो आज भी हर उस लड़के की रगों में दौड़ती है जो रात-रात भर पढ़कर सुबह असफल होता है, फिर भी उठता है। 'तू न थकेगा कभी, तू न रुकेगा कभी, तू न मुड़ेगा कभी...' - यह किसी मंच पर खड़े, तालियाँ बटोरते प्रेरक वक्ता की आवाज़ नहीं थी। यह एक पिता था, जो अपने बेटे की हथेली में जीवन का सबसे कठोर, सबसे कीमती शस्त्र रख रहा था। और उस बेटे का नाम था—अमिताभ बच्चन। उन्होंने जीवन को कभी दो रंगों में नहीं बाँटा। उनके लिए जीवन न उजला था, न काला—बल्कि वह तीखी, झकझोर देने वाली धूसर रोशनी था, जहाँ हर अनुभव अपने पूरे ताप के साथ जलता है। श्यामा की मृत्यु ने उनके भीतर ऐसी दरार डाली, जो किसी को भी जीवनभर के लिए बिखरा देती—लेकिन बच्चन टूटे नहीं; उन्होंने उस टूटन को ही अपनी कविता का नया आधार बना दिया। जब तेजी सूरी से प्रेम हुआ तो प्रेम की औपचारिकताओं में नहीं बँधे। वर्षों साथ रहे—बिना परिभाषाओं, बिना सामाजिक मुहर के, और विवाह के बाद भी वही अपरिवर्तित दीवानगी, वही अनकही निकटता उनके बीच जलती रही। उनके घर की हवा में कविता पढ़कर नहीं, जीकर बसती थी। रसोई में उबलती चाय के साथ तेजी अपनी धुनें घोलतीं, और बालकनी में बच्चन साहब सिगरेट के धुएँ में ऐसे छल्ले बनाते जिनमें धीरे-धीरे नई रुबाइयों के चेहरे उभर आते—मानो जीवन खुद उनके शब्दों का शिष्य हो। बच्चन ने हिंदी को वह आवाज़ दी जो आज तक कोई दूसरा कवि नहीं दे पाया - युवा मन की बेक़ाबू, अनगढ़, तेज़तर्रार आवाज़। जब साहित्य सभ्यता, संस्कार और मर्यादा की चमक-दमक में सिमट रहा था, तब बच्चन ने कहा – 'हाँ, मैं नशे में हूँ, प्रेम में हूँ, जीवन में हूँ—और यह मेरा अभिमान है, अपराध नहीं।' उनकी हर पंक्ति में एक विद्रोह था, एक बग़ावत थी, पर इतनी सौंदर्यपूर्ण, इतनी सम्मोहित करने वाली, कि विद्रोह का ताप नहीं, उसका आकर्षण महसूस होता था। वह शराब के प्रतीकों में जीवन का सार घोलते थे, जबकि स्वयं मदिरा से कोसों दूर थे। प्रेम पर ऐसी पंक्तियाँ रचते जो दिलों में भूचाल ला दें, पर स्वयं प्रेम में पागलपन की सीमा कभी न लाँघते। और जीवन? जीवन के बारे में उन्होंने सिर्फ लिखा नहीं—उसे ऐसे जिया जैसे हर दिन अंतिम हो, और हर अंतिम दिन एक नया आरंभ। आज उनकी 118वीं जयंती है, और यह आश्चर्य नहीं—मधुशाला अब भी खुली है, अब भी बह रही है, अब भी जीवित है। कहीं कोई लड़का अपनी प्रेमिका को व्हाट्सऐप पर 'जो बीत गई सो बात गई' भेजकर टूटे दिल को सांत्वना दे रहा



है। किसी जिम में कोई नौजवान 'अग्निपथ! अग्निपथ!' की गूँज के साथ डंबल उठा रहा है। किसी बार में एक बुजुर्ग अकेला गिलास घुमाते हुए धीमे से गुनगुना रहा है– 'मुसाफ़िर हूँ यारों, न घर है न ठिकाना... '। और किसी अस्पताल के आईसीयू में कोई आख़िरी साँस लेते हुए मुस्कुरा रहा है क्योंकि उसे याद आ रही है बच्चन की वह निर्भीक, अनश्वर पंक्ति - 'मरना तो है ही एक दिन, फिर क्यों न आज मर जाएँ हम मधुशाला में। 'हरिवंश राय बच्चन देह छोड़कर चले गए, पर उनकी कविता कहीं नहीं गई। वह अब भी हमारी नसों में दौड़ती है, हमारे साहस में उभरती है, हमारे प्रेम में पिघलती है, और हमारे संघर्ष में तलवार बनकर चमकती है। वह आज भी जीवित हैं—हर उस प्याले में जिसे कोई उठा कर जीवन को चुनौती देता है; हर उस रास्ते पर जिसे कोई अपनी आग से अग्निपथ बना लेता है; हर उस आँख में जो आँसू निगलकर भी मुस्कुराने का हौसला पाती है। क्योंकि बच्चन ने यह सिद्ध कर दिया था—असली कविता मरती नहीं; वह बस प्याले बदलती है, पर नशा वही रखती है। और मधुशाला? वह तो अभी भी खुली है, अब भी बुला रही है। चलो... एक प्याला हो ही जाए।

**प्रो. आरके जैन**

# संपादकीय

## हिंदी सिनेमा के ही-मैन का सिनेमाई सफर

हिंदी सिनेमा के इतिहास में कुछ नाम ऐसे हैं, जो केवल अभिनेता नहीं बल्कि युग का पर्याय बन जाते हैं। धर्मेंद्र ऐसा ही एक नाम हैं—एक ऐसा व्यक्तित्व जिसने अपनी सादगी, अपनी जड़ों से जुड़े चरित्र, और अपने विशिष्ट अभिनय से भारतीय सिनेमा को न केवल समृद्ध किया, बल्कि उसे जनमानस की संवेदनाओं के और करीब ला दिया। जब आज हम उनके छह दशकों से अधिक फैले फिल्मी सफर को देखते हैं, तो समझ आता है कि क्यों वे दर्शकों के लिए सिर्फ एक स्टार नहीं, बल्कि भारतीय समाज की आकांक्षाओं, संघर्षों और सपनों के प्रतिनिधि थे। पंजाब के लुधियाना जिले के सहनेवाल गाँव से आई यह प्रतिभा किसी फिल्मों के परिवार से नहीं थी, किसी परिचय की बैसाखियों पर भी नहीं खड़ी थी। एक साधारण किसान परिवार में 8 दिसंबर 1935 को जन्मे धर्म सिंह देओल, यानी हमारे धर्मेंद्र, अपनी स्कूल की पढ़ाई के दिनों से ही पर्दे के सपने देखा करते थे। पर उनके पास न साधन थे, न मार्गदर्शन—सिर्फ जुनून और अदम्य इच्छाशक्ति। यही जुनून उन्हें 1960 में बंबई के उस मायावी संसार तक ले आया जहाँ असंख्य चेहरे चमकने का सपना लेकर आते हैं, पर कुछ ही सितारों में बदल पाते हैं। धर्मेंद्र उन चुनिंदा चेहरों में शामिल हुए, लेकिन इसके लिए उन्हें भारी संघर्ष की आग से गुजरना पड़ा। उनकी पहली फिल्म दिल भी तेरा हम भी तेरे के लिए मिली 51 रुपये की मामूली राशि उनके सफर का आरंभ भर थी; असली परीक्षा तो तब शुरू हुई जब उन्हें लगातार छोटे-छोटे किरदारों में अपने अस्तित्व को साबित करना था। परंतु फिल्म इंडस्ट्री की कड़ी प्रतिस्पर्धा के बीच उनका धैर्य, प्रतिबद्धता और विनम्र आचरण उन्हें अलग पहचान दिलाते गए। अनपढ़, बंदिनी, आई मिलन की बेला और हकीकत जैसी फिल्मों में उनका शांत, सहज और भावपूर्ण अभिनय लोगों का ध्यान खींचने लगा। वे उन विरले अभिनेताओं में थे जिनका चेहरा पर्दे पर आते ही दर्शकों को एक भरोसे की अनुभूति देता था—एक ऐसा भरोसा कि यह कलाकार अपने किरदार के साथ न्याय करेगा। 1966 में आई फूल और पत्थर ने उस भरोसे को स्टारडम में बदल दिया। यह फिल्म न केवल उनके करियर का मोड़ बनी, बल्कि उस दौर के एक्शन-हेरो की परिभाषा को भी बदल गई। धर्मेंद्र ने यह सिद्ध कर दिया कि ताकतवर शरीर और खुरदरे बाहरी व्यक्तित्व के पीछे भी एक संवेदनशील, भावनाओं से भरा इंसान हो सकता है। वे रोमांस, ड्रामा, एक्शन—हर जॉनर में सहजता से ढल जाते थे। उनकी आँखों से झलकने वाली शरारत, मुस्कान में छिपी मासूमियत और संवाद अदायगी की सादगी ने उन्हें करोड़ों दर्शकों का चहेता बना दिया। 1970 का दशक उनका स्वर्णिम युग था। यह वही दौर है जब शोले में वीरू के रूप में उन्होंने एक ऐसा किरदार रचा, जो भारतीय सिनेमा के इतिहास में स्थायी अमरता पा चुका है। वीरू की प्रेमालाप की निश्छलता हो, गैब्बर के आतंक के सामने भी न हार मानने वाला साहस हो, या दोस्ती निभाने की अटूट प्रतिबद्धता—धर्मेंद्र ने इस किरदार को इस तरह जिया कि वह पीढ़ियों तक दर्शकों की स्मृतियों का हिस्सा बन गया।

चुपके चुपके में उनका हास्य अभिनय, मेरा गांव मेरा देश का एक्शन, यादों की बारात और सीता और गीता का पारिवारिक-भावुक आयाम—इन सबने उन्हें केवल एक ही-मैन नहीं, बल्कि बहुआयामी कलाकार के रूप में स्थापित किया। 1980 के दशक में भी उनका जलवा कम नहीं हुआ। 1987 में उनकी 11 फिल्मों का रिलीज़ होना और उनमें से 7 का सुपरहिट होना आज भी एक रिकॉर्ड है—एक ऐसा रिकॉर्ड जिसने उनके अपार जनसमर्थन को प्रमाणित किया। यह वह समय था जब नए सितारे उभर रहे थे, पर धर्मेंद्र की लोकप्रियता का सूरज अविचल चमक रहा था। दर्शकों के लिए वे उस नायक की छवि थे, जो मुश्किलों के सामने कभी हार नहीं मानता, जो अन्याय के खिलाफ खड़ा होने की हिम्मत रखता है और जिसे देखकर साधारण लोग अपनी आकांक्षाओं की पूर्ति का सपना देख सकते थे। लेकिन धर्मेंद्र केवल अभिनेता नहीं रहे; वे एक सफल निर्माता भी बने। अपने पुत्र सनी देओल को लेकर बनी फिल्म घायल उनकी प्रोडक्शन दृष्टि और सिनेमा के प्रति समर्पण का उत्कृष्ट उदाहरण है। इस फिल्म ने न केवल बॉक्स ऑफिस पर धूम मचाई, बल्कि राष्ट्रीय पुरस्कार और कई फिल्मफेयर पुरस्कारों से सम्मानित हुई। उनका परिवार—सनी, बॉबी और हेमा मालिनी—आज भी भारतीय सिनेमा में सक्रिय योगदान दे रहा है, और यह सब कहीं न कहीं धर्मेंद्र की उस मजबूत नींव का परिणाम है जिसे उन्होंने अपने परिश्रम से स्थापित किया। धर्मेंद्र का जीवन चाहे फिल्मों में रहा हो, पर उनका हृदय हमेशा अपनी जड़ों से जुड़ा रहा। वे जमीन से जुड़े, विनम्र और अत्यंत भावुक



व्यक्ति के रूप में पहचान रखते थे। उनके व्यक्तित्व में किसी नायक की बनावटी चमक नहीं थी; उसमें एक किसान का ईमान था, एक सपने देखने वाले युवक का उत्साह था, और एक कलाकार की संवेदनशीलता थी। यही कारण है कि दर्शकों ने उनसे केवल किरदारों के माध्यम से ही नहीं, बल्कि एक इंसान के रूप में भी प्रेम किया। 24 नवम्बर 2025 को उनका निधन भारतीय फिल्मजगत के लिए अपूरणीय क्षति बनकर आया। यह खबर केवल उद्योग ही नहीं, बल्कि देशभर के उन लोगों को भी व्यथित कर गई जिनके जीवन में धर्मेंद्र किसी न किसी रूप में प्रेरणा, मनोरंजन और भावनात्मक संबल के रूप में उपस्थित थे। परंतु कलाकारों की मृत्यु केवल शारीरिक होती है—उनकी रचनाएँ, उनके किरदार, उनकी आवाज़ और उनकी स्मृतियाँ समय से परे जीवित रहती हैं। धर्मेंद्र भी इसी अमरता के अधिकारी बने। आज जब हम उनके जीवन को देखते हैं, तो यह सिर्फ एक अभिनेता की सफलता की कहानी नहीं लगती; यह एक साधारण परिवार से आए युवक के सपनों की विजयगाथा है। यह उस भारत की कहानी है जिसमें मेहनत, ईमानदारी और लगन से सब संभव है। धर्मेंद्र न केवल फिल्मों में हीरो थे, बल्कि जीवन में भी लाखों लोगों के लिए प्रेरणा के प्रतीक थे। उनका सफर हिंदी सिनेमा के इतिहास को भले ही गौरव देता है, पर उससे कहीं अधिक उन अनगिनत सपनों को हिम्मत देता है जो छोटे-से गाँवों से उठकर बड़ी दुनिया को जीतना चाहते हैं। धर्मेंद्र आज भले हमारे बीच न हों, पर वे अपनी फिल्मों, अपने संवादों, अपने सरल व्यक्तित्व और अपनी अनूठी विरासत के रूप में हमेशा जीवित रहेंगे। वास्तव में, वे उन दुर्लभ कलाकारों में से हैं जिनका सितारा जीवन के बाद भी चमकता रहता है—और हिंदी सिनेमा के आकाश में यह चमक अनंतकाल तक बनी रहेगी।

**प्रो. आरके जैन**

## राम ध्वज के नीचे जन्म लेता नया भारत

**राम मूल्य और मोदी संकल्पः 'गुलामी-मुक्त भारत' रोडमैप मैकॉले की परछाई से राम राज्य की ओरः भारत का नया रोडमैप**

अयोध्या की सुबह, सरयू की लहरों के साथ जैसे राम की वापसी का गान गा रही थी। सूरज की पहली किरण मंदिर के शिखर पर पड़ रही थी, और वहां खड़े थे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी– साधारण वेश में, लेकिन आंखों में अटूट संकल्प लिए। हाथों में 22 फुट ऊंचा 'धर्म ध्वज', भगवा रंग (सूर्य, 'ओम' और कोविदार वृक्ष का प्रतीक) में लिपटा, जैसे राम के न्याय, त्याग और सत्य का प्रतीक है। जैसे ही ध्वज हवा में लहराया, लाखों दिल धड़क उठे। यह क्षण केवल एक उत्सव नहीं था; यह था गुलामी की जंजीरों को तोड़ने का बिगुल। मोदी जी की आवाज, शांत लेकिन गरजती हुई, बोलीः 'सदियों पुराने घाव अब भर रहे हैं।' और फिर वह ऐतिहासिक वादा—अगले दस वर्षों में भारत को 'गुलामी की मानसिकता' से पूरी तरह आजाद करना। यह रोडमैप कोई कागजी योजना नहीं, बल्कि एक जीवंत क्रांति है, जो हर भारतीय को राम की तरह संघर्षशील बनाएगी, अपनी जड़ों से जुड़ाएगी। अयोध्या, जहां राम मंदिर अब खड़ा है, वहां 45 करोड़ से ज्यादा लोग दर्शन कर चुके हैं—यह संख्या नहीं, बल्कि एक आंदोलन है, जो बताता है कि राम सिर्फ मंदिर में नहीं, हर दिल में बसते हैं। गुलामी की मानसिकता—यह क्या है? वह अदृश्य जहर जो 1835 में लॉर्ड मैकॉले ने बोया, शिक्षा के नाम पर हमें अपनी संस्कृति से दूर करना, हमें पश्चिमी सोच का गुलाम बनाना। आज भी वह जहर हमारे विचारों में बहता हैः अपनी भाषा को कमतर समझना, पश्चिमी संस्कृति को श्रेष्ठ मानना, राम को सिर्फ कहानी मानना। मोदी जी ने इसे सीधे चुनौती दी– 'हमारी आजादी अधूरी है, क्योंकि मन अभी गुलाम है।' दस वर्षों का यह रोडमैप इसी जहर को निकालने का है। पहला पड़ावः सांस्कृतिक जागरण। राष्ट्रीय शिक्षा नीति को मैकॉले की छाया से मुक्त करना, स्कूलों में रामायण को जीवंत बनाना। जहां बच्चे न सिर्फ पढ़ें, बल्कि राम के गुणों—धैर्य, दया, नेतृत्व—को जीएं। जैसे राम ने वनवास में भी संकल्प नहीं छोड़ा, वैसे ही हर बच्चा अपनी जड़ों से मजबूत बने। यह होगा राष्ट्र का नया निर्माण, जहां भारत





अपनी विरासत पर गर्व करे, न कि किसी विदेशी सोच पर। मोदी जी ने कहा, 'राम व्यक्ति नहीं, मूल्य हैं—जो हमें दिशा देते हैं।' और यह मूल्य अब भारत की अर्थव्यवस्था में भी दिखेंगेः आज हम दुनिया की पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था हैं, जल्द तीसरी बनेंगे। लेकिन असली जीत तब होगी जब हम आर्थिक स्वावलंबन को राम के स्वदेशी से जोड़ें। यह रोडमैप सरल है, लेकिन अप्रतिम—क्योंकि यह राम राज्य के सपने पर टिका है। राम राज्य में क्या था? न्याय की धारा हर घर तक, पर्यावरण का सम्मान जहां जटायु और गिलहरी भी योगदान दें, समाज जहां कोई भेदभाव न हो। मोदी जी ने अयोध्या को इसी का प्रतीक बताया– 'यहां का सामूहिक प्रयास विकसित भारत 2047 का रोडमैप है।' दस वर्षों में, हमें 'मेक इन इंडिया' को राम की उद्यमिता से सशक्त करना है। युवाओं को स्टार्टअप्स में राम सेतु जैसा पुल बनाना सिखाना—छोटे प्रयासों से बड़ा लक्ष्य। अयोध्या, अब हजारों तीर्थों का मॉडल बनेगी। पर्यटन से अर्थव्यवस्था बूम करेगी, लेकिन साथ में सांस्कृतिक दूतावास भी। युवाओं की भूमिका यहां सबसे दमदार है। आज की पीढ़ी, जो सोशल मीडिया पर खोई है, उसे राम की कहानी से जोड़ना। मोदी जी का आह्वान– 'युवा उठो, राम के धनुष को उठाओ।' दस वर्षों का दूसरा चरणः युवा सशक्तिकरण। सोशल मीडिया पर राम कथा वायरल करना, एनजीओ से ग्रामीण भारत में राम मेलों का आयोजन। जैसे राम ने लक्ष्मण और हनुमान के साथ टीम बनाई, वैसे ही युवा एकजुट हों। लेकिन यह सिर्फ शब्द नहीं—व्यावहारिक कदम, जैसे डिजिटल रामायण ऐप्स, जहां युवा राम के संघर्ष से प्रेरणा लें और अपनी जिंदगी में लागू करें। अनुपम बात यह है कि यह रोडमैप समावेशी है। राम राज्य में कोई भेदभाव नहीं—दलित, आदिवासी, अल्पसंख्यक, सबका साथ। मोदी जी ने कहा, 'राम के कण-कण में भारत, भारत के कण-कण में राम।' दस वर्षों का तीसरा चरणः सामाजिक सद्भाव। जाति की दीवारें राम नाम से तोड़ना, त्योहारों को साझा बनाना। कल्पना कीजिए, एक भारत जहां त्योहार राम की तरह साझा हों, जहां गिलहरी जैसा छोटा योगदान भी बड़ा बने। लेकिन चुनौतियां हैं—विपक्ष की आलोचना, सेकुलरिज्म के नाम पर सांस्कृतिक अस्मिता को दबाना। मोदी जी का जवाब साफ– 'संकल्प की सिद्धि में सबका प्रयास।' यह दस वर्ष 2047 तक विकसित भारत की नींव रखेंगे, जब आजादी के सौ साल पूरे होंगे। तब भारत न सिर्फ आर्थिक महाशक्ति बनेगा, बल्कि विश्व गुरु भी—राम के आदर्शों से। अयोध्या का यह ध्वजारोहण 500 साल पुराने संकल्प की पूर्ति है, लेकिन नई शुरुआत भी। सदियों पुराने घाव भर रहे हैं, क्योंकि राम मंदिर अब सिर्फ ईंट-पत्थर नहीं, बल्कि एकता का प्रतीक है। सरल शब्दों में कहें तो यह वादा हर भारतीय का है। मोदी जी की वाणी जैसे राम की वाणी—शांत, लेकिन अटूट। 'हमारी विरासत पर गर्व करो, गुलामी की मानसिकता से मुक्त हो जाओ।' युवाओं, सुनो—यह तुम्हारा समय है। राम के जैसे संघर्ष करो, लक्ष्य पर नजर रखो। दस वर्षों में, हम मैकॉले की किताबों को रामायण से बदल देंगे। पर्यावरण संरक्षण से लेकर सामाजिक न्याय तक, सब राम राज्य से प्रेरित। अयोध्या की सरयू आज गवाह है—राम लौट आए हैं, और उनके साथ एक नया भारत जाग रहा है। यह यात्रा शुरू हो चुकी, अब रुकना नहीं। राम के नाम पर, भारत के नाम पर—जय सिया राम!

**प्रो. आरके जैन**

स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक रवि कुमार अवस्थी द्वारा अनवर ऑफसेट एम्- 58, 59 बेसमेंट विकासदीप बिल्डिंग स्टेशन रोड लखनऊ से मुद्रित ई-4 सेक्टर-एम/29 अपोजिट उष्मान एन्क्लेव अलीगंज लखनऊ 226024 से प्रकाशित **संपादक-राजीव कुमार शुक्ल,** मो0- 7499472288
E-Mail: news@swatantraprabhat.com, RNI No: UPHIN/2019/79073 इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारो के चयन एवं संपादन हेतु पी आर बी एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। किसी भी कानूनी विवाद की स्थिति में निपटारा न्यायलय जनपद लखनऊ ही होगा।

## संक्षिप्त खबरें

### पैमाइश के बाद पीलर उखाड़ने का आरोप

**रतनपुर/महराजगंज।** नौतनवां थाना क्षेत्र के दुर्गापुर निवासी मनोज कुमार ने उपजिलाधिकारी नौतनवां नवीन प्रसाद को शिकायती पत्र देकर जमीन के बगलगीर पर पैमाइश होने के बाद पीलर उखाड़ने का आरोप लगाया है। मनोज कुमार ने उपजिलाधिकारी नौतनवां शिकायती पत्र देकर बताया कि दुर्गापुर में मेरी एक जमीन है जिसमें कुछ दिन पहले पैमाइश हुई है और पीलर भी लगा था। आरोप है कि बगल के एक व्यक्ति द्वारा पीलर उखाड़ दिया गया है और मना करने पर धमकी भी दी जा रही है।

### लड़वारी के पास खैर से लदें मिनी ट्रक को पकड़ा



**चालक मिनी ट्रक छोड़कर भागा**

**बार(ललितपुर)-** ललितपुर वन प्रभाग के उड़नदस्ता दल ने बीती रात खैर की लकड़ी से लदा एक मिनी ट्रक जब्त किया है। यह कार्रवाई रात्रि गश्त के दौरान लडवारी के पास की गई। जब्त किया गया ट्रक मध्यप्रदेश सीमा की ओर से आ रहा था। उप प्रभागीय वनाधिकारी महरौनी और ललितपुर के नेतृत्व में उड़नदस्ता टीम ने इस ट्रक को रोका। वनकर्मियों को देखते ही चालक ट्रक छोड़कर मौके से फरार हो गया। ट्रक को जब्त कर प्रभागीय कार्यालय लाया गया है। वन विभाग ने बताया कि खैर की लकड़ी का यह अवैध परिवहन किया जा रहा था। विभाग इस मामले में कठोर कार्रवाई करेगा और प्रभागीय वनाधिकारी न्यायालय द्वारा अधिहरण (जब्ती) की प्रक्रिया शुरू की जाएगी। विभाग ने आम जनता से अपील की है कि वे अपने वाहनों को वन अपराधों में संलिप्त न होने दें। ऐसा पाए जाने पर वाहन को राज्य सरकार की संपत्ति घोषित कर अधिहरण की कार्रवाई की जाएगी। वन प्रभाग द्वारा ऐसे अपराधों के प्रति 'जीरो टॉलरेंस' नीति अपनाई जा रही है। उपप्रभागीय निदेशक सतेंद्र सिंह ने जानकारी दी कि अवैध कटान में शामिल अन्य लोगों की तलाश जारी है। पकड़े जाने पर उनके विरुद्ध भी नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

### पुत्री को जबरन खींचकर ले जाने का आरोप

**ललितपुर।** कोतवाली क्षेत्रांतर्गत एक गांव में रहने वाले व्यक्ति ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि 22 नवम्बर की रात करीब 11.30 बजे वह खेत पर था। इसी दौरान उसकी पुत्री बाथरूम करने गयी हुयी थी। आरोप है कि गांव के प्रहलाद व मुलायम आये और उसकी पुत्री को जबरन खींचकर अपने साथ ले गये। पीड़ित ने अनहोनी घटना की ओर अंदेशा व्यक्त करते हुये पुलिस से कार्यवाही की गुहार लगायी। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर उक्त लोगों के खिलाफ बीएनएस की धारा 74 के तहत एफआईआर दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी।

### जमीनी विवाद को लेकर मारपीट का आरोप

**ललितपुर।** थाना पूराकलां क्षेत्रांतर्गत ग्राम गेवरा में रहने वाले हरदास अहिरवार पुत्र मनराखन ने पुलिस को तहरीर दी है। बताया कि बीती 24 नवम्बर को अपने खेत पर कृषि कार्य कर रहा था। तभी शाम करीब 4 बजे उसके मोहल्ले के नाथूराम व सीताराम पुत्रगण गुन्दा, राजेश पुत्र सीताराम व संदीप अहिरवार ने खेत पर आकर बटवारे को लेकर गालियां दीं। मना करने पर मारपीट करते हुये जान से मारने की धमकी दी। शोरगुल होने पर बचाने आये भाई दुल्ला के साथ भी मारपीट करते हुये जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर मामला दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी।

### ऑपरेशन प्रहार : 160 पाउच अवैध शराब के साथ तीन युवक गिरफ्तार

**देवरिया।** जनपद की श्रीरामपुर पुलिस ने चकिया-कोठी मार्ग पर वाहन चेकिंग के दौरान एक बड़ी कार्रवाई की है। पुलिस ने दो मोटरसाइकिल सवार तीन युवकों को 160 पाउच (32 लीटर) अवैध देशी शराब के साथ गिरफ्तार कर लिया। दोनों वाहन भी जब्त कर लिए गए। थानाध्यक्ष ने बताया कि आरोपियों पर आबकारी अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई की जा रही है।

## लगातार अनुपस्थित शिक्षिका पर होगी कर्रवाई, एडीओ पंचायत की औचक जांच में खुली पोल - ग्राम प्रधान ने बीएसए से की कड़ी कार्रवाई की मांग

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**

**ख़जनी :गोरखपुर।** खजनी ब्लॉक के बेलूडीहां गांव स्थित पूर्व माध्यमिक विद्यालय में तैनात सहायक अध्यापिका प्रिया सिंह की लगातार अनुपस्थिति आखिरकार पकड़ी गई। बुद्धवार को स्कूल में औचक निरीक्षण करने पहुंचे खजनी ब्लॉक के सहायक विकास अधिकारी पंचायत राजीव दूबे को जैसे ही शिक्षक अनुपस्थिति की शिकायत मिली, उन्होंने तत्काल उपस्थिति रजिस्टर मंगवाकर शिक्षिका को अनुपस्थित दर्ज कर दिया। साथ ही ऑनलाइन उपस्थिति भी अपडेट की गई। जांच के दौरान विद्यालय के छात्रों ने ADO पंचायत को बताया कि 'टीचर जी पंद्रह दिनों में या पूरे महीने में सिर्फ एक-दो बार आती हैं और रजिस्टर पर हस्ताक्षर कर चली जाती हैं।' प्रधानाध्यापिका अन्नपूर्णा शर्मा से जब पुष्टि की गई तो यह चौंकाने वाला तथ्य सामने आया कि संबंधित शिक्षिका लखनऊ में रहकर महीनों स्कूल नहीं आतीं, सिर्फ महीने में एक बार उपस्थिति बनाकर लौट जाती हैं।

**ग्राम प्रधान ने बीएसए को भेजा पत्र, कार्रवाई की मांग**

एडीओ पंचायत की जांच में मामला साफ



होने के बाद ग्राम प्रधान प्रियंका सिंह ने बीएसए/एडी बेसिक गोरखपुर संगीता सिंह को पत्र भेजकर अनुपस्थित रहने वाली शिक्षिका के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की है। ग्राम प्रधान ने स्पष्ट लिखा है कि शिक्षिका की लापरवाही से विद्यालय में शिक्षण कार्य बुरी तरह प्रभावित हो रहा है और बच्चों की संख्या में लगातार गिरावट आ रही है।

**एसआईआर अभियान की समीक्षा के दौरान खुला मामला**

बता दें कि विधानसभा क्षेत्र खजनी में जिला निर्वाचन अधिकारी/डीएम दीपक मीणा के निर्देश पर मतदाता सूची संशोधन (SIR) अभियान पूरे जोर-शोर से चल रहा है। बेलूडीहां गांव में कुल 840 वोटर हैं, जिसमें से सिर्फ 147 मतदाताओं का ही एसआईआर अपडेट हो पाया है। सूचना पर मौके पर पहुंचे एसडीएम खजनी राजेश प्रताप सिंह ने ग्राम प्रधान प्रियंका सिंह तथा बीएलओ उमेश कुमार को कड़े निर्देश देते हुए कहा कि दो दिनों के भीतर शेष 693 मतदाताओं का एसआईआर कार्य हर हाल में पूरा कराया जाए।

**अधिकारियों की मौजूदगी में हुई कार्रवाई**

जांच के समय तहसीलदार ध्रुवेश कुमार सिंह, लेखपाल सतीश, राजस्व निरीक्षक महेंद्र सिंह, ग्राम पंचायत अधिकारी रामपाल, पंचायत सहायक कंचन, क्षेत्र पंचायत सदस्य अखिलेश पांडेय सहित अन्य ग्रामीण मौजूद रहे।

**सख्त विभागीय कार्रवाई होगी — बीएसए**

इस मामले पर जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी एवं एडी बेसिक संगीता सिंह ने कहा कि जांच में दोष मिलने पर संबंधित महिला शिक्षिका के खिलाफ विभागीय कार्रवाई निश्चित रूप से की जाएगी। लगातार अनुपस्थित शिक्षिका के खिलाफ मिले पुख्ता सबूतों के बाद अब कार्रवाई तय मानी जा रही है। ग्रामीणों ने उम्मीद जताई है कि जल्द ही विद्यालय में नियमित शिक्षण व्यवस्था बहाल होगी।

## आईटीआई में निःशुल्क रोजगार मेले का आयोजन, 39 अभ्यर्थी चयनित

**देवरिया।** भारत सरकार एवं उत्तर प्रदेश शासन की मंशा के अनुरूप बेरोजगार युवाओं को रोजगार उपलब्ध कराने के उद्देश्य से राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान (आईटीआई) देवरिया के निर्देशन एवं समन्वय में एक दिवसीय निःशुल्क रोजगार मेला राजकीय आईटीआई, बैतालपुर देवरिया परिसर में आयोजित किया गया। मेले का शुभारंभ प्रातः 10 बजे किया गया। रोजगार मेले में कुल 80 प्रशिक्षार्थियों ने लिखित परीक्षा एवं साक्षात्कार में प्रतिभाग किया, जिनमें से 39 अभ्यर्थियों का चयन विभिन्न कंपनियों द्वारा किया गया। मेले का सफल संचालन प्लेसमेंट प्रभारी बालकृष्ण गोंड, संस्थान प्रभारी प्रवीण कुमार तथा अशोक कुमार आनंद द्वारा किया गया। सफल अभ्यर्थियों को कुणाल किशोर ने शुभकामनाएँ देते हुए उज्ज्वल भविष्य की बधाई दी। साथ ही असफल अभ्यर्थियों को पुनः कठोर परिश्रम कर सफलता प्राप्त करने का संदेश दिया।

## रूद्रपुर नगर में जल्द ही मिलेगा जाम से निजात-सीओ

### ●-ट्रकों के आवागमन पर लगेगी रोक

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**



**रूद्रपुर, देवरिया।** जाम के झाम से आजिज आ चुके रुद्रपुर नगर वासियों को जल्द ही निजात मिलने की संभावना है। प्लान के तहत उपनगर में ट्रकों का आगमन पूरी तरह से प्रतिबंधित होगा और चौराहों से अतिक्रमण भी हटेगा। उक्त बातें पुलिस क्षेत्राधिकारी हरिराम यादव ने एक भेंट वार्ता में कही। स्वतंत्र प्रभात संवाददाता ने रुद्रपुर की जाम से निजात पाने के लिए क्षेत्राधिकारी से बात की। पुलिस क्षेत्राधिकारी ने कहा कि रुद्रपुर के कुछ विशेष चौराहों जैसे बस स्टेशन, खजुहा और सेमरौना पर जाम की स्थिति से सभी लोग वाकिफ हैं। जाम को समाप्त करने के लिए तैयारी की जा रही है। उन्होंने कहा कि उप जिलाधिकारी हरिशंकर लाल से भी इस संबंध में बात हो चुकी है और अधिशासी अधिकारी नितेश गौरव को भी संज्ञान में लाया गया है। प्लान के तहत नाथ बाबा मंदिर के पास व देवरिया बाईपास के पास एक बैरियर लगाया जाएगा। जिससे नगर में ट्रकों का आवागमन पूरी तरह प्रतिबंधित होगा। रात 10 बजे के बाद ही बड़े ट्रकों को नगर में प्रवेश की अनुमति दी जाएगी। इसके अतिरिक्त ई रिक्शा वालों को सख्त हिदायत दी जाएगी कि वे निर्धारित मार्ग पर ही चलें। प्राइवेट बसों को बस स्टेशन से बाहर करने की जरूरत है। ऐसा देखा जाता है कि प्राइवेट बस चालक बस स्टेशन के गेट पर या सड़क पर खड़े होकर सवारियां भरते हैं जिससे जाम की स्थिति उत्पन्न होती है। उन्होंने कहा कि असवनपार की तरफ से आने वाले ट्रकों व ट्रेलरों को एकौना थाना क्षेत्र के बजरंग चौराहे के पास बैरियर लगाकर रोकने की कवायद भी चल रही है। उन्होंने कहा कि बहुत जल्द ही रुद्रपुर सर्कल के थानों को नए रंगरूट मिलने वाले हैं। उनके आने के बाद फोर्स की कमी नहीं रहेगी और जरूरत के हिसाब से उनकी ड्यूटी लगाकर जाम की समस्या से पूरी तरह निजात दिलाने का प्रयास किया जाएगा।

## राख से भरा ट्रक पलटा, लगी आग




**ड्राइवर ने ट्रक से कूदकर बचाई जान**

**ललितपुर।** जखौरा थाना क्षेत्र में बुधवार सुबह एक राख से भरा ट्रक अनियंत्रित होकर पलट गया। मनपुरा गुलेंदा गांव के पास तालबेहट मार्ग पर हुई इस घटना के बाद ट्रक में आग लग गई। हालांकि, चालक ने कूदकर अपनी जान बचा ली और मौके से फरार हो गया। इस हादसे में कोई अन्य घायल नहीं हुआ। जानकारी के अनुसार, यह ट्रक जखौरा से तालबेहट की ओर जा रहा था। मनपुरा गुलेंदा के मध्य पहुंचते ही अचानक ट्रक अनियंत्रित हो गया और सड़क पर पलट गया। पलटते ही ट्रक में आग लग गई, जिससे आसपास हड़कंप मच गया। स्थानीय ग्रामीणों ने तुरंत मौके पर पहुंचकर आग बुझाने का प्रयास किया और पुलिस को सूचना दी। ग्रामीणों ने पानी डालकर आग पर काबू पाया। सूचना मिलते ही पुलिस भी घटनास्थल पर पहुंच गई। जखौरा थानाध्यक्ष ने बताया कि बुधवार सुबह ट्रक पलटने से उसमें आग लग गई थी, जिसे बुझा दिया गया है। उन्होंने पुष्टि की कि इस दुर्घटना में कोई व्यक्ति घायल नहीं हुआ है।

## ग़ोला क्षेत्र मठ चचाईराम में सर्वराकार की नियुक्ति पर उठे सवाल, 14 साल का रिकॉर्ड भी संदेह के घेरे में

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**

**गोलाबाजार, गोरखपुर ।** गोला तहसील क्षेत्र के नवसृजित नगर पंचायत उरुवा बाज़ार के राजस्व ग्राम चचाईराम स्थित प्रसिद्ध मठ चचाईराम में सर्वराकार की नियुक्ति पर गंभीर सवाल उठने लगे हैं। मठ महंत पंचानन पुरी के देहावसान के बाद हुए इस चयन को लेकर स्थानीय ग्रामीणों व श्रद्धालुओं में व्यापक असंतोष है। उनका कहना है कि इस महत्वपूर्ण धार्मिक पद पर नियुक्ति पारदर्शिता और परंपरागत प्रक्रिया के अनुरूप नहीं की गई। ग्रामीणों का आरोप है कि सर्वराकार के रूप में नियुक्त किए गए व्यक्ति की पहचान, उनकी पृष्ठभूमि, शिक्षा-दीक्षा और मूल निवास को लेकर अब तक कोई स्पष्ट जानकारी सार्वजनिक नहीं की गई है। लोगों का कहना है कि मठ जैसी प्रतिष्ठित एवं प्राचीन धार्मिक संस्था में सेवा और प्रबंधन संभालने वाले व्यक्ति का पूरा विवरण ज्ञात होना आवश्यक है, ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि वह धार्मिक परंपराओं और अनुशासन के अनुरूप है।

सबसे बड़ा सवाल यह उठ रहा है कि नियुक्त व्यक्ति पिछले 14 वर्षों में कहाँ रहे और क्या कार्य करते रहे—इससे संबंधित कोई भी आधिकारिक रिकॉर्ड उपलब्ध नहीं



है। ग्रामीणों का कहना है कि जिस व्यक्ति को मठ की सेवा और प्रबंधन की जिम्मेदारी सौंपी गई है, उसकी साधना, सेवा यात्रा और जीवनचर्या का स्पष्ट विवरण मिलना चाहिए।

**नियुक्ति प्रक्रिया भी विवादों में**

स्थानीय लोगों ने यह भी आरोप लगाया है कि सर्वराकार की नियुक्ति प्रक्रिया को लेकर न तो कोई सार्वजनिक घोषणा की गई, न ही मठ से जुड़ी पारंपरिक व्यवस्थाओं या स्थानीय श्रद्धालुओं से कोई सलाह-मशविरा हुआ। लोगों का कहना है कि मठ चचाईराम क्षेत्र के हजारों लोगों की आस्था का केंद्र है, ऐसे में किसी भी महत्वपूर्ण नियुक्ति में पारदर्शिता आवश्यक है। ग्रामीणों ने मांग की है कि मठ प्रबंधन और संबंधित प्रशासनिक अधिकारियों को इस नियुक्ति से जुड़े सभी तथ्यों को सार्वजनिक करना चाहिए, ताकि आस्था और परंपरा पर उठ रहे संदेह दूर हो सकें।

## संविधान कागजी प्रपत्र नही देश की आत्मा है - मनीष जायसवाल

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**

**कुशीनगर ।** संविधान दिवस के अवसर पर नगरपालिका परिषद, पडरौना के सभागार में एक गरिमामय शपथ ग्रहण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में परिषद के समस्त अधिकारी, कर्मचारी, जनप्रतिनिधि एवं गणमान्य नागरिक बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। कार्यक्रम में नपाध्यक्ष विनय जायसवाल के निर्देशन में उनके प्रतिनिधि मनीष 'बुलबुल' जायसवाल मुख्य रूप से मौजूद रहे। अपने संबोधन में उन्होंने कहा कि संविधान केवल एक कागजी प्रपत्र नहीं, बल्कि देश की आत्मा है, जो नागरिकों के अधिकार, कर्तव्य और लोकतांत्रिक व्यवस्था की नींव को मजबूती प्रदान करता है। उन्होंने सभी उपस्थित लोगों से अपील की कि वे संविधान के मूल्यों - समानता, न्याय, स्वतंत्रता और बंधुत्व को अपने दैनिक कार्यों में अपनाएं। इसके बाद सभागार में उपस्थित सभी लोगों ने सामूहिक रूप से भारत के संविधान के प्रति निष्ठा, सम्मान और उसके पालन की शपथ ली।



शपथ समारोह के दौरान संविधान निर्माताओं को भावपूर्ण श्रद्धांजलि दी गई और उनके योगदान को याद किया गया।

मीडिया से बातचीत के क्रम में जायसवाल ने कहा कि संविधान दिवस केवल उत्सव नहीं, बल्कि आत्म-विश्लेषण का अवसर है, जहां हम सभी को यह संकल्प लेना चाहिए कि राष्ट्र निर्माण में अपनी सर्वोत्तम भूमिका निभाएं। सभा में उपस्थित नपाकर्मियों ने भी अपने कार्यो को अधिक पारदर्शी, जवाबदेह और जनहितैषी बनाने का संकल्प दोहराया।कार्यक्रम के समापन में अध्यक्ष प्रतिनिधि मनीष 'बुलबुल' जायसवाल ने सभी अतिथियों एवं कर्मचारियों का आभार व्यक्त किया तथा कहा कि ऐसे आयोजनों से लोकतांत्रिक भावना और प्रशासनिक अनुशासन को नई ऊर्जा मिलती है। इस दौरान। ईओ संतराम सरोज, जे ई राम बहादुर, ललित मोहन, राजकुमार यादव, आनंद रावत, प्रदीप चौधरी, अक्षय वर्मा, सत्येंद्र यादव, निकिता जायसवाल, सीमा देवी, सपना यादव, अनुप्रिया पाण्डेय, पूजा कुशवाहा, अभिषेक पटेल, वैष्णवी गोंड, अनामिका विश्वकर्मा सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

## सब्जियों की बढ़ती कीमतों ने बिगाड़ा रसोई का बजट

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**



**खजनी, गोरखपुर।** खजनी तहसील क्षेत्र में सब्जियों के दामों में अचानक आई तेजी ने आम उपभोक्ताओं की रसोई का पूरा बजट बिगाड़ दिया है। टमाटर के दाम जहाँ 80 से बढ़कर 100 रुपये प्रति किलोग्राम तक पहुंच गए हैं, वहीं आलू, गोभी, गाजर, बैंगन, पालक और शिमला मिर्च जैसी रोजमर्रा की सब्जियां भी आसमान छू रही हैं। बढ़ते दामों के कारण लोगों को कम मात्रा में सब्जियां खरीदने और अन्य आवश्यक वस्तुओं के बजट में कटौती करने पर मजबूर होना पड़ रहा है। स्थानीय बाजारों में सब्जियों की कीमतों में बढ़ोतरी का मुख्य कारण शादी-विवाह के मौसम में बढ़ी हुई मांग और कई क्षेत्रों में आवक में कमी माना जा रहा है। ठंड के मौसम में सब्जियों की खपत बढ़ जाती है, वहीं आपूर्ति में कमी और मौसम में बदलाव के कारण फसलों पर असर पड़ने से बाजार में उपलब्धता घट जाती है। इसका सीधा असर उपभोक्ताओं की जेब पर पड़ा है। पहले जो परिवार 100 या 200 रुपये में कई तरह की सब्जियां ले आते थे, अब उतनी राशि में आधा झोला भरना भी मुश्किल हो रहा है। गैस सिलेंडर, दाल, खाद्य तेल और आटे जैसी जरूरी वस्तुओं की पहले से ही बढ़ी कीमतों के बीच सब्जियों की महंगाई ने आम घरों का बजट और तंग कर दिया है। वसडीला निवासी अखिलेश्वर शर्मा बताते हैं कि सब्जी मंडी पहुंचते ही सोचना पड़ता है कि आखिर क्या खरीदें। 'हर हरी सब्जी की कीमत इतनी बढ़ गई है कि रोजमर्रा की थाली से सब्जियां दूर होती जा रही हैं,' उन्होंने कहा। खजनी क्षेत्र के अन्य उपभोक्ताओं का कहना है कि जब तक आवक बढ़ेगी नहीं, तब तक राहत मिलने की उम्मीद कम है। लगातार बढ़ते दामों ने आम लोगों की रसोई का जायका ही नहीं, बल्कि उनकी जेब पर भी सीधा भार डाल दिया है।

## साइबर अपराध पर त्वरित कार्रवाई : 30 लाख 40 हजार रुपये वापस दिलाए




**देवरिया।** साइबर थाना देवरिया ने एक बड़ी उपलब्धि हासिल करते हुए पीड़ित ज्ञानचंद यादव के खाते में ऑनलाइन फ्रैंचाइजी ठगी के माध्यम से निकाले गए 30 लाख रुपये वापस जमा कराए। पुलिस के अनुसार किसी अनजान लिंक, वेबसाइट या कॉल पर रकम भेजने से पहले पूरी तरह जांच कर लेना चाहिए।

ऑनलाइन कैमरा बुकिंग फ्रॉड मामले में साइबर पुलिस ने पीड़ित को 40 हजार रुपये की वापसी कराई। पुलिस ने मामले में तत्परता दिखाते हुए सुमन्त कुशवाहा के 40 हजार रुपये वापस कराए। राशि कैमरा खरीदने के नाम पर ऑनलाइन ठगी द्वारा लिए गए थे। टीम ने लोगों को सलाह दी है कि ओटीपी, पासवर्ड या बैंक संबंधी जानकारी किसी के साथ साझा न करें।

## संविधान दिवस पर कलेक्ट्रेट सभागार में उद्देशिका की शपथ, अधिकारियों ने ली संवैधानिक मूल्यों को आत्मसात करने की प्रतिज्ञा

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**

**गोरखपुर।** संविधान दिवस 2025 के अवसर पर बुधवार को कलेक्ट्रेट स्थित पर्यटन भवन सभागार में संविधान की उद्देशिका का सामूहिक शपथ ग्रहण कार्यक्रम गरिमामय वातावरण में आयोजित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता एडीएम प्रशासन ने की। इस दौरान उन्होंने उपस्थित सभी अधिकारियों और कर्मचारियों को संविधान की प्रति के साथ उद्देशिका की शपथ दिलाई। उन्होंने कहा कि भारत का संविधान हमारे लोकतंत्र की आत्मा है और इसकी मूल भावना के अनुरूप कार्य करना प्रत्येक कर्मचारी का सर्वोच्च दायित्व है। उन्होंने सभी से अपील की कि वे संविधान में निहित मूल्यों को अपने दैनिक कार्यों में प्रतिबिंबित करें और नागरिकों को न्याय, समानता एवं स्वतंत्रता दिलाने के लिए समर्पित रहकर कार्य करें। कार्यक्रम में एडीएम प्रशासन सहदेव मिश्र, एडीएम सिटी अंजनी कुमार सिंह, मुख्य राजस्व अधिकारी हिमांशु वर्मा, सिटी मजिस्ट्रेट उत्कर्ष श्रीवास्तव, एसीएम द्वितीय राजू कुमार, मुख्य प्रशासनिक अधिकारी गिरीश कुमार सिंह सहित कलेक्ट्रेट के समस्त अधिकारी और कर्मचारी उपस्थित रहे। सभी ने संविधान दिवस के महत्व को रेखांकित करते हुए कहा कि यह दिन हमें देश की अखंडता, एकता और लोकतांत्रिक व्यवस्था को और मजबूत बनाए रखने का संदेश देता है।

सभा के दौरान अधिकारियों ने संविधान में वर्णित समानता, स्वतंत्रता, न्याय और बंधुता जैसे मूलभूत सिद्धांतों को अपने कार्यों और जिम्मेदारियों में लागू करने का संकल्प लिया। वक्ताओं ने कहा कि संविधान केवल एक दस्तावेज नहीं, बल्कि देश के हर नागरिक के अधिकारों और कर्तव्यों का मार्गदर्शक है। इसकी रक्षा करना और इसके आदर्शों को व्यवहार में लाना हर कर्मचारी और नागरिक की नैतिक जिम्मेदारी है। कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित इस कार्यक्रम में संविधान की प्रस्तावना का सामूहिक वाचन किया गया, जिससे माहौल संवैधानिक मूल्यों और राष्ट्रीय एकता की भावना से भर गया। कार्यक्रम ने अधिकारियों और कर्मचारियों में कर्तव्यनिष्ठा, अनुशासन और नागरिक अधिकारों के प्रति जागरूकता को और प्रगाढ़ करने का संदेश दिया। संविधान दिवस का यह आयोजन न केवल संवैधानिक आदर्शों के प्रति निष्ठा की पुनर्पुष्टि का माध्यम बना, बल्कि प्रशासनिक तंत्र को अपनी जिम्मेदारियों के प्रति और अधिक सजग एवं प्रेरित भी करता रहा।

## पुनःनिरीक्षण कार्यक्रम के तहत मतदाताओं को कराया जागरूक

**बरहज, देवरिया।** जिलाधिकारी के निर्देशानुसार विशेष गहन SIR (Special Intensive Revision) पुनःनिरीक्षण कार्यक्रम के तहत नगर पालिका परिषद बरहज के वार्डो में अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान मतदाताओं को SIR फॉर्म भरकर अपने BLO (बूथ लेवल ऑफिसर) को उनके मतदान बूथ पर सौंपने के लिए जागरूक एवं प्रेरित किया गया। कार्यक्रम का मकसद मतदाता सूची को सटीक और अद्यतन बनाना तथा चुनावी प्रक्रिया में नागरिक सहभागिता सुनिश्चित करना बताया गया। इस अवसर पर सभासद आशीष कुमार सिंह, मनोज गुप्ता, पवन विश्वकर्मा तथा अन्य कर्मचारीगण उपस्थित रहे और उन्होंने जनता से सक्रिय सहयोग की अपील की। अधिकारियों ने नागरिकों से अनुरोध किया कि जो लोग SIR फॉर्म अभी तक नही दे पाए हैं, वे शीघ्र अपने नजदीकी बूथ पर जाकर फॉर्म BLO को सौंप दें ताकि मतदाता सूची में आवश्यक संशोधन समय रहते किए जा सकें।

## सफाई के आभाव में बदहाली का दंश झेल रहा सामुदायिक शौचालय

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**

**रतनपुर/महराजगंज।** नौतनवां ब्लाक क्षेत्र के ग्राम पंचायत पड़ौली में लाखों के लागत से बना सामुदायिक शौचालय में सफाई के लाले पड़े हैं। सरकार द्वारा सफाई के लिए समूह की महिलाओं को 9 हजार रुपए मानदेय भी दिया जा रहा है जिसके बाद भी सफाई व्यवस्था अधर में है। स्थिति यह है कि देख-रेख के आभाव में सामुदायिक शौचालय बदहाली के दौर से गुजर रहा है। ब्लाक के सम्बंधित अधिकारियों के उदासीनता के कारण सामूदायिक शौचालय की कभी सफाई नहीं होती। जानकारी के मुताबिक नौतनवा ब्लाक क्षेत्र के ग्राम पंचायत पड़ौली में स्वच्छ भारत अभियान के तहत गांव में लाखों की लागत से सामुदायिक शौचालय का निर्माण करवाया गया। वहीं सामुदायिक शौचालय के रख-रखाव का जिम्मा गांव की महिला समूह को दिया गया। महिला समूह को सफाई उपकरण समेत कुल 9 हजार रूपए मानदेय भी दिए जाने लगा। बावजूद इसके सामुदायिक शौचालय स्वच्छता के आभाव में बदहाली का दंश



झेल रहा है। आलम यह है कि साफ-सफाई का आभाव होने के कारण सामूदायिक शौचालय ग्रामीणों के प्रयोग से कोसों दूर है। उक्त सामुदायिक शौचालय की बदहाली इसी प्रकार है कि सामुदायिक शौचालय देख-रेख के आभाव में बदहाली का दंश झेल रहा है। नियमित साफ-सफाई नहीं होने से सामुदायिक शौचालय ग्रामीणों के प्रयोग में नहीं है जिससे सरकार की यह महत्वकांक्षी योजना जिम्मेदारों के उदासीनता के कारण बेकार व बेमतलब साबित हो रहा है। इस संबंध में खण्ड विकास अधिकारी अमित कुमार मिश्र ने कहा कि सामुदायिक शौचालय का नियमित साफ-सफाई व देखरेख का निर्देश सम्बंधित को दिया गया है, ऐसे में अगर शौचालय में गंदगी पाया गया तो सम्बंधित के खिलाफ विभागीय कार्यवाही की जाएगी।

## सीडीओ की अध्यक्षता में जिला उद्योग बन्धु की बैठक सम्पन्न

### ●बैंकों में लम्बित पत्रावलियों पर कार्यवाही करते हुये प्रकरण का निस्तारण करायें-सीडीओ

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**

**प्रतापगढ़।** मुख्य विकास अधिकारी डा0 दिव्या मिश्रा की अध्यक्षता में विकास भवन के सभागार में जिला उद्योग बन्धु की बैठक सम्पन्न हुई। मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान योजना के सम्बन्ध में उपायुक्त उद्योग अजय कुमार त्रिपाठी ने बताया कि वित्तीय वर्ष 2025-26 में 1750 का लक्ष्य निर्धारित किया गया है, योजना के तहत 4549 आवेदन पत्र प्राप्त हुये है और बैंकों को 3665 आवेदन पत्र बैंकों को प्रेषित किये गया है, बैंकों द्वारा 942 आवेदन पत्र स्वीकृत किया गया है तथा 984 आवेदन पत्र वितरण की कार्यवाही की गयी है। मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार योजना के सम्बन्ध में बताया गया कि वित्तीय वर्ष 2025-26 में 165 का लक्ष्य मिला है जिनमें से 173 आवेदन पत्र बैंकों को प्रेषित किये गये तथा 64 बैंकों द्वारा आवेदन पत्र स्वीकृत किये गये है और 57 आवेदन पत्रों पर वितरण की



कार्यवाही की गयी है। सीडीओ ने बैंक समन्वयकों को निर्देशित किया कि मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार योजना में जिन भी बैंकों के जो भी प्रकरण लम्बित है, उद्योग विभाग के कर्मचारियों से सहयोग प्राप्त कर बैंकों के लम्बित प्रकरणों का निस्तारण कराया जाये और यदि किसी भी प्रकार की समस्या आ रही है तो उपायुक्त उद्योग या जिला अग्रणी बैंक प्रबन्धक को अवगत कराया जाय।

इसी प्रकार एक जनपद एक उत्पाद (ओडीओपी) योजना में 20 का लक्ष्य निर्धारित किया गया है जिनमें से 24 आवेदन पत्र बैंकों को प्रेषित किये गये तथा 07 आवेदन पत्र स्वीकृत किये गये और 11 आवेदन पत्रों पर वितरण की कार्यवाही की गयी है। निवेश मित्र पोर्टल पर कोई भी प्रकरण लम्बित नहीं पाया गया। सीडीओ ने सभी बैंक समन्वयकों को कड़े निर्देश देते हुये कहा कि बैंकों में जो भी लम्बित पत्रावलियां है तत्काल उस पर कार्यवाही करते हुये नियमानुसार वितरण की कार्यवाही की जाये, इसमें किसी भी स्तर पर लापरवाही न बरती जाय। बैठक में उद्यमियों ने बैठक के दौरान अपनी-अपनी समस्याओं को सीडीओ के समक्ष अवगत कराया जिस पर सीडीओ ने उद्यमियों को आश्वस्त करते हुये कहा कि जो भी शिकायतें है उस पर सम्बन्धित अधिकारियों द्वारा नियमानुसार आवश्यक कार्यवाही की जायेगी। बैठक में सीओ सिटी प्रशान्त राज, उपायुक्त उद्योग अजय कुमार त्रिपाठी, उपायुक्त राज्य कर वेगराज सिंह व अन्य सम्बन्धित अधिकारी एवं उद्यमी मो0 अनाम, रोशन लाल उमरवैश्य एवं उद्यमी/व्यापारी उपस्थित रहे।

# संक्षिप्त खबरें

## आर एम ज्ञान दायिनी इंटर कॉलेज में संविधान दिवस पर नशा उन्मूलन विषयक प्रतियोगिताएँ आयोजित



**लखीमपुर खीरी।** संविधान निर्माण दिवस के अवसर पर आर.एम. ज्ञान दायिनी इंटर कॉलेज राजाजीपुरम राजापुर में नशा उन्मूलन विषय पर निबंध लेखन प्रतियोगिता एवं पोस्टर बनाओ प्रतियोगिता का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य छात्रों में नशा-मुक्ति के प्रति जागरूकता बढ़ाना और उन्हें सामाजिक उत्तरदायित्व के प्रति प्रेरित करना रहा। इस प्रतियोगिता के अंतर्गत छात्र-छात्राओं ने बहुत ही उत्कृष्ट पोस्टर बनाये तथा बहुत ही सुंदर और सारगर्भित निबंध लेखन किया।कार्यक्रम की शुरुआत विद्यालय के प्रबंधक राकेश वर्मा एडवोकेट तथा प्राचार्य सचिन शुक्ला द्वारा संविधान दिवस के महत्व एवं नशामुक्त समाज के निर्माण में युवाओं की भूमिका पर प्रकाश डालते हुए की गई। विभिन्न कक्षाओं के छात्रों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया तथा निबंध एवं पोस्टर के माध्यम से नशे के दुष्परिणामों और जागरूकता संदेशों को रचनात्मक रूप से प्रस्तुत किया।विद्यालय प्रबंधन ने विजेता प्रतिभागियों को समारोह में सम्मानित किया तथा पुरस्कार भी प्रदान किये।इस अवसर पर छात्र छात्राओं को नशे से दूर रहने और समाज में जागरूकता फैलाने की प्रतिज्ञा दिलाई गयी।कार्यक्रम के सफल संचालन में समस्त स्टाफ एवं छात्र-छात्राओं का योगदान सराहनीय रहा।

## संविधान अंगीकार दिवस पर सीएमओ ने किया आह्वान

### निष्ठा ईमानदारी और स्वदेशी अपनाकर देश को बनाएं आत्मनिर्भर

**लखीमपुर खीरी।** संविधान अंगीकार दिवस के अवसर पर सीएमओ ऑफिस सभागार में एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. संतोष गुप्ता ने स्वास्थ्य कर्मियों एवं उपस्थित जनों को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि देश के प्रत्येक नागरिक का दायित्व है कि वह अपने कार्य को निष्ठा और ईमानदारी के साथ पूरा करे, यही राष्ट्र के प्रति सच्चा योगदान होगा।कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश शासन के उद्बोधन का सजीव प्रसारण भी स्वास्थ्य कर्मियों ने देखा। इस अवसर पर डॉ. संतोष गुप्ता ने संविधान की प्रस्तावना और उसके मूल विचारों पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि संविधान हमें अधिकारों के साथ-साथ कर्तव्य भी प्रदान करता है, जिन्हें पूर्ण निष्ठा से निभाया जाना आवश्यक है।स्वास्थ्य कर्मियों की भूमिका पर जोर देते हुए उन्होंने कहा कि समाज सेवा के साथ स्वास्थ्य सेवा एक सच्ची राष्ट्र सेवा का प्रतीक है। आपके द्वारा किया गया सेवा कार्य देश के संविधान के प्रति आपकी सच्ची निष्ठा को दर्शाता है।देश को आत्मनिर्भर बनाने के संदर्भ में उन्होंने स्वदेशी उत्पादों को अपनाने पर विशेष बल दिया और कहा कि आत्मनिर्भर भारत का निर्माण तभी संभव है जब हम स्थानीय उत्पादों को प्राथमिकता दें और देश की अर्थव्यवस्था को मजबूत बनाएँ।कार्यक्रम में एसीएमओ डॉ. एसपी मिश्रा, एसीएमओ डॉ. आर. एम. गुप्ता सहित अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

## बीमा राशि हथियाने के लिए व्यक्ति ने की छोटे भाई की पत्नी की हत्या

उत्तर प्रदेश के मथुरा जिले में एक व्यक्ति ने अपने छोटे भाई की मौत के बाद मिलने वाली बीमा राशि कथित तौर पर हड़पने के लिए भाभी की ईंटों से हमला करके हत्या कर दी। अपर पुलिस अधीक्षक (ग्रामीण) सुरेश चंद रावत ने बुधवार को बताया कि शेरगढ़ क्षेत्र के स्यारह गांव के निवासी भाईयों राजवीर उर्फ राजू और सुखवीर की पांच वर्ष पूर्व गोवर्धन की निवासी दो सगी बहनों से शादी हुई थी। उन्होंने बताया कि वर्ष 2023 में छोटी बहन आरती (25) के पति सुखबीर की सड़क दुर्घटना में मृत्यु हो गई, जिसके बाद दुर्घटना बीमा राशि से जुड़े मामले की सुनवाई जारी थी और फैसला आने वाला था। रावत ने बताया कि राजवीर बीमा की पूरी रकम देने के लिए आरती पर दबाव डाल रहा था जबकि आरती वह धनराशि अपने बच्चों की परवरिश के लिए रखने की बात कहती थी। इसलिए दोनों के बीच अक्सर झगड़ा होता था। अधिकारी ने बताया कि मंगलवार सुबह जब आरती सो रही थी, तब राजवीर उसके यहां पहुंचा और बीमा राशि उसे देने के लिए जोर डालने लगा। उन्होंने कहा कि इसको लेकर दोनों के बीच विवाद शुरू हुआ, जिसकी वजह से बच्चे भी जाग गए। एएसपी ने कहा कि इसी बीच राजवीर ने आरती के सिर पर ईंट से कई बार जोरदार प्रहार करके उसे लहूलुहान कर दिया और भाग गया। अपर पुलिस अधीक्षक ने बताया कि आरती को इस हाल में देख उसके दोनों बेटों पंकज व सुमित ने शोर मचाना शुरु कर दिया, जिसके बाद गांव वाले वहां पहुंच गए। रावत ने कहा कि वे आरती को इलाज के लिए अस्पताल ले गए, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शव का पोस्टमॉर्टम कराने के बाद उसे परिजन को सौंप दिया। बुधवार को उसका अंतिम संस्कार कर दिया गया। रावत ने बताया कि मृतक महिला के भाई की तहरीर पर राजवीर के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गई है और उसकी तलाश जारी है।

# दर्दनाक दूरी: 500 मीटर के जाम में तड़प रहे मरीज, कोतवाली से जिला अस्पताल का रास्ता बना 'मौत का फासला'

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**बरेली।** कोतवाली के पास से जिला अस्पताल तक का महज तीन मिनट का रास्ता एंबुलेंस में तड़पते मरीजों को मीलों से कम नहीं लग रहा। वजह, करीब 500 मीटर का यह लगभग रास्ता फुटपाथ और ठेले वालों के साथ पक्की दुकान वालों के कब्जे में है। एक मात्र यही मुख्य रोड जिला और महिला अस्पताल के लिए है। ऐसे में यहां से हर दिन गुजरने वालीं 30 से 40 छोटी-बड़ी एंबुलेंस किसी तरह से जाम में फंसते-बचते हुए मरीजों को अस्पताल पहुंचा पा रहीं हैं। ऐसे में कई बार गर्भवतियों या गंभीर हालत के मरीजों की जान तक आफत में आ जाती है। इसे लेकर कई बार स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी इसे लेकर पुलिस-प्रशासन के अधिकारियों को लिखा-पढ़ी की है, लेकिन कोई सुनवाई नहीं हुई। इसे लेकर एक बार फिर से पत्राचार किया गया है। जिला और महिला अस्पताल में हर दिन सैकड़ों मरीज सामान्य रोगों की ओपीडी के साथ बड़ी बीमारियों का इलाज कराने के लिए आते हैं। इसके अलावा गर्भवती महिलाओं, नवजात शिशुओं या हादसे में घायल वालों के फौरी इलाज के लिए भी यहां आने वालों की काफी संख्या है। इसके लिए गंभीर मरीजों के लिए सरकारी एंबुलेंस सेवा तो है लेकिन उन्हें कोतवाली से जिला अस्पताल के बीच करीब 500 मीटर के महज तीन मिनट के फासले को पूरा करने में 15 तो कभी-कभी इससे भी ज्यादा समय लग जाता है। कारण यह है कि सरकारी अस्पताल एक तो बीच बाजार में है। रही-सही कसर यहां फुटपाथ-ठेले वालों के साथ पक्की दुकान वालों के कब्जों ने पूरा कर दी है। यहां दिन में अक्सर लंबा जाम लगा रहा है। छोटी-बड़ी एंबुलेंस गाड़ियां तो दूर बाइक से निकलना तक दूभर हो जाता है। दिक्कत उस वक्त ज्यादा होती है, जब एबुलेंस में सवार मरीज की जान बचाने के लिए एक-एक पह बेहद कीमती होता है। हार्टअटैक, प्रसव पीड़ा से तड़पती महिलाएं, किसी हादसे में गंभीर रूप से घायल या अन्य किसी आपातकालीन स्थिति से गुजर रहे मरीज की हालत तब और ज्यादा खराब होने की आंशका रहती है, जब उसे ले जा रही एंबुलेंस जाम में फंसी रहती है, जिससे काफी समय बर्बाद हो जाता है। मरीजों के प्रति जिम्मेदार अधिकारियों की ऐसी संवेदनहीनता लोगों में नाराजगी का कारण भी बनी हुई है।

**इस मौसम में ज्यादा ही खराब हो जाती हालत**

इस रोड पर ज्यादातर कपड़े की दुकानें ही है। पास में इंदिरा बाजार भी पूरा कपड़ों का ही बाजार है। इस समय सर्दी बढ़ रही है, इसलिए स्वेटर, शाल सहित अन्य गर्म कपड़ों की बिक्री काफी बढ़ गई है। इसलिए यहां सस्ते कपड़ों की बिक्री करने वाले फुटपाथ और ठेले वालों का भी खूब जमावड़ा लग रहा है। मनमानी यह है कि वे आधी से भी ज्यादा सड़क पर दुकानें लगाए रहते हैं। पक्की दुकान वाले भी कब्जे करने में पीछे नहीं है। अस्पताल गेट के पास तक भी खोमचे वाले भी खड़े रहते हैं। मरीजों को लेकर उनकी अनदेखी तो हर दिन नजर ही आती है, सरकारी सिस्टम भी कोई कार्रवाई नहीं करता।

**दिव्यांगों को भी हर हफ्ते झेलनी पड़ रही परेशानी**

जिला अस्पताल में ही सीएमओ कार्यालय की ओर दूसरा गेट बंद रहता है। कारण ये है कि



वह गेट खुले जाते बाहरी लोग बाइक-स्कूटी खड़ी करके चले जाते है। इसलिए मेन गेट ही आने-जाने का एकमात्र रास्ता है। चूंकि रह सोमवार को सीएमओ दफ्तर के पास ही दिव्यांग प्रमाणपत्र बनवाने के लिए कैंप लगता है। ऐसे में चल-फिर पाने में अक्षम या व्हीलचेयर से आने वाले तमाम दिव्यांगों को भी इसी जाम से होकर निकलना पड़ रहा है। हालांकि अस्पताल प्रशासन ने कैंप के पास ही अब हर सोमवार को दूसरे गेट को खुलवाने की व्यवस्था कर दी है।

**जिलेभर में चल रहीं 84 सरकारी एंबुलेंस**

मरीजों को सरकारी अस्पतालों तक पहुंचाने के लिए जिलेभर में 86 सरकारी एंबुलेंस दौड़ लगा रही है। इन गाड़ियां सभी 16 सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों पर भी लगाई गई है। इसका उद्देश्य तोयही है कि मरीजों को जल्द से जल्द अस्पताल पहुंचाया जा सके। 108 एंबुलेंस सेवा के मीडिया प्रभारी सुनील यादव ने बताया कि गर्भवती महिला या नवजात शिशु के तत्काल इलाज की जरूरत के लिए कोई भी 102 नंबर डायल कर सकता है, जबकि अन्य के लिए 108 नंबर सेवा उपलब्ध है।

## एक ही रात में तीन अलग-अलग गांवों से तीन भैंसे चोरी

स्वतंत्र प्रभात ब्रेकिंग न्यूज़

**गोला गोकर्णनाथ खीरी।** थाना हैदराबाद क्षेत्र के गांवों में बीते मंगलवार की रात पशुचोरों का आतंक देखने को मिला।पशुचोरों ने थाना क्षेत्र के तीन अलग -अलग गांवों बांसगांव,देवरिया, घरथनिया से पशुबाड़े में बंधी तीन दुधारू भैंसें चोरी कर ले गये। जानकारी के अनुसार घरथनिया गांव निवासी श्यामलाल वर्मा की भैंस अजान रोड पर मकान के बाहर बने बाड़े में बंधी हुई थी। बांसगांव निवासी नरेंद्र कुमार शुक्ल की दूधारु भैंस बीच गांव में बने पशुबाड़े से व देवरिया गांव मे रामाधार भार्गव की भैंस गांव के पश्चिम घर के बाहर बने पशुबाड़े से और पशुपालकों ने थाने में अज्ञात चोरों के खिलाफ तहरीर दी है।ग्रामीणो का आरोप है कि हैदराबाद पुलिस रात्रिगश्त के नाम पर क्षेत्र में दिखती ही नहीं जिससे चोर वेखौफ होकर घटना को अंजाम दे रहे हैं,पुलिस मामले को दबाने में जुटी रहती है। थानाध्यक्ष सुनील कुमार मलिक ने कहा कि घटना हुई है, हल्का दरोगा को मौके पर भेजकर जांचकर तहरीर लेने को कहा है।

# राजश्री लॉ कॉलेज में संविधान दिवस समारोह मनाया गया

● विधि छात्रों ने संविधान के प्रति व्यक्त की निष्ठा

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**बरेली/रिठौरा।** राजश्री लॉ कॉलेज में संविधान दिवस के अवसर पर विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन करके समारोह मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारम्भ 24 नवंबर 2025 को हुआ, जिसके अंतर्गत निबन्ध प्रतियोगिता एवं वाद-विवाद प्रतियोगिता आयोजित किए गए। 25 नवंबर 2025 को क्विज कम्पटीशन एवं पोस्टर मेकिंग कम्पटीशन हुआ। 26 नवंबर, 2025 को कम्पटीशन में विजयी विद्यार्थियों को मेडल व प्रमाण पत्र, प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया तथा संविधान दिवस पर डिबेट का भी आयोजन हुआ। संविधान दिवस के अवसर पर संस्थान के चेयरमैन राजेंद्र कुमार अग्रवाल, वाइस चेयरपर्सन डॉ0 मोनिका अग्रवाल, सचिव राकेश अग्रवाल, प्रबंध निदेशक रोहन बंसल ने बाबा साहब डॉ0 भीमराव अंबेडकर के चित्र पर माल्यार्पण और पुष्प अर्पित करके किया। संस्थान के चेयरमैन राजेन्द्र कुमार अग्रवाल ने अपने सम्बोधन में समानता के अधिकारों को संविधान की खूबसूरती बताया। पुरूस्कार वितरण समारोह में आयोजित प्रतियोगिताओं के विजेताओं अभय प्रताप, सिंह राधिका वर्मा, तबरेज अंसारी, कुलदीप आर्य, मोहम्मद साकिब, असद अहमद, शहनाज बी, संजना राणा को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। साथ ही उपस्थित गणमान्य अतिथियों ने संविधान दिवस के अवसर पर शुभकामनाएं देते हुए अपने मत व्यक्त किये।तीन दिवसीय आयोजन में संस्थान के निदेशक शैक्षणिक प्रो0 पंकज कुमार शर्मा, प्रो0 अनिल कुमार, डीन शैक्षणिक प्रो0 साकेत अग्रवाल, रजिस्ट्रार दुष्यन्त माहेश्वरी, प्राचार्य डॉ0 शोएब खान, डॉ0 भावना मिश्रा, मधुरेश रस्तोगी, पंकज कुमार, अक्सा साजिद, शिखा त्रिपाठी का सहयोग रहा। कार्यक्रम का सफल संचालन डॉ0 अनन्या मेहरोत्रा एवं मिस राशि सिंह द्वारा किया गया।

## जिला कांग्रेस कमेटी कांग्रेस कमेटी के तत्वावधान में मनाया गया संविधान दिवस

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**लखीमपुर,खीरी।** दिनांक 26 नवंबर को संविधान दिवस के अवसर पर जिला कांग्रेस कमेटी के तत्वाधान में गत वर्षों की भांति इस वर्ष भी संविधान दिवस कांग्रेस जनों के द्वारा मनाया गया द्य बाबा भीमराव अंबेडकर जी के चित्र पर माल्यार्पण कर संविधान निर्माता को याद किया गया द्य तत्पश्चात जिला उपाध्यक्ष मोहन चंद्र उप्रेती की अध्यक्षता में गोष्ठी का आयोजन किया गया द्य उक्त गोष्ठी को संबोधित करते हुए मोहन चंद्र उप्रेती ने कहा कि भारतीय संविधान 26 नवंबर 1949 को अपनाया गया और 26 जनवरी 1950 को इसे लागू किया गया भारत का संविधान भारत के लोकतांत्रिक धर्मनिरपेक्ष और क्षमता आदि ढांचे को परिभाषित करने वाला आधारभूत दस्तावेज है द्य पिछले 7 दशकों मे इसने राजनीतिक, सामाजिक और आर्थिक परिवर्तनों के माध्यम से राष्ट्र का मार्गदर्शन किया है।

उक्त गोष्ठी को संबोधित करते हुए कांग्रेस प्रवक्ता रवि तिवारी ने कहा कि संविधान के बिना कोई भी देश नहीं चल सकता द्य देश का शासन और सरकार कैसे चलेगी द्य देश के नागरिकों के क्या अधिकार और कर्तव्य होंगे एवं इनकी रक्षा कैसे होगी द्य एक देश को चलाने के लिए यह सभी बातें संविधान में निहित होती है द्य मैं आज आदमी भारत का सपना देखना वाले बाबा साहेब अंबेडकर सहित संविधान सभा के सभी सदस्यों को संविधान निर्माता को नमन करता हूं। वर्तमान बीजेपी सरकार में संविधान और लोकतंत्र की खुलेआम धज्जियां उड़ाई जा रही है। उक्त कार्यक्रम में प्रमुख रूप से उपस्थित डाक्टर रईस अहमद उस्मानी, कोमल सिंह, चंद्रप्रभा अवस्थी, जावेद अली एडवोकेट, आनंद श्रीवास्तव, अब्दुल रहीम अकील खान , शत्रोहन लाल वर्मा, गुलफाम आदि।

## संविधान दिवस पर अखिलेश का तंज: भाजपा ने वोट के अधिकार पर सबसे बड़ा हमला किया, लोकतंत्र खतरे में



समाजवादी पार्टी प्रमुख अखिलेश यादव ने बुधवार को संविधान दिवस मनाने के लिए भारतीय जनता पार्टी पर कटाक्ष किया और उस पर संविधान को 'सबसे ज़्यादा नुकसान पहुँचाने' का आरोप लगाया। उन्होंने वोट चोरी के आरोपों को दोहराया। अखिलेश यादव ने आरोप लगाया कि भाजपा मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के ज़रिए लोगों को बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर द्वारा दिए गए सबसे बड़े अधिकार, वोट के अधिकार से वंचित कर रही है।

## बरेली मंडल के ज्ञान विज्ञान कोचिंग संस्थान पर 30 नवंबर दिन रविवार को आयोजित होगी गणित प्रतियोगिता

● छात्रों से प्रतिभाग करने के लिए की गई अपील।

### छात्रों की शिक्षा के क्षेत्र में रुचि लाने के लिए प्रतियोगिता के माध्यम से प्रोत्साहन देकर बढ़ाते हैं मनोबल

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**बरेली/** बरेली मंडल के राजीव नगर नवादा शेखान गुलाब बाड़ी रोड पर भूमसेन मंदिर के सामने संचालित ज्ञान विज्ञान कोचिंग संस्थान पर 30 नवंबर दिन रविवार को गणित प्रतियोगिता का आयोजन होने जा रहा है। जिसमें कोचिंग संस्थान के संचालक के द्वारा अध्यनरत सभी विद्यार्थियों से प्रतिभाग करने के लिए की गई अपील। संचालक ने बताया कि गणित प्रतियोगिता में



क्लास 1 से क्लास 8 तक के विद्यार्थी ले सकेंगे प्रतिभाग। बहुविकल्पीय प्रश्न पर आधारित होगी गणित प्रतियोगिता। प्रतियोगिता में अच्छे नंबर लाने वाले छात्र-छात्राओं को पुरस्कार देकर किया जाएगा सम्मानित। कोचिंग सेंटर प्रतियोगिता के माध्यम से छात्रों की शिक्षा में रुचि बढ़ाने के लिए लगातार प्रयास कर रहा है। बताते चलें की कोचिंग सेंटर इससे पूर्व कई विषयों से संबंधित प्रतियोगी परीक्षाएं करा चुका है और उन सभी प्रतियोगी परीक्षाओं में स्थान प्राप्त करने वाले बच्चों को सम्मानित भी कर चुका है। ज्ञान विज्ञान कोचिंग संस्थान लगातार अपनी शैक्षणिक कार्य शैली से शुभचिंतकों के द्वारा सराहनीय हो रहा है।

## भाजपा नेता की अज्ञात वाहन की टक्कर से मौत, परिवार में शोक

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**गोला गोकर्णनाथ खीरी।** थाना हैदराबाद की अज़ान पुलिस चौकी क्षेत्र में एक दर्दनाक हादसा हुआ है, जिसमें भाजपा के पूर्व मंडल अध्यक्ष हरिद्वार लाल वर्मा की मौत हो गई। वे अपनी टीवीएस स्पोर्ट बाइक पर सवार होकर अजान बैंक जा रहे थे, तभी एक अज्ञात वाहन ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी, जिससे वे गंभीर रूप से घायल हो गए और इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई। थाना हैदराबाद क्षेत्र के ग्राम बिलहरी निवासी हरिद्वारी लाल वर्मा 75 वर्षीय पुत्र हेमराज वर्मा बुधवार की दोपहर को अपनी टीवीएस स्पोर्ट बाइक पर सवार होकर अजान बैंक के लिए अपने घर से निकले थे। करीब 12:45 पर जैसे ही उनकी बाइक छिछोना मार्ग पर पुलिस चौकी से 500 मीटर दूरी पर पहुंची, तभी किसी अज्ञात वाहन ने उनकी बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। हरिद्वारी लाल उछलकर रोड पर जा गिरे, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गए। किसी राहगीर ने अजान चौंकी पुलिस को सूचना दी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायल हरिद्वारी लाल को एंबुलेंस से इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र गोला भेज दिया, जहां पर डॉक्टरों ने हरिद्वारी लाल को मृतक घोषित कर दिया। पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम हेतु जिला मुख्यालय भेज दिया है। घटना के बाद परिवार में शोक की लहर दौड़ गई।

## कार अनियंत्रित होकर नाले में गिरी, पांच की मौत

**लखीमपुर खीरी।** जिले के ढखेरवा-गिरिजापुरी बैराज रोड पर गजियापुर के पास एक कार अनियंत्रित होकर शारदा नहर के किनारे बने पक्के नाले में गिर गई, जिससे पांच लोगों की मौत हो गई और एक व्यक्ति घायल हो गया। यह हादसा पढ़ुवा थाना क्षेत्र में मंगलवार देर रात हुआ। पुलिस उप निरीक्षक (एसआई) ने बताया कि मृतकों की पहचान जितेंद्र (23), घनश्याम (25), लालजी (45), अजीमुल्ला (45) और सुरेंद्र (56) के रूप में हुई है। ये सभी बहराइच जिले के रहने वाले थे। इनके शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। सिंह ने कहा, हादसे में जीवित बचे व्यक्ति की पहचान सूरज उर्फ बब्बू के रूप में हुई है, जो बहराइच का ही रहने वाला है और गाड़ी चला रहा था। उसे रमियाबेहर प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसकी हालत खतरे से बाहर बताई। पुलिस के मुताबिक, सभी छह लोग एक दोस्त के रिश्तेदार की शादी में शामिल होने के बाद बहराइच लौट रहे थे।

## पूर्वांचल में तीन दिवसीय 'एक शाम शहीदों के नाम' कार्यक्रम सम्पन्न

● कन्या भ्रूण हत्या रोको अभियान व बाल अधिकार जागरूकता में उमड़ा जनसैलाब

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**लखीमपुर खीरी।** पूर्वांचल के सीमावर्ती क्षेत्रों में चिल्ड्रेन लाइफ केयर एंड एजुकेशनल सोसाइटी तथा वी जर्मन होम्योपैथी रिसर्च फाउंडेशन के तत्वावधान में 23 से 25 तारीख तक तीन दिवसीय विशाल जनजागरूकता कार्यक्रम ''एक शाम शहीदों के नाम'' का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य कन्या भ्रूण हत्या रोकना, बाल अधिकारों पर जागरूकता बढ़ाना तथा आत्मनिर्भर राष्ट्र निर्माण में जनभागीदारी सुनिश्चित करना रहा।यह आयोजन सिद्धार्थनगर, बस्ती, बलरामपुर, डुमरियागंज तथा नेपाल सीमा से जुड़े कस्बों में क्रमशः किया गया, जहाँ हजारों की संख्या में लोग कार्यक्रम में शामिल हुए। समाज के हर वर्ग युवा, महिलाएँ अभिभावक, छात्र एवं सामाजिक कार्यकर्ताओं ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर मिशन को समर्थन दिया।डॉ. वीर बहादुर धुरिया ने बच्चों के अधिकार को राष्ट्र का भविष्य बताया कार्यक्रम की श्रृंखला का नेतृत्व संस्थान के निदेशक, समाजसेवी तथा अंतरराष्ट्रीय दार्शनिक शांति दूत कुँवर डॉ. वीर बहादुर धुरिया ने किया। अपने प्रेरक संबोधन में उन्होंने कहा कि बच्चों का जीवन, स्वास्थ्य, शिक्षा और सुरक्षा ही राष्ट्र का वास्तविक आधार है। कन्या भ्रूण हत्या रोकना और बाल अधिकार की रक्षा करना हर नागरिक की जिम्मेदारी है।उन्होंने शहीदों के बलिदान को नमन करते हुए युवाओं से राष्ट्रहित में सदैव सजग रहने तथा समाज में कुरीतियों को समाप्त करने का आह्वान किया। डॉ. धुरिया ने कन्या भ्रूण हत्या को 'राष्ट्र के भविष्य पर आघात ' बताते हुए इस सामाजिक अपराध के खिलाफ कड़े कदम उठाने की आवश्यकता पर जोर दिया।कार्यक्रम में सांस्कृतिक प्रस्तुतियाँ और जनजागरूकता संदेश तीन दिवसीय आयोजन में शहीदों को समर्पित सांस्कृतिक प्रस्तुतियाँ, नुक्कड़ नाटक, बाल अधिकार पर संवाद सत्र, स्वास्थ्य जागरूकता कार्यक्रम और कन्या संरक्षण पर विशेष कार्यशालाएँ आयोजित की गईं। उपस्थित जनसमूह ने ''बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ'' संदेश को आगे बढ़ाने का संकल्प लिया।पदाधिकारियों और संचालन की सर्वत्र सराहना,कार्यक्रम के सफल संचालन में संस्थान के पदाधिकारियों स्वयंसेवकों और स्थानीय सामाजिक संगठनों की महत्वपूर्ण भूमिका रही। आयोजन की अनुशासन, व्यवस्था, जनभागीदारी और प्रेरक संदेशों की सर्वत्र प्रशंसा की गई।

## वार्ड नंबर 13 शेखसराय, खीरी में SIR फॉर्म भरने का अभियान तेज़

● बीएलओ रेहाना व नगमा का सराहनीय कार्य, जनता ने की सराहना

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**खीरी टाउन-** खीरी वार्ड नं. 13 शेखसराय में मतदाता सूची के अद्यतन (Voter List Revision) को लेकर SIR फ़ॉर्म भरने का कार्य लगातार जारी है। इस अभियान की ज़िम्मेदारी निभा रहीं बीएलओ रेहाना और नगमा अब तक बिना किसी शिकायत के बेहतरीन तरीके से कार्य पूरा कर रही हैं। स्थानीय नागरिकों ने बताया कि दोनों बीएलओ घर-घर जाकर सही जानकारी इकट्ठा कर पारदर्शिता के साथ फ़ॉर्म भरवा रही हैं। SIR फ़ॉर्म क्या है?अगर किसी मतदाता का नाम मतदाता सूची में शामिल नहीं है, हट गया है, या उसे नया वोट बनवाना है, तो इसके लिए बीएलओ द्वारा SIR फ़ॉर्म भरवाया जाता है।इस फ़ॉर्म के माध्यम से लोगों की सही जानकारी लेकर उसे चुनाव आयोग की वेबसाइट पर अपडेट किया जाता है।इसका उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि वार्ड का हर योग्य मतदाता लिस्ट में शामिल हो सके और किसी का नाम छूट न जाए।सभासद मसीम अहमद दे रहे हैं पूरा सहयोग वार्ड नं. 13 के सभासद मसीम अहमद बीएलओ टीम के साथ लगातार स्थल पर मौजूद रहकर मार्गदर्शन और सहयोग कर रहे हैं। उनका कहना है कि 'हमारी प्राथमिकता है कि वार्ड का कोई भी नागरिक मतदान के अधिकार से वंचित न रहे। बीएलओ टीम बेहतरीन काम कर रही है और हम हर संभव मदद दे रहे हैं। 'सभासद के सहयोग से SIR फॉर्म भरवाने की प्रक्रिया और तेज़, संगठित तथा बिना किसी बाधा के चल रही है।स्थानीय लोगों ने की सराहना नागरिकों का कहना है कि अभियान शुरू होने के बाद बीएलओ ने अब तक किसी प्रकार की लापरवाही नहीं दिखाई। उनकी विनम्रता, समय पर उपलब्धता और सही दिशा-निर्देश देने के तरीके की वजह से आम जनता आसानी से फ़ॉर्म भरवा पा रही है।वार्ड के लोगों ने उम्मीद जताई है कि इसी गति और पारदर्शिता के साथ अभियान पूरा होने पर मतदाता सूची पूरी तरह अद्यतन और त्रुटि-रहित तैयार हो जाएगी।

## शाहजहांपुर में भाई ने फोन पर पुरुष मित्रों से बात करने पर की बहन की हत्या

शाहजहांपुर में एक युवक ने कथित तौर पर फोन पर पुरुष मित्रों से बात करने से नाराज होकर अपनी बहन (22) की हत्या कर दी। पुलिस ने बुधवार को यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि घटना शाहजहांपुर ज़िले के इटोरा गोटिया गांव की है और मृतका की पहचान नैना देवी के रूप में की गई है। पुलिस अधीक्षक राजेश द्विवेदी ने बताया कि आरोपी शेर सिंह का दावा है कि उसकी बहन फोन पर कई पुरुषों से बात करती थी और शादी के प्रस्ताव भी ठुकरा देती थी। उन्होंने बताया, '' आरोपी ने बताया कि फोन में रिकॉर्ड हुई बातचीत सुनकर वह आगबबूला हो गया। जब बहन अपना फोन लेने आई, तो गुस्से में आरोपी ने तेजधार हथियार से उसकी गर्दन पर हमला कर दिया, जिससे उसकी मौत हो गई।''उन्होंने बताया कि शेर सिंह को मंगलवार रात गिरफ्तार कर लिया गया और उसके खिलाफ बीएनएस की धारा 103(1) (हत्या) के तहत मामला दर्ज कर उसे न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है।

## लखीमपुर खीरी में छूटे लाभार्थियों के आयुष्मान कार्ड बनाने का विशेष अभियान शुरू

● अभियान को लेकर सीडीओ ने जूम मीटिंग में दिए निर्देश, अधिकारी करेंगे मॉनिटरिंग

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**लखीमपुर खीरी।** जनपद खीरी में अब तक लगभग 11 लाख आयुष्मान लाभार्थियों के आयुष्मान कार्ड बनाए जा चुके हैं। मुख्य सचिव के निर्देशानुसार प्रदेशभर में छूटे हुए पात्र लाभार्थियों के आयुष्मान कार्ड बनाने हेतु 25 नवंबर से एक माह का विशेष अभियान शुरू किया गया है। इसी क्रम में जनपद खीरी में भी आज से यह अभियान औपचारिक रूप से प्रारंभ हो गया। यह जानकारी सीएमओ डॉ संतोष गुप्ता द्वारा दी गई।उन्होंने बताया कि अभियान के तहत ग्रामवार कैंप लगाए जा रहे हैं, जहां आयुष्मान आरोग्य मंदिरों, आंगनबाड़ी केंद्रों, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों और सब-सेंटरों पर आयुष्मान कार्ड बनाए जाएंगे, ताकि कोई भी पात्र लाभार्थी वंचित न रह जाए।इस संबंध में बुधवार को सीडीओ अभिषेक कुमार की अध्यक्षता में जूम मीटिंग आयोजित हुई, जिसमें अभियान को सफल बनाने के लिए निम्न निर्देश दिए गए हैं। जिसमें एएनएम और सीएचओ द्वारा आयुष्मान कार्ड बनाए जाएंगे। सभी पीएचसी, आयुष्मान आरोग्य मंदिर एवं सब-सेंटर पर कार्ड बनाने की व्यवस्था रहेगी। सभी सीएचसी अधीक्षक अपने स्तर पर प्रतिदिन मॉनिटरिंग करेंगे, प्रतिदिन समीक्षा सीएमओ द्वारा की जाएगी, साप्ताहिक समीक्षा स्वयं सीडीओ करेंगे।

**आयुष्मान कार्ड के प्रमुख लाभ**

प्रति परिवार 5 लाख रुपये तक का निःशुल्क इलाज, पंजीकृत सरकारी एवं निजी अस्पतालों में कैशलेस उपचार, गंभीर बीमारियों, सर्जरी, ऑपरेशन, इलाज और दवाओं की सुविधा, भर्ती से लेकर डिस्चार्ज तक सभी चिकित्सा खर्च शामिल, आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों को स्वास्थ्य सुरक्षा का बड़ा आधार, स्वास्थ्य विभाग का लक्ष्य है कि विशेष अभियान के माध्यम से जनपद के सभी पात्र लाभार्थियों को आयुष्मान कार्ड उपलब्ध कराया जाए, ताकि वे उपचार के दौरान आर्थिक संकट से मुक्त रह सकें।

## चरम रोग से संबंधित निशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन

**लखीमपुर खीरी।** हिदायत नगर में चरम रोग से संबंधित निशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में लोगों ने स्वास्थ्य परीक्षण कराया। शिविर में पूरे दिन तकरीबन 180 मरीजों का निशुल्क परीक्षण कर उन्हें आवश्यक दवाइयां भी वितरित की गईं। शिविर में पहुंचे लोगों को जाड़े के मौसम में बढ़ने वाली त्वचा संबंधी समस्याओं के कारण और बचाव के उपायों के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई।चरम रोग विशेषज्ञों ने बताया कि सर्दियों में त्वचा अधिक ड्राई हो जाती है, जिससे एलर्जिक डर्मेटाइटिस, सोरायसिस, सेबोरियक डर्मेटाइटिस, एक्ने और पिंपल्स जैसी समस्याएं अधिक पाई जाती हैं। चिकित्सकों ने सलाह दी कि ऐसे मौसम में त्वचा की नमी बनाए रखने के लिए चिकनाई युक्त खाद्य पदार्थों का सेवन करें, तनाव से दूर रहें, हल्का व्यायाम करें और नियमित रूप से धूप लें। साथ ही नारियल तेल से मालिश करना, अधिक गर्म पानी के उपयोग से बचना और जरूरत पड़ने पर चिकित्सक से संपर्क में रहना लाभकारी है।शिविर का संचालन चरम रोग विशेषज्ञ डॉ. जावेद अख्तर की अगुवाई में किया गया। इस दौरान डॉ. शादमा अय्यूब, स्वास्थ्य कर्मी साक्षी मिश्रा, मुशीर खान, कलाम इस्लाम, सीमा परवीन, शनम खान और अक्शा खान ने अपनी सेवाएं प्रदान कीं।

# संक्षिप्त खबरें

## सिलापथार जलकियासुंती में भयानक सड़क हादसा, गंभीर रूप से घायल एक



**धेमाजी असम।** आज दोपहर करीब तीन बजे सिलापथार जलकियासुती राष्ट्रीय राजमार्ग 15 पर सिमेन छापरी से रेत लोडिंग ए,आर 22 4456 नंबर का डंपर दुर्घटनाग्रस्त हुआ। हादसा इतना भयानक था कि तेज रफ्तार ओर अधिक लोडिंग के के कारण गाड़ी का अगला दाहिना पहिया निकल गया और गाड़ी 30 मीटर से ज्यादा दूर डिवाइडर पर घसीटकर जाकर पलट गई। गंभीर रूप से घायल चालक को स्थानीय लोगों की सहयोग से अस्पताल ले जाया गया। इस इलाके में ज्यादा लोडिंग और तेज स्पीड की वजह से कई हादसे होते रहते हैं , फिरभी चालक हुचियार नहीं होते। खबर लिखते समय तक गाड़ी राजमार्ग के उपर पलटी हुई थी,घटना स्थल पर पुलिस पहुंचकर दुर्घटना के जांच पड़ताल में लग गई।

## भटकी हुई महिला को पुलिस ने सकुशल परिजनों को सौंपा



**भदोही।** मिशन शक्ति केंद्र, थाना गोपीगंज और पीआरवी 5524 की तत्परता से एक भटकी हुई महिला को सुरक्षित उसके परिवारजनों को सौंपा गया। 25 नवम्बर की रात करीब 8 बजे बैंक ऑफ बड़ौदा डुहिया गोपीगंज के पास महिला के बैठे होने की सूचना पर पीआरवी 5524 टीम मौके पर पहुंची और उसे मिशन शक्ति केंद्र ले जाया गया। टीम ने शांतिपूर्वक बातचीत कर उसके परिजनों (निवासी ग्राम बजरी कला) का पता लगाया और संपर्क कर महिला को सुरक्षित सुपुर्द कर दिया। परिजनों ने पुलिस के इस मानवीय कार्य की सराहना की।पुलिस अधीक्षक अभिमन्यु मांगलिक ने पुलिस टीम की तत्परता की प्रशंसा की।

## दुसरी शादी रचा रहे पति के मंडप में पहुंची पहली पत्नी मचा हड़कंप

**सीखड़।** चुनार थाना क्षेत्र के अंतर्गत सीखड़ गांव में दुसरी शादी रचा रहे पति के मंडप में अचानक पहली पत्नी पहुंच कर किया हंगामा। सूचना पर पहुंची चुनार थाने की पुलिस ने वर वधू पक्ष को लेकर थाने गई।रात भर चलें सुलह समझौते के बाद न्यायालय के फैसले के बाद शादी करने पर पुलिस ने दोनों पक्षों को हिदायत देकर छोड़ा। प्राप्त जानकारी के अनुसार जीतलाल पुत्र स्व.कैलाश की की पहली शादी ज्योति पुत्री स्व.धर्मेन्द्र सोनकर से विगत एक साल पहले हुई थी। शादी के कुछ दिन बाद से ही पति पत्नी में विवाद हो गया।विवाद इतना बढ़ गया कि तलाक तक पहुंच गया। जीतलाल अपनी शादी की बात छुपा कर दुसरी शादी रचाने चुनार थाना क्षेत्र के सीखड़ गांव निवासी लखपत सोनकर की बेटी से मंगलवार को बारात लेकर पहुंच गया,जिसकी सुचना पहले पत्नी ज्योति को लगी तो परिजनों के साथ देर रात मंडप में पहुंच कर हंगामा कर दिया। सुचना पर पहुंची चुनार थाने की पुलिस उप निरीक्षक वशिष्ठ नारायण यादव व उप निरीक्षक सरोज चौबे ने मामले के गंभीरता को भांपते हुए दोनों पक्ष को थाने ले गए। और इस हिदायत के साथ दोनों पक्षों को छोड़ा गया कि जब तक न्यायालय द्वारा तलाक नहीं हो जाता तब तक दुसरी शादी नहीं करेंगे।

## जगदलपुर के मेयर का तिलंगा गांव में किया गया स्वागत

**गोपीगंज।** क्षेत्र के तिलंगा गांव श्री बाबा तिलेश्वर नाथ की पावन धरती पर छत्तीसगढ़, बस्तर जनपद के जगदलपुर के महापौर संजय पांडेय का स्वागत किया गया। अपनी माताजी के बरसी कार्यक्रम में शामिल होने के लिए मंगलवार को सायंकाल तिलंगा पहुचे थे। उनके आगमन पर गांव मे स्वागत समारोह का आयोजन किया गया जो सभी के लिए अविस्मरणीय रहा। गांव पहुंचने के लिए विकट हो चुकी समस्या से अवगत कराते हुए लोगों ने बताया कि रेलवे द्वारा आनापुर रेलवे क्रासिंग को बंद कर दिया गया हैद्य समस्या के समाधान मे सहयोग की अपेक्षा की। इस मौके पर दीपक तिवारी, डा.सुनील दुबे, राधाकांत दुबे, विजय शंकर मिश्रा, ओमकार दुबे, अमरेश मिश्रा, विजय दुबे, डा.प्रेमनारायण दुबे, जटाई पांडेय रामसागर दुबे व अन्य मौजूद रहे।

# संविधान दिवस पर भदोही पुलिस ने ली राष्ट्रनिष्ठा की शपथ

● एसपी ने किया वृक्षारोपण, जिलेभर में कार्यक्रम आयोजित

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**भदोही।** संविधान दिवस के अवसर पर बुधवार को जनपद भदोही में विभिन्न स्थानों पर गौरवपूर्ण कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। रिजर्व पुलिस लाइन ज्ञानपुर में मुख्य कार्यक्रम के दौरान अभिमन्यु मांगलिक, पुलिस अधीक्षक भदोही ने संविधान शिल्पी भारत रत्न डॉ. भीमराव अम्बेडकर के चित्र पर माल्यार्पण एवं पुष्पांजलि अर्पित कर कार्यक्रम की शुरुआत की।

इसके उपरांत पुलिस अधीक्षक ने स्वयं तथा उपस्थित सभी पुलिस अधिकारियों एवं कर्मचारियों को संविधान की प्रस्तावना का सामूहिक पाठ कराते हुए राष्ट्र की एकता, अखंडता और संप्रभुता को अक्षुण्ण रखने एवं संविधान के प्रति पूर्ण निष्ठा बनाए रखने की शपथ दिलाई।

उन्होंने कहा कि भारतीय संविधान विश्व का सबसे जीवंत और व्यापक दस्तावेज है, जो हमें समता, स्वतंत्रता, न्याय और बंधुता के मूल्यों पर अग्रसर होने की प्रेरणा देता है। कार्यक्रम के दौरान पुलिस अधीक्षक द्वारा गणेश ट्री फाउंडेशन के सौजन्य से पुलिस लाइन में वृक्षारोपण भी किया गया।

इसी क्रम में शुभम अग्रवाल, अपर पुलिस अधीक्षक भदोही ने पुलिस कार्यालय सरपतहा में उपस्थित सभी पुलिस कर्मियों को संविधान की शपथ दिलाई। जिले के सभी थानों एवं चौकियों पर भी थाना प्रभारियों और चौकी इंचार्जों द्वारा संविधान दिवस पर सामूहिक शपथ ग्रहण कराया गया। संविधान दिवस कार्यक्रम में राजीव कुमार सिंह, क्षेत्राधिकारी यातायात; बलराम, क्षेत्राधिकारी ट्रेनिंग; अशोक कुमार, क्षेत्राधिकारी भदोही; तथा अनिल कुमार, प्रतिसार निरीक्षक पुलिस लाइन सहित अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी मौजूद रहे।

## मानव तस्करी व बालश्रम मामले में सपा विधायक जाहिद बेग को हाईकोर्ट से बड़ी राहत

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता




**भदोही।** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने सपा विधायक जाहिद बेग को बड़ी राहत देते हुए उनके खिलाफ दर्ज मानव तस्करी, बालश्रम और बंधुआ मजदूरी से जुड़े मुकदमे की कार्यवाही पर अगले आदेश तक रोक लगा दी है। न्यायमूर्ति समीर जैन की सिंगल बेंच ने बुधवार को यह फैसला सुनाया। अगली सुनवाई के लिए कोर्ट ने 9 जनवरी की तारीख तय की है। विधायक की ओर से अधिवक्ता जीएस चतुर्वेदी और जीशान मजहर ने बहस की।

गौरतलब है कि 13 सितंबर 2024 को श्रम प्रवर्तन अधिकारी जेपी सिंह की तहरीर पर थाना भदोही में विधायक जाहिद बेग और उनकी पत्नी सीमा बेग के खिलाफ बालश्रम, बंधुआ मजदूरी और मानव तस्करी (बीएनएस) से संबंधित गंभीर धाराओं में एफआईआर दर्ज की गई थी।

यह मामला तब सामने आया था जब 9 सितंबर 2024 को विधायक के भदोही स्थित आवास पर एक नौकरानी ने आत्महत्या कर ली थी। इसके अगले दिन प्रशासन ने एक अन्य नाबालिग नौकरानी को भी उनके घर से मुक्त कराया था। विधायक, उनकी पत्नी और बेटे के खिलाफ आत्महत्या के लिए उकसाने का एक अलग मुकदमा भी दर्ज है, जिसमें हाईकोर्ट पहले ही कार्यवाही स्थगित कर चुका है। फिलहाल विधायक, उनकी पत्नी और बेटा सभी मामलों में जमानत पर हैं।

## डभका में शिक्षक की भूमिका में नजर आए जिलाधिकारी शैलेष कुमार

### छात्र-छात्राओं को पढ़ाया नैतिक शिक्षा का पाठ

भदोही। विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण अभियान के निरीक्षण के दौरान बुधवार को यूपीएस डभका पहुँचे जिलाधिकारी शैलेष कुमार एक अलग ही भूमिका में नजर आए। डीईओ ने न केवल विद्यालय का निरीक्षण किया, बल्कि कुछ समय कक्षा में बिताकर छात्र-छात्राओं को नैतिक शिक्षा का पाठ भी पढ़ाया। जिलाधिकारी ने बच्चों से सहज संवाद करते हुए ईमानदारी, अनुशासन, देशप्रेम और कर्तव्यनिष्ठा जैसे मूल्यों पर चर्चा की। उन्होंने छात्रों को बताया कि शिक्षा केवल किताबों तक सीमित नहीं है, बल्कि अच्छे संस्कार और सही व्यवहार जीवन को सफल बनाते हैं। बच्चों ने भी उत्साह के साथ जिलाधिकारी से प्रश्न पूछे और सकारात्मक संदेशों को आत्मसात किया। विद्यालय स्टाफ ने जिलाधिकारी की इस प्रेरणादायक पहल का स्वागत किया।

## जिला संयुक्त किसान मोर्चा भदोही ने 11 सूत्रीय मांगों को लेकर किया धरना-प्रदर्शन

● राष्ट्रपति के नाम भेजा गया ज्ञापन

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**भदोही।** अखिल भारतीय संयुक्त किसान मोर्चा के राष्ट्रीय आह्वान पर बुधवार को जिला संयुक्त किसान मोर्चा भदोही द्वारा धरना और प्रदर्शन किया गया। किसानों ने विभिन्न समस्याओं और नीतिगत मुद्दों को उठाते हुए 11 सूत्रीय मांग-पत्र राष्ट्रपति के नाम भेजा। धरना स्थल पर मौजूद किसान नेताओं ने कहा कि खेती-किसानी से जुड़े कई अहम मुद्दों पर सरकार का ध्यान आकृष्ट कराना आवश्यक है। किसानों ने जिस मांगों को प्रमुखता दी, उनमें अन्यायपूर्ण भूमि अधिग्रहण रोकने और भूमि अधिग्रहण पुनर्वासन एवं पुनर्व्यवस्थापन अधिनियम 2013 को सख्ती से लागू करने की मांग,मुक्त व्यापार समझौतों को रद्द करने की मांग। स्मार्ट मीटर लगाने पर रोक लगाने की मांग,जंगली जानवरों और छुट्टा पशुओं से फसल सुरक्षा सुनिश्चित करने की मांग, खाद, बीज, यूरिया, कीटनाशक किसानों को सस्ते दाम पर उपलब्ध कराने की मांग,वर्षा से नष्ट हुई धान फसल का 30,000 रूपयर प्रति एकड़ मुआवजा दिए जाने की मांग,जिले की ग्रामीण सड़कों की मरम्मत कराने की माँग, कृषि उपज के समर्थन मूल्य की घोषणा तथा समर्थन मूल्य पर खरीद की गारंटी,मतदाता विशेष गहन पुनरीक्षण में राशन कार्ड व आधार कार्ड को मान्यता देने की मांग, खाद- बीज की दुकानों पर रेट लिस्ट अनिवार्य किए जाने और खरीदार को रसीद उपलब्ध कराने की मांग, श्रमिकों के हित में चारों लेबर कोड रद्द करने की मांग की।किसानों ने कहा कि ये सभी मांगें सीधे तौर पर ग्रामीण जीवन, कृषि सुरक्षा और किसान हितों से जुड़ी हुई हैं। प्रदर्शन के उपरांत किसान मोर्चा के प्रतिनिधियों ने राष्ट्रपति के नाम विस्तृत ज्ञापन भेजकर इन मांगों पर गंभीरता से विचार करने तथा शीघ्र समाधान की अपील की। इस अवसर पर अध्यक्ष इंद्रदेव पाल, जगन्नाथ मौर्य, भूलाल पाल, सुशील श्रीवास्तव, बनारसी सोनकर, ज्वाला प्रसाद, अशोक कुमार गौतम आदि बहुत से लोग मौजूद रहें।

# संविधान दिवस पर विविध कार्यकमों का हुआ आयोजन

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**चुनार मिर्जापुर।** स्वतंत्रता संग्राम सेनानी विश्राम सिंह राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय चुनार में बुधवार को संविधान दिवस के अवसर पर आईक्यूएसी, राजनीति विज्ञान विभाग, समाजशास्त्र एवं राष्ट्रीय सेवा योजना के संयुक्त तत्वावधान में विविध कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारम्भ महाविद्यालय की प्राचार्य प्रोफेसर (डॉ0) माधवी शुक्ला ने माँ सरस्वती के प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्ज्वलन कर किया। अपने सम्बोधन में उन्होंने कहा कि संविधान से सीखकर विद्यार्थी अपने स्वत्त्व को पहचाने तथा अपने मूल्यों को संरक्षित में योगदान दें।विचार गोष्ठी के मुख्य वक्ता डॉ रजनीश ने अटल जी के व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर विस्तार से प्रकाश डाला। आइक्यूएसी प्रभारी डॉ चन्दन साहू, डॉ भास्कर द्विवेदी, डॉ कुसुम लता ने अटल जी की कविताओं का लयबद्ध तरीके से गायन किया। इस अवसर पर डॉ बंकिम चन्द्र चटोपाध्याय द्वारा रचित राष्ट्रीय गीत 'वन्दे मातरम' गीत का सामूहिक गायन किया गया। साथ ही अटल जी की जीवनी पर आधारित डॉक्यूमेंट्री फिल्म अटल यात्रा का प्रदर्शन भी किया गया। कार्यक्रम का संचालन डॉ दीप नारायण एवं धन्यवाद ज्ञापन कार्यक्रम अधिकारी डॉ दीपक कुमार सिंह ने किया। इसी क्रम में वनस्पति विज्ञान के विभाग परिषद् प्रतियोगिता के अंतर्गत स्नातक स्तर पर प्लास्टिक प्रदूषण विषयक निबंध एवं स्नातकोत्तर स्तर पर पर्यावरणीय स्वास्थ्य एवं जैव विविधता विषयक क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में 24 छात्र-छात्राओं ने प्रतिभाग किया। क्विज प्रतियोगिता का मूल्यांकन डॉ विद्या सिंह एवं डॉ शिखा तिवारी,निबंध प्रतियोगिता का मूल्यांकन डॉ चंदन द्विवेदी के द्वारा किया गया।

क्विज प्रतियोगिता में मोनी पटेल ने प्रथम (एम0 ए0 सी0 तृतीय सेमेस्टर) आकांक्षा सिंह (एम0 ए0 सी0 तृतीय सेमेस्टर) व मो0 फरहान अख्तर (एम0 ए0 सी0 प्रथम सेमेस्टर) ने द्वितीय स्थान, प्रियंका भारती (एम0 ए0 सी0 प्रथम सेमेस्टर) ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। निबंध प्रतियोगिता में पायल गुप्ता (बी0 एस0 सी0) प्रथम,आकांक्षा सिंह व दीप्ति (बी0 एस0 सी0)ने द्वितीय एवं शमीम नाज व सुगम्या यादव ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। प्रतियोगिता का संचालन डॉ शिखा तिवारी और डॉ विद्या सिंह के नेतृत्व में हुआ।इस अवसर पर डॉ संकठा सोनकर, डॉ मनोज प्रजापति,डॉ सत्येन्द्र कुमार,डॉ अरविन्द कुमार, डॉ अरुणेश कुमार,डॉ शेफालिका राय, डॉ अवधेश सिंह यादव,डॉ रीता मिश्रा, डॉ चन्दन द्विवेदी, डॉ अमित यादव, डॉ मंजुला शुक्ला, डॉ शिखा तिवारी,डॉ विद्या सिंह, डॉ नलिनी सिंह, डॉ रमेश चंद्र, धर्म चन्द्र,रामानन्द पुजारी, कमलेश शुक्ला, धर्मेन्द्र सिंह, जय प्रकाश सिंह,पारस नाथ सिंह सहित बड़ी संख्या में छात्र- छात्राएं एवं स्वयं सेवक उपस्थित रहे।

# हाई टेंशन तार की चपेट आने से युवक की हुई मौत के बाद डीले तारों के निरिक्षण में जुटी बिजली विभाग की टीम

● दोषी के विरुद्ध विद्युत सुरक्षा विभाग की जांच के बाद होगी कार्यवाही

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**हलिया, मिर्जापुर।** स्थानीय विकास खंड के ग्राम पंचायत मतवार के गहिला मुहल्ला में बीते 18 नवंबर को खेत की जुताई करते समय हाई टेंशन तार की चपेट में आने से 28 वर्षीय फुलेश कोल की मौत हो जाने के बाद बुधवार को ढीले तारों का स्थलीय निरीक्षण करने पहुंचे अवर अभियन्ता रमाशंकर व हलिया फीडर प्रभारी विरेंद्र सिंह परिहार ने मतवार, कुसियरा, नदना, हर्रा, औरा, बरूआ सहित दर्जनों गाँव मुहल्ले में पहुँच कर रिपोर्ट तैयार कर रहे है। बिजली विभाग की टीम ने मृतक परिवार से जानकारी लेते हुए लाइन मैन अशोक शर्मा से पूछताछ किया है। यूवक की मौत के मामले में एसडीओ दिलीप कुमार ने बताया कि विद्युत सुरक्षा निदेशालय को रिपोर्ट भेजा गया है जिसकी जांच विभाग द्वारा टीम गठन होने के बाद दोशी के विरुद्ध कार्यवाही व पीड़ित को सहायोग राशि दिया जाएगा।

## विद्यालय में अध्यनरत छात्राओं को ड्रेस, स्वेटर एवं जूता मौजा का वितरण किया



श्रम विभाग उत्तर प्रदेश भवन एवं अन्य संनिर्माण कर्मकार बोर्ड, के अधीन समाजशास्त्र विभाग लखनऊ विश्वविद्यालय लखनऊ द्वारा संचालित बिहान आवासीय बालिका विद्यालय निर्माण श्रमिक फ़तूपुर भदोही विद्यालय में अध्यनरत छात्राओं को ड्रेस, स्वेटर एवं जूता मौजा का वितरण किया गया।

इस अवसर पर मुख्य अतिथि श्री मनोज शर्मा श्रम प्रवर्तन अधिकारी भदोही तथा विशिष्ट अतिथि के रूप में श्री कुनाल गुप्ताकालीन निर्यातक/प्रमुख समाज सेवी ,भदोही उपस्थित रहे। विद्यालय में उपस्थित 46 छात्राओं को ड्रेस, स्वेटर, जूता, मोजा, का वितरण किया गया। इस अवसर पर सारिका श्रीवास्तव वार्डेन, अर्चना मौर्य, हिंदी शिक्षिका, श्रद्धा रैकवार विज्ञान शिक्षिका, दीपक मौर्य, कार्यक्रम का संचालन इंद्रजीत तिवारी द्वारा किया गया।

# जिला कारागार में लगी लोक अदालत, 8 में से 7 मामलों का हुआ निस्तारण






स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**हमीरपुर** – जनपद न्यायाधीश श्री मनोज कुमार राय के निर्देशानुसार बुधवार के दिन जिला कारागार में जेल लोक अदालत का आयोजन किया गया। जिसमें सिविल जज (सी0डि0), हमीरपुर वन्दना अग्रवाल, सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण महेन्द्र कुमार पाण्डेय, जिला कारागार हमीरपुर, जेल अधीक्षक मंजीव, जेलर आनंद, डिप्टी जेलर देवेन्द्र कुमार दुबे व शिखर उपस्थित रहे। जेल लोक अदालत में कुल 08 मामलें प्रस्तुत हुये। जिसमें से 07 मामलों का निस्तारण कर दिया। 01 बंदी के विरुद्ध कई मामलों में प्रकरण लंबित होने के कारण निस्तारण नहीं किया जा सका। मा0 उत्तर प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, के निर्देशों के अनुपालन में प्रत्येक माह के चौथे बुधवार को आयोजित की जाती है। इस अवसर बन्दी अपने लघु प्रकृति के मामलों का शीघ्र निस्तारण स्वेच्छया जुर्म स्वीकारोक्ति के आधार पर करा सकते है। इसके अलावा कैदियों से मिलकर उनकी समस्याओं के बारे में भी जानकारी की गयी तथा उक्त समस्याओं के निवारण हेतु जेल अधीक्षक, व जेलर को आवश्यक निर्देश दिये गये। सचिव महेन्द्र कुमार पाण्डेय, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, हमीरपुर द्वारा कैदियों को यह भी बताया कि वे जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, हमीरपुर से मुक्त कानूनी सहायता कैसे प्राप्त कर सकते है। सचिव द्वारा बंदियों को बताया कि जिन बंदियों के पास उनकी पैरवी के लिए अधिवक्ता नहीं है, वह जेल अधीक्षक के माध्यम से अपना प्रार्थना पत्र निःशुल्क अधिवक्ता के लिए जिला विधिक सेवा प्राधिकरण को प्रार्थनापत्र प्रेषित कर सकता है। सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, हमीरपुर द्वारा बताया गया कि जिला कारागार का निरीक्षण समय-समय पर किया जायेगा।

# औराई बस स्टैंड पर स्वास्थ्य परीक्षण शिविर आयोजित

● जिलाधिकारी के निर्देश पर चालकों-परिचालकों की हुई व्यापक जांच

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**भदोही।** जिलाधिकारी शैलेष कुमार के निर्देश पर बुधवार को औराई बस स्टैंड परिसर में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र औराई एवं उत्तर प्रदेश राज्य सड़क परिवहन निगम के संयुक्त तत्वावधान में स्वास्थ्य परीक्षण शिविर आयोजित किया गया। शिविर का उद्देश्य परिवहन विभाग से जुड़े चालकों व परिचालकों के स्वास्थ्य की जांच करना और उन्हें स्वास्थ्य के प्रति जागरूक बनाना था।

चिकित्सा अधीक्षक डॉ. कृष्ण चंद्र दूबे की निगरानी में स्वास्थ्य टीम ने रक्तचाप, शुगर, दृष्टि समेत सामान्य स्वास्थ्य जांच की। कार्यक्रम में क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी राम सिंह भी मौजूद रहे। उन्होंने चालकों को नियमित स्वास्थ्य परीक्षण की सलाह दी और कहा कि सुरक्षित परिवहन सेवा के लिए स्वस्थ चालक अनिवार्य है।

जिलाधिकारी ने इस पहल को सराहते हुए सभी विभागों में कार्यरत कर्मचारियों के नियमित स्वास्थ्य परीक्षण के निर्देश दिए हैं, ताकि बीमारी का समय रहते पता चल सके और रोकथाम के उपाय किए जा सकें। शिविर के दौरान डॉ. दूबे ने बताया कि बढ़ते रक्तचाप और मधुमेह जैसी बीमारियों से बचाव के लिए जागरूकता बेहद जरूरी है। यह शिविर जन-स्वास्थ्य सुरक्षा की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

# सूर्या कारपेट हादसा: तीन मजदूरों की मौत की मजिस्ट्रियल जांच शुरु

● 30 नवंबर तक कोई भी व्यक्ति प्रस्तुत कर सकता है बयान या तथ्य

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**भदोही।** औराई स्थित सूर्या कार्पेट प्राइवेट लिमिटेड में 24 नवंबर को वॉशिंग टैंक की सफाई के दौरान हुई दुर्घटना में तीन मजदूरों की मौत और एक के गंभीर रूप से घायल होने के मामले में प्रशासन ने जांच प्रक्रिया तेज कर दी है। जिलाधिकारी द्वारा भेजे गए पत्र के क्रम में उप जिलाधिकारी (न्यायिक) भदोही बरखा सिंह को इस घटनाक्रम की मजिस्ट्रियल जांच सौंपी गई है। उप जिलाधिकारी न्यायिक द्वारा जारी जानकारी के अनुसार 24 नवंबर की सुबह लगभग 10:30 बजे टैंक की सफाई के दौरान शिवम् दुबे (36), रामसूरत यादव (52) और शीतला प्रसाद मिश्र (50) की दम घुटने से मौत हो गई थी। जबकि राजकिशोर तिवारी (50) घायल हो गए, जिनका उपचार सूर्या ट्रामा सेंटर, औराई में चल रहा है। जांच अधिकारी ने बताया कि इस हादसे के कारण, जिम्मेदारियां, सुरक्षा प्रबंधन की स्थिति तथा भविष्य में ऐसी दुर्घटनाओं की रोकथाम के लिए आवश्यक सुझावों को ध्यान में रखकर विस्तृत रिपोर्ट तैयार की जाएगी। उप जिलाधिकारी न्यायिक ने आमजन से अपील की है कि यदि किसी व्यक्ति या समुदाय के पास घटना से संबंधित कोई तथ्य, साक्ष्य या बयान है, तो वह 30 नवंबर 2025 तक किसी भी कार्य दिवस में न्यायालय में प्रस्तुत कर सकता है।जांच रिपोर्ट आने के बाद यह स्पष्ट होगा कि हादसे के वास्तविक कारण क्या थे और किसकी लापरवाही सामने आती है।

## जिलाधिकारी ने विन्ध्याचल पहुंचकर मां विन्ध्यवासिनी देवी मन्दिर के सुरक्षा व्यवस्था का लिया जायजा



**मीरजापुर।** बुधवार को जिलाधिकारी पवन कुमार गंगवार ने विन्ध्यचाल पहुचंकर मां विन्ध्यवासिनी देवी मन्दिर मे भ्रमण कर सुरक्षा व्यवस्था जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान पुरानी वी0आई0पी0 मार्ग, पक्का घाट मार्ग, परिक्रमा पथ, न्यू वी0आई0पी0 मुख्य गेट, कोतवाली मार्ग मुख्य गेट सहित मन्दिर परिसर मे भ्रमण कर सुरक्षा व्यवस्था जायजा लिया तथा उपस्थित पुलिस अधिकारियो से सुरक्षा व्यवस्था के बारे मे विस्तृत जानकारी ली। इस अवसर पर नगर मजिस्ट्रेट अविनाश सिंह, डिप्टी कलेक्टर संजीव यादव उपस्थित रहें।

# बूथों के औचक निरीक्षण के दौरान डीईओ ने मतदाताओं को किया जागरूक

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**भदोही।** जिला निर्वाचन अधिकारी शैलेष कुमार ने बुधवार को विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण अभियान के तहत बुधवार को औराई विकासखंड के कई बूथों पर पहुँचकर अभियान की प्रगति का जायज़ा लिया। डीईओ ने बूथों पर मौजूद बीएलओ, सुपरवाइजर व संबंधित कर्मियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए और मतदाता सूची अद्यतनकरण की प्रक्रिया को तेज व पारदर्शी तरीके से पूर्ण करने पर जोर दिया। निरीक्षण के दौरान डीईओ ने यूपीएस खरगपुर, यूपीएस जाठी, डभका, यूपीएस औरंगाबाद, ग्राम पंचायत सचिवालय औरंगाबाद, प्राथमिक विद्यालय व सचिवालय नटवा महावीर तथा पब्लिक इंटर कॉलेज माधोसिंह का मौके पर पहुँचकर औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने मतदान से जुड़ी महत्वपूर्ण जानकारियां साझा करते हुए मतदाताओं को जागरूक किया, नए मतदाताओं को पंजीकरण कराने के लिए प्रेरित किया तथा बूथ स्तर कर्मियों से घर-घर सर्वेक्षण व गणना प्रपत्रों के शत-प्रतिशत डिजिटाइजेशन को तय समय सीमा में पूरा करने का निर्देश दिया। डीईओ ने कहा कि मतदाता सूची का मजबूत व सटीक होना लोकतंत्र की बुनियाद है। उन्होंने सभी पात्र नागरिकों से अपील की कि वे अपने नाम मतदाता सूची में अवश्य दर्ज कराएं और आगामी चुनाव में अपने मताधिकार का प्रयोग कर लोकतंत्र को मजबूती दें।

# महिला आयोग की जनसुनवाई, 21 शिकायतें दर्ज 17 का मौके पर निस्तारण

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**भदोही।** उत्तर प्रदेश राज्य महिला आयोग की सदस्य नीलम प्रभात की अध्यक्षता में बुधवार को महिला जनसुनवाई कार्यक्रम आयोजित हुआ। कार्यक्रम में जिले के सभी थानाध्यक्ष व अधिकारी शामिल हुए। महिलाओं से जुड़ी समस्याओं घरेलू हिंसा, पारिवारिक विवाद व उत्पीड़न से संबंधित कुल 21 शिकायतें प्राप्त हुईं, जिनमें से 17 का तत्काल निस्तारण कर दिया गया, जबकि शेष 4 को संबंधित अधिकारियों के पास अग्रसारित किया गया। जनसुनवाई में महिला सुरक्षा, त्वरित न्याय, शिकायतों के समयबद्ध निस्तारण के लिए अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए गए।इसके साथ ही मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना की प्रगति भी समीक्षा में रखी गई।जिसमे कोविड प्रभावित 199 बच्चों को लाभ प्रदान किया गया।सामान्य श्रेणी में 1141 बच्चों को आर्थिक सहायता का लाभ मिला। 855 बच्चों को स्पॉन्सरशिप योजना से लाभान्वित किया गया।कार्यक्रम में स्वास्थ्य, पुलिस, चाइल्डलाइन, वन स्टॉप सेंटर व प्रोबेशन विभाग के अधिकारी उपस्थित रहे।

## संक्षिप्त खबरें

### योगदान को संविधान दिवस के आलोक में मनाया गया



**नैनी, प्रयागराज।** हेमवती नंदन बहुगुणा राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय नैनी प्रयागराज में भारत रद्धत्न श्री बिहारी वाजपेई जी के देश के विकास में योगदान को संविधान दिवस के आलोक में मनाया गया द्य इस अवसर पर महाविद्यालय की प्राचार्य प्रोफेसर मंजु लता, आयोजक राजनीति शास्त्र विभाग की विभागाध्यक्ष डॉ हेमलता, ऋषि प्रताप सिंह एवं शश राजेश कुमार तथा संयोजक के तौर पर डॉ जयराम त्रिपाठी एवं डॉक्टर धीरेंद्र सिंह उपस्थित रहे द्य कार्यक्रम का संचालन करते हुए राजनीति विभाग के ऋषि प्रताप सिंह ने भारतीय संविधान के बनने की प्रक्रिया एवं संविधान के मूल उद्देश्यों तथा प्रत्येक नागरिक के मौलिक कर्तव्यों को विशेष रूप से सामने रखा। डॉ हेमलता ने भारत रत्न श्री अटल बिहारी वाजपेई जी के देश के विकास में योगदान को अपने वक्तव्य के द्वारा प्रेषित किया द्य विभाग के राजेश कुमार ने संविधान की प्रस्तावना पढ़ी द्य कार्यक्रम का संयोजन करते हुए डॉ जयराम त्रिपाठी ने भारतीय संविधान के नीति निर्देशक तत्वों के बारे में चर्चा की द्य डॉ धीरेंद्र सिंह ने परम श्रद्धेय भारत रत्न श्री अटल बिहारी वाजपेई जी के संविधान के प्रति प्रेम को दर्शाते हुए उनके योगदान को याद किया द्य प्रो0 ओम प्रकाश जी ने भारत रत्न श्री अटल बिहारी वाजपेई जी के स्वर्णिम चतुर्भुज, परमाणु परीक्षण जैसे नीति निर्धारक कार्यों की चर्चा की। अंत में महाविद्यालय की प्राचार्य प्रो0 मंजुलता ने अटल बिहारी वाजपेई जी को श्रद्धांजलि देते हुए संविधान दिवस के अवसर पर भारत रत्न बाबा साहब अंबेडकर जी को नमन किया एवं संविधान निर्माण में उनके योगदान पर प्रकाश डाला द्य कार्यक्रम में राजनीति शास्त्र, समाजशास्त्र एवं हिंदी विभाग के के छात्र-छात्राओं ने बढ़-चढ़कर प्रतिभाग किया द्य कार्यक्रम में , प्रो0दीपक, प्रो0भास्कर शुक्ला, डॉअमित मिश्रा, डॉ निरुपमा, डॉ प्रिया तिवारी, डॉ संदीप सामंत सिंह आदि ने सहयोग प्रदान किया द्य कार्यक्रम में धन्यवाद ज्ञापन डॉक्टर जयराम त्रिपाठी ने किया।

### अप्पे और विक्रम मे जोरदार भिड़ंत,एक की मौत, तीन घायल



**नैनी,प्रयागराज।** नैनी कोतवाली क्षेत्र के चीनी मिल मोहल्ले के समीप बुधवार की शाम अप्पे और विक्रम की भिड़ंत में एक युवक की मौत हो गई, जबकि तीन लोग घायल हो गए। सूचना पाकर मौके पर पहुंची नैनी पुलिस ने इलाज के लिए घायलों को अस्पताल भिजवाया। प्राप्त जानकारी के अनुसार नैनी थाना क्षेत्र के चीनी मिल मोहल्ले के समीप बुधवार की शाम अप्पे और विक्रम की आमने-सामने से भिड़ंत हो गई, जिससे उस सवार चार लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना से वहां पर अफरा-तफरी मच गई। देखते ही देखते वहां पर आसपास के लोगों की अच्छी खासी भीड़ इकट्ठी हो गई। काफी मशक्कत करने के बाद अप्पे के नीचे दबे लोगों को बाहर निकाला गया। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने घायल सुल्तानपुर के चांदा थाना क्षेत्र बहरिया गांव निवासी जयप्रकाश (30) वर्षीय पुत्र रमेश, मऊआइमा थाना क्षेत्र निवासी विकास मौर्य पुत्र केशव लाल मौर्य, प्रतापगढ़ जिले के अंतू थाना क्षेत्र निवासी राम लखन सरोज पुत्र राम रतन एवं बाघराय थाना क्षेत्र के निवासी शिवम मिश्रा पुत्र ब्रह्मदेव मिश्र को इलाज के लिए स्वरूप रानी अस्पताल भिजवाया, जहां पर इलाज के दौरान जयप्रकाश की मौत हो गई। पुलिस ने उसके शव का पंचनामा भरकर पीएम के लिए भेज दिया। पुलिस ने घटना की जानकारी मृतक के परिजनों को देते हुए दोनों वाहनों को कब्जे में ले लिया है।

### कलयुग में ईश्वर का नाम लेने से मोक्ष प्राप्त होती है-राघवेंद्र जी महराज



**नैनी, प्रयागराज।** अरैल स्थित सच्चा बाबा आश्रम के समीप चल रही सात दिवसीय श्रीमद् भागवत कथा मे राघवेंद्र जी महराज वृंदावन धाम ने कहा की कलयुग में ईश्वर का नाम लेने से मोक्ष प्राप्त होती है यज्ञ करने की जरूरत नहीं पड़ती। मुख्य रूप से जजमान शंकर लाल पांडे, इस अवसर पर शंकर लाल पांडे, दिनकर पांडे, धीरज तिवारी, कुंवर जी तिवारी, अनुज तिवारी, हर्ष पांडे कृष्णानंद, तिवारी, राजकुमार पांडे ,राजकिशोर, आत्म प्रकाश यादव, सौगंध पांडे ,आदि भक्ति मौजूद रहे।

# हिरासत में हिंसा और मौत सिस्टम पर धब्बा', सुप्रीम कोर्ट की सख्त टिप्पणी- देश नहीं करेगा बर्दाश्त

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**ब्यूरो प्रयागराज।** सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को कड़ी टिप्पणी करते हुए कहा कि पुलिस हिरासत में हिंसा और मौतें हमारी व्यवस्था पर एक 'बड़ा दाग' हैं और देश अब इसे किसी भी हालत में बर्दाश्त नहीं करेगा।सुप्रीम कोर्ट ने उन राज्यों /केंद्र शासित प्रदेशों को 3 हफ्ते का समय दिया, जिन्होंने देश भर के पुलिस स्टेशनों में सीसीटीवी कैमरों के काम न करने से जुड़े मामले में अपने कंप्लायंस एफिडेविट फाइल नहीं किए। कोर्ट ने आगे कहा कि डेडलाइन का पालन न करने की स्थिति में मुख्य सचिवों को अगली सुनवाई पर कोर्ट में पेश होना होगा। जस्टिस विक्रम नाथ और जस्टिस संदीप मेहता की बेंच देश भर के पुलिस स्टेशनों में सीसीटीवी कैमरों के काम न करने के मामले में खुद से शुरू किए गए मामले की सुनवाई कर रही थी। दरअसल सुप्रीम कोर्ट एक मामले का स्वतः संज्ञान लेते हुए सुनवाई कर रहा है, जो देशभर के पुलिस थानों में सीसीटीवी के ठीक से न चलने से जुड़ा है। अदालत ने इस दौरान राजस्थान में आठ महीनों में 11 हिरासत मौतों पर गहरी चिंता जताई। दो जजों की बेंच न्यायमूर्ति विक्रम नाथ और संदीप मेहता ने मामले में कहा, 'देश अब ऐसी घटनाओं को बर्दाश्त नहीं करेगा। यह सिस्टम पर धब्बा है। हिरासत में मौतें नहीं हो सकतीं।' वहीं सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने कहा कि हिरासत में मौत को कोई भी व्यक्ति सही नहीं ठहरा सकता। लेकिन कोर्ट इस बात से नाराज हुआ कि केंद्र सरकार ने अब तक अपना अनुपालन रिपोर्ट दाखिल नहीं किया है। अदालत ने इस पर तीखा सवाल किया और पूछा 'केंद्र सरकार इस अदालत को हल्के में क्यों ले रही है?' इसके बाद केंद्र ने तीन हफ्ते के भीतर हलफनामा देने का वादा किया। इस मामले में एमिक्स क्यूरी सीनियर एडवोकेट सिद्धार्थ दवे ने मंगलवार को बेंच को बताया कि सिर्फ़ 11 राज्यों ने उन सवालों का जवाब दिया, जो बेंच ने 14 अक्टूबर के अपने आदेश में उठाए थे। उन्होंने आगे कहा कि केंद्र ने अभी तक एनआईए जैसी केंद्रीय जांच एजेंसियों के संबंध में अपना कंप्लायंस एफिडेविट फाइल नहीं किया। केंद्र सरकार की तरफ से पेश एसजी तुषार मेहता ने रिक्वेस्ट की कि कंप्लायंस फाइल करने के लिए 3 हफ़्ते का समय दिया जाए। इस पर विचार करते हुए बेंच ने यह निर्देश दिया: एसजी का कहना है कि कंप्लायंस फाइल करने के लिए 3 हफ़्ते का समय दिया जाए। हम बाकी राज्यों को अपना कंप्लायंस एफिडेविट फाइल करने के लिए 3 हफ़्ते का समय देते हैं। कोर्ट ने आदेश दिया, 'इन मामलों को 16 दिसंबर, 2025 को फिर से लिस्ट करें। अगर उस तारीख तक बाकी राज्यों /केंद्र शासित प्रदेशों, जिन्होंने अब तक अपना एफिडेविट फाइल नहीं किया, कंप्लायंस एफिडेविट फाइल नहीं करते हैं तो संबंधित राज्य एजेंसियों के प्रिंसिपल सेक्रेटरी और डायरेक्टर पिछले ऑर्डर और आज के ऑर्डर का पालन न करने के अपने एक्सप्लेनेशन के साथ इस कोर्ट के सामने पेश होंगे। 'सुप्रीम कोर्ट ने 2018 और 2020 में आदेश दिया था कि, सभी पुलिस थानों, सीबीआई, ईडी, एनआईए जैसी केंद्रीय एजेंसियों के दफ्तरों में फुल कवरेज वाले सीसीटीवी कैमरे और रिकॉर्डिंग सिस्टम लगाएं। लेकिन कोर्ट को बताया गया कि, केवल 11 राज्यों ने ही अब तक अपनी रिपोर्ट दाखिल की है। कई राज्य और केंद्र के कई विभागों ने अब तक कोई जानकारी नहीं दी। तीन केंद्रीय एजेंसियों में सीसीटीवी लग चुके हैं, लेकिन बाकी अभी भी पीछे हैं। वहीं शीर्ष कोर्ट ने कहा कि मध्य प्रदेश ने बेहद अच्छा काम किया है, हर पुलिस स्टेशन और चौकी को डिस्ट्रिक्ट कंट्रोल रूम से लाइव जोड़ा गया है। इसे बेंच ने काबिल-ए-तारीफ बताया। मामले की सुनवाई के दौरान बातचीत में अमेरिका के मॉडल का जिक्र आया, वहां सीसीटीवी की लाइव स्ट्रीमिंग भी होती है और कुछ निजी जेलें भी हैं। सॉलिसिटर जनरल ने कोर्ट को बताया कि कुछ समय पहले एक सुझाव आया था कि सीएसआर फंड से प्राइवेट जेल बनाई जाएं। इस पर कोर्ट ने कहा कि वह पहले से ही ओपन एयर प्रिजन मॉडल पर एक केस देख रहा है, जो भीड़भाड़ की समस्या, जेलों में हिंसा जैसे मुद्दों को कम कर सकता है। कोर्ट ने आदेश दिया, जो राज्य और केंद्र शासित प्रदेश अभी तक रिपोर्ट नहीं दे पाए हैं, उन्हें तीन हफ्तों में हर हाल में अपनी जानकारी देनी होगी। अगर रिपोर्ट नहीं दी गई, तो उन राज्यों/केंद्र शासित प्रदेशों के गृह विभाग के प्रमुख सचिव को कोर्ट में पेश होना पड़ेगा। केंद्र से कोर्ट ने कहा कि यदि केंद्रीय एजेंसियों ने पालन नहीं किया तो उनके निदेशक को बुलाया जाएगा। कोर्ट ने पूरे मामले को 16 दिसंबर के लिए सूचीबद्ध किया है। तब तक सभी राज्यों, केंद्रशासित प्रदेशों और केंद्र को अपनी-अपनी रिपोर्ट हर हाल में जमा करनी होगी।

# निजी विश्वविद्यालयों की कार्यप्रणाली की व्यापक जांच करेगा सुप्रीम कोर्ट

● केंद्र-राज्यों और यूजीसी से मांगा जवाब

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**ब्यूरो प्रयागराज।** दिल्ली धमाके के बाद फरीदाबाद के अल फलाह विश्वविद्यालय की विश्वसनीयता को लेकर उठे सवालों के बीच सुप्रीम कोर्ट ने देश में तेजी से बढ़ रहे निजी व डीम्ड विश्वविद्यालयों की कार्यप्रणाली, नियमन और उनके संचालन ढांचे की व्यापक जांच करने का निर्णय लिया है। कोर्ट ने केंद्र सरकार, सभी राज्य सरकारों तथा विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (यूजीसी) से कई अहम बिंदुओं पर विस्तृत तथा शपथपत्र के रूप में जानकारी मांगी है। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि कोई भी तथ्य छिपाया या तोड़ा-मरोड़ा नहीं जाना चाहिए। कोर्ट ने यूजीसी को निजी विश्वविद्यालयों के संदर्भ में कानूनी कर्तव्यों, नियामक शक्तियों, निगरानी तंत्र तथा अनुपालन सुनिश्चित करने की वास्तविक व्यवस्था का खुलासा करने के लिए कहा है। जस्टिस अहसानुद्दीन अमानुल्लाह व जस्टिस एनवी अंजारिया की पीठ ने एक मामले की सुनवाई के दौरान यह आदेश दिया। पीठ ने स्पष्ट किया कि यूजीसी को यह भी बताना होगा कि निजी विश्वविद्यालयों में छात्र प्रवेश नीति, शिक्षकों की नियुक्ति प्रक्रिया, नियामक जांच और सरकार से मिली रियायतों का पालन कैसे सुनिश्चित किया जाता है। पीठ ने विशेष रूप से पूछा है कि क्या ये विश्वविद्यालय वास्तव में गैर लाभकारी मॉडल पर चल रहे हैं? सरकार कैसे सुनिश्चित करती है कि संस्थानों की आय का उपयोग संस्थान के बाहर, जैसे संस्थापकों या उनके परिवारों के लाभ के लिए नहीं किया जा रहा है? साथ ही, वहां छात्रों व कर्मियों के लिए शिकायत निवारण तंत्र प्रभावी है या नहीं? यह मामला एक छात्रा की ओर से एमिटी यूनिवर्सिटी को उसका नाम परिवर्तन स्वीकार करने के निर्देश देने की याचिका से शुरू हुआ था, पर अदालत ने इसे जनहित मुद्दा मानते हुए इसे सार्वजनिक हित याचिका में बदल दिया। पीठ ने केंद्र व राज्यों से पूछा कि देश में निजी, गैर-सरकारी या डीम्ड विश्वविद्यालय किस पृष्ठभूमि और किन कानूनी प्रावधानों के आधार पर स्थापित हुए। यह भी पूछा कि सरकार ने उन्हें भूमि आवंटन व अन्य सहूलियतों जैसे कौन-कौन से लाभ दिए। इन संस्थानों को चलाने वाले ट्रस्ट या संगठनों के मेमोरेंडम, उप-नियम, मकसद तथा शीर्ष निर्णय लेने वाली संस्थाएं गवर्निंग बोर्ड, प्रबंधन समिति कैसे चयनित होती हैं और उनकी संरचना क्या है। क्या शिक्षकों व कर्मचारियों को कानूनन निर्धारित न्यूनतम वेतन मिल रहा है? पीठ ने निर्देश दिया कि केंद्र सरकार के कैबिनेट सचिव और सभी राज्यों के मुख्य सचिव खुद जानकारी जुटाकर व्यक्तिगत रूप से शपथ-पत्र के साथ दाखिल करेंगे। यूजीसी अध्यक्ष को भी ऐसा ही हलफनामा देना होगा।

# राहुल गांधी बोले- संविधान किताब नहीं, हर नागरिक से किया वादा, संविधान सुरक्षित तो अधिकार भी सुरक्षित

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता




**ब्यूरो प्रयागराज।** लोकसभ में नेता प्रतिपक्ष और कांग्रेस के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष राहुल गांधी ने कहा कि वह संविधान पर होने वाले हर प्रहार के सामने सबसे पहले खड़े रहेंगे। संविधान दिवस के मौके पर राहुल गांधी ने 'एक्स' पर पोस्ट किया, 'भारत का संविधान सिर्फ एक किताब नहीं, यह देश के हर नागरिक से किया गया एक पवित्र वादा है। वादा यह कि चाहे कोई किसी भी धर्म या जाति का हो, किसी भी क्षेत्र से आता हो, कोई भी भाषा बोलता हो, गरीब हो या अमीर, उसे समानता, सम्मान और न्याय मिलेगा। 'उन्होंने कहा कि संविधान गरीबों और वंचितों का सुरक्षा कवच है, उनकी शक्ति है और हर एक नागरिक की आवाज है। लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष ने इस बात पर जोर दिया कि जब तक संविधान सुरक्षित है, हर भारतीय के अधिकार सुरक्षित हैं। राहुल गांधी ने कहा, 'आइए, हम प्रण लें कि हम संविधान पर किसी भी तरह का आक्रमण नहीं होने देंगे। इसकी रक्षा करना मेरा कर्तव्य है और इस पर होने वाले हर प्रहार के सामने सबसे पहले खड़ा रहूंगा। 'उन्होंने कहा, 'आप सभी को संविधान दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं। जय हिंद, जय संविधान। 'कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने 'एक्स' पर पोस्ट किया, '26 नवंबर 1949, शनिवार को संविधान सभा की बैठक सुबह 10 बजे डॉ. राजेंद्र प्रसाद की अध्यक्षता में शुरू हुई। भारतीय संविधान के मसौदे को अंगीकार करने के प्रस्ताव पर औपचारिक मतदान होने से पहले-जिसे डॉ. आंबेडकर ने ठीक एक दिन पहले प्रस्तुत किया था - डॉ. राजेंद्र प्रसाद ने संविधान सभा को संबोधित किया। 'कांग्रेस नेता ने राजेंद्र प्रसाद और भारत के तत्कालीन गवर्नर-जनरल सी. राजगोपालाचारी के भाषणों का उल्लेख किया।उन्होंने दावा किया, 'यह सब भारत के संविधान निर्माण के इतिहास का हिस्सा है, जिसमें आरएसएस की कोई भूमिका नहीं थी। वास्तव में, संविधान अपनाए जाने के बाद आरएसएस की भूमिका संविधान पर हमला करने और उसे कमजोर करने की रही है। उसी भूमिका को आगे बढ़ाते हुए वर्तमान प्रधानमंत्री और गृह मंत्री भी सुनियोजित तरीके से संविधान के सिद्धांतों, प्रावधानों और प्रक्रियाओं को कमजोर कर रहे हैं।'' संविधान दिवस पर कांग्रेस पार्टी ने आरोप लगाया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और गृह मंत्री अमित शाह राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) की भूमिका को आगे बढ़ाते हुए सुनियोजित तरीके से संविधान के सिद्धांतों, प्रावधानों और प्रक्रियाओं को कमजोर कर रहे हैं।

# संदेसरा ब्रदर्स केस: 5100 करोड़ जमा करने की शर्त पर SC ने रद्द किए सभी मुक़दमे

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**ब्यूरो प्रयागराज।** सुप्रीम कोर्ट ने संदेसरा ब्रदर्स के स्टर्लिंग। ग्रुप से जुड़े बहुचर्चित 14000 करोड़ रुपये से अधिक के बैंक कर्ज धोखाधड़ी मामले में बड़ा फ़ैसला सुनाया है। कोर्ट ने दो आरोपियों हेमंत एस. हाथी और चेतन जयंतीलाल संदेसरा के खिलाफ चल रहे सभी आपराधिक और दीवानी मुकदमे 17 दिसंबर 2025 तक 5100 करोड़ रुपये बैंकों को जमा करने की शर्त पर रद्द कर दिए। जस्टिस जे.के. माहेश्वरी और न्यायमूर्ति विजय बिश्नोई की पीठ ने साफ़ किया कि यह फ़ैसला केवल इस मामले की 'अत्यंत विशेष परिस्थितियों' में सार्वजनिक धन की रक्षा करने के उद्देश्य से दिया गया है और इसे किसी भी अन्य मामले में मिसाल के रूप में नहीं लिया जा सकता है। लाइव लॉ की रिपोर्ट के अनुसार कोर्ट ने अपने आदेश में कहा, 'शुरू से ही इस कोर्ट का विचार था कि यदि याचिकाकर्ता वन-टाइम सेटलमेंट के अनुसार पूरी राशि जमा करने को तैयार हैं और बैंकों का सार्वजनिक पैसा वापस आ जाता है तो आपराधिक कार्यवाही जारी रखने से कोई उपयोगी उद्देश्य पूरा नहीं होगा। इस मामले की विशेषता यह है कि इसका मक़सद धोखे से निकाले गए पैसे को वापस लाना और सार्वजनिक हित की रक्षा करना है। इन परिस्थितियों में हम विवेक का प्रयोग करते हुए सभी मुकदमे रद्द करने का आदेश दे रहे हैं।'स्टर्लिंग ग्रुप के प्रमोटर भाई नितिन संदेसरा और चेतन संदेसरा (दोनों फरार आर्थिक अपराधी घोषित) पर आरोप है कि उन्होंने फर्जी दस्तावेजों के ज़रिए 17 बैंकों से 14000 करोड़ रुपये से अधिक का कर्ज लिया और उसे भारत तथा विदेशों में सैकड़ों शेल कंपनियों के ज़रिए डायवर्ट कर दिया। इस मामले में सीबीआई, ईडी, एसएफ़आईओ और आयकर विभाग ने अलग-अलग जाँच की थी।

**आरोपियों पर लगी धाराएँ**

भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम की धारा 13(2) और 13(1)(d),IPC की धारा 120-B (आपराधिक षड्यंत्र), 420 (धोखाधड़ी), 467, 468, 471 (जालसाजी),PMLA की धारा 3 (मनी लॉन्ड्रिंग),फ्यूजिटिव इकोनॉमिक ऑफेंडर्स एक्ट,ब्लैक मनी एक्ट और कंपनीज एक्ट



की धारा 447 (कंपनी फ्रॉड) इनके अलावा संपत्तियों की कुर्की, जब्ती और फ्रीजिंग के आदेश भी जारी थे। शीर्ष अदालत ने अपने अंतिम आदेश में कहा कि याचिकाकर्ता 17 दिसंबर 2025 तक 5100 करोड़ रुपये सुप्रीम कोर्ट की रजिस्ट्री में जमा करेंगे। यह किश्तों में भी जमा किया जा सकता है। यह राशि शॉर्ट-टर्म ब्याज वाली फिक्स्ड डिपॉजिट में रखी जाएगी। रजिस्ट्रार हर लेंडर बैंक का हिस्सा तय करके राशि वितरित करेगा। इसने कहा है कि राशि जमा होते ही सभी एफ़आईआर, चार्जशीट, ईसीआईआर, कुर्की आदेश, फ्यूजिटिव इकोनॉमिक ऑफेंडर्स एक्ट की कार्यवाही और कंपनीज एक्ट-ब्लैक मनी एक्ट के केस अपने आप रद्द हो जाएंगे।

# अगर केस बनता है तो हम चुनाव आयोग को ड्राफ्ट रोल्स के पब्लिकेशन की तारीख बढ़ाने का निर्देश दे सकते हैं

● एसआईआर के खिलाफ याचिकाओं पर सुप्रीम कोर्ट।

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**ब्यूरो प्रयागराज।** पश्चिम बंगाल और तमिलनाडु में मतदाता सूची के विशेष गहन संशोधन को चुनौती देने वाली याचिकाओं पर सुनवाई करते हुए, सुप्रीम कोर्ट ने बुधवार (26 नवंबर) को मौखिक रूप से टिप्पणी की कि यदि आवश्यक पाया जाता है तो वह मसौदा मतदाता सूची के प्रकाशन की समय सीमा बढ़ा सकता है। भारत के मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत ने यह मौखिक टिप्पणी तब की जब पश्चिम बंगाल मामले में उपस्थित पक्षों ने अदालत द्वारा मामले को 9 दिसंबर तक स्थगित करने पर चिंता जताई, जो एसआईआर अनुसूची के अनुसार मसौदा रोल के प्रकाशन की तारीख है। सीजेआई कांत ने कहा, 'तो क्या? अगर आप कोई केस बनाते हैं, तो हम उन्हें तारीख बढ़ाने का निर्देश दे सकते हैं। क्या वह तारीख कोर्ट के लिए यह कहने का आधार हो सकती है कि अब हमारे पास कोई शक्ति नहीं है? कोर्ट हमेशा कह सकता है,' सीजेआई कांत ने कहा। बेंच में जस्टिस जॉयमाल्या बागची भी शामिल थे, ने भारत के चुनाव आयोग से तमिलनाडु और पश्चिम बंगाल से संबंधित याचिकाओं पर अपना जवाबी हलफनामा दाखिल करने को कहा। जबकि तमिलनाडु के मामले 4 दिसंबर को पोस्ट किए गए हैं, श्चिम बंगाल के मामले। कोर्ट ने केरल एसआईआर को स्थगित करने की मांग वाली याचिकाओं को भी 2 दिसंबर तक पोस्ट कर दिया। केरल में वोटर लिस्ट के स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन को टालने की अपील का विरोध करते हुए, इलेक्शन कमीशन ऑफ़ इंडिया ने सुप्रीम कोर्ट को बताया कि 99% वोटर्स को एन्यूमरेशन फॉर्म दिए जा चुके हैं, और 50% फॉर्म डिजिटाइज़ कर दिए गए हैं। चुनाव आयोग की ओर से सीनियर एडवोकेट राकेश द्विवेदी ने चीफ जस्टिस ऑफ़ इंडिया सूर्यकांत और जस्टिस जॉयमाल्या बागची की बेंच को बताया कि लोकल बॉडी चुनाव प्रोसेस की वजह से स्ढ्ढक्र को टालने की कोई ज़रूरत नहीं है, और कहा कि चुनाव आयोग स्टेट इलेक्शन कमीशन के साथ कोऑर्डिनेशन में काम कर रहा है। द्विवेदी ने कहा, 'स्टेट इलेक्शन कमीशन और इलेक्शन कमीशन ऑफ़ इंडिया एक-दूसरे के साथ मिलकर काम कर रहे हैं। अलग-अलग ज़िलों के अधिकारियों के साथ एक मीटिंग हुई थी। कोई दिक्कत नहीं है; हमें बस क्चरुह्र के एक छोटे से ग्रुप की ज़रूरत है। कमीशन को कोई मुश्किल नहीं हो रही है। स्थ्रष्ट ने भी कहा कि हमारे काम में कोई रुकावट नहीं आ रही है। 'सीजेआई कांत ने जवाब दिया, 'आप बस एडमिनिस्ट्रेटिव तौर पर जांच कर सकते हैं; आखिर में, आप ही अधिकारियों का ग्रुप हैं।' द्विवेदी ने साफ़ किया, 'नहीं। (SIR और लोकल बॉडी चुनावों के लिए) अलग-अलग लोगों को अलॉट किया जाता है। हमने SEC से यह भी कहा है कि अगर हमें अलॉट किए गए लोगों में से किसी को लेना ज़रूरी है, तो आप ऐसा करें। 'सीजेआई कांत ने कहा, 'यह बस कुछ ही दिनों की बात है।' द्विवेदी ने जवाब दिया, 'वैसे भी, यह लगभग खत्म हो चुका है। 99% वोटर्स को फॉर्म बांट दिए गए हैं। 50% से ज़्यादा डिजिटाइज़ हो चुके हैं। इसलिए स्टेट इलेक्शन कमीशन और सेंट्रल इलेक्शन कमीशन के लेवल पर कोई मुश्किल नहीं है। 'बेंच ने चुनाव आयोग से अगले सोमवार (1 दिसंबर) तक केरल में एसआईआर प्रोसेस के बारे में स्टेटस रिपोर्ट फाइल करने को कहा। मामला अगली बार 2 दिसंबर को पोस्ट किया जाएगा। बेंच ने द्विवेदी की रिक्वेस्ट के मुताबिक SEC का एफिडेविट भी मांगा है। जब बेंच ने शुरू में मामले को 9 दिसंबर को पोस्ट करने का प्रपोज़ल दिया, तो सीनियर एडवोकेट कपिल सिब्बल (केरल के लिए) और सीनियर एडवोकेट रंजीत कुमार (CPI(M) सेक्रेटरी गोविंदन मास्टर के लिए) ने पहले



पोस्ट करने की रिक्वेस्ट की, यह बताते हुए कि लोकल इलेक्शन 9 दिसंबर को होने हैं। सिब्बल और कुमार ने कहा कि वे चुनाव आयोग के काउंटर-एफिडेविट पर कोई जवाब फाइल नहीं करना चाहते और अर्जेंट हियरिंग की मांग की। बेंच केरल सरकार और कुछ पॉलिटिकल पार्टियों की उन पिटीशन पर सुनवाई कर रही थी, जिनमें लोकल बॉडी इलेक्शन के मद्देनजर एसआईआर को टालने की मांग की गई थी। ये इलेक्शन 9 और 11 दिसंबर को होने वाले हैं। एसआईआर शेड्यूल के मुताबिक, गिनती के फॉर्म 4 दिसंबर तक जमा करने होंगे और ड्राफ्ट रोल 9 दिसंबर को पब्लिश किए जाएंगे। राज्य ने दलील दी कि लोकल बॉडी इलेक्शन के साथ-साथ SIR करने से एडमिनिस्ट्रेटिव मुश्किलें आईं। राज्य ने शुरू में एसआईआर को टालने के लिए हाई कोर्ट का दरवाजा खटखटाया था; हालांकि, केरल हाई कोर्ट ने दखल देने से मना कर दिया और राज्य से सुप्रीम कोर्ट जाने को कहा।

# गरीबों के बैंक खातों का दुरुपयोग हुआ उजागर,इंडिया पोस्ट पेमेंट बैंककर्मी सहित 7 लोगों पर मुकदमा



स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**प्रयागराज।** कौंधियारा थाना क्षेत्र के गिद्धौर गांव में गरीबों के बैंक खातों के दुरुपयोग का एक बड़ा रैकेट उजागर हुआ है स्थानीय युवक और इंडिया पोस्ट पेमेंट्स बैंक के कर्मचारी मिलकर ग्रामीण खास कर महिलाओं को पहले फैसला कर करछना स्थित बैंक में खाते खुलवाते थे इन खातों का उपयोग अंतरराष्ट्रीय हवाला और संदिग्ध फंडिंग के लिए किया जा रहा था जांच में सामने आया है की खाता खुलवाने के बाद आरोपी पासबुक एटीएम कार्ड और सिम कार्ड अपने कब्जे में रख लेते थे इन खातों से करोड़ों रुपए का लेनदेन कर धन बाहर भेजा जाता था जब खाते चीज हो जाते थे तो पीड़ितों को मात्र 24000 रुपए देकर चुप कर दिया जाता था ग्रामीणों का या आप है की पासबुक मांगने पर उन्हें धमकाया जाता था करछना स्थित इंडिया पोस्ट पेमेंट्स बैंक के कर्मचारी सर्विस पांडे की भूमिका सबसे संबंधित पाई गई है सर्वेश के माध्यम से ही खातों को खोला गया और दस्तावेजों में हेयर फेल की गई प्रारंभिक साक्ष और पीड़ितों के बयानों के आधार पर कौंधियारा पुलिस ने सर्वेश पांडेय निवासी धरवारा सहित आलोक शुक्ल, राज मिश्रा, तुषार मिश्रा, उदित पाण्डेय उर्फ कान्हा, राकेश विश्वकर्मा और विपिन मिश्रा के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया है। कुल मिलाकर 7 आरोपियों पर कार्रवाई की जा रही है।

मामले की संवेदनशीलता को देखते हुए कई पीड़ित महिलाएं डीपी यमुनानगर विवेक चंद्र यादव के पास पहुंची डीसीपी ने तुरंत एसीपी कौड़ियारा को मामले को संज्ञान में लेते हुए जांच तेज करने और दोषियों को कठोर दंड दिलाने का निर्देश दिया एक दर्जन से अधिक महिलाएं एसीपी कार्यालय भी पहुंची और बताया कि उनके पासबुक और एटीएम को मीना से आरोपियों ने अपने पास रख लिया था जिसे मांगने पर धमकी भी दी जाती थी कौड़ियारा पुलिस ने एक सप्ताह पहले करछना स्थित इंडिया पोस्ट पेमेंट्स बैंक से सभी खाताधारकों के बैंक स्टेटमेंट मांगे गए थे। बैंककर्मियों ने तीन दिनों में दस्तावेज देने का आश्वासन दिया था, लेकिन एक सप्ताह बीत जाने के बावजूद अभी तक दस्तावेज पेश नहीं किया गया है।

## संविधान दिवस पर स्कूली बच्चों को दिलाई गई शपथ

**उसका बाजार।** संविधान दिवस पर बुधवार को उसका बाजार कस्बा के किसान इंटर कालेज उसका बाजार पर बच्चों को संविधान के प्रति जागरूक किया गया और प्रधानाचार्य संजय कुमार गुप्ता ने इससे संबंधी शपथ दिलाई । इस अवसर पर प्रधानाचार्य ने कहा की भारत का संविधान अपनाने के उपलक्ष्य में हमारे देश में हर साल 26 नवंबर को संविधान दिवस को मनाया जाता है। भारत की संविधान सभा ने 26 नवंबर 1949 को भारत के संविधान को अपनाया था, जो 26 जनवरी 1950 से लागू हुआ। इस मौके पर अशोक यादव, डा सतेंद्र मिश्र, सुनील पाण्डेय, अंब्रीश मिश्र, केके पाठक, सर्वेश उपाध्याय,राजेश यादव, , राम दरस यादव, राघवेंद्र सिंह, अविनाश वर्मा, आरएम पूजन वर्मा आदि रहे।



## संक्षिप्त खबरें

### श्रीदस इंटरनेशनल स्कूल में धूमधाम से मनाया गया राष्ट्रीय संविधान दिवस



**नागरिकों को अधिकारों के साथ कर्तव्यों का बोध कराता है हमारा संविधान : राकेश कुमार**

**बरही, हजारीबाग, झारखंडः-** देवचंदा मोड़ स्थित श्रीदस इंटरनेशनल स्कूल में बुधवार को राष्ट्रीय संविधान दिवस बड़े उत्साह और गरिमा के साथ मनाया गया। सुबह की मॉर्निंग असेंबली के दौरान विद्यार्थियों, शिक्षकों तथा सभी गैर-शैक्षणिक कर्मचारियों को संविधान की शपथ दिलाई गई। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए स्कूल के मैनेजर राकेश कुमार ने कहा कि हमारा संविधान न केवल नागरिकों को मौलिक अधिकार प्रदान करता है, बल्कि कर्तव्यों का बोध कराते हुए राष्ट्र निर्माण की दिशा में सक्रिय भूमिका निभाने के लिए प्रेरित भी करता है। उन्होंने संविधान निर्माण और उसकी विशेषताओं पर विस्तार से प्रकाश डाला। इसके बाद छात्रों द्वारा संविधान विषयक सेमिनार आयोजित किया गया, जिसमें बच्चों ने संविधान निर्माण, अधिकारों, कर्तव्यों तथा लोकतांत्रिक मूल्यों पर अपने विचार प्रस्तुत किए। कार्यक्रम के तहत पोस्टर प्रतियोगिता और निबंध लेखन प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया, जिसमें छात्रों ने उत्साहपूर्वक हिस्सा लिया। कार्यक्रम को सफल बनाने में स्कूल की एक्टिविटी इंचार्ज शुभा पांडेय, अमरजीत कुमार सहित सभी शिक्षक एवं विद्यालय कर्मियों की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

### चौपारण प्रखंड के बसरीया पंचायत में लगा आपकी योजना आपके द्वार कार्यक्रम का शिविर



**चौपारण हजारीबाग झारखंडः-** चौपारण प्रखंड के चैथी, बसरिया और बेलाही में बीते बुधवार को प्रशासनिक गतिविधियों से गुलज़ार रहे। आपकी योजना, आपकी सरकार, आपके द्वार अभियान के तहत लगे शिविरों में अधिकारियों ने ग्रामीणों से सीधा संवाद कर उनकी समस्याओं को समझा और मौके पर ही कई मामलों का निपटारा कर भरोसे को मजबूती दी। चैथी पंचायत में एलआरडीसी अजय भगत, बीडीओ नितेश भास्कर, मुखिया गुलाबी यादव एवं पंचायत समिति सदस्य नरेश पांडेय ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर शिविर का शुभारंभ किया। वहीं बसरिया में सीओ संजय यादव वउ मुखिया मंजू देवी, और बेलाही में एलआरडीसी अजय भगत, सीओ संजय यादव, बीडीओ नितेश भास्कर, मुखिया मंटू सिंह तथा पंचायत समिति सदस्य विकास कुमार रजक की उपस्थिति ने शिविर को और प्रभावी बनाया। दिनभर चले शिविर में संविधान की प्रस्तावना का भी सामूहिक पाठ पढ़ा गया। मौके पर जमीन-पर्चा संबंधित विवादों, सामाजिक सुरक्षा पेंशन, मनरेगा जॉब कार्ड, आवास योजना, राशन कार्ड समेत कई योजनाओं से जुड़े आवेदन लिए गए। कई लाभुकों के बीच परिसम्पत्तियों का भी वितरण किया गया। अधिकारियों ने मौके पर ही दस्तावेज़ों की जांच कर त्वरित समाधान की दिशा में महत्वपूर्ण पहल की। अधिकारियों ने स्पष्ट कहा कि योजनाओं का लाभ पात्र लोगों तक बिना देरी पहुँचे, यही इस अभियान की सफलता है। ग्रामीणों और प्रशासन के बीच सीधे संवाद का यह प्रयास विकास को जमीनी स्तर पर मजबूती देने की दिशा में एक सार्थक कदम साबित हो रहा है।

### डकैतों के मददगार को सजा

**चित्रकूटः** दस्यु संरक्षण के मामले में दोष सिद्ध होने पर न्यायालय ने आरोपी को तीन वर्ष कारावास की सजा सुनाई है। साथ ही 10,000 रुपये अर्थदण्ड से दण्डित किया है। अपर जिला शासकीय अधिवक्ता गोपाल दास ने बताया कि वर्ष 2012 में तत्कालीन कर्वी कोतवाली प्रभारी निरीक्षक अजीत कुमार सिंह ने बरमपुर गांव के निवासी भोला पटेल को गिरफ्तार किया था। आरोपी को सुरेश गैंग को खाद्य सामग्री देने जाते समय पकड़ा गया था। जिसमें पुलिस ने गैंग को शरण देने के मामले की रिपोर्ट दर्ज करते हुए न्यायालय में आरोप पत्र दाखिल किया था। बचाव और अभियोजन पक्ष के अधिवक्ताओं की दलीलें सुनने के बाद त्वरित न्यायालय के अपर सत्र न्यायाधीश नीरज कुमार श्रीवास्तव ने निर्णय सुनाया। जिसमें दोष सिद्ध होने पर आरोपी भोला पटेल को तीन वर्ष के कारावास के साथ 10,000 रुपये के अर्थदण्ड से दण्डित किया गया।

# चंदवा में पहली बार 30 मंदिरों में एक साथ दीप प्रज्वलित, युवा भारत की पहल से रोशन हुआ कस्बा

**● कई मंदिरों में हुई जमकर आतिशबाजी, लोगों ने बांटी मिठाई**

**हनुमान चालीसा का साथ हुआ कार्यक्रम का हुआ समापन, बुजुर्गों ने कहा एक सपना साकार हुआ**




**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**

**चंदवा, झारखंडः-** अयोध्या में मंगलवार को हुए श्रीराम मंदिर ध्वजारोहण कार्यक्रम का व्यापक असर चंदवा में भी देखने को मिला। इसी क्रम में युवा भारत चंदवा की ओर से कस्बे के 30 विभिन्न मंदिरों में शाम ठीक 6 बजे एक साथ दीप प्रज्वलित किए गए, जिसने पूरे क्षेत्र में उत्सव जैसा माहौल बना दिया। पहली बार आयोजित इस सामूहिक दीपोत्सव में लोगों की बड़ी भागीदारी दिखी और कई जगह आतिशबाज़ी ने भी माहौल को रोशन कर दिया। सुभाष चौक स्थित शनि देव महाराज मंदिर में सैकड़ो लोगों ने एक साथ हनुमान चालीसा की। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में वृद्ध बुजुर्ग भी आए, जिन्होंने कहा कि हमारा सपना साकार हो गया। युवाओं ने एक अच्छी पहल की की इस कार्यक्रम के माध्यम से सभी को जोड़ने का काम किया।

**थाना टोली मंदिर में आकर्षक रंगोली, युवाओं ने दिखाई रचनात्मकता**

थाना टोली के शिव मंदिर में कार्यक्रम की विशेष चमक देखने को मिली, जहाँ युवा भारत के अंकित कुमार गोलू और योगेश उपाध्याय के नेतृत्व में रंगोली बनाई गई। रंगोली निर्माण में अनिकेत भास्कर, आरव उपाध्याय, कृष गुप्ता, ऋषभ सिंह, आदर्श उपाध्याय, प्रगति, विभोर कुमार, परी, आकृति और सिमरन ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

मंदिर परिसर में दीयों की कतार और रंग-बिरंगी आकृतियों ने श्रद्धालुओं को आकर्षित किया।

**युवा भारत का यह अभियान केवल कस्बे तक सीमित नहीं रहा**

सुदूरवर्ती चकला और बोरसीदाग में भी दुर्गा ठाकुर और सकिंद्र लोहार के सहयोग से दीप प्रज्वलन कार्यक्रम सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। अन्नपूर्णा बीज भंडार के अंकित कुमार द्वारा प्रसाद की व्यवस्था की गई, जबकि पूरे आयोजन में राजेश चंद्र पांडेय और राजकुमार साहू ने संयोजन और अनुशासन पर विशेष ध्यान दिया। सभी स्थानों पर श्रद्धालु बड़ी संख्या में जुटे और शांतिपूर्वक कार्यक्रम में सहभागी बने।

**संगठन की सामूहिक सोच ने साधारण कार्यक्रम को दिया बड़ा रूप**

छोटे कस्बे में इतने बड़े पैमाने पर एक साथ दीप प्रज्वलित होने का यह पहला अवसर था। स्थानीय लोगों ने इसे एक सामूहिक उत्सव के रूप में महसूस किया। युवा भारत चंदवा की इस पहल को आकार देने में संगठन की टीम-वर्क प्रमुख रहा। संगठन के अध्यक्ष आदर्श रवि राज द्वारा बैठक में प्रस्तुत प्रारंभिक परिकल्पना ने पूरे कार्यक्रम की दिशा तय की, जिसके बाद टीम ने मिलकर इसे वृहद रूप देने की जिम्मेदारी संभाली।

**इनके सार्थक प्रयास से हुआ कार्यक्रम सफल**

कार्यक्रम को सफल बनाने में बिनय कुमार रिक्की, प्रदीप ठाकुर, राजू, अक्षय यादव, श्रवण गुप्ता, आशीष गुप्ता, सौरभ साहू, कृष्णा, धीरज, दारा, रवि पांडुरंगा, राहुल जायसवाल, छोटू, मंटू सोनी, बैजू, उपेंद्र, राजू पाठक, सीताराम, उमाशंकर चैतन्य, सचिन साहू सहित कई सदस्यों ने सक्रिय योगदान दिया। स्थानीय लोगों ने कहा चंदवा में पहली बार ऐसा सामूहिक दीपोत्सव देखने को मिला, जो आने वाले वर्षों के लिए मिसाल बनेगा।

## पाकुड़िया सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में 10 गर्भवती महिलाओं का स्वास्थ्य परीक्षण

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**

**पाकुड़िया, पाकुड़, झारखंडः-** प्रखण्ड मुख्यालय स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पाकुड़िया में बीते बुधवार को कुल 10 गर्भवती महिलाओं का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। जांच कार्य डॉ. प्रीतम कुमारी और वसीम राजा की देखरेख में सम्पन्न हुआ। जांच के दौरान चिकित्सकों ने महिलाओं का वजन, रक्तचाप, आयरन स्तर सहित अन्य स्वास्थ्य संबंधी आवश्यक परीक्षण किए। चिकित्सकों ने बताया कि प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान के तहत प्रत्येक माह की 9 तारीख को विभिन्न सुदूर ग्रामीण क्षेत्रों से आने वाली गर्भवती महिलाओं की नियमित जांच की जाती है। उन्होंने यह भी कहा कि यदि किसी कारणवश कोई गर्भवती महिला उस दिन जांच से वंचित रह जाती है तो उसके लिए माह के अंतिम बुधवार को विशेष जांच शिविर आयोजित किया जाता है, जिससे



कोई भी लाभार्थी छूट न पाए। डॉ. प्रीतम कुमारी ने बताया कि अब गर्भवती महिलाओं में स्वास्थ्य को लेकर जागरूकता बढ़ी है और वे आशा कार्यकर्ता के साथ केंद्र पहुंचकर समय पर जांच करवा रही हैं। उन्होंने कहा कि नियमित जांच से प्रसव सुरक्षित और सुविधाजनक होता है। चिकित्सकों ने सभी 10 महिलाओं की जांच कर आवश्यकतानुसार दवाओं का वितरण किया। साथ ही गर्भवती महिलाओं को भारी घरेलू कार्य न करने तथा हल्के-फुल्के कार्यों से शारीरिक सक्रियता बनाए रखने की सलाह दी।

## बीट प्रणाली को बनाएं सुदृढ़-एसपी

**चित्रकूटः** पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह ने बुधवार को जनपद के सभी थाना एवं चौकियों में तैनात बीट पुलिस अधिकारियों के साथ बैठक की। इस दौरान एसपी ने बीट बुक का अवलोकन करते हुए बीट प्रणाली को सुदृढ़ बनाने के सम्बन्ध में आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।बैठक में पुलिस अधीक्षक ने बीट प्रणाली के प्रभावी रूप से क्रियान्वयन के लिए बीट पुलिस अधिकारियों की बीट बुक का अवलोकन करते हुए बीट प्रणाली को सुदृढ़ बनाने के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने कानून व्यवस्था एवं अपराध पर नियंत्रण के लिए पुलिस हल्कों एवं बीट व्यवस्था में दिए निर्देशों के सम्बन्ध में विस्तृत रूप से जानकारी दी। उन्होंने बीट अधिकारियों के कर्तव्य एवं अधिकार जैसे ग्राम प्रहरियों का दायित्व, सी-प्लान एप का उपयोग, बीट क्षेत्र में लाइसेन्स धारकों, पासपोर्ट धारकों, सम्भ्रान्त व्यक्तियों के नाम बीट बुक में दर्शाने, थाने पर प्राप्त सभी प्रकार के बीट सम्मन, नोटिस, वारण्ट, प्रार्थना पत्र जांच, चरित्र सत्यापन, विवेचना आदि को पूरी ईमानदारी से करने को कहा। इस मौके पर सम्बन्धित अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।

# हजारीबाग पुलिस की बड़ी कार्रवाई, संगठित गिरोह के 6 सदस्य गिरफ्तार, 8 चोरी की मोटरसाइकिल बरामद

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**




**हजारीबाग, झारखंडः-** हजारीबाग पुलिस ने मोटरसाइकिल चोरी की लगातार हो रही घटनाओं पर बड़ी कार्रवाई करते हुए एक संगठित आपराधिक गिरोह का भंडाफोड़ किया है। पुलिस ने जिले के लोहसिंघना थाना एवं पेलावल ओपी क्षेत्र से कुल 08 चोरी की मोटरसाइकिल बरामद की हैं, जबकि कुल 06 अपराधियों को गिरफ्तार किया गया है। यह कार्रवाई पुलिस अधीक्षक को सूचना मिलने के बाद त्वरित रूप से की गई। 26 नवंबर की सुबह करीब 1:05 बजे पुलिस अधीक्षक को सूचना मिली कि दो युवक चोरी की मोटरसाइकिल के साथ पेलावल ओपी क्षेत्र के छड़वा डैम के पास किसी अप्रिय घटना को अंजाम देने की फिराक में हैं। सूचना का सत्यापन करने के लिए सदर अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी अमित आनंद के नेतृत्व में विशेष टीम गठित की गई। टीम ने छड़वा डैम के समीप छापेमारी कर दो युवकों मो. मोत्सम अंसारी उर्फ गोलू, अविविकास मलिक उर्फ अरबाज को चोरी की मोटरसाइकिल के साथ गिरफ्तार किया। पूछताछ में मिली जानकारी के आधार पर पुलिस ने लोहसिंघना थाना क्षेत्र के झील एरिया में छापेमारी कर गिरोह के तीन और सदस्यों को चोरी की बाइक के साथ गिरफ्तार किया। इनमें मो. तौसिफ आलम, मो. सैफ रज़ा (नाबालिग), इस्लाम अंसारी उर्फ करन शामिल है। इनके निशानदेही पर पेलावल ओपी क्षेत्र के पबरा गांव में संदीप कुमार मेहता एवं गौतम कुमार मेहता के घर से 06 चोरी की मोटरसाइकिल बरामद की गई। संदीप कुमार मेहता को भी गिरफ्तार किया गया, जो इस गिरोह का मुख्य सरगना बताया जा रहा है। पुलिस पूछताछ में खुलासा हुआ कि यह पूरा गिरोह हजारीबाग जिले में अब तक 29 मोटरसाइकिलें चोरी कर चुका है। जिनमें से 08 मोटरसाइकिलें बरामद कर ली गई हैं। शेष चोरी की गई मोटरसाइकिलों की बरामदगी तथा फरार अपराधियों की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी जारी है। बरामद सामान में चोरी की कुल मोटरसाइकिलें 08, पेलावल 02, लोहसिंघना 01, सदर 02, कोर्रा 01, बड़ा बाजार 01, बरही 01, मोबाइल फोन 02 पीस बरामद हुए। गिरफ्तार आरोपियों में मो. तौसिफ आलम, उम्र 21 वर्ष थाना लोहसिंघना, इस्लाम अंसारी उर्फ करन उम्र 21 वर्ष थाना पेलावल, मो. मोत्सम अंसारी उर्फ गोलू उम्र 23 वर्ष थाना कटकमसांडी, अविविकास मलिक उर्फ अरबाज, ग्राम डुकराखूटरा, संदीप कुमार मेहता (मुख्य सरगना) पेलावल ओपी, मो. सैफ रज़ा, उम्र 16 वर्ष, लोहसिंघना शामिल है। छापेमारी दल में अमित आनंद एसडीपीओ सदर हजारीबाग, पु.नि. शाहिद रज़ा, पुलिस निरीक्षक, पु.अ.नि. निशांत केरकेटा थाना प्रभारी लोहसिंघना, पु.अ.नि. वेद प्रकाश पांडेय प्रभारी पेलावल ओपी, पु.अ.नि. पंकज कुमार प्रभारी बड़ा बाजार ओपी, पु.अ.नि. राजदीप कुमार थाना प्रभारी ईचाक, तकनीकी शाखा एवं सशस्त्र बल, हजारीबाग शामिल रहें। पुलिस ने बताया कि यह गिरोह लंबे समय से सक्रिय था और जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों में चोरी की घटनाओं को अंजाम दे रहा था। त्वरित और समन्वित कार्रवाई के कारण पुलिस को बड़ी सफलता मिली है।

## प्रधानदृसचिव की कार्यशैली पर उठे सवालए ग्रामीण बोलेकृष्विकास सिर्फ कागज़ों में




**मानिकपुर ;चित्रकूट।** मानिकपुर ब्लॉक के ग्राम पंचायत सेमरदहा में प्रधान और सचिव की कार्यशैली को लेकर ग्रामीणों में नाराज़गी बढ़ती जा रही है। ग्रामीणों का कहना है कि पंचायत में विकास कार्यों का हाल बेहद खराब है। आरोप है कि गांव में विकास योजनाओं के नाम पर केवल कागज़ों में काम दिखाया जा रहा हैए जबकि ज़मीनी स्तर पर कोई सुधार दिखाई नहीं देता। ग्रामीणों ने बताया कि पंचायत को मिलने वाली धनराशि का सही उपयोग नहीं हो रहा हैए जिसके कारण आज भी गांव की मूलभूत समस्याएं जस की तस बनी हुई हैं। गांव में सड़कए पेयजल और बिजली जैसी बुनियादी सुविधाएं नदारद हैं। ग्रामीणों का कहना है कि समस्याओं की जानकारी कई बार प्रधान को देने के बावजूद कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई। ग्रामीणों ने जिला प्रशासन से प्रधान और सचिव की कार्यप्रणाली की जांच कराने की मांग की है। उनका कहना है कि यदि समय रहते समस्याओं का समाधान नहीं किया गया तो वे आंदोलन करने को मजबूर होंगे। ग्रामीणों ने साफकहा कि अब वे कागज़ों पर किए जा रहे विकास से नहींए बल्कि ज़मीन पर उतरकर दिखाए गए काम से ही संतुष्ट होंगे। प्रशासन की ओर से फ़िलहाल इस मामले पर कोई आधिकारिक प्रतिक्रिया नहीं आई है।

## राबड़ी देवी और तेज प्रताप को सरकारी बंगले छोड़ने का नोटिस, रोहिणी आचार्य ने सरकार को घेरा, जनता के दिलों से कैसे निकालेंगे?



सरकारी आवासों में फेरबदल के एक नए दौर में, न केवल पूर्व मुख्यमंत्री राबड़ी देवी को अपना पुराना बंगला खाली करने को कहा गया है, बल्कि उनके बड़े बेटे तेज प्रताप यादव को भी सरकार द्वारा आवंटित आवास छोड़ने का आदेश दिया गया है, जिससे पटना में लालू प्रसाद परिवार की लंबे समय से चली आ रही संपत्तियों पर दबाव बढ़ गया है। तेज प्रताप वर्तमान में 26, एम स्ट्रैंड रोड स्थित बंगले में रहते हैं, जिसे अब नई एनडीए सरकार की आवंटन प्रक्रिया के तहत मंत्री लखेंद्र कुमार रोशन को सौंप दिया गया है।

## संविधान दिवस पर पाकुड़िया प्रखण्ड कार्यालय में पदाधिकारियों ने किया सामूहिक प्रस्तावना पाठ



**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**

**पाकुड़िया, पाकुड़, झारखंडः-** संविधान दिवस के अवसर पर बीते बुधवार को पाकुड़िया प्रखण्ड मुख्यालय परिसर में भारतीय संविधान की प्रस्तावना का सामूहिक पाठ किया गया। दोपहर 12 बजकर 6 मिनट पर शुरू हुए इस कार्यक्रम में प्रखण्ड के पदाधिकारियों एवं कर्मचारियों ने अनुशासित वातावरण में एक स्वर से प्रस्तावना पढ़ते हुए संविधान के प्रति सम्मान और प्रतिबद्धता व्यक्त की। कार्यक्रम का संचालन प्रखण्ड विकास पदाधिकारी सोमनाथ बनर्जी ने किया। उन्होंने प्रस्तावना पाठ के दौरान सभी कर्मियों को संविधान के मूल आदर्शों–न्याय, स्वतंत्रता, समानता और बंधुत्व–के पालन का संकल्प दिलाया। इस अवसर पर सहायक अभियंता रोहित कुमार गुप्ता, प्रखण्ड आपूर्ति पदाधिकारी त्रिदीप शील, प्रखण्ड कार्यालय पदाधिकारी जगदीश पंडित सहित कार्यालय के सभी सरकारी कर्मचारी उपस्थित रहे। सभी ने सौम्य एवं शांत माहौल में सामूहिक रूप से प्रस्तावना का पाठ कर संविधान दिवस को गरिमामय बनाया। कार्यक्रम के माध्यम से प्रखण्ड कार्यालय में कार्यरत अधिकारियों व कर्मचारियों ने संविधान की मूल भावना के प्रति निष्ठा एवं दायित्व निर्वहन की प्रतिबद्धता दोहराई।

## संयुक्त व्यापार मंडल की बंदी सफल, नगर में कूड़ा उठान एवं सफाई व्यवस्था पुनः पटरी पर

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**

**बलिया।** नगर में लगभग दस दिनों से बंद पड़ी सफाई एवं कूड़ा उठान व्यवस्था के कारण आमजन एवं व्यापारियों में गहरी नाराज़गी व्याप्त थी। बढ़ते कूड़े और अस्वच्छता से संक्रामक रोग फैलने की आशंका को देखते हुए संयुक्त व्यापार मंडल, बलिया ने 26 नवंबर 2025 को दोपहर 12 बजे तक सांकेतिक बंदी का आह्वान किया था। बंदी की घोषणा के बाद 25 नवंबर की शाम प्रशासनिक हस्तक्षेप से नगर पालिका कर्मचारियों की हड़ताल समाप्त हो गई। इसके फलस्वरूप 26 नवंबर की सुबह से ही नगर में सफाई और कूड़ा उठान का कार्य पुनः शुरू कर दिया गया। व्यापार मंडल के अनुरोध पर व्यापारियों ने अपने प्रतिष्ठान प्रातः 10 बजे तक बंद रखे। इस दौरान संयुक्त व्यापार मंडल के पदाधिकारी चौक और विभिन्न बाज़ार क्षेत्रों का भ्रमण कर स्थिति का निरीक्षण करते रहे। सफाई कार्य सामान्य रूप से चालू होने पर व्यापारियों ने अपनी दुकानें खोल दीं तथा व्यापार मंडल ने सांकेतिक बंदी समाप्त करने की घोषणा की। व्यापार मंडल के पदाधिकारियों ने स्पष्ट किया कि नगर की सफाई व्यवस्था पर अगले एक-दो दिनों तक निगरानी रखी जाएगी। यदि व्यवस्था पुनः बाधित होती है, तो संयुक्त व्यापार मंडल की बैठक में आगे की रणनीति तय की जाएगी।

**सुबह के निरीक्षण एवं चक्रमण में प्रमुख रूप से उपस्थित रहे—**

अरविंद गांधी (एडवोकेट), प्रदेश उपाध्यक्ष - अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल, उत्तर प्रदेश; प्रदीप वर्मा (एडवोकेट), प्रदेश अध्यक्ष - पूर्वांचल उद्योग व्यापार मंडल; रजनीकांत सिंह, प्रदेश उपाध्यक्ष - फेडरेशन ऑफ व्यापार मंडल; प्रदेश महामंत्री संगठन श्री जितेंद्र



चतुर्वेदी; अरुण कुमार गुप्ता; मंजय सिंह; टुनटुन सराफ; विजय गुप्ता (जिला अध्यक्ष); व्यापारी नेता राहुल गुप्ता; घनश्याम दास जौहरी (जिला अध्यक्ष, स्वर्णकार संघ एवं सराफा मंडल); अभिषेक सोनी (जिला महामंत्री); युवा जिला अध्यक्ष रविंद्र पटेल; जिला अध्यक्ष राधारमन अग्रवाल; नगर अध्यक्ष दुर्गा प्रसाद; सूचना मंत्री प्रीतम गुप्ता; संजय गुप्ता; गोपाल जी शिंदे सहित बड़ी संख्या में व्यापारीगण उपस्थित रहे।

## चार पंचायतों में लगे सेवा गारंटी शिविर, बड़ी संख्या में पहुंचे ग्रामीण

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**

**पाकुड़िया, पाकुड़, झारखंडः-** जनजातीय प्रखण्ड पाकुड़िया में सेवा के अधिकार गारंटी अधिनियम 2011 के आलोक में बुधवार, 26 नवम्बर को प्रखण्ड मुख्यालय सहित चार पंचायतों–बड़ा सिंहपुर, राजपोखर, तेतुलिया और पाकुड़िया–के पंचायत सचिवालयों में सेवा शिविरों का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का नेतृत्व प्रखण्ड विकास पदाधिकारी सोमनाथ बनर्जी ने किया। इस दौरान सहायक अभियंता रोहित कुमार गुप्ता, प्रखण्ड कार्यालय पदाधिकारी जगदीप पंडित, प्रखण्ड आपूर्ति पदाधिकारी त्रिदीप शील के साथ सभी पंचायत सचिव, रोजगार सेवक एवं संबंधित पंचायतों की मुखिया उपस्थित रहीं। पाकुड़िया पंचायत सचिवालय में आयोजित शिविर में ग्रामीणों




की भारी भीड़ उमड़ी। विभिन्न सरकारी योजनाओं से वंचित लोग–विशेषकर वृद्धावस्था पेंशन और आबुआ आवास योजना–का लाभ पाने हेतु बड़ी संख्या में आवेदन जमा किए गए। कई ग्रामीण वृद्ध पेंशन से संबंधित सूची की जांच कराते भी देखे गए। शिविरों के माध्यम से ग्रामीणों को योजनाओं की जानकारी देने के साथ ही मौके पर ही आवेदन स्वीकार किए गए, जिससे कार्यक्रम सफल और जनसहभागिता से परिपूर्ण रहा।

## बक्सर में न्यायिक हिरासत के दौरान कैदी की मौत

बिहार के बक्सर जिले में एक विचाराधीन कैदी की बीमारी के बाद मौत हो गई। अधिकारियों ने बुधवार को यह जानकारी दी। अधिकारियों के अनुसार मृतक की पहचान 60 वर्षीय राजकुमार गोंड के रूप में हुई है। उन्होंने बताया कि कैदी ने मंगलवार सुबह केंद्रीय कारागार में अचानक सीने में दर्द होने की शिकायत की थी अधिकारियों ने बताया कि प्रारंभिक उपचार के लिए कैदी को जेल के अस्पताल में भर्ती कराया गया, लेकिन स्थिति बिगड़ने पर सदर अस्पताल भेज दिया गया, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। उन्होंने बताया कि गोंड मई से न्यायिक हिरासत में था, उस पर अपनी बेटी की हत्या करने का आरोप था। अधिकारियों ने कहा कि गोंड के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता की विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया था।

# प्रतियोगिता में रहबाद ने मारी बाजी, 11 रन से दर्ज की जीत

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**

**देवीपुर, देवघर, झारखंडः-** देवीपुर प्रखंड के हुसैनाबाद मैदान में सोमवार को देवघर जिला सॉफ्टबॉल क्रिकेट संघ द्वारा आयोजित आदर्श लक्ष्य ट्रॉफी – हुसैनाबाद पंचायत स्तरीय सॉफ्टबॉल क्रिकेट प्रतियोगिता सह मैच का भव्य आयोजन हुआ। खेल प्रेमियों और ग्रामीणों की भारी उपस्थिति ने पूरे मैदान में उत्साह और जोश का माहौल बना दिया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि एवं देवघर जिला सॉफ्टबॉल क्रिकेट संघ के अध्यक्ष आदर्श लक्ष्य द्वारा किया गया। आयोजक अमन झा और सह-आयोजक पवन यादव ने माला एवं बुके प्रदान कर मुख्य अतिथि का स्वागत किया। अपने संबोधन में आदर्श लक्ष्य ने कहा कि पंचायत एवं प्रखंड स्तर पर इस तरह की प्रतियोगिताएँ ग्रामीण क्षेत्र की युवा प्रतिभाओं को निखारने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। कार्यक्रम में अति विशिष्ट अतिथि के रूप में झारखंड सॉफ्टबॉल क्रिकेट संघ के महासचिव संजीव कुमार झा तथा विशिष्ट अतिथि के रूप में खो-खो संघ के सचिव कौशल कुमार सिंह शामिल हुए। दोनों ने




खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया और आयोजन की सराहना की। प्रतियोगिता में कुल 8 टीमों– हुसैनाबाद, रहबाद, अमजोरा, तिलैया, कटघहरी, झूमरबाद, मसनजोरा और मथुरापुर – ने हिस्सा लिया। पहले चरण में मथुरापुर, झूमरबाद, रहबाद और मसनजोरा ने जीत हासिल की। सेमीफाइनल में रहबाद ने मथुरापुर को हराया, जबकि मसनजोरा ने झूमरबाद को मात दी। फाइनल मुकाबला रहबाद और मसनजोरा के बीच खेला गया, जिसमें रोमांचक संघर्ष के बाद रहबाद टीम ने 11 रन से जीत हासिल की। मैच के पश्चात मुख्य अतिथि आदर्श लक्ष्य ने विजेता और उपविजेता टीमों को ट्रॉफी तथा नकद पुरस्कार प्रदान किए। पूरे दिन मैदान में खेल भावना, प्रतिस्पर्धा और उत्साह का अनोखा संगम देखने को मिला। देवघर जिला सॉफ्टबॉल क्रिकेट संघ ग्रामीण क्षेत्रों की प्रतिभाओं को राज्य एवं जिला स्तर की प्रतियोगिताओं से जोड़ने के उद्देश्य से लगातार ऐसी पहलें करता आ रहा है।

## विजय चौधरी तीसरी बार बने सूचना मंत्री, जनसंपर्क विभाग की महत्ता पर दिया जोर

बिहार सरकार के नए सूचना एवं जनसंपर्क मंत्री विजय कुमार चौधरी ने मंगलवार को विभाग का कार्यभार ग्रहण किया। विभाग के सचिव अनुपम कुमार और निदेशक वैभव श्रीवास्तव ने पुष्पगुच्छ भेंटकर उनका स्वागत किया। कार्यभार संभालने के बाद मंत्री चौधरी ने कहा कि सूचना एवं जनसंपर्क विभाग अन्य विभागों की तरह ही अत्यंत महत्वपूर्ण है। यह विभाग सरकार के सभी 45 विभागों की सटीक जानकारी, आंकड़े और जनकल्याणकारी योजनाओं को आमजन तक पहुंचाने का दायित्व निभाता है।

## समुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पाकुड़िया में 19 महिलाओं का सुरक्षित बंध्याकरण सम्पन्न, आवश्यक दवाओं का हुआ वितरण

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**

**पाकुड़िया, पाकुड़, झारखंडः-** प्रखण्ड मुख्यालय स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पाकुड़िया में बुधवार को परिवार नियोजन कार्यक्रम के तहत 19 महिलाओं का बंध्याकरण किया गया। विभिन्न ग्रामीण क्षेत्रों से स्वास्थ्य सहियाओं के साथ आई महिलाओं की यह प्रक्रिया डॉ. पंकज महेशपुर की टीम द्वारा संपन्न कराई गई। इस दौरान स्वास्थ्य केंद्र के चिकित्सक डॉ. मंजर आलम, गंगा शरण साह, वसीम राजा, तकनीशियन योगेश प्रसाद, अलखनिरंजन प्रसाद, राजकुमार, नर्सिंग स्टाफ तथा मेडिकल टीम के अन्य सदस्य उपस्थित रहे और पूरी प्रक्रिया में सहयोग किया। बंध्याकरण के बाद सभी महिलाओं को आवश्यक दवाएं प्रदान की गईं तथा चिकित्सकों ने उन्हें आवश्यक सावधानियों और देखरेख से संबंधित निर्देश भी दिए। परिवार नियोजन कार्यक्रम के अंतर्गत आयोजित इस शिविर को सफल बनाने में स्वास्थ्य केंद्र की टीम ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

## संक्षिप्त खबरें

### जमीनी बंटवारे को लेकर मारपीट

**ललितपुर।** तालबेहट कोतवाली क्षेत्रांतर्गत ग्राम खांदी के मजरा गनेशपुरा में रहने वाले नरेश पुत्र जगदीश ने पुलिस को तहरीर दी है। बताया कि बीती 25 नवम्बर की सुबह करीब साढ़े आठ बजे वह घर के बाहर खड़ा हुआ था। तभी गांव के परमू पुत्र परसू, सुनीता पत्नी परमू, व सीमा पत्नी मुकेश एक राय होकर आए और जमीन बटवारे को लेकर उसे गालियां देने लगे। विरोध करने पर उक्त लोगों ने उसके साथ मारपीट की। बचाव करने आई उसकी चाची रानी पत्नी राजू के साथ भी मारपीट करते हुये जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर उक्त लोगों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है।

### नपाध्यक्ष व ईओ ने संविधान दिवस पर दिलाई शपथ



**ललितपुर।** नगर पालिका कार्यालय सभाकक्ष में संविधान दिवस पर नपाध्यक्ष सोनाली जैन की अध्यक्षता व ईओ दिनेश कुमार विश्वकर्मा की उपस्थिति में शपथ ग्रहण समारोह आयोजित किया गया। नपाध्यक्ष व ईओ द्वारा राष्ट्रपिता महात्मा गांधी व संविधान निर्माता बाबा साहब डा.भीमराव अम्बेडकर के चित्र पर माल्यार्पण किया। नपाध्यक्ष ने समस्त अधिकारियों एवं कर्मचारियों को संविधान की शपथ दिलाकर अपने विचारों को रखा। इस दौरान आलोक जैन मयूर, कर निर्धारण अधिकारी राजेन्द्र प्रसाद, कर अधीक्षक राजेश कुमार जैन, राजस्व निरीक्षक सीमा कुशवाहा, अधिष्ठान लिपिक दीनदयाल सोनी, लेखा लिपिक अभिषेक चौबे, निर्माण लिपिक दीपेन्द्र रैकवार, नजूल लिपिक सुधीर रावत, विनोद अहिरवार, पुरुषोत्तम कुशवाहा, अमित रैकवार, सुरेश राठौर, प्रहलाद, शुभम रैकवार, फरदीन खान, धीरेन्द्र घावरी, सुरेन्द्र रिछारिया, सुधांशु मालवीय, गोहर खान, बालकिशन चन्देल, प्रवीण कुमार, संजय चन्देल, आदेश कुमार, आविद खांन, आदिल खांन, शमीम खान, अंकित तिवारी, आशीष मालवीय, कमलेश विश्वकर्मा, अरविंद राजा सहित पालिका के अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी मौजूद रहे।

### राजकीय हाई स्कूल पूरा बिरधा में करियर गाइडेंस महोत्सव



**छात्रों ने जाना भविष्य निर्माण का रास्ता**

**पूरा बिरधा।** राजकीय हाई स्कूल पूरा बिरधा में करियर गाइडेंस महोत्सव का आयोजन उत्साहपूर्वक किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत छात्र-छात्राओं द्वारा सरस्वती वंदना एवं स्वागत गीत प्रस्तुत कर की गई। इस अवसर पर विद्यार्थियों द्वारा तैयार की गई पंख डायरी को सभी अतिथियों ने अवलोकित कर उनकी सराहना की।कार्यक्रम में मुख्य अतिथि थाना अध्यक्ष रमेश चंद्र मिश्रा, चौकी इंचार्ज मनीष शुक्ला एवं पुलिस टीम ने मिशन शक्ति तथा साइबर क्राइम जागरूकता पर विस्तृत जानकारी दी। साथ ही पुलिस विभाग में उपलब्ध विभिन्न करियर विकल्पों पर भी छात्रों को मार्गदर्शन प्रदान किया। उत्तर प्रदेश ग्रामीण बैंक से कैशियर/असिस्टेंट मैनेजर किशन कुशवाहा ने विद्यार्थियों को बैंकिंग सेक्टर में रोजगार एवं करियर बनाने के अवसरों के बारे में विस्तारपूर्वक बताया। स्वास्थ्य विभाग से डॉ. त्रिपाठी एवं डॉ. ममता वर्मा ने चिकित्सा क्षेत्र में करियर संभावनाओं पर प्रकाश डालते हुए कहा कि छात्र अपनी अभिरुचि के अनुसार भविष्य का चुनाव कर सकते हैं। सहायक अध्यापक डॉ. रामाशंकर यादव ने शिक्षा क्षेत्र में उपलब्ध करियर विकल्पों पर बच्चों को मार्गदर्शन दिया। कार्यक्रम में प्रधानाचार्य आफाकजहां, शिक्षक बबली, भागचंद, राहुल, पत्रकार कुलदीप पटेरिया, दिनेश साहू, बलवान सिंह, धर्मेंद्र साहू, अरविंद साहू, अरविंद अग्रवाल सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।

### मारपीट कर धमकाने का आरोप

**ललितपुर।** बालाबेहट थानान्तर्गत ग्राम बजरंगगढ़ निवासी चन्दू पुत्र स्व.बुद्दे सहरिया ने पुलिस को शिकायती पत्र देकर बताया कि 24 नवम्बर की शाम करीब 5 बजे वह घर पर था, तभी गांव के राजाराम पुत्र स्व.रज्जू सहरिया आया और उसके साथ गालियां देते हुये मारपीट करने लगा। विरोध करने पर उसे जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर मामला दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी।

## स्वतंत्र भारत में समानता, भाईचारा तथा सामाजिक न्याय दिलाने के अनथ के योद्धा बाबा साहब

**●बाबा साहब डा.भीमराव अम्बेड़कर की कलम से प्रस्फुटित आदर्श संविधान के रूप में प्रकट हुआ**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता




**ललितपुर।** संविधान दिवस पर आयोजित एक परिचर्चा को संबोधित करते हुए नेहरू महाविद्यालय के सेवानिवृत्त प्राचार्य प्रो. भगवत नारायण शर्मा ने कहा कि 13 दिसम्बर 1946 को संविधान सभा के समक्ष एक सर्वसम्मत उद्देश्य प्रस्ताव प्रथम प्रधानमंत्री पं नेहरू ने प्रस्तुत करते हुए कहा था, यह प्रस्ताव संकल्प से कुछ अधिक है, यह एक घोषणा है और घोषणा से अधिक एक संकल्प है, एक दृढ़निश्चय है, एक वचन है और हम सभी के लिए एक समर्पण है। वस्तुतः यही उद्देश्य प्रस्ताव अँधेरे में प्रकाशित होने वाला ध्रुव तारा बना जो संविधान निर्माण की प्रारूप समिति के अध्यक्ष तथा स्वतंत्र भारत में समानता, भाईचारा तथा सामाजिक न्याय दिलाने के अनथके योद्धा की कलम से प्रस्फुटित आदर्श संविधान के रूप में प्रकट हुआ। हमारे श्रृषियों और मुनियों ने वैदिक युग से ही जीवन को उद्देश्यपूर्ण बनाने के लिए कहा था सब निरोगी हो, सब स्वस्थ हो और सबका कल्याण हो। इसी सात्विक भावना को बाद्धकारी बनाने के लिए हमारा संविधान कानून का शासन और कानून के आगे सबको समानता का अवसर देता है। भारतरत्न बाबासाहेब अम्बेडकर ने आगाह किया था कि संविधान कितना ही अच्छा हो, यदि उसको व्यवहार में लाने वाले उत्तरदायी सदस्य अच्छे न हो तो विधान निश्चय ही बुरा साबित होगा। वर्तमान आसन्न सभी समस्याओं का निदान प्रत्येक मनुष्य के मनुष्यत्व की अग्निपरीक्षा है कि वह सामूहिक प्रयास करते हुए संविधान द्वारा प्रदत्त संसाधनों का सर्वोत्तम उपयोग करे। साथ ही साथ हमारे जो असंख्य साथी श्रमजीवी हैं उनकी पहले से भी डबडबायी हुई आँखों के आँसुओं को किसी भी तरह से और अधिक न बढ़ने दे, इस प्रसंग में चारों ओर से जब सकारात्मक खबरें मिलती हैं कि रोज कुआं खोद कर पानी पीने वाले दिहाड़ी मजदूरों और कच्ची नौकरियों वालों को दिये गए रोजगार के संवैधानिक अवसरों पर आँच न आने देने हेतु जन-जन की नैतिक शक्ति के उभार और विधायिका, कार्यपालिका, न्यायपालिका और मीडिया की खबर पालिका सभी मोर्चो पर सक्रिय है, का सुखद अनुभव होता है कि समय रहते इस चुनौतीपूर्ण समस्या का समाधान होकर रहेगा। लगभग सम्पूर्ण भारत में स्थापित डॉ अम्बेडकर की स्टैचू के दाहिने हाथ की तनी हुई तर्जनी को देखते हुए महात्मा तुलसीदास महाराज की पंक्तियां याद आती हैं यहाँ कुमड़ बतियां (नवजात कद्दू का फल/ जउआ ) कोउ नाहि, जे तर्जनी देखत मुरझायीं जागृत और संगठित जनता जनार्दन को कमतर न समझें और संत कबीर की अमरवाणी को हम सभी कंठ में ही संचित न करते हुए, आचरण में उतारने के लिए तत्पर रहें दुर्बल को न सताइये, जाकी मोटी हाय, मरी खाल की साँस सों, सार (स्टील) भसम हो जाय।

## सहारा पीड़ित अधिवक्ता आमरण अनशन पर बैठे

**●राष्ट्रपति से इच्छा मृत्यु की मांग, प्रशासन मौन बना चर्चा का विषय**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता




**ललितपुर।** जिला मुख्यालय परिसर में बुधवार को एक अधिवक्ता शेर सिंह यादव द्वारा प्रशासनिक निष्क्रियता और लगातार हो रहे उत्पीड़न से क्षुब्ध होकर आमरण अनशन प्रारंभ कर दिया गया है। उन्होंने माननीय महामहिम राष्ट्रपति को प्रार्थना पत्र भेजकर इच्छा मृत्यु की अनुमति भी मांगी है। थाना जाखलौन क्षेत्रांतर्गत ग्राम देवगढ़ निवासी अधिवक्ता शेरसिंह यादव ने आरोप लगाया है कि सहारा इंडिया में जमा उनकी और अन्य ग्रामीणों की रकम वापस न मिलने की आड़ में उनके ही परिजनों द्वारा उनकी कृषि भूमि जबरन कब्जाने का प्रयास किया जा रहा है। विरोध करने पर उन्हें जान से मारने की धमकियां दी जा रही हैं। गंभीर आरोप यह भी है कि इस मामले में थाना पुलिस द्वारा कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई, बल्कि उल्टा अधिवक्ता के खिलाफ ही शांति भंग की कार्रवाई करते हुए 126/135 बीएनएसएस के तहत कार्यवाही दर्ज कर दी गई। पीड़ित अधिवक्ता का कहना है कि वे पिछले कई महीनों से थाना स्तर से लेकर जिलाधिकारी, पुलिस अधीक्षक एवं तहसील दिवस तक लगातार शिकायत देते आ रहे हैं, लेकिन आरोपियों के विरुद्ध कोई कार्यवाही न होने के कारण उन्हें न्याय से वंचित होना पड़ रहा है।

**इन मांगों को लेकर किया अनशन**

अधिवक्ता ने दबंगों द्वारा खेती की जमीन कब्जाने से रोकने की मांग, जान से मारने की धमकी देने वालों पर कठोर कानूनी कार्यवाही, पुलिस प्रशासन की उपेक्षा को संज्ञान में लिया जाए, न्याय न मिलने की स्थिति में इच्छा मृत्यु की स्वीकृति किये जाने की मांग उठायी है। जिला बार एसोसिएशन और अन्य अधिवक्ताओं ने मामले का संज्ञान लिया है और पीड़ित अधिवक्ता के प्रति समर्थन जताया है।

**पीड़ित अधिवक्ता का कहना है**

अधिवक्ता शेर सिंह यादव ने कहा कि जब पुलिस और प्रशासन ही दबंगों के आगे मौन है, तब एक आम व्यक्ति न्याय की उम्मीद किससे करेगा? अब या तो न्याय मिले, या मुझे जीने से मुक्ति। प्रशासनिक और न्यायिक प्रणाली के प्रति यह आक्रोश क्षेत्र में चर्चा का विषय बन चुका है। अब देखना यह होगा कि शासन-प्रशासन इस संवेदनशील प्रकरण पर क्या कदम उठाता है।

### एक राय होकर मारपीट करने का आरोप

**ललितपुर।** कोतवाली क्षेत्रांतर्गत मोहल्ला सिविल लाइन सदन शाह निवासी जुनैद खान पुत्र मो.जाविद ने चौकी इंचार्ज को तहरीर दी है। बताया कि मंगलवार को रात करीब 11 बजे वह अपने घर की ओर जा रहा था, तभी एक कार अस्पताल के आगे एसडीएस स्कूल के पास नेहरू नगर स्थित कुछ लोग एकराय होकर आये और उसकी मोटर साइकिल में टक्कर मारते हुये जाने लगे। पीड़ित ने जब उन्हें मौके पर रोका तो उक्त लोगों ने उसके साथ मारपीट कर दी। आरोप है कि उक्त लोग गालियां देते हुये उसे जान से मारने की धमकी दे रहे थे। पीड़ित ने मामले की जांच करायी जाकर कार्यवाही किये जाने की गुहार लगायी है।

## बारात में हुयी मारपीट में घायल युवक की मौत

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**ललितपुर।** थाना जखौरा क्षेत्रांतर्गत एक गांव में दो दिन पहले एक बारात में हुए विवाद के बाद घायल हुए मध्य प्रदेश के बाराती की ग्वालियर में उपचार के दौरान मौत हो गई। मृतक की पहचान निवाड़ी जिले के ग्राम जीरोंन निवासी 22 वर्षीय सागर पुत्र रामसिंह परिहार के रूप में हुई है। इस घटना के बाद बुधवार को कस्बा जखौरा में लोग थाने के सामने एकजुट हो गए और कार्रवाई की मांग करने लगे। जानकारी के अनुसार, मध्य प्रदेश के निवाड़ी जिले के ग्राम जीरोंन से रायकवार समाज के युवक की बारात 23 नवंबर, रविवार को ललितपुर जिले के कस्बा जखौरा आई थी। रात में जब बारात गांव में घूम रही थी, तभी दूल्हे की बग्गी में लाइट न जलने को लेकर विवाद हो गया। इसी बात पर बारात में शामिल सागर परिहार का बग्गी संचालक से झगड़ा हो गया। विवाद इतना बढ़ा कि सागर के साथ मारपीट की गई, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल सागर को परिजन उपचार के लिए मध्य प्रदेश के ग्वालियर ले गए थे। मंगलवार रात ग्वालियर में इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। सागर की मौत की खबर फैलते ही मृतक के परिजनों और कस्बा जखौरा के रायकवार समाज के लोगों में भारी आक्रोश फैल गया। वे घटना में शामिल लोगों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग को लेकर जखौरा थाने के बाहर जमा हो गए। घटना की सूचना मिलते ही सीओ सिटी अजय कुमार तत्काल जखौरा थाना पहुंचे। उन्होंने आक्रोशित लोगों से बात की और उन्हें शांत करने का प्रयास किया।

## मारपीट में घायल युवक की उपचार के दौरान मौत, हंगामा

**●जखौरा में बाराती युवक की हुई थी जमकर मारपीट**

**पीड़ितों ने पुलिस पर लापरवाही के लगाए आरोप**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**तालबेहट।** थाना जखौरा क्षेत्र में बारात में हुए विवाद के बाद मारपीट की घटना में घायल युवक की उपचार के दौरान मौत हो गई। मौत की सूचना मिलते ही परिजनों और ग्रामीणों में आक्रोश फैल गया। गुस्साए परिजनों ने जखौरा थाने के सामने जाम लगाकर जोरदार प्रदर्शन किया और पुलिस पर गंभीर आरोप लगाए। वहीं पुलिस ने धाराओं में बढोत्तरी कर चार आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया।

मिली जानकारी के अनुसार टीकमगढ़ जिले के जेरोन निवासी सागर (22 वर्ष) पुत्र रामसिंह परिहार 23 नवंबर 2025 को रायकवार समाज की बारात में शामिल होने जखौरा आया था। बारात के दौरान घोड़ा बग्गी चलाने वाले गैर समुदाय के युवक से विवाद हो गया। इसी दौरान बग्गी संचालक इरशाद पुत्र नूर मोहम्मद निवासी जखौरा बाराती सागर से मारपीट करने लगे। बीच बचाव के बाद आरोपी इरशाद अपने भाई इरफान, इमरान, राशिद पुत्रगण नूर मुहम्मद, नियामद पुत्र हमीद, यूसुफ पुत्र हमीद खां, आबिद ,इलयास आदि आठ दस साथियों के साथ आया और सभी ने सागर के साथ लाठी, डंडों से जमकर मारपीट कर दी थी। बीच बचाव को आये लोगों से भी आरोपियों ने जमकर मारपीट की। हमले में गंभीर रूप से घायल सागर को तत्काल इलाज हेतु ग्वालियर रेफर किया गया, जहां मंगलवार को उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। मौत की खबर मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया। परिजन और ग्रामीण बड़ी संख्या में जखौरा थाने पहुंच गए और थाने के सामने जाम लगाकर प्रदर्शन शुरू कर दिया। जखौरा निवासी जमुना पुत्र पहलवान रैकवार ने आरोपियों के विरुद्ध थानाध्यक्ष जखौरा को शिकायती पत्र दिया।

## संविधान केवल दस्तावेज नहीं, बल्कि प्रत्येक नागरिक का मार्गदर्शक है : एसपी

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**ललितपुर।** एसपी मो.मुश्ताक ने रिजर्व पुलिस लाइन में पुलिसकर्मियों को संविधान दिवस पर शपथ दिलायी। एसपी ने हमारा संविधान, हमारा स्वाभिमान थीम के तहत भारत के संविधान की प्रस्तावना का पाठन व मौलिक कर्तव्यों से अवगत कराते हुए संविधान में निहित मूल्यों और आदर्शों की शपथ दिलाकर सामूहिक पाठ कराया। उन्होंने प्रस्तावना की प्रत्येक पंक्ति में निहित न्याय, स्वतंत्रता, समता और बंधुता जैसे मूलभूत सिद्धांतों के महत्व को विस्तार से समझाया। साथ ही उपस्थित पुलिसकर्मियों को मौलिक कर्तव्यों से अवगत कराते हुये बताया कि एक जागरूक नागरिक होने के साथ-साथ पुलिसकर्मी के रूप में ये कर्तव्य राष्ट्र-निर्माण में और भी अधिक महत्व रखते हैं। उपस्थित पुलिस कर्मियों को संविधान में निहित मूल्यों, आदर्शों एवं कर्तव्यों के प्रति निष्ठा, समर्पण और संवैधानिक दायित्वों का अक्षरशः पालन करने हेतु प्रेरित किया। कहा कि संविधान केवल एक दस्तावेज नहीं, बल्कि यह भारत के हर नागरिक के लिए मार्गदर्शक है। पुलिस बल के लिए यह और भी महत्वपूर्ण है कि वे संविधान के प्रत्येक प्रावधान को व्यवहार में उतारते हुए निष्पक्ष, पारदर्शी और संवेदनशील पुलिसिंग का आदर्श प्रस्तुत करें।

## मेडीकल कॉलेज में मनाया गया संविधान दिवस

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**ललितपुर।** स्वशासी राज्य चिकित्सा महाविद्यालय ललितपुर में 76वां संविधान दिवस प्राचार्य डा.मयंक शुक्ला की अध्यक्षता में हर्ष उल्लास के साथ मनाया गया। भारत में हर वर्ष 26 नवम्बर को संविधान दिवस के रूप में भी मनाया जाता है। 26 नवम्बर 1949 में संविधान सभा द्वारा देश के संविधान को औपचारिक रूप से अपनाये जाने की याद दिलाता है, जिसे बनने में 02 वर्ष 11 माह 18 दिन का समय लगा था। संविधान हमारे देश का सर्वोच्च कानून है, जो भारत को एक संप्रभू, समाजवादी, धर्मनिरपेक्ष, लोकतांत्रिक गणराज्य घोषित करता है। संविधान दिवस का मुख्य उद्देश्य नागरिकों में संवैधानिक मूल्यों के प्रति सम्मान एवं जागरूकता बढ़ाना है। उप प्रधानाचार्य डा.श्रुति सिंह ने बताया कि उन्होंने भारतीय संविधान के महत्व और गवर्नेंस और मेडिकल एथिक्स में इसकी जरूरत पर लोगों को बताया। यह हमें न्याय, स्वतंत्रता और समानता जैसे मौलिक अधिकार देता है। संविधान हमें मौलिक कर्तव्य भी सिखाता है, जिनका पालन करना जरूरी है। प्रधानाचार्य डा.मयंक कुमार शुक्ला ने संविधान के महत्व को बताया कि संविधान किसी भी देश के लिए आधारभूत नियम-कानूनों का एक संग्रह होता है। यह एक ऐसी मार्गदर्शिका है, जो यह तय करती है कि देश की सरकार कैसे काम करेगी और नागरिकों के अधिकार क्या होंगे। हमारे संविधान ने भारत को एक संप्रभु, समाजवादी, धर्मनिरपेक्ष, लोकतांत्रिक, गणराज्य घोषित किया। संविधान की प्रस्तावना, जिसे हम उद्देशिका भी कहते हैं, हमारी राष्ट्रीय चेतना का सार है। यह घोषणा करती है कि शक्ति का अंतिम स्रोत हम, भारत के लोग हैं। यह हमें न्याय, स्वतंत्रता, समानता और बंधुत्व की गारंटी देती है यह वो चार आधारभूत स्तंभ हैं जिन पर हमारा लोकतंत्र खड़ा है। इस दौरान डा.मधुरेन्द्र सिंह राजपूत, डा.देशनिधि सह अचार्य, डा.सौरीज्ञ साहू, डा.मनोज वर्मा, डा.के.के.मिश्रा, डा. अभीजात कुलश्रेष्ठ, डा.प्रद्युमन, डा.रजनी रतमेले, डा.रविकान्त, डा.संध्य, डा.पूजा एवं अन्य अधिकारी/कर्मचारी मौजूद रहे।

### शिकायत करने पर दी जान से मारने की धमकी



**ललितपुर।** थाना गिरार अंतर्गत ग्राम पीड़ार निवासी गनेश अहिरवार पुत्र फुलुआ ने जिलाधिकारी को एक शिकायती पत्र दिया है। बताया कि बीते मंगलवार को अपराह्न 12 बजे वह अपने खेत पर काम कर रहा था, तभी गांव के कुछ लोग एक राय होकर आए और उस पर की गयी कानूनी कार्यवाही वापस लेने का दबाव बनाते हुये जमीन छोड़ने की धमकी देने लगा। विरोध करने पर उक्त लोगों ने उसके साथ मारपीट कर दी और जान से मारने की धमकी दी। शोरगुल सुनकर बचाव करने आये हरी पुत्र फुलुआ, पत्नी सुशीला व अन्य ग्रामीण मौके पर पहुंचे तो उक्त लोगों ने धमकाते हुये कानूनी कार्यवाही को करने पर जान से मारने की धमकी दी। पीड़ित ने जिलाधिकारी से मामले में कार्यवाही की गुहार लगायी है।

## अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता के अधिकार की सीमाओं को जानना भी आवश्यक : डा. हेमंत तिवारी

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता




**ललितपुर।** पनारी स्थित जय बुंदेलखंड कॉलेज ऑफ ला पनारी में संविधान दिवस पर एक संगोष्ठी व विधिक सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता का आयोजन किया, जिसमें भारतीय संविधान के मौलिक अधिकारों विशेष कर अभिव्यक्ति के अधिकार के समुचित प्रयोग के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। विधि विद्यार्थियों की विधि शिक्षा के क्षेत्र में सामान्य ज्ञान संबंधी प्रतियोगिता का आयोजन भी किया, जिसमें विजयी प्रतिभागियों को सम्मानित किया गया। विधि छात्र देवसिंह, सचिन, सुनील झा, अनुज कुमार को उल्लेखनीय प्रदर्शन करने पर सम्मानित किया गया। वक्ताओं ने कहा कि अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता का अधिकार अनुच्छेद 19(1)के तहत प्रदत्त है यह नागरिकों को बोलने और अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता प्रदान करता है। यह भारत के मौलिक अधिकारों में सबसे महत्वपूर्ण अधिकारों में से एक है।इस अधिकार में बोलने की स्वतंत्रता लिखने की स्वतंत्रता, छापने की स्वतंत्रता (प्रेस की स्वतंत्रता), रेडियो, टीवी, इंटरनेट, सोशल मीडिया आदि के माध्यम से अभिव्यक्ति सम्मिलित है। मौन रहने का अधिकार भी इसमें सम्मिलित है। सर्वोच्च न्यायालय के रोमेश थापर बनाम मद्रास राज्य (1950) प्रेस की स्वतंत्रता को अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता का अभिन्न अंग माना। श्रेया सिंघल बनाम भारत संघ (2015), धारा 66 ए आईटी एक्ट को असंवैधानिक घोषित किया गया क्योंकि यह अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता का अतिक्रमण था। कौशल्या बनाम भारत संघ (2011) मौन रहने का अधिकार भी 19(1)(ए) में शामिल। इंटरनेट की स्वतंत्रता अनुराधा भसीन केस (2020) में सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि इंटरनेट पर अभिव्यक्ति भी अनुच्छेद 19(1)(ए) के अंतर्गत आती है। अनुच्छेद 19(2) द्वारा यह अधिकार सीमित भी किया गया है। राज्य कुछ आधारों पर उचित प्रतिबंध लगा सकता है जैसे भारत की संप्रभुता और अखंडता राज्य की सुरक्षा, विदेशी राज्यों से मैत्रीपूर्ण संबंध, सार्वजनिक व्यवस्था, शिष्टाचार और नैतिकता, की सीमाएं जब अतिक्रमित की जा रही हो तो यह अधिकार सीमित किया जा सकता है। अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता लोकतंत्र का आधार है। असहमति को दबाना लोकतंत्र को कमजोर करना है। लेकिन हेट न्यूज, फेक न्यूज, पेड न्यूज के माध्यम से अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता के नाम पर व्यवस्था को बिगाड़ने भ्रामक जानकारियां फैलाने वालों पर उचित कार्रवाई भी की जा सकती है। अतएव समाज के जागरूक नागरिकों पत्रकारों मीडियाकर्मियों को इसके उपयोग के पूर्व सावधानी भी बरतनी चाहिए।

## शहर में पसरे अतिक्रमण के खिलाफ बोले समाजसेवी

**●करन पाल सिंह ने डीएम को सौंपा शिकायती पत्र**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**ललितपुर।** शहर की प्रमुख सड़कों पर पसरे अतिक्रमण को हटाये जाने की मांग को लेकर बुधवार को पाल बघेल धनगर महासभा रजि. जिलाध्यक्ष करन सिंह पाल ने एक पत्र जिलाधिकारी सत्य प्रकाश को सौंपा है। ज्ञापन में उन्होंने बताया कि शहर क्षेत्र में नगर पालिका परिक्षेत्र में अधिकांश प्रमुख सड़कों पर स्थानीय दुकानदारों और व्यापारियों ने अतिक्रमण कर लिया है। जिस कारण राहगीरों, आम नागरिकों, बुजुर्गो, बच्चों व महिलाओं को आवागमन में भारी परेशानियां उठानी पड़ रहीं हैं। आये दिन दुर्घटनाएं भी हो रहीं हैं। प्रशासन द्वारा नगर पालिका के सहयोग से अभी तक कार्यवाहियां होती रहती हैं, जो कि महज औपचारिकता बनकर रह जाती है, जिससे जाम की स्थिति भी बन जाती है। बताया कि फुटपाथ पर भी अवैध तरीके से कब्जा होने के कारण राहगीर पैदल भी बीच सड़कों तक चलते हैं। बताया कि ललितपुर पर पिछले कई वर्षो से बिना किसी शासनादेश के वन-वे व्यवस्था लागू की गयी है। इस व्यवस्था से यातायात को सुचारू रूप से व्यवस्थित रूप से लागू किया जाना संभव नहीं है और यह व्यवस्था पूर्ण रूप से अस्थाई है। इसका स्थायी हल शाही रोड से दोनों ओर अतिक्रमण है, जिस पर ठोस कार्यवाही किया जाना आवश्यक है। नपा में पिछले 50 वर्षो से स्टेशन से नेहरू महाविद्यालय तक शाही रोड और शहर के अन्य प्रमुख रोड़ों पर काफी अतिक्रमण हुआ है। जबकि जिले की जनसंख्या इतने वर्षो में काफी बढ़ गयी है और ऑटोमोबाइल सेक्टर व औद्योगिक क्रान्ति से वाहनों की संख्या लाखों तक पहुंच गई है। ऐसी स्थिति में नागरिकों व वाहनों का सड़क पर चलना दुश्वार हो गया है। उन्होंने मास्टर प्लान के तहत अतिक्रमण को हटाये जाने पर जोर दिया है।

### एसआईआर को लेकर नपाध्यक्ष ने की अपील

**ललितपुर।** भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार जिले में चल रहे विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण (एसआईआर) अंतर्गत 04 दिसम्बर 2025 तक एसआईआर फार्म भरने की अंतिम तिथि है, जिला प्रशासन द्वारा फार्म उपलब्ध कराये जाने एवं जमा किये जाने हेतु बीएलओ, नगर पालिका के सुपरवाइजर सहित अन्य अधिकारियों को तैनात किया गया है। कार्य में लगे समस्त बीएलओ द्वारा घर-घर जाकर एसआईआर फार्म उपलब्ध करा दिये गये है। संज्ञान में आया है कि अभी तक कई मतदाताओं द्वारा एसआईआर फार्म भरकर बीएलओ को उपलब्ध नहीं कराये गये है। अतएव नपाध्यक्ष सोनाली जैन ने सभी मतदाताओं से अपील है कि जिन मतदाताओं द्वारा विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण (एसआईआर) के फार्म अभी तक नहीं भरे है या संबंधित बीएलओ के पास उपलब्ध नहीं कराये है वह समय से अपने-अपने बीएलओ व पालिका के सुपर वाइजरों से संपर्क स्थापित कर एसआईआर फार्म जमा कराने का कष्ट करें।

## श्रद्धा भावना से मनाया गया गुरु तेग बहादुरजी का बलिदान (शहीदी) दिवस

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**ललितपुर।** श्रीगुरु सिंह सभा गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के तत्वावधान में श्रीगुरु तेग बहादुर जी का 350 व शहीदी दिवस सिविल लाइन स्थित स्व.अवतार सिंह के आवास पर व गुरुद्वारा साहिब लक्ष्मीपुरा में शाम को श्रद्धा पूर्वक मनाया गया। सुबह श्रीअखंड पाठ साहिब की समाप्ति हुई। अपरांत मुख्य ग्रंथी ज्ञानी दलजीत सिंह ज्ञानी ईश्वर सिंह व झांसी से पधारे हर कीरत सिंह के रागी जत्थे ने गुरबाणी कथा कीर्तन द्वारा संगत को निहाल किया। मुख्य ग्रंथी ज्ञानी दलजीत सिंह ने कहा कि साहिब श्री गुरु तेगबहादुरजी की शहादत सिर्फ इतिहास नहीं, बल्कि धार्मिक स्वतंत्रता और मानव अधिकारों की रक्षा का विश्व स्तर पर अनोखा उदाहरण है। हिंद की चादर कहलाने वाले गुरु जी का बलिदान आज भी हर भारतीय के दिल में साहस, सत्य और आस्था के प्रतीक के रूप में जीवित है। सभा अध्यक्ष ओंकार सिंह सलूजा ने कहा कि सत्रहवीं सदी भारत के लिए काफी कठिन समय था। औरंगजेब के शासन में धार्मिक कट्टरता और जबरन धर्मांतरण की घटनाएं बढ़ गई थीं। खासकर कश्मीर में उसके सूबेदार इफ्तिखार खान द्वारा हिंदुओं पर अत्याचार किए जा रहे थे। डर, हिंसा और जबरदस्ती धर्म बदलवाने की कोशिशों से परेशान होकर कई कश्मीरी ब्राह्मण किसी ऐसे व्यक्ति की तलाश में थे, जो उनकी रक्षा कर सके. इन्हीं परिस्थितियों में 1675 में पंडित कृपा राम के नेतृत्व में एक समूह आनंदपुर साहिब पहुँचा। जब ब्राह्मणों ने अपनी पीड़ा सुनाई, तो सवाल उठा-इन अत्याचारों के खिलाफ खड़ा कौन होगा? जवाब बहुत स्पष्ट था सबसे महान संत ही यह जिम्मेदारी उठा सकते हैं। गुरु तेग बहादुर जी ने बिना झिझक इस जिम्मेदारी को स्वीकार किया। मंत्री मनजीत सिंह सलूजा ने कहा कि गुरु तेग बहादुरजी जानते थे कि उनका बलिदान सिर्फ एक जीवन का अंत नहीं होगा, यह पूरी जनता में हिम्मत और एकता जगाएगा। इस दौरान अध्यक्ष ओंकार सिंह सलूजा, नपाध्यक्ष सोनाली जैन, वरिष्ठ उपाध्यक्ष हरविंदर सिंह सलूजा, कोषाध्यक्ष परमजीत सिंह छतवाल, मंत्री मनजीत सिंह पत्रकार, हरजीत सिंह, गुणबीर सिंह, सुरजीत सिंह खालसा, डा.जे.एस.बक्शी, वीरेंद्र सिंह वीके, जगजीत सिंह बॉबी, सतनाम सिंह भाटिया, लल्लू महाराज, एड.रूपनारायण विश्वकर्मा, स्वामी प्रसाद, भगत सिंह, प्रदीप चौबे, बब्बू राजा, पूर्व नपाध्यक्ष सुभाष जायसवाल, गोपी सिंधी, सुनील अरोरा, जगदीश पाठक, पवन शास्त्री, चंद्रशेखर राठौर, पुष्पेंद्र सिंह बुंदेला, चंद्रशेखर दुबे, जिम्मी, मानवेंद्र कौर, दलजीत सिंह, बिंदु कालरा, बलजीत सिंह, चेतन दुबे, पंकज हुण्डैत आदि मौजूद रहे। संचालन महामंत्री सुरजीत सिंह सलूजा ने किया।

# संक्षिप्त खबरें

## इलाज के दौरान विवाहिता की मौत, पति समेत पांच के खिलाफ दहेज हत्या का मुकदमा

**लालगंज, प्रतापगढ़।** विवाहिता की इलाज के दौरान मौत होने पर पति समेत पांच आरोपियो के खिलाफ दहेज हत्या का मुकदमा दर्ज कराया गया है। लालगंज कोतवाली के गौखाड़ी निवासी उर्मिला देवी पत्नी हरकेश ने उदयपुर थाने पर दी गयी तहरीर मे कहा है कि उसकी बेटी मीनाक्षी का विवाह छः माह पहले उदयपुर थाना के खानीपुर गांव में संदीप के साथ हुआ था। आरोप है कि शादी के बाद से ही आरोपी दहेज में बुलेट मोटरसाइकिल की मांग करने लगे। मांग पूरी नही होने पर ससुरालीजन उसे मारने पीटने और प्रताड़ित करने लगे। विवाहिता के पति संदीप ने बीती इक्कीस नवंबर को फोन पर मायके वालों को बताया कि मीनाक्षी की तबीयत बहुत खराब है और वह सांगीपुर सीएचसी में भर्ती है। अस्पताल में हालत गंभीर देख उसे प्रयागराज इलाज के लिए ले जाया गया। वहां मंगलवार की रात उपचार के दौरान विवाहिता की मौत हो गयी। पीड़िता की तहरीर पर पति संदीप समेत सास धनपती, देवर कुलदीप व सुमित, ससुर दूधनाथ के खिलाफ दहेज हत्या का मामला दर्ज किया गया है। उदयपुर के प्रभारी निरीक्षक प्रदीप कुमार ने बताया कि शिकायत पर केस दर्ज किया गया है, जांच के बाद आरोपियों के खिलाफ उचित कार्रवाई की जायेगी।

## मां शारदा मंदिर की दानपेटी से रुपये चोरी



**ललितपुर।** थाना जखौरा क्षेत्र अंतर्गत मां शारदा मंदिर में घुसे चोरों ने अलमारी,दान पेटी तोड़कर उसमें रखे रुपयों पर हाथ साफ कर दिया। इस दौरान चोरों ने मंदिर में बनी आलमारी का ताला तोड़कर पीतल के बर्तन पूजा सामग्री भी उठा ले गये। मंदिर में चोरी की घटना की जानकारी जब आसपास के लोगों तक पहुँची तो में आक्रोश पनप गया। मंदिर के प्रबंधक राजकुमार ताम्रकार ने जखौरा थाने में जाकर पुलिस को तहरीर दी। वहीं पुलिस मामले की छानबीन में जुट गई है। जनपद ललितपुर के कस्बा जखौरा थाना क्षेत्र अंतर्गत मां शारदा मंदिर में हर रोज सुबह शाम क्षेत्र के लोग पूजा पाठ करते है। वहां से लोगों की काफी आस्था जुड़ी हुई है। मंगलवार की सुबह जब मंदिर प्रबंधक, भक्तगण जब भक्तगण मंदिर पहुंचे तो वहां दानपेटी का टूटा हुआ ताला देखकर भौंचक रह गये। मंदिर प्रबंधक राजकुमार ताम्रकार के अनुसार लोगों के अनुसार चोरों ने दान पेटी का ताला तोड़कर उसमें रखे रुपये चोरी कर लिये। वहीं आलमारी को भी निशाना बनाया। आलमारी में रखे पीतल के बर्तनों पर चोरों ने हाथ साफ कर दिया। इसके बाद लोगों ने इसकी सूचना पुलिस को दी। स्थानीय लोगों ने बताया 2 वर्ष पहले भी इसी मंदिर में चोरों ने हाथ साफ किया था। पर पुलिस चोरी का खुलासा नहीं कर सकी। मंदिर प्रबंधक ने पुलिस से शीघ्र चोरों को पकड़े जाने की मांग की है।

## तालबेहट और पूराकलाँ में मारपीट के मामले दर्ज

**तालबेहट ।** कोतवाली और पूराकलां थाना क्षेत्र में जमीन विवाद को लेकर दो अलग-अलग स्थानों पर मारपीट की घटनाएँ सामने आई हैं। पीड़ितों की तहरीर पर पुलिस ने मामले दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पहला मामला थाना तालबेहट के ग्राम खांदी मजरा गनेशपुरा का है। खांदी निवासी नरेश पुत्र जगदीश ढीमर ने आरोप लगाया है कि 25 नवंबर की सुबह करीब 8:30 बजे वह अपने घर के बाहर खड़ा था। तभी गांव के परम पुत्र परसू, सुनीता पत्नी परम और सीमा पत्नी मुकेश आए तथा जमीन बटवारे को लेकर उससे गाली-गलौज करने लगे। विरोध करने पर आरोपियों ने नरेश और उसकी चाची रानी पत्नी राजू पर लात-घूंसों तथा लाठी-डंडों से हमला कर घायल कर दिया। पीड़ित के अनुसार आरोपियों ने जान से मारने की धमकी भी दी। पुलिस ने तहरीर लेकर मामले की जांच शुरू कर दी है। दूसरी घटना थाना पूराकलां क्षेत्र के ग्राम गेवरा की है। यहां के निवासी हरदास पुत्र मनराखन अहिरवार ने रिपोर्ट दी है कि 24 नवंबर की शाम करीब 4 बजे वह खेत पर कृषि कार्य कर रहा था। तभी उसके मोहल्ले के नाथूराम, सीताराम, राजेश और संदीप खेत पर पहुंचे और बटवारे को लेकर गाली-गलौज करने लगे। रोकने पर आरोपियों ने हरदास पर लाठी-डंडों और लात-घूंसों से हमला कर दिया। शोर सुनकर उसका भाई दुल्ला बचाने आया तो उसे भी पीटा गया। आरोपियों द्वारा जान से मारने की धमकी देने के बाद वे मौके से फरार हो गए। दोनों प्रकरणों में पुलिस ने पीड़ितों की शिकायत पर रिपोर्ट दर्ज कर आवश्यक कानूनी कार्रवाई प्रारम्भ कर दी है।

# डीएम ने मेडिकल कॉलेज का किया निरीक्षण, व्यवस्थाओं को बेहतर करने का दिया निर्देश

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता





**प्रतापगढ़।** जिलाधिकारी शिव सहाय अवस्थी द्वारा डा0 सोने लाल पटेल स्वशासी राज्य चिकित्सा महाविद्यालय (मेडिकल कालेज) का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान डीएम ने मेडिकल कालेज के विभिन्न वार्डो में भर्ती मरीजों से उनके स्वास्थ्य एवं मिलने वाली सुविधाओं की जानकारी ली। उन्होने मेडिकल कालेज में रजिस्ट्रेशन काउन्टर, ओपीडी, लैब, सीटी स्कैन, आईसीयू, फिजियोथैरिपी, अल्ट्रासाउण्ड, ब्लड सेन्टर आदि का गहन निरीक्षण किया और वास्तविक स्थिति की फीडबैक प्राप्त की। उन्होने विभिन्न वार्डो में भर्ती मरीजों से वार्ता की और उनके स्वास्थ्य, उपचार, व्यवस्था तथा उपलब्ध चिकित्सकीय सुविधाओं के बारे में जानकारी प्राप्त की। उन्होने निर्देशित किया कि मरीजों को गुणवत्तापूर्ण ईलाज व सेवा व्यवस्था में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जायेगी।

डीएम ने दवाओं के स्टाक रूम का निरीक्षण कर दवाओं की उपलब्धता की जानकारी ली तो बताया गया कि 286 दवाओं में से 260 दवाओं की उपलब्धता बतायी गयी, डम्ब दवाओं का रख-रखाव सहीं ढंग से न पाये जाने व स्टाक रूम में दवायें डम्प मिलने पर डीएम ने चीफ फार्मासिस्ट कैलाश नाथ व फार्मासिस्ट बृज किशोर श्रीवास्तव को कड़ी फटकार लगायी और सम्बन्धित के विरूद्ध विभागीय कार्यवाही करने हेतु निर्देशित किया। मुख्य चिकित्साधिकारी को निर्देशित किया कि दवाओं के स्टाक रूम की विभागीय आडिट टीम गठित कर जांच करायी जाये और तीन दिवस के अन्दर रिपोर्ट उपलब्ध करायी जाये।

रजिस्ट्रेशन काउंटर और ओपीडी में मरीजों की अधिक भीड़ को देखते हुए जिलाधिकारी ने भीड़ नियंत्रण के लिये टोकन सिस्टम लागू करने तथा मरीजों के बैठने और प्रतीक्षा क्षेत्र की व्यवस्था सुदृढ़ की जाये ताकि किसी भी मरीज को असुविधा न हो। डीएम ने कहा कि जिले में स्वास्थ्य सुविधाओं को और बेहतर बनाने की जरूरत है, इस संबंध में शासन को भेजे गए सभी पत्रों की प्रतियां उपलब्ध कराई जाएं ताकि शासन स्तर पर प्रभावी पैरवी करते हुये आवश्यक संसाधनों की स्वीकृति दिलायी जा सके। उन्होने स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों, डाक्टरों को निर्देशित किया कि मरीजों को गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सुविधायें देना हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता है, इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही न बरती जाये, जो भी सुविधायें शासन स्तर से प्राप्त हो रही है उन्हें मरीजों को मुहैया करायी जाये। निरीक्षण के दौरान मुख्य चिकित्साधिकारी डा0 ए0एन0 प्रसाद, सीएमएस डा0 शैलेन्द्र कुशवाहा व स्वास्थ्य विभाग अधिकारी/डाक्टर उपस्थित रहे।

## जीआईसी में छात्रों को यातायात नियमों के प्रति किया जागरूक

**ललितपुर।** पुलिस अधीक्षक मो.मुश्ताक के निर्देश, एएसपी कालू सिंह व क्षेत्राधिकारी सदर अजय कुमार के संयुक्त पर्यवेक्षण में यातायात प्रभारी आलोक कुमार तिवारी ने राजकीय इंटर कॉलेज में छात्र-छात्राओं को यातायात नियमों के प्रति जागरूक किया गया। जागरूकता के दौरान सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने के उद्देश्य से छात्रों, विद्यालय स्टाफ को हेलमेट, सीट बेल्ट का अनिवार्य रूप से उपयोग, गलत दिशा में वाहन न चलाएं, दो पहिया वाहन पर तीन सवारी न बैठाना, सड़क पर स्टंटबाजी न करना, डिजिलॉकर ऐप, राहवीर योजना, हिट एंड रन के मामले में सरकार द्वारा दी जा रही आर्थिक सहायता के बारे में विस्तार से बताया गया। इसी क्रम में यातायात पुलिस ने शहर भर में वाहन चालकों को यातायात नियमों के प्रति जागरूक किया गया। विभिन्न चौराहों पर चलाये गए जागरूकता अभियान में नियमों का पालन कर रहे वाहन चालकों को गुलाब का फूल देकर सम्मानित किया गया, जबकि नियम विरुद्ध वाहन के संचालन करने वाले वाहन चालकों को यातायात नियमों के पालन हेतु प्रेरित किया गया।

## संदिग्ध परिस्थिति में टेण्ट व्यापारी का कर्मचारी लापता

### ●संग्रामगढ़ इलाके में कार व मोबाइल बरामद

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**लालगंज, प्रतापगढ़।** रायबरेली के टेण्ट व्यवसायी का कर्मचारी संदिग्ध परिस्थितियों में लापता हो गया। पुलिस ने छानबीन के दौरान उसकी कार और मोबाइल बरामद किया है। दो थानों की पुलिस उसकी तलाश और छानबीन में जुटी हुई है। रायबरेली जिले के एक टेण्ट व्यवसायी के यहां सुनील जायसवाल लेनदेन समेत अन्य कार्य देखता है। बुधवार को वह टेण्ट की बुकिंग के सिलसिले में लालगंज कोतवाली के भटनी इलाके में आया था। इसके पश्चात वह वापस संग्रामगढ़ की ओर कार से निकला। रास्ते में उसने टेण्ट व्यवसायी को सूचना देकर बताया कि उसके पीछे कुछ लोग लगे हुए हैं और अनहोनी कर सकते हैं। इसके बाद उसका मोबाइल फोन स्विच ऑफ हो गया। घटना की सूचना व्यवसायी ने लालगंज व संग्रामगढ़ पुलिस को दिया। जिसके बाद पुलिस ने संग्रामगढ़ थाना क्षेत्र के बाभन की बखरी गांव के समीप कर्मचारी की कार और उसका फोन बरामद कर लिया। कार के अंदर एक डायरी मिली है जिसमे पचास हजार रूपये एडवांस दिये जाने की बात लिखी गयी है। मामले को लेकर दोनों थानों की पुलिस जांच में जुटी हुई है। आशंका है कि पैसों को लेकर किसी ने उसका अपहरण किया है। लेकिन पुलिस इस बात से इंकार कर रही है। लालगंज कोतवाल आलोक कुमार ने बताया कि संग्रामगढ़ इलाके में घटना होने की बात कही जा रही है। प्रथम दृष्टया मामला संदिग्ध और लेनदेन का विवाद लग रहा है। जल्द ही मामले का खुलासा किया जायेगा।

## समानता के अधिकार को लेकर वकीलों ने उठाई सुरक्षा की आवाज, किया प्रदर्शन

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता




**प्रतापगढ़।** अधिवक्ता सुरक्षा अधिनियम को संसद के आगामी सत्र में पास कराए जाने की मांग को लेकर बुधवार को यहां वकीलों ने एकजुटता का ऐलान किया। आल इण्डिया रूरल बार एसोसिएसन के राष्ट्रीय अध्यक्ष ज्ञानप्रकाश शुक्ल एवं राष्ट्रीय महासचिव अनिल कुमार तिवारी महेश की संयुक्त अगुवाई में अधिवक्ताओं ने संविधान अंगीकरण दिवस पर समानता के अधिकार को लेकर सुरक्षा विधेयक को लेकर संघर्ष का बिगुल बजाया। अधिवक्ता सुरक्षा अधिनियम को लेकर तहसील परिसर में वकीलों ने नारेबाजी भी की। वहीं परिसर में विधेयक के मसौदे को लेकर जागरूकता अभियान भी चलाया गया। एसोसिएसन के राष्ट्रीय अध्यक्ष ज्ञानप्रकाश शुक्ल ने कहा कि संविधान में समानता का अधिकार अधिवक्ताओं की सुरक्षा को लेकर सर्वोच्च प्राथमिकता प्रदान करता है। राष्ट्रीय अध्यक्ष ज्ञानप्रकाश ने कहा कि यदि संसद के आगामी शीतकालीन सत्र में अधिवक्ता सुरक्षा को लेकर विधेयक पेश नहीं किया जाता तब वकील संसद भवन के सामने घेराव व प्रदर्शन करेंगे। एसोसिएसन के राष्ट्रीय महासचिव अनिल कुमार तिवारी महेश ने कहा कि अधिवक्ता सुरक्षा अधिनियम के जरिये देश में अन्याय के खिलाफ न्याय के संघर्ष को मजबूती मिलेगी। वहीं उन्होने बार कौंसिल के द्वारा सीओपी को लेकर मांग उठाई कि इसे अविलम्ब जारी करते हुए प्रदेश के सभी पंजीकृत अधिवक्ताओं को अतिरिक्त मतदाता के जरिए मतदान का संवैधानिक अधिकार दिया जाना चाहिए। कार्यक्रम की अध्यक्षता वरिष्ठ अधिवक्ता देवेश प्रताप सिंह व संचालन अजय कुमार त्रिपाठी ने किया। संयोजन प्रमोद मिश्रा व विमलचंद्र तिवारी ने किया। इस मौके पर गुलशाद, मानिकचंद्र यादव, पुरूषोत्तम द्विवेदी, जयश्री प्रसाद शर्मा, प्रेमशंकर मिश्र, दिनेश सिंह आदि अधिवक्ता रहे।

# खेल के माध्यम से विद्यार्थियों को अपनी प्रतिभा को दिखाने का मौका मिलता है- डीआईजी

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता





**सिद्धार्थनगर।** जिले के जनता इंटर कॉलेज असिधवा चेतिया के प्रांगण में बुधवार को सांसद खेल महोत्सव 2025 का आयोजन किया गया।जिसके मुख्य अतिथि उप महानिरीक्षक संजीव त्यागी, विशिष्ट अतिथि एसपी अभिषेक महाजन, सांसद जगदम्बिका पाल की सुपुत्री पूजा पाल, सांसद प्रतिनिधि एसपी अग्रवाल रहे। कार्यक्रम का संचालन चंद्रभान मौर्य खेल शिक्षक, मारुति नंदन श्रीवास्तव एआरपी ब्लॉक बॉसी ने किया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि द्वारा मां सरस्वती की चित्र पर दीप प्रज्वलन एवं माल्यार्पण कर किया गया। विद्यालय की बालिकाओं द्वारा मां सरस्वती वंदना एवं स्वागत गीत प्रस्तुत किया गया। अमरेंद्र पाल ने सभी विद्यार्थियों को सांसद खेल महाकुंभ का टी-शर्ट दिया।इसके उपरांत मुख्य अतिथि द्वारा बच्चों को आशीर्वाद दिया गया। इस दौरान मुख्य अतिथि डीआईजी संजीव त्यागी ने कहा कि इस खेल महाकुंभ के माध्यम से विद्यार्थियों को अपनी प्रतिभा दिखाने का सुनहरा अवसर प्राप्त होता है,जो बच्चों को आगे ओलंपिक खेलों आदि में प्रतिभाग करने में सहायक होगी। विद्यालय के प्रधानाचार्य सुनील कुमार रंजन ने अतिथियों का माल्यार्पण कर एवं अंगवस्त्र भेंट किया। इसके उपरांत मुख्य अतिथि ने फीता काटकर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। सर्वप्रथम 100 मी. दौड़ बालक वर्ग एवं बालिका वर्ग खेल का आयोजन किया गया। उत्कृष्ट विद्यार्थियों को मुख्य अतिथि द्वारा मेडल एवं प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया।

### उसका में दो दिवसीय सांसद खेल महाकुंभ का हुआ आगाज

उसका बाजार।कस्बे के जूनियर हाई स्कूल उसका बाजार के परिसर में बुधवार को दो दिवसीय सांसद खेल महाकुंभ का धमाकेदार आगाज हुआ। एडीएम गौरव श्रीवास्तव ने इसका उद्घाटन किया। इस मौके पर उन्होंने कहा कि इस खेल प्रतियोगिताएं के आयोजन से समाज के विकास के लिए एक नई राह तैयार हो रही है। इससे क्षेत्रीय खिलाड़ियों को नई दिशा और दशा मिलेगी। चेयरमैन प्रतिनिधि हेमन्त कुमार जायसवाल ने कहा की किसी भी समाज के विकास के लिए यह जरूरी है कि खेल और खिलाड़ियों को महत्व दिया जाए और उन्हें समझा जाए। इसके लिए खेल महाकुंभ बहुत ही आवश्यक है। खेल प्रतियोगिता में खोखो में किसान इंटर कालेज उसका बाजार की बच्चियां विजई रही ।बालक 100 मीटर दौड़ में किसान इंटर कालेज के सतेंद्र प्रथम, बाबा हरिदास इंटर कालेज उसका के कृष्ण द्वितीय , नितिन भारती तृतीय स्थान पर रहे।400 मीटर दौड़ में बाबा हरिदास इंटर कालेज उसका की प्रीति यादव प्रथम, कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय उसका की निशा सेकेंड, करिश्मा तृतीय स्थान पर रही। इसी तरह अन्य खेल प्रतियोगिता में विभिन्न स्कूलों के छात्र - छात्राओं ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। इस अवसर पर मेडिकल कालेज सिद्धार्थनगर के प्राचार्य डा. राजेश मोहन, सांसद खेल महाकुंभ के संयोजक अनूप सिंह बागी , व्यायाम शिक्षक सुबास जायसवाल, रूपेश सिंह, हरिशंकर सिंह, डा सतेंद्र मिश्र, राघवेंद्र सिंह, राम दरस यादव, मुजीब आदि रहे।

## विशेष पुनरीक्षण अभियान में योगदान के लिए बीएलओ हुए सम्मानित



**लालगंज, प्रतापगढ़।** विशेष मतदाता पुनरीक्षण अभियान में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए एसडीएम ने तहसील क्षेत्र में तैनात तीन बीएलओ को प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया। वहीं एसडीएम शैलेन्द्र वर्मा ने बुधवार को भी रामपुरखास विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न बूथों का निरीक्षण किया। एसडीएम ने अभियान में नब्बे प्रतिशत की सफलता के लिए प्राथमिक विद्यालय रेहुआ लालगंज के शिक्षक धर्मेन्द्र सिंह, संस्कृत पाठशाला पूरे नोती के अश्विनी कुमार, बेलहा प्राथमिक विद्यालय के अनुज सिंह को प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया। वहीं अभियान को लेकर एसडीएम ने बुधवार को सांगीपुर क्षेत्र के राजमतीपुर, सुजाखर, ओरीपुर नौगीर, सांगीपुर, कटेहटी मतदेय स्थलों पर संचालित कार्रवाई का जायजा लिया। एसडीएम ने अभियान से जुड़े कार्मिकों को निर्धारित समय सीमा के भीतर मतदाता प्रपत्र को हर दशा में पूर्ण कराए जाने के कडे निर्देश दिये।

## खेल से ही होता है स्वास्थ्य शरीर - जिलाधिकारी





स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**सिद्धार्थनगर।** ब्लाक स्तरीय सांसद खेल महोत्सव का ब्लाक संसाधन केंद्र खेल परिसर बर्डपुर में जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जीएन व अन्य जन प्रतिनिधियों ने मशाल जला व झंडा फहराकर प्रतियोगिता का शुभारंभ किया। इस दौरान जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जीएन ने कहा कि पढ़ाई के साथ खेल भी खेलना चाहिए। खेल को टीम भावना के साथ खेलना चाहिए। खेल से शरीर भी स्वस्थ रहता है। पूरे जनपद के समस्त विकास खण्डों में सांसद खेल प्रतियोगिता का आयोजन हो रहा है। सांसद खेल प्रतियोगिता में प्रतिभाग कर खिलाड़ियों ने कबड्डी, खो खो एवं वालीवाल का बेहतर प्रदर्शन किया। ब्लाक में आयोजित खेल प्रतियोगिता में मंडल अध्यक्ष अमित उपाध्याय ने कहा कि खेल महोत्सव से युवाओं में छिपी प्रतिभा निखरती है। गांवों में छिपी प्रतिभा को निखारने के लिए विकास खंड स्तरीय खेल का आयोजन किया गया। ऐसे आयोजनों से गांवो में छिपी प्रतिभा को निखारने का अवसर मिलेगा। भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष लाल जी त्रिपाठी लाल बाबा ने कहा इस तरह के आयोजन से ग्रामीण क्षेत्र के युवाओं को बेहतर मंच मिल रहा हैं। खिलाड़ी अपने क्षेत्र का नाम रोशन करेंगे। सांसद प्रतिनिधि रिंकू पाल ने कहा कि सांसद खेल महोत्सव का आयोजन प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के अच्छी सोच का नतीजा हैं। बेसिक के क्षेत्रों ने योग किया। छात्राओं ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया जिसकी सभी ने सराहना किया। डीएम व अन्य अतिथियों ने खिलाड़ियों के मार्च को सलामी दिया। तो एनसीसी के छात्रों ने बेंड बजाकर कार्यक्रम का विधिवत शुभारंभ हुआ। इस अवसर पर खंड विकास अधिकारी ओम प्रकाश सिंह, जिला पंचायत सदस्य सबलू साहनी, नीतीश पांडेय, कलीमुल्लाह, अब्दुल अजीज, शैलेन्द्र कुमार मिश्र, सहित तमाम लोग उपस्थित रहे।

# डीएम ने विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण अभियान के तहत मतदेय स्थलों का किया औचक निरीक्षण

### ●एसआईआर कार्यक्रम को समयबद्धता और पारदर्शिता के साथ पूर्ण करायें-डीएम

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता





**प्रतापगढ़।** जिलाधिकारी/जिला निर्वाचन अधिकारी शिव सहाय अवस्थी ने बुधवार को विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण अभियान (एसआईआर) के तहत प्राथमिक विद्यालय गायघाट, अबुल कलाम इण्टर कालेज, राजकीय बालिका इण्टर कालेज व एमडीपीजी कालेज का औचक निरीक्षण कर मतदाताओं के एसआईआर फार्म भराये जाने के वास्तविक स्थिति की जानकारी। निरीक्षण के दौरान उपजिलाधिकारी सदर नैन्सी सिंह भी उपस्थित रही। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने मतदेय स्थलों पर पहुंचकर उपस्थित बीएलओ विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण के दौरान आनलाइन व आफलाइन गणना प्रपत्रों के भराये जाने व फीडिंग के सम्बन्ध में जानकारी प्राप्त की तो पाया गया कि कुछ मतदेय स्थलो पर अध्यापकों द्वारा सहयोग नहीं किया जा रहा है, जिस पर डीएम ने मौके पर जिला विद्यालय निरीक्षक से फोन पर वार्ता कर निर्देशित किया कि एसआईआर जैसे महत्वपूर्ण कार्यो में अध्यापकों की ड्यूटी लगाकर कार्यो में तेजी लायी जाय। निरीक्षण के दौरान बीएलओ द्वारा गणना प्रपत्रों के कार्यो में धीमी प्रगति पर नाराजगी व्यक्त की और निर्देशित किया कि ज्यादा से ज्यादा लोगों के फार्म भराकर फीडिंग का कार्य कराया जाय।

इसके उपरान्त जिलाधिकारी ने पंजाबी मार्केट में पैदल भ्रमण कर व्यापारियों से एसआईआर फार्म भरे जाने के सम्बन्ध में जानकारी ली और जनसामान्य से अपील करते हुये कहा कि जिन भी लोगों के एसआईआर फार्म अभी तक नहीं भरे हुये है वह सम्बन्धित बीएलओ से सम्पर्क कर यथाशीघ्र अपना फार्म अवश्य भरवा लें जिससे कोई भी पात्र मतदाता छूटे ने और समय आने पर वह अपने मताधिकार का प्रयोग कर सके। उन्होंने विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण के दौरान समस्त बीएलओ को चेतावनी दी कि एसआईआर कार्य में किसी भी स्तर पर लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी, जिन मतदाताओं के गणना प्रपत्र अभी तक उनके घर नहीं पहुंचे है, वहां पर यथाशीघ्र फार्म उपलब्ध कराये और फार्म भराकर उसकी फीडिंग भी करायी जाय। उन्होंने संबंधित अधिकारियों और कर्मचारियों को यह भी निर्देशित किया कि निर्वाचन कार्यो में किसी भी प्रकार की लापरवाही या शिथिलता बर्दाश्त नहीं की जाएगी। सभी विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण कार्यक्रम से संबंधित कार्य समयबद्धता और पारदर्शिता के साथ पूर्ण किये जाय। डीएम ने बताया कि इस अभियान का मुख्य उद्देश्य मतदाता सूची को सटीक, त्रुटिरहित और अद्यतन बनाना है। इसका लक्ष्य है कि कोई भी पात्र मतदाता छूटे नहीं और कोई अपात्र व्यक्ति सूची में शामिल न हो। यह विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण अभियान 4 दिसंबर तक संचालित किया जायेगा।

## भारतीय महिला को चीन द्वारा घंटों अवैध हिरासत में रखना अक्षम्य- प्रमोद तिवारी

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**लालगंज, प्रतापगढ़।** राज्यसभा में विपक्ष के उपनेता प्रमोद तिवारी ने चीन द्वारा भारतीय महिला को हवाई यात्रा के दौरान जबरन और मनमाने ढंग से हिरासत मे ले जाने की कड़ी आलोचना की है। सांसद प्रमोद तिवारी ने कहा है कि अरूणांचल प्रदेश की भारतीय महिला पेंगा वांगजोम को हवाई यात्रा के दौरान सभी समझौता का खुला उल्लंघन करते हुए चीनी अव्रजन अधिकारियों द्वारा तीन घण्टे तक हिरासत में रखना सभी अर्न्तराष्ट्रीय नियमों और कानूनों का कड़ा उल्लंघन है। उन्होने कहा कि चीनी अधिकारियों ने भारतीय महिला को सिर्फ इसलिए अवैधानिक रूप से परेशान किया कि उसके वीजा पासपोर्ट पर भारत के अभिन्न अंग अरूणांचल प्रदेश का पता अंकित था।सांसद प्रमोद तिवारी ने कहा कि अरूणांचल प्रदेश के भारत के निर्विवाद अंग होने के बावजूद चीन की यह हरकत पूरी तरह अक्षम्य और अस्वीकार्य है। वहीं उन्होने इस गंभीर घटना पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को भी आड़े हाथों लिया। उन्होने कहा कि चीन का सदैव भारत के साथ प्रतिकूल रवैया रहा है। राज्यसभा में विपक्ष के उपनेता प्रमोद तिवारी ने कहा कि जरूरत है कि पीएम इंदिरा गांधी के कार्यकाल की तरह चीन के समक्ष दृढ़ता के साथ पेश आये। वहीं उन्होंने दिल्ली में बढ़ते प्रदूषण को लेकर भी मोदी सरकार और दिल्ली की भाजपा सरकार को कटघरे में खड़ा किया है।कहा कि यह अत्यन्त चिंता का विषय है कि दिल्ली सर्वाधिक प्रदूषण से प्रभावित है। उन्होने कहा कि संयुक्त राष्ट्र के भी मानक से बीस गुना ज्यादा देश की राजधानी दिल्ली में बढ़ता प्रदूषण अत्यन्त भयावह है। सांसद प्रमोद तिवारी ने संविधान दिवस पर भी मोदी सरकार पर तगड़ा कटाक्ष करते हुए कहा कि वह चुनाव आयोग से मिलकर एसआईआर के जरिए लोगों से उनके वोट तक का अधिकार छीनना चाहती है। राज्यसभा सदस्य प्रमोद तिवारी का बयान बुधवार को मीडिया प्रभारी ज्ञानप्रकाश शुक्ल के हवाले से निर्गत हुआ है।

## श्रीमद् भागवत कथा के लिए धूमधाम से निकली कलश यात्रा



**सिद्धार्थनगर।** जिले के उसका बाजार कस्बा के आद्या प्रसाद नगर वार्ड से बुधवार को श्रीमद् भागवत कथा के लिए धूमधाम से कलश यात्रा निकाली गई। आयोजक प्रह्लाद अग्रहरी की अगुवाई में सुबह 10 बजे से भव्य कलश यात्रा यज्ञ परिसर से निकाली गई । कलश यात्रा सुभाष नगर , आद्या नगर , परती आदि स्थानों पर होते हुए कूड़ा नदी के दुख्खी मांझी घाट पर कलश भरने के लिए पहुंची। विद्वान आचार्य संतोष शुक्ला के द्वारा वैदिक मंत्रोच्चार के बीच कलश में जल भरा गया। विधि विधान से महिलाओं ने कलश में जल भरकर वापस गई। कथा की पूर्णाहुति दो दिसंबर को हवन पूजन और भंडारे के साथ होगा। कलश यात्रा में चेयरमैन प्रतिनिधि हेमन्त कुमार जायसवाल, गोपाल अग्रहरी, शिवा जी अग्रहरी, राहुल दूबे, महंत लाल बहादुर दास,मनीष अग्रहरी, रवि अग्रहरी, सुनील आदि रहे।

## पूर्वदशम/दशमोत्तर छात्रवृत्ति योजनान्तर्गत समस्त वर्गो के छात्रों के लिये संशोधित समय सारिणी

### ●छात्रवृत्ति योजना का लाभ लेने हेतु छात्र/छात्रायें 06 दिसम्बर तक करें आनलाइन ओवदन

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**प्रतापगढ़।** जिला समाज कल्याण अधिकारी नागेन्द्र कुमार मौर्य ने बताया है कि शैक्षिक सत्र वर्ष 2025-26 में पूर्वदशम/दशमोत्तर (कक्षा 11-12) छात्रवृत्ति योजनान्तर्गत समस्त वर्गो के छात्रों के लिये संशोधित समय सारिणी निर्गत की गई है। उन्होने बताया है कि 25 नवम्बर से 01 दिसम्बर तक विद्यालय द्वारा प्रोफाइल लॉक किया जायेगा।25 नवम्बर से 06 दिसम्बर तक छात्र/छात्राओं द्वारा छात्रवृत्ति हेतु आनलाइन आवेदन किया जायेगा। 25 नवम्बर से 07 दिसम्बर तक छात्र/छात्राओं द्वारा फाइनल प्रिन्टआउट किया जायेगा। 25 नवम्बर से 09 दिसम्बर तक ऑनलाइन आवेदन पत्र की हार्ड कापी छात्र/छात्राओं द्वारा वांछित संलग्लकों सहित विद्यालय में जमा किया जायेगा।13 दिसम्बर तक विद्यालय द्वारा आवेदन पत्र को आनलाइन सत्यापित एवं अग्रसारित किया जायेगा। 28 दिसम्बर तक त्रुटिपूर्ण आवेदन को छात्रों/संस्था के स्तर से सही किया जायेगा। 29 दिसम्बर तक त्रुटियॉ संशोधन के पश्चात् छात्रों द्वारा सही आवेदन को विद्यालय में जमा किया जायेगा।23 दिसम्बर से 31 दिसम्बर तक संस्था द्वारा पुनः अग्रसारित किया जायेगा। उन्होने यह भी बताया है कि जिन शिक्षण संस्थानों द्वारा वित्तीय वर्ष 2025-26 में प्रोफाइल लॉक नहीं की गयी थी, वे शिक्षण संस्थान निर्धारित तिथि में अपनी प्रोफाइल अवश्य लॉक कर दें। जिन शिक्षण संस्थानों की लॉगिन पर पूर्व निर्धारित अंतिम तिथि तक आवेदन पत्र लम्बित रह गये थे, वे शिक्षण संस्थान लम्बित डाटा को निर्धारित समय सारिणी के अनुसार अग्रसारित कर लें।

# संक्षिप्त खबरें

## वृद्ध जनों के सशक्तिकरण के लिए भी वृद्धावस्था पेंशन 600 से बढ़ा कर 1500 की जाए: कैलाश तिवारी

**शहडोल।** वरिष्ठ सामाजिक कार्यकर्ता कैलाश तिवारी ने प्रधानमंत्री श्री मोदी जी एवं मुख्यमंत्री श्री मोहन यादव को पत्र लिखकर मांग की है कि जिस प्रकार भारतीय जनता पार्टी शासित प्रदेश सरकारो ने तथा अन्य प्रदेश सरकारों ने महिलाओं को सशक्तिकरण प्रदान करने के लिए लाडली लक्ष्मी बहना , माझी लड़की बहन योजना, लाडो लक्ष्मी योजना, मइया सम्मान योजना, बंगारू थल्ली योजना, मुख्यमंत्री महिला रोजगार योजना जैसी योजनाएं चल रही हैं और उनको इसका व्यापक लाभ भी मिल रहा है। इस प्रकार की योजनाएं पूरे भारतवर्ष में वृद्धजनों के लिए भी चलाई जाएं। भारतवर्ष में कुल आबादी का लगभग 15 करोड़ की संख्या वृद्धि जनों की है। जो कि देश की आबादी का लगभग 10 प्रतिशत है। इतनी बड़ी आबादी को इस अवस्था में बेसहारा छोड़ना उचित नहीं है। वृद्धावस्था ऐसी अवस्था होती है जहां पर केवल 600 से गुजारा नहीं होता है। पूरे देश में वृद्धावस्था पेंशन 600 से बढ़कर न्यूनतम 2000 किया जाना, आज की सामाजिक परिस्थितियों में अनिवार्य हो चुका है। पेंशन में वृद्धि से वृद्ध जन भी सम्मानपूर्वक समाज में रह सकेंगे । 600 में जीवन यापन का कार्य किया जाना किसी भी स्थिति में संभव नहीं है। केंद्र में जब से भारतीय जनता पार्टी की सरकार बनी है तब से सामाजिक दायित्व का भली भांति निर्वहन किया जा रहा है। केंद्र सरकार को चाहिए कि वह इस दिशा में भी शीघ्र ही कोई निर्णय लेकर देश के एक बड़े वर्ग की समस्या को दूर करें।

## शहडोल में शासकीय आयुर्वेदिक महाविद्यालय स्थापित किए जाने के निर्णय का स्वागत



**शहडोल।** भारतीय जनता पार्टी के पूर्व जिला महामंत्री कैलाश तिवारी ने बताया है की मध्य प्रदेश विधानसभा में राज्यपाल महोदय के अभि भाषण में कहा गया है की भारतीय चिकित्सा पद्धति को प्रोत्साहन देने के उद्देश्य से शहडोल सहित मंडला, बालाघाट, खजुराहो व सागर में नए शासकीय आयुर्वेदिक महाविद्यालय स्थापित करने का निर्णय लिया गया है। मध्य प्रदेश शासन द्वारा शहडोल में शासकीय आयुर्वैदिक महाविद्यालय खोले जाने के निर्णय पर मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव को बधाई देते हुए कहा है कि आयुर्वैदिक महाविद्यालय खुल जाने से क्षेत्र वासियों को आयुर्वेदिक चिकित्सा पद्धति से इलाज की अच्छी सुविधा मिल सकेगी। उल्लेखनीय है कि भारतीय जनता पार्टी सरकार पूर्व में ही मेडिकल कॉलेज, इंजीनियरिंग कॉलेज, यूनिवर्सिटी, जैसी संस्थाओं की सौगात दे चुकी है तथा प्रारंभ भी हो चुकी है। इसके अतिरिक्त एयरपोर्ट, पासपोर्ट कार्यालय तथा शासकीय महाविद्यालय शहडोल में खोले जाने की घोषणा भी विगत माह में हो चुकी है। जिसका लाभ निकट भविष्य में संभाग के निवासियों को मिलेगा।

## पी0एम0 सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना की बैठक में बैंकों मैनेजरों को जिलाधिकारी ने लगाई फटकार

### चार दिनों के भीतर ऋण स्वीकृत करने के दिए निर्देश




**हमीरपुर-** जिलाधिकारी घनश्याम मीणा की अध्यक्षता में बुधवार को कलैक्ट्रेट सभा कक्ष में पी0एम0 सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना की समीक्षा बैठक की गई ,जिसमें वैण्डर कल्प इन्टरप्राजेज के अभिषेख दिक्षित द्वारा शिकायत करने पर जिलाधिकारी महोदय, ने बैंक मेनेजरों को चार दिवस में विद्युत उपभोक्ताओ को ऋण स्वीकृत करने के निर्देश दिये तथा परियोजना अधिकारी यूपीनेडा को निर्देश दिये कि जो बैंक समय से ऋण स्वीकृत न करें। तो मुझे अवगत कराये हवं मुख्य विकास अधिकारी महोदय, द्वारा विद्युत विभाग के उप खण्ड अधिकारियों को निर्देशित किया कि तीन दिवस में नाम परिवर्तन एंव भार परिवर्तत करने की हिदायत दी। तथा अधिशाषी अभियन्ता परीक्षण को निर्देशित किया कि अधिकतम तीन दिन में मीटर स्थापना एंव सोलर कन्सीडर कराने को कहा गया। बैठक में आर0बी0 ओझा परियोजना प्रभारी, जनपदीय बैंक मैनेजर एंव एल.डी.एम., विद्युत विभाग से अधिशाषी अभियन्ता विद्युत वितरण एंव अधिशाषी अभियन्ता परीक्षण, उपखण्ड अधिकारी एंव जनपद के समस्त पजीकृत वैण्डरों द्वारा प्रतिभाग किया गया।

# Arunachal को लेकर भारत के जवाब से Xi Jinping का चेहरा तमतमाया, भारतीय कंपनियों की राह में अड़ंगा डालने लगा China

**वैसे तो भारत-चीन संबंध पिछले एक दशक में लगातार तनाव और सहयोग के बीच झूलते रहे हैं, लेकिन बीते कुछ दिनों की घटनाओं ने एक बार फिर यह रेखांकित कर दिया है कि बीजिंग के साथ किसी भी प्रकार की साझेदारी केवल आर्थिक पैरामीटर पर नहीं चल सकती।**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

अरुणाचल प्रदेश की महिला को शंघाई हवाई अड्डे पर रोके जाने के विरोध में भारत की तीखी प्रतिक्रिया से चीन तिलमिला उठा है जिससे दोनों देशों के संबंधों में तनाव एक बार फिर उभर कर सामने आ गया है। हम आपको बता दें कि ताज़ा घटनाओं ने भारत-चीन संबंधों के दो सबसे संवेदनशील क्षेत्रों- आर्थिक सहयोग और क्षेत्रीय-संप्रभुता, को एक साथ सुर्खियों में दिया है। एक ओर भारतीय इलेक्ट्रॉनिक्स उद्योग चीन की नीतिगत अस्पष्टताओं और तकनीकी सहयोग में बाधाओं से परेशान है; दूसरी ओर शंघाई एयरपोर्ट पर अरुणाचल प्रदेश की एक भारतीय महिला को 'अवैध पासपोर्ट' के नाम पर रोके जाने संबंधी घटनाक्रम ने कूटनीतिक तनाव को नई ऊंचाई दी है। भारत ने बेहद स्पष्ट शब्दों में कहा है कि अरुणाचल प्रदेश उसका अभिन्न और अविभाज्य हिस्सा है और चीन की किसी भी अस्वीकृति से यह तथ्य बदलने वाला नहीं है। देखा जाये तो आर्थिक असहजता और कूटनीतिक टकराव की यह दोहरी परिस्थिति भारत-चीन संबंधों की वास्तविक जटिलताओं को सामने लाती है।

वैसे तो भारत-चीन संबंध पिछले एक दशक में लगातार तनाव और सहयोग के बीच झूलते रहे हैं, लेकिन बीते कुछ दिनों की घटनाओं ने एक बार फिर यह रेखांकित कर दिया है कि बीजिंग के साथ किसी भी प्रकार की साझेदारी केवल आर्थिक पैरामीटर पर नहीं चल सकती। इसमें राजनीति, सुरक्षा, भू-राजनीति, और सबसे बढ़कर, संप्रभुता की व्याख्या का मुद्दा निर्णायक रूप से शामिल है।

सबसे पहले इलेक्ट्रॉनिक्स सेक्टर की चिंताओं पर नजर डालें तो भारतीय कंपनियों को चीन से उन्नत तकनीक, कंपोनेंट्स और निवेश की आवश्यकता है, जिसे पूरा करने के लिए कई योजनाएं बनाई गई। लेकिन इन साझेदारियों में अचानक लगा ब्रेक यह संकेत देता है कि चीन भारत के साथ तकनीकी और पूंजी साझेदारी में पहले से कहीं अधिक सतर्क हो गया है।

PG Electroplast की तकनीकी साझेदारी महीनों से अटकी पड़ी है; ॥द्बह्यद्दठ्ठह्यद्द ने अपनी भारतीय मैन्युफैक्चरिंग यूनिट में 26% हिस्सेदारी लेने की योजना रोक दी है और Bharti Group mæÚUæ Haier India के 49% अधिग्रहण का मामला भी चीनी अनुमोदन के इंतजार में ठहरा हुआ है। ये घटनाएं आकस्मिक नहीं हैं। चीन स्पष्ट रूप से किसी भी ऐसी गतिविधि को अनुमति देने से पहले दो बातों पर गंभीरता से विचार कर रहा है– पहला, उसकी तकनीक और बौद्धिक संपदा की सुरक्षा; और दूसरा, भारत-चीन संबंधों की वर्तमान राजनीतिक संवेदनशीलता।

यहां यह याद रखना होगा कि भारत ने 2020 में सीमा तनाव के बाद Press Note 3 लागू किया था, जिसके तहत पड़ोसी देशों के किसी भी निवेश पर सरकारी मंजूरी अनिवार्य कर दी गई। चीन इसे एक राजनीतिक संदेश की तरह देखता है। अब वह भी वैसी ही कड़ी जांच-पड़ताल भारत से जुड़ी हर तकनीकी व पूंजीगत परियोजना के लिए लागू कर रहा है। परिणाम यह है कि भारतीय उद्योग दो तरफ से फंस गया है– भारत की सराहनीय 'वैल्यू एडिशन' और 'लोकलाइजेशन' की महत्वाकांक्षा को पूरा करने के लिए चीन की तकनीक और मशीनरी जरूरी है, लेकिन चीन की मंजूरी और व्यवहार अनिश्चित होता जा रहा है।

दूसरी ओर, आर्थिक मोर्चे की उलझनें कूटनीति में उभरते तनाव से गहराई से जुड़ी हैं। शंघाई एयरपोर्ट पर अरुणाचल प्रदेश की भारतीय नागरिक पेमा वांगजोम थोंगडोक को 18 घंटे तक रोके जाने की घटना सिर्फ एक यात्री के साथ हुआ अनुचित व्यवहार नहीं थी; यह चीन के उस राजनीतिक दावे का परिचायक है जिसमें वह अरुणाचल को 'दक्षिण तिब्बत' कहकर भारत के हिस्से के



रूप में मानने से इंकार करता है। यह दावा केवल मानचित्र पर नहीं, बल्कि अब यात्रियों के अधिकारों और अंतरराष्ट्रीय नियमों तक में दखल देने लगा है।

भारत की कड़ी प्रतिक्रिया इसलिए भी आवश्यक थी क्योंकि यदि कोई देश किसी भारतीय नागरिक की वैध पहचान को ही चुनौती देने लगे, तो यह महज़ कूटनीतिक असहमति नहीं, बल्कि राष्ट्रीय सम्मान और संप्रभुता पर प्रश्नचिह्न है। विदेश मंत्रालय का यह कहना कि चीनी अधिकारियों की कार्रवाई 'अंतरराष्ट्रीय हवाई यात्रा संबंधी कई संधियों तथा स्वयं चीन के अपने नियमों का उल्लंघन' है, केवल तथ्यात्मक आरोप नहीं है, यह एक चेतावनी भी है कि भारत अब ऐसी हरकतों को महज 'घटनाएं' मानकर छोड़ने वाला नहीं।

उधर, चीन का आधिकारिक बयान, जिसमें उसने यात्री के साथ किसी भी 'हिरासत' या 'उत्पीड़न' से इंकार किया और साथ ही अरुणाचल को 'अवैध रूप से स्थापित भारतीय राज्य' बताया, वही पुराना दोहरा स्वर है। विशेषज्ञों का कहना है कि चीन के पासपोर्ट-संबंधित निर्देश उसकी लंबी अवधि की रणनीति का हिस्सा हैं। यह प्रत्यक्ष रूप से भारतीय नागरिकों को असुविधा में डालने के साथ-साथ अपने दावे को बार-बार व्यवहारिक स्तर पर लागू करने का तरीका है।

देखा जाये तो ताज़ा घटनाएं यह बताती हैं कि भारत-चीन संबंधों में सुधार केवल बैठकों या बयानबाजी से नहीं होगा; इसके लिए एक लंबी, सावधानीपूर्वक और बहुस्तरीय रणनीति की आवश्यकता है। इसके लिए कुछ कदम उठाने होंगे। जैसे- भारत को हर ऐसे मामले में न केवल द्विपक्षीय रूप से बल्कि ICAO, IATA और अन्य वैश्विक मंचों पर औपचारिक शिकायत दर्ज करनी चाहिए। इससे चीन की सीमा-व्यवहार नीतियों की वैश्विक जांच बढ़ेगी। साथ ही चीन द्वारा तकनीकी सहयोग रोकने से भारत को अपनी 'टेक इकोसिस्टम' को और तेज़ी से विकसित करने का अवसर मिलता है। PLI स्कीम्स और R×D में निवेश को अब रणनीतिक प्राथमिकता बनाना होगा। इसके साथ ही यह भी ध्यान रखना होगा कि कूटनीति केवल विरोध का नाम नहीं है। वार्ता जारी रखनी ही होगी, लेकिन स्पष्ट लाल रेखाओं के साथ। यह संदेश बीजिंग को समय-समय पर और तीखेपन से मिलता रहना चाहिए कि संप्रभुता और भारतीय नागरिकों की सुरक्षा पर भारत किसी भी समझौते को स्वीकार नहीं करेगा।

बहरहाल, भारत-चीन संबंधों की आज की तस्वीर में सबसे बड़ी कमी 'विश्वसनीयता' की है और यह कमी दोनों दिशाओं से उत्पन्न होती है। जब बीजिंग तकनीकी सहयोग रोकता है, निवेश में देरी करता है और भारतीय नागरिकों की पहचान पर ही प्रश्न खड़ा करता है, तो यह स्पष्ट हो जाता है कि संबंधों में अनिश्चितता बढ़ रही है। भारत के लिए यह समय भावनाओं का नहीं, बल्कि विवेकपूर्ण दृढ़ता का है। आर्थिक साझेदारी जरूरी है, लेकिन सम्मान और संप्रभुता सर्वोपरि हैं। भारत ने शंघाई एयरपोर्ट घटना पर जो तीखी प्रतिक्रिया दी है, वह भविष्य के लिए आवश्यक संकेत है कि चाहे तकनीक की जरूरत हो या व्यापार की, भारत अपने नागरिकों और अपने क्षेत्रीय दावे पर किसी भी कीमत पर समझौता नहीं करेगा।

# संविधान दिवस (26 नवंबर) के अवसर पर मध्य प्रदेश के शहडोल जिले में भीम आर्मी/ आज़ाद समाज पार्टी (काशीराम) के अगुवाई में कार्यक्रम

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता










**शहडोल-** शहडोल में भीम आर्मी/आज़ाद समाज पार्टी का कार्यक्रम, स्थानीय मीडिया रिपोर्ट्स और संगठन के सूत्रों के अनुसार, शहडोल में संविधान दिवस, को 'राष्ट्रीय कानून दिवस' के रूप में मनाने मनाया गया है। शहडोल शहर के प्रमुख स्थान (डॉ. अंबेडकर पार्क/प्रतिमा स्थल) पर भीम आर्मी के कार्यकर्ता और आज़ाद समाज पार्टी के पदाधिकारी एकत्रित हुए! **रैली-** संविधान के संदेश को आम जनता तक पहुँचाने के लिए शहर के मुख्य मार्ग पर जागरूकता जुलूस, वाहन रैली निकाली गई! जिसमें 'जय भीम' भीम आर्मी जिंदाबाद, और 'संविधान बचाओ' संविधान दिवस अमर रहे , के नारे लगाए गये। **यह कार्यक्रम,** संविधान की सर्वोच्चता और डॉ. अंबेडकर के प्रति सम्मान व्यक्त करने पर केंद्रित रखा गया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य नागरिकों, विशेषकर युवाओं में संवैधानिक मूल्यों, अधिकारों और कर्तव्यों के प्रति जागरूकता बढ़ाना था। कार्यक्रम की शुरुआत प्रस्तावना के सामूहिक वाचन से हुआ! जिसमें बड़ी संख्या में विद्यार्थी, अध्यापक, समाजसेवी तथा स्थानीय नागरिक शामिल हुए। वक्ताओं ने संविधान निर्माताओं के योगदान, डॉ. भीमराव अम्बेडकर की भूमिका और भारत के लोकतांत्रिक ढांचे की मजबूती पर विस्तार से प्रकाश डाला गया।

कार्यक्रम में आयोजित विचार-गोष्ठी, संगोष्ठी, प्रतिभागियों ने संविधान के विभिन्न पक्षों–न्याय,स्वतंत्रता, समानता, बंधुत्व और मौलिक अधिकारों–पर अपने विचार प्रस्तुत किए। सामाजिक संगठनों ने भी इस अवसर पर जागरूकता रैली निकाली, जिसमें नागरिकों को कानून का सम्मान करने, भेदभाव का विरोध करने और लोकतांत्रिक मूल्यों को मजबूत करने का संदेश दिया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में, एड.श्यामलाल जैसवाल, भीम आर्मी जिला संयोजक राजेश कुशवाहा, आजाद समाज पार्टी जिला अध्यक्ष शहडोल कैलाश अहिरवार, शिव बैगा, गोलू बौद्ध, श्री मति लक्ष्मी साहू, रामसजीवन कोल, प्रकाश वर्मा, रामस्वरूप कोल, सूरज बैगा, डॉक्टर राजेश अहिरवार, एडवोकेट चांदनी अहिरवार, भीम आर्मी स्टूडेंट फेडरेशन जिला अध्यक्ष शहडोल चंद्रशेखर साकेत एवं सभी मैकी ग्रामवासी के नेतृत्व में कार्यक्रम को सफल बनाने में विशेष योगदान रहा है!

# वोट चोर का झूठा नारा देने वाली कांग्रेस खुद है रिजर्वेशन चोर: पेरिका सुरेश



स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

स्वतंत्र सिंह भुल्लर

**नई दिल्ली।** बीसी ज्वाइंट एक्शन कमेटी के नवनियुक्त कन्वीनर पेरिका सुरेश ने बशीरबाग प्रेस क्लब में आयोजित एक प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए कहा कि कांग्रेस के वरिष्ठ नेता राहुल गांधी मोदी सरकार पर वोट चोरी का लगातार आरोप लगा रहे हैं,जबकि सच्चाई यह है कि तेलंगाना की कांग्रेस सरकार तेलंगाना पंचायत चुनाव में बीसी समाज के आरक्षण की चोरी कर रही है।तेलंगाना की कांग्रेस सरकार ने पंचायत चुनाव में बीसी के निर्धारित आरक्षण 42% को घटाकर 18% कर दिया है।उन्होंने कहा कि इस समाज को 5300 सीटों पर आरक्षण का अधिकार है, जिसे घटाकर तेलंगाना की कांग्रेस सरकार ने 2500 कर दिया है।यह बीसी समाज के साथ घोर अन्याय है। तेलंगाना के 30 मंडलों को आरक्षण से वंचित कर दिया गया है,वही 80 मंडलों में एक या दो सीट रिजर्व किया गया है।श्री सुरेश ने कहा कि बीसी समाज सरकार के इस समाज विरोधी फैसले का राज्यव्यापी विरोध करेगी।आगामी 8,9 दिसंबर को बीसी समाज अपने 42 परसेंट आरक्षण की मांग को लेकर दिल्ली में संसद भवन का घेराव कर 42% आरक्षण के लिए मांग पत्र सौंपेगी। इस अवसर पर बीसी ज्वाइंट एक्शन कमेटी के1000 सदस्यों ने सक्रिय रूप से भाग लिया। बीसी ज्वाइंट एक्शन कमेटी के चेयरपर्सन जाजुला श्रीनिवास गॉड,वर्किंग चेयरमैन गुंजा कृष्ण,कुंदरम गणेश चारी,बीसी वेलफेयर एसोसिएशन स्टेट एग्जीक्यूटिव प्रेसिडेंट कुलकाचारला श्रीनिवास मुदीराज,स्टूडेंट एसोसिएशन सेंट्रल कमिटी प्रेसिडेंट तातीकोंडा विक्रम गॉड,यूथ एसोसिएशन नेशनल प्रेसिडेंट कानाकला श्याम उपस्थित रहे।

# दक्षिण अफ्रीका से हार का भारी झटका: WTC तालिका में भारत फिसला, पाकिस्तान से भी पिछड़ा

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**कोलकाता।** बुधवार को घरेलू मैदान पर दक्षिण अफ्रीका से शर्मनाक श्रृंखला हारने के बाद भारत आईसीसी विश्व टेस्ट चैंपियनशिप (डब्ल्यूटीसी) की अंक तालिका में पांचवें स्थान पर खिसक गया है। 2000 के बाद यह दूसरी बार है जब उन्होंने देश में टेस्ट श्रृंखला जीती है। इस बीच, आईसीसी के अनुसार, 408 रनों से हार भारत की टेस्ट क्रिकेट में रनों के अंतर से सबसे बड़ी हार है। इस जीत ने आईसीसी विश्व टेस्ट चैंपियनशिप 2025-27 की अंक तालिका में दक्षिण अफ्रीका की स्थिति को और मजबूत कर दिया है। गत चैंपियन अपने चार टेस्ट मैचों में 36 अंकों के साथ ऑस्ट्रेलिया के ठीक पीछे दूसरे स्थान पर है। उनका अंक प्रतिशत (पीसीटी) 66.67 से बढ़कर 75 हो गया है। उन्होंने तीन टेस्ट जीते हैं और सिर्फ एक हारा है।

दूसरी ओर, भारत अंक तालिका में चौथे स्थान पर काबिज पाकिस्तान से नीचे खिसक गया है, और अब वह पांचवें स्थान पर है, जिसका पीसीटी 48.15 पर आ गया है, जिसमें चार हारे, चार जीते और एक ड्रॉ रहा है। पहले दिन 247/6 के स्कोर के साथ धीमी शुरुआत के बाद, ऑलराउंडर सेनुरन मुथुसामी (109) के पहले टेस्ट शतक और मार्को जेनसन (91 गेंदों में 93 रन, छह चौकों और सात छक्कों की मदद से) की जोरदार पारी ने निचले क्रम में महत्वपूर्ण योगदान दिया और प्रोटियाज को पहली पारी में 489 तक पहुंचाया। कुलदीप यादव (4/115) भारत के शीर्ष गेंदबाज रहे।

जेनसन ने गेंद से अपना जादू जारी रखा और 6/48 के आंकड़े हासिल किए, जिससे मेजबान टीम केवल 201 रन पर ढेर हो गई। यशस्वी जायसवाल (97 गेंदों में 58 रन, छह चौकों और एक छक्के की मदद से) और वाशिंगटन सुंदर (92 गेंदों में 48 रन, दो चौकों और एक छक्के की मदद से) के अर्धशतकों ने उल्लेखनीय प्रतिरोध पेश किया। भारत ने 65 रनों की साझेदारी के साथ अच्छी शुरुआत की, लेकिन सुंदर और कुलदीप (134 गेंदों में तीन चौकों की मदद से 19 रन) के बीच 72 रनों की साझेदारी के साथ 122/7 पर फिसल गया, जिससे भारत 200 रनों के आंकड़े तक पहुंच गया।



दक्षिण अफ्रीका ने फॉलो-ऑन न देने का फैसला किया, बल्कि अपनी बढ़त को 500 के पार पहुँचाया। ट्रिस्टन स्टब्स (180 गेंदों में 94 रन, नौ चौकों और एक छक्के की मदद से) ने पारी घोषित होने से पहले अपनी तीसरी पारी में 260/5 का स्कोर बनाया। एक बार फिर स्पिनरों ने कमाल दिखाया, जिसमें जडेजा ने चौका लगाया। लेकिन भारत के सामने 549 रनों का विशाल लक्ष्य था। कोलकाता में दक्षिण अफ्रीका के प्लेयर ऑफ द मैच साइमन हार्मर दूसरी पारी में भी अपने सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन पर थे। पहली पारी में 64 रन देकर 3 विकेट लेने के बाद, हार्मर (37 रन देकर 6 विकेट) ने आखिरी दिन की सुबह भारतीय बल्लेबाजी क्रम को तहस-नहस कर दिया।

## यादव महासभा ने शहीद को दी श्रृद्धांजलि

**हमीरपुर-** जम्मू कश्मीर के कुपवाड़ा में ड्यूटी के दौरान गोली लगने से मरे सेना के नायक गोविंद सिंह को यादव महासभा ने उसके पैतृक घर पहुंचकर श्रृद्धांजलि अर्पित करके जवान के परिजनों को ढांढस बंधाया। महासभा के जिला मीडिया प्रभारी नंदकिशोर यादव ने बताया कि सुमेरपुर विकासखंड क्षेत्र के कुसमरा गांव निवासी गोविंद सिंह सेना में नायक पद पर जम्मू कश्मीर के कुपवाड़ा में तैनात था। गलत 23 नवंबर को ड्यूटी के दौरान गोली लगने से उसकी मौत हो गई थी। 25 नवंबर को सेना के वाहन से देर शाम शव को गांव लाया गया सूर्यास्त हो जाने के कारण मंगलवार को जवान का अंतिम संस्कार नहीं किया गया। बुधवार को जवान का गांव में ही अंतिम संस्कार किया गया। अंतिम संस्कार के दौरान अखिल भारतीय वर्षीय यादव महासभा के जिला अध्यक्ष सुघर सिंह यादव, राजकिशोर यादव, महासचिव रमाशंकर यादव, बदलू फौजी, अनार सिंह आदि शामिल रहे और जवान को श्रृद्धांजलि देकर परिजनों को ढांढस बधाते हुए सांत्वना प्रदान की।

# प्रत्येक भारतीय नागरिक का कर्तव्य है कि वह संविधान में निहित आदर्शों और कर्तव्यों का पालन करे- महेन्द्र कुमार पांडेय

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**हमीरपुर-** संविधान दिवस के अवसर पर जनपद न्यायालय, हमीरपुर के सभागार में गरिमामय वातावरण में प्रस्तावना वाचन कार्यक्रम का आयोजन जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, हमीरपुर द्वारा जनपद न्यायाधीश एवं अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, हमीरपुर मनोज कुमार राय के निर्देशन में किया गया। इस अवसर पर न्यायालय परिवार के सभी न्यायिक अधिकारीगण, कर्मचारीगण तथा बड़ी संख्या में अधिवक्तागण उपस्थित रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ भारत के संविधान की भावना को नमन करते हुए किया गया। सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण महेन्द्र कुमार पाण्डेय ने कार्यक्रम का संचालन करते हुए सभा में उपस्थित सभी व्यक्तियों का स्वागत किया। उन्होंने संविधान दिवस के महत्व एवं उद्देश्य पर प्रकाश डालते हुए बताया कि प्रत्येक भारतीय नागरिक का यह कर्तव्य है कि वह संविधान में निहित आदर्शों और कर्तव्यों का पालन करे तथा देश की



लोकतांत्रिक परंपराओं को सशक्त बनाए। इस अवसर पर माननीय जनपद न्यायाधीश मनोज कुमार राय द्वारा भारतीय संविधान की प्रस्तावना का सामूहिक वाचन कराया गया। तथा संविधान के प्रति निष्ठा रखे जाने की शपथ दिलाई गई। उपस्थित सभी अधिकारियों, कर्मचारियों एवं अधिवक्ताओं ने संविधान की प्रस्तावना को उत्साहपूर्वक वाचन किया गया और संविधान के प्रति अपनी निष्ठा एवं सम्मान प्रकट किया। कार्यक्रम के अंत में सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, हमीरपुर ने सभी का आभार व्यक्त किया और संविधान की भावना को जन-जन तक पहुंचाने की प्रतिबद्धता दोहराई।

## पंजाब के बटाला में हत्या का संदिग्ध गिरफ्तार

पंजाब के बटाला में मुठभेड़ के बाद हत्या के एक संदिग्ध को गिरफ्तार किया गया। पुलिस के एक अधिकारी ने सोमवार को यह जानकारी दी। पुलिस अधिकारी ने बताया कि माणिक, दीप चीमा की हत्या के मामले में वांछित था, जिसकी दो नवंबर को गुरदासपुर जिले के बटाला में खोखर पैलेस के पास पांच हमलावरों ने कथित तौर पर हत्या कर दी थी। चीमा हत्याकांड में पुलिस पहले ही दो हमलावरों - हरिंदर और सविंदर - को गिरफ्तार कर चुकी है। पुलिस उप महानिरीक्षक (बॉर्डर रेंज) संदीप गोयल ने बताया कि उन्हें सूचना मिली थी कि माणिक रविवार को मोटरसाइकिल पर खुलियान गांव की तरफ से आ रहा है। गोयल ने बताया कि जब माणिक को रुकने के लिए कहा गया तो उसने पुलिस टीम पर गोलियां चला दीं, जवाबी कार्रवाई में माणिक गोली लगने से घायल हो गया। उन्होंने बताया कि माणिक को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। गोयल ने कहा कि चीमा हत्याकांड के बाकी दो आरोपियों की भी पहचान कर ली गई है और उन्हें जल्द ही गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

## वन स्टॉप सेंटर में बच्चों-बच्चियों को गुड़ टच और बेड टच के बारे में किया जागरूक



**हमीरपुर-** कुरारा ब्लॉक के गिमुहा ग्रामपंचचायत स्थित उच्च प्राथमिक विद्यालय में वन स्टॉप सेंटर वा हब फॉर इम्पावरमेंट के द्वारा कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें बालक बालिकाओं को बाल अधिकार एवं बाल विवाह गुड टच बैड



टच की जानकारी दी गई, वन स्टॉप सेंटर से तबस्सुम परवीन (केस वर्कर) द्वारा समस्त टॉल फ्री नंबरों 112, 1098, 1090,181,1076,की जानकारी दी गई, वही दूसरी ओर HEW से आकिफ़ अहमद (जे एस) द्वारा महिला कल्याण विभाग की ओर से चलने वाली समस्त योजनाओं मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना, मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना सामान्य, स्पॉन्सरशिप, निराश्रित महिला पेंशन की विस्तृत रूप से जानकारी दी गई।

# श्री गायत्री महायज्ञ के तीसरे दिन निकली भव्य कलश यात्रा

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**हमीरपुर:** सुमेरपुर में श्रीगायत्री महायज्ञ के तीसरे दिन बुधवार को भव्य कलश यात्रा निकाली गई, जिसमें सैकड़ों श्रद्धालुओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। यात्रा की शुरुआत श्री गायत्री विद्या मंदिर इंटर कालेज से हुई। जहां वैदिक मंत्रोच्चार के साथ महिलाएं सिर में कलश रख कर शोभायात्रा में आगे बढ़ी। सिर पर कलश धारण किए महिलाओं, युवा वर्ग और श्रद्धालुओं की लंबी कतारें माहौल भक्तिमय हो गया। रास्ते भर जगह-जगह यात्रा का पुष्पवर्षा के साथ स्वागत किया गया। वहीं बैंड-बाजे और आकर्षक झांकियों ने यात्रा की भव्यता को और बढ़ा दिया।

कथा स्थल पर पहुंचने के बाद कथा व्यास पंडित दुर्गा प्रसाद द्विवेदी ने विधि-विधान से कलश स्थापना कर पूजन संपन्न कराया। उन्होंने पुराणों में वर्णित कलश स्थापना के महत्व को विस्तार से बताते हुए कहा कि कलश दिव्य ऊर्जा, शांति और



समृद्धि का प्रतीक है। जल, पंचतत्वों और देव शक्तियों का प्रतिनिधित्व करने वाले कलश की स्थापना से वातावरण शुद्ध होता है तथा घर-परिवार में सकारात्मक ऊर्जा का प्रवाह बढ़ता है। उन्होंने कहा कि भारतीय सनातन परंपरा में कलश केवल एक पात्र नहीं बल्कि श्रद्धा, विश्वास और आध्यात्मिक चेतना का केंद्र माना गया है। इस मौके पर कथा परीक्षित कैलाश सोनी,रानी देवी,नगर पंचायत अध्यक्ष धीरेंद्र शिवहरे,राजकुमार सोनी सहित बड़ी संख्या लोग मौजूद रहे। उधर यज्ञवेदी में तीसरे दिन भी गायत्री महामंत्र का जाप जारी रहा। 24



लाख मंत्र जाप के उपरांत के पूर्णाहुति के यज्ञ का समापन होगा। यज्ञवेदी में आचार्य माधवानारायण शास्त्री एवं यज्ञ के ब्रह्मा पंडित बलदेव प्रसाद शास्त्री, सह आचार्य उमादत शुक्ला के निर्देशन में कर्मकांडी ब्राह्मण मंत्र जाप में लगे हुए हैं। साथ ही मेला मैदान में महिलाएं घर गृहस्थी सामान खरीदने के साथ झूला आदि का आनंद ले रहे हैं। महायज्ञ के आयोजकों ने बताया कि पूरे सप्ताह चलने वाले इस आयोजन में प्रतिदिन भजन, कथा और यज्ञ की विशेष श्रृंखलाएं आयोजित होंगी। श्रद्धालुओं की बढ़ती भीड़ से क्षेत्र में भक्तिमय वातावरण बना हुआ है।

# तहसील स्तरीय दिब्यांग क्रीड़ा प्रतियोगिता में दिव्यांगों ने दिखाई प्रतिभा

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**हमीरपुर-** मौदहा कस्बा के ब्लॉक संसाधन केंद्र में तहसील स्तरीय दिब्यांग क्रीड़ा प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमे मौदहा और मुस्करा ब्लॉक के प्रतिभागियों ने भाग लिया कार्यक्रम का आरंभ खण्ड शिक्षा अधिकारी ने सरस्वती मां के चित्र पर माल्यार्पण कर किया।

कस्बे के बीआरसी में समग्र शिक्षा के तहत तहसील स्तरीय दिब्यांग क्रीड़ा प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमे तहसील के दोनों विकास खण्डो मौदहा और मुस्कुरा के दिब्यांग बच्चों ने भाग लिया कार्यक्रम का आरंभ खण्ड शिक्षा अधिकारी सुशील कुमार कमल ने सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण कर किया इस दौरान दौड़, कुर्सी दौड़, रस्साकसी सहित अन्य प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया जिसमे दौड़ प्रतियोगिता में इमरान, अनुभव प्रथम,पीयूष और दीपक दितीय,रवि और अर्चना तृतीय स्थान पर रहे।

वहीं कुर्सी दौड़ में सिलौली के अंश ने प्रथम स्थान प्राप्त किया।जबकि बालिका वर्ग दौड़ प्रतियोगिता में मुटनी की दिब्याशीं प्रथम और अरतरा की राधा दितीय स्थान पर रहीं।इस दौरान स्पेशल एजुकेटर मयंक कुमार, अजीत सचान,मनोज तिवारी, हरिराम सहित अन्य शिक्षक और अभिवावक मौजूद रहे। जबकि प्रतियोगिता में



प्रथम, दितीय और तृतीय पुरस्कार प्राप्त करने वाले प्रतिभागियों के अलावा प्रतियोगिता में भाग लेने वाले प्रतिभागियों को सांत्वना पुरस्कार देकर उनका उत्साह वर्धन किया गया।